Introduction - The increased demands for mobility and flexibility in our daily life are demand that lead the development from wired LANs to wireless LANs (WLANs). Today a wired LAN can offer users high bit rates to meet the requirements of bandwidth consuming services like video conferences, streaming video etc. With this in mind a user of a WLAN will have high demands on the system and will not accept too much degradation in performance to achieve mobility and flexibility. This will in turn put high demands on the design of WLANs of the future. During the last few years Wireless mesh networking has become increasingly ubiquitous and the preferred mechanism to provide coverage to campuses, small towns, etc. In Wireless mesh networks a subset of the wireless nodes are connected to the wired backbone and provide connectivity to the other nodes in the network through multi hopping over the wireless links. As a natural extension to WLANs, the medium access mechanism of choice for these networks is the CSMA/CA based IEEE 802.11 distributed MAC protocol [1] [27] [28]. While IEEE 802.11 MAC protocol was designed for and provides a reasonable performance in a single hop network, it results in severe performance degradation in a multi-hop setting. In a single hop 802.11 network, all nodes contend for the channel with equal opportunity and act as greedy as possible to increase their one hop throughput which directly results in increase of the network aggregate throughput. In a multi-hop network, however, the greedy behavior of the nodes may result in service degradation as the packets transmitted by a source might not reach their final destination due to network congestion . Some applications of MANET technology could include industrial and commercial applications involving cooperative mobile data exchange. In addition, mesh-based mobile networks can be operated as robust, inexpensive alternatives or enhancements to cell-based mobile network infrastructures. There are also existing and future military networking requirements for robust, IP-compliant data services within mobile wireless communication networks many of these networks consist of highly-dynamic autonomous topology segments. Also, the developing technologies of “wearable” computing and communications may provide applications for MANET technology. When properly combined with satellite-based information delivery, MANET technology can provide an extremely flexible method for establishing communications for fire/safety/ rescue operations or other scenarios requiring rapidly-deployable communications with survivable, efficient dynamic networking [3] [12] [13] [14] [15]. There are likely other applications for MANET technology which are not presently realized or envisioned by the authors. It is simply put, improved IP-based networking technology for dynamic, autonomous wireless networks.

Wireless Local Area Network (WLAN) - A wireless local area network (WLAN) links two or more devices using some wireless distribution method (typically spread-spectrum or OFDM radio), and usually providing a connection through an access point to the wider internet. This gives users the mobility to move around within a local coverage area and still be connected to the network. A wireless LAN is based on a cellular architecture where the system is subdivided into cells, where each cell (called Base Service Set or BSS*) is controlled by a Base station (called Access point or AP) [1] [5].

Wireless LAN Standards - Those are currently being explored in the field of communications technology [2] [3] [4] are:

*Guest Faculty (Computer Science) Vivekanand College, Maihar (M.P.) INDIA

1. IEEE 802.11 a. 802.11a
   b. 802.11b c. 802.11g
   d. 802.11 e etc.
2. HiperLAN/2.
3. Bluetooth.
4. HomeRF.

Wireless Mesh Network (WMN) - WMNs, generally described, consist of two types of nodes: mesh routers and mesh clients. The difference between a conventional router and a mesh router, apart from the mesh functionality, is that the latter can achieve the same coverage with lower transmission power through multi-hop communications. As regards to mesh clients, they also have necessary mesh functions and can thus behave as a router. On the other hand, gateway or bridge functions do not exist in these nodes. Additionally, mesh clients have only one wireless interface [3] [8] [9] [10].



Figure 1 - Architecture of Wireless Mesh Networks

MANET - Wireless Ad Hoc network, with shared wireless channel to transmit messages, faces complicated wireless transmission environment, which will bring in a series of new problems, especially with routing, congestion being one of the problems. Generally speaking, for wireless Ad Hoc network, the calculation of the congestion control of one certain link should not just be based on the congestion of the link itself, instead, it should respond according to the general congestion message that interrupts the link. Therefore, to solve the routing congestion which might come up with the Ad Hoc network, the following issues should be taken into consideration:

1. The intrinsic properties of wireless multiple-hop links;
2. The time varying of network topology;
3. Dynamic end users. [6] [11]

Limitations of MANET - Limitations of the Wireless Networks are:

1. Packet loss due to transmission errors
2. Variable capacity links
3. Frequent disconnections/partitions
4. Limited communication bandwidth
5. Broadcast nature of the communications
6. Limitations Imposed by Mobility
7. Dynamically changing topologies/routes
8. Lack of mobility awareness by system/applications
9. Limitations of the Mobile Computer
10. Short battery lifetime
11. Limited capacities

Effect of Mobility on the Protocol Stack -

1. Application - New applications and adaptations
2. Transport - Congestion and flow control
3. Network - Addressing and routing
4. Link - Media access and handoff
4. Physical - Transmission errors and interference

Security of Nodes on Mobile Ad-hoc Network - Security is a major problem in MANET and therefore it is being addressed regularly by the researchers. Security algorithms offered for the MANET are addressing this problem in multiple ways and is applied using following -

1. Symmetric Key Cryptography
2. Public Key Cryptography
3. Authentication and Digital Signatures.
4. Hash and Message Authentication Codes (MAC)

MANETs are much more vulnerable to attack than wired network. This is because of the following reasons:

1. **Open Medium -** Eavesdropping is easier than in wired network.
2. **Dynamically Changing Network Topology –** Mobile Nodes comes and goes from the network, thereby allowing any malicious node to join the network without being detected.
3. **Cooperative Algorithms -** The routing algorithm of MANETs requires mutual trust between nodes which violates the principles of Network Security.
4. **Lack of Centralized Monitoring -** Absence of any centralized infrastructure prohibits any monitoring agent in the system.

Lack of Clear Line of Defence - The only use of I line of defence - attack prevention may not suffice. Experience of security research in wired world has taught us that we need to deploy layered security mechanisms because security is a process that is as secure as its weakest link. In addition to prevention, we need II line of defence - detection and response.

Congestion in MANET - Congestion is a situation in communication networks in which too many packets are present in a part of the subnet. Congestion may occurs when the load on the network (number of packets send to the network) is greater than the capacity of the network (number of packets a network can handle). Congestion leads to packet losses and bandwidth degradation and waste time and energy on congestion recovery [5] .In Internet when congestion occurs it is normally concentrated on a single router, whereas, due to the shared medium of the MANET congestion will not overload the mobile nodes

but has an effect on the entire coverage area [16].When the routing protocols in MANET are not conscious about the congestion, it results in the following issues**.**

1. Long delay
2. High overhead
3. Many packet losses

Congestion Control Algorithms - Congestion control mechanisms have improved over time. In this section we will give an overview over congestion control mechanisms. Many researchers performed valuable research in the field of congestion control. First we will discuss TCP variants for congestion control after that we will give an overview over existing congestion control algorithms.

1. TCP TAHOE
2. TCP RENO
3. TCP NEW RENO

Conclusion - In this Survey paper gives an overview over different congestion control algorithms. We can conclude that there is no single algorithm for congestion control in mobile ad hoc network. Nodes in MANET have limited bandwidth, buffer space, queue etc. So it is essential to distribute the traffic among the mobile nodes. In MANET, to improve the performance, it is very essential to balance the traffic congestion. Main objective of any congestion control algorithm is to balance the traffic to increase throughput of the network. Also it is possible to maximize nodes transfer, packet delivery ratio, and minimizes traffic congestion, end-to-end packet delay and network performance can be improved. In our future work we will propose dynamic queue management concept for the MANET to solve the problem of congestion in MANET.

References :-

1. Soundararajan**, S.** and R.S. Bhuvaneswaran "Multipath Load Balancing & Rate Based Congestion Control for Mobile Ad Hoc Networks (MANET)" 978-1-4673-0734-5/12/$31.00 ©2012 IEEE.
2. TuanAnhLe,ChoongSeonHong,Md. AbdurRazzaque, "ecMTCP: An Energy-Aware Congestion Control Algorithm for Multipath TCP" IEEE COMMUNICATIONS LETTERS, VOL. 16, NO. 2, FEBRUARY 2012.
3. Jingyuan Wang, Jiangtao Wen, Jun Zhang and Yuxing Han "TCP-FIT: An Improved TCP Congestion Control Algorithm and its Performance"978-1-4244-9921, 2011 IEEE.
4. OussamaHabachi, Yusuo Hu, Mihaela Van Der Schaar, YezekaelHayel, And Feng Wu "Mos-Based Congestion Control For Conversational Services In Wireless Environments" IEEE Journal On Selected Areas In Communications, Vol. 30, No. 7, August 2012.
5. Xiaoqin Chen, Hakey, M. Jones, A .D .S Jayalath"Congestion-Aware Routing Protocol for Mobile Ad Hoc Networks" 1-4244-0264-6/07/$25.00 ©2012 IEEE.
6. Makoto Ikeda, Elis Kulla, Masahiro Hiyama, Leonard Barolli, Rozeta Mihoand Makoto Takizawa"Congestion Control for Mul i-flow Traffic in Wireless Mobile Ad-hoc Networks" Sixth International Conference on Complex, Intelligent, and Software Intensive Systems 2012.
7. M.Ali,B.G.Stewart,AShahrabi,AVallavaraj"Congestion adaptive multipath routing for load balancing in mobile adhoc network", 978-1-4673-1101-4/12/$31.00 ©2012 IEEE
8. S.Santhoshbaboo and B.Narasimhan,"A Hop-by-Hop Congestion-Aware Routing Protocol for Heterogeneous Mobile Ad-hoc Networks",International Journal of Computer Science and Information Security (IJCSIS), Vol. 3, No. 1, 2009.
9. V. Thilagavath, Dr. K. Duraiswamy,"Cross Layer based Congestion Control Technique for Reliable and Energy Aware Routing in MANET", International Journal of Computer Applications, Volume 36–No.12, December 2011.
10. S. Choi, D. Kim, D. Lee, J. Jung"WAP: Wormhole Attack Prevention Algorithm in Mobile Ad Hoc Networks" International Conference on Sensor Networks, Ubiquitous and Trustworthy Computing, pp. 343- 348, 2008.
11. ShashankBharadwaj, Vipin Kumar, and AnkitVerma," A Review of Load Balanced Routing Protocols in Mobile Adhoc Networks", International Journal of Engineering Trends and Technology, 2011.
12. S.Sheeja,Dr.Ramachandra.V.Pujeri,"Effective Congestion Avoidance Scheme for Mobile Ad Hoc Networks", I. J. Computer Network and Information Security, 2013, 1, 33-40 Published Online January 2013.
13. Hariom Soni, Pradeep Kumar Mishra "Congestion Control Using Predictive Approach in Mobile Ad Hoc Network", International Journal of Soft Computing and Engineering (IJSCE) ISSN: 2231-2307, Volume-3, Issue-4, September 2013
14. Vishnu Kumar Sharma and Dr.Sarita Singh Bhadauria "Mobile Agent Based Congestion Control Using Aodv Routing Protocol Technique for Mobile Ad-Hoc Network" International Journal of Wireless & Mobile Networks (IJWMN) Vol. 4, No. 2, April 2012
15. reeta bourasi1, prof sandeep sahu"detection and removal of packet dropper nodes for congestion control over the manet", international journal of innovative research in electrical, electronics, instrumentation and control engineering vol. 1, issue 2, may 2013.

****

विद्यालयीन बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर पारिवारिक संरचना के प्रभाव का अध्ययन (कानपुर शहर, उ.प्र. के विशेष संदर्भ में)

पारूल सारस्वत * कंचन दुबे ** डॉ. मंजु दुबे ***

प्रस्तावना – शिक्षा बालक की जन्मजात शक्तियों का विकास है, जिसमें बालकों का सर्वांगीर्ण विकास होता है। बालकों को शिक्षा अपने परिवार एवं विद्यालय के साथ साथ पास–पड़ोस तथा जीवन के अनुभवों से भी मिलती है। विद्यालयों में बालक के पाठयक्रम के साथ साथ पाठयेत्तर गतिविधियों के माध्यम से भी शिक्षण प्रदान किया जाता है। बालकों को गृहकार्य एवं परियोजना कार्य नियमित रूप से दिये जाते हैं। परिवार में बालकों की शिक्षण सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जाता है। बालकों को उनके दादा–दादी, माता–पिता, भाई–बहन एवं अन्य सभी सदस्यों से सहयोग एवं प्रेरणा मिलती है। जो बालकों की शैक्षिक उपलब्धियों को प्रभावित करती है। एकांकी एवं संयुक्त परिवारों में सदस्य संख्या भिन्न भिन्न होती है। परिवार की स्वंय की समस्याएं तथा बालकों के प्रति सहयोग एवं प्रेरणा में भिन्नता होती है। क्या बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर परिवार की संरचना प्रभाव डालती है? यह ज्ञात करने के लिए शोधार्थी ने अपने शोध का विषय 'विद्यालयीन बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर परिवारिक संरचना के प्रभाव का अध्ययन' चुना है।

उद्देश्य :

- बालकों की परिवारिक संरचना का अध्ययन करना।
- बालकेां की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।
- बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर परिवारिक संरचना का प्रभाव ज्ञात करना।

परिकल्पना :

- बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर परिवारिक संरचना का प्रभाव नहीं पाया जाता

शोधप्रविधि – शोध अध्ययन हेतु, कानपुर शहर के विद्यालयों में अध्ययन रू 300 विद्याथियों का देव दर्शन विधि से चयन किया गया तथ्यों के संकलन हेतु प्रश्नावली का उपयोग किया गया। परिकल्पनाओं की सार्थकता ज्ञात करते हेतु टी–परीक्षण – (T - Test) का उपयोग किया गया।

वर्गीकरण एवं विश्लेषण – प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण तालिका क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 में प्रदर्शित किया गया है।

तालिका क्रमांक – 1 – बालकों की परिवारिक – संरचना

परिवारिक संरचना	संख्या	प्रतिशत
एकांकी परिवार	154	51.33
संयुक्त परिवार	146	48.66
योग	**300**	**100%**

तालिका क्रमांक–1 में बालकों की पारिवारिक संरचना प्रदर्शित की गई है, तालिका दर्शाती है कि **154 (51.33%)** बालक एकांकी परिवार के तथा **146 (48.66%)** संयुक्त परिवार के पाए गए।

तालिका क्रमांक – 2 – बालकों की शैक्षिक उपलब्धि

शैक्षिक उपलब्धि	संख्या	प्रतिशत
प्रथम श्रेणी	58	19.33
द्वितीय श्रेणी	153	51.00
तृतीय श्रेणी	89	29.66
योग	**300**	**100%**

तालिका क्रमांक–2 में सर्वेक्षित बालकों की शैक्षिक उपलब्धि प्रदर्शित की गई है। तालिका दर्शाती है कि सर्वाधिक बालक **153 (51%)** द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हैं। प्रथम श्रेणी से उतीर्ण बालकों की संख्या **58 (19.33%)** न्यूनतम है तथा तृतीय श्रेणी से उतीर्ण बालकों की संख्या 89 (29.66%) पाई गई।

तालिका क्रमांक – 3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक – 3 में पारिवारिक संरचना के अनुसार बालकों की शैक्षिक उपलब्धि प्रदर्शित की गई है। तालिका दर्शाती है। कि प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बालकों में एकांकी परिवारों के बालकों की संख्या 46 (15.33%) पाई गई, जो कि संयुक्त परिवार के प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण बालकों की संख्या 12 (4%) की तुलना में अधिक है। इस प्रकार प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बालक एकांकी परिवारों में अधिक पाए गए। द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण बालकों में संयुक्त परिवार के बालकों की संख्या 87 (29%) एकांकी परिवार के बालकों की संख्या 66 (22%) की तुलना में अधिक है। अत: द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत संयुक्त परिवार के बालकों में अधिक पाया गया तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण बालकों में संयुक्त परिवार के बालकों की संख्या 47 (15.66%) पाई गई जो कि एकांकी परिवार के तृतीय श्रेणी उत्तीर्ण बालकों की संख्या 42 (14%) की तुलना में अधिक है। अत: तृतीय श्रेणी उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत भी संयुक्त परिवार के बालकों का अधिक पाया गया। (ग्राफ क्रमांक 1) **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

तालिका क्रमांक – 4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक – 5 दर्शाती है कि एकांकी परिवारों के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि का माध्य 2.03 है जो कि संयुक्त परिवार के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि के माध्य 1.76 की तुलना में अधिक है। तालिकानुसार टी–परीक्षण का परिगणित मूल्य 298 स्वातंत्र्यांश पर 3.3740 है जो कि 0.05 स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना – 'बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर पारिवारिक संरचना का प्रभाव नहीं पाया जाता' अस्वीकृत

* शोधार्थी (गृह विज्ञान) शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (गृह विज्ञान) शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
*** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

होती है। इससे स्पष्ट होता है कि बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर पारिवारिक संरचना का प्रभाव पाया गया। अत: कहा जा सकता है कि एकांकी और संयुक्त परिवार के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया जाता है। एकांकी परिवार के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि संयुक्त परिवार के बालकों की तुलना में अधिक पाई गई।

निष्कर्ष – कानपुर शहर के विद्यालयीन बालकों में 154(51.33%) बालक एकांकी परिवार के तथा 146(48.66%) संयुक्त परिवार के पाए गए। सर्वेक्षित विद्यार्थियों में 58(19.33%) बालक प्रथम श्रेणी से 154(51%), द्वितीय श्रेणी से तथा 89(29.66%) तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण पाए गए। एकांकी एवं संयुक्त परिवारों के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि की तुलना करने पर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत (15.33%) संयुक्त परिवार के बालकों के प्रतिशत (4.0%) की तुलना में अधिक पाया गया। द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों में संयुक्त परिवार के बालकों का प्रतिशत क्रमश: 29%, 15.66% एकांकी परिवार के बालकों के प्रतिशत क्रमश: 22% तथा 14% की तुलना में अधिक पाया गया। बालकों की शैक्षिक उपलब्धि पर पारिवारिक संरचना का प्रभाव पाया गया। एकांकी परिवार के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि संयुक्त परिवार के बालकों की तुलना में अधिक पाई गई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाठक, पी.डी. 'शिक्षा मानो विज्ञान' अग्रवाल पब्लिकेशन्स आगरा 2012.
2. सिंह, एस.डी. 'सामाजिक अनुसंधान एवं सर्वेक्षण के मूल तत्व' कमल प्रकाशन इन्दौर 1995
3. श्रीवास्तव, डी.एन., वर्मा, प्रीति, 'बाल मनोविज्ञान एवं बाल विकास'
4. राय, पारसनाथ 'अनुसंधान परिचय' अग्रवाल प्रकाशन, आगरा
5. श्रीवास्तव, डी.एन. अनुसंधान विधियाँ साहित्य प्रकाशन आगरा 1992

तालिका क्रमांक – 3 – पारिवारिक संरचना के अनुसार बालकों की शैक्षिक उपलब्धि

पारिवारिक संरचना	शैक्षिक उपलब्धि						योग संख्या प्रति.	
	प्रथम श्रेणी		द्वितीय श्रेणी		तृतीय श्रेणी			
	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.		
एकांकी परिवार	46	15.33	66	22.00	42	14.00	154	51.33
संयुक्त परविार	12	04.00	87	29.00	47	15.66	146	48.66
योग	**58**	**19.33**	**153**	**51.00**	**89**	**29.66**	**300**	**100%**

ग्राफ क्रमांक –1 एकांकी एवं संयुक्त परिवार के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि



तालिका क्रमांक – 4

एकांकी एवं संयुक्त पारिवारों के बालकों की शैक्षिक उपलब्धि का माध्य, मानक विचलन एवं टी – परीक्षण

पारिवारिक संरचना	माध्य	मानक विचलन	मानक त्रुटि	स्वांतत्र्यांश	टी–परीक्षण का मूल्य	रिमार्क
एकांकी परिवार	2.03	0.76	006	298	3.3740	P<0.05
संयुक्त परिवार	1.76	0.59	0.05			(P=0.0008)
0.05 स्तर पर सार्थक						

****

किशोरावस्था में चिंता एवं कुंठा से उत्पन्न तनाव के स्तर का अध्ययन

प्रीति मालवीय *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में किशोरावस्था में कुंठा एवं चिंता से उत्पन्न विद्यार्थियों तनाव के स्तरो का पता लगाने का अध्ययन किया गया है। अध्ययन हेतु कोटा कोचिंग के 500 विद्यार्थीयों को लिया गया है। इनमें सर्वप्रथम तनावग्रस्त विद्यार्थियों का पता लगाने के लिये स्ट्रेस स्केल – डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी और डॉ श्रुति नरेन, मनोवैज्ञानिक उपकरण की प्रश्नोत्तरी 500 विद्यार्थीयों से भरवाकर निष्कर्ष प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। निष्कर्षो से ज्ञात हुआ की कोटा कोचिंग के विद्यार्थियों पर चिंता से उच्च तनाव का स्तर 86% मध्यम 11% देखा गया जो अत्यधिक चौकाने वाले है, इसी प्रकार कुंठा से उच्च तनाव का स्तर 59% मध्यम 36% देखा गया जो चिंता से कम लेकिन तनाव से स्तर को बढ़ाते है।

प्रस्तावना – मानव जीवन में किशोरावस्था सर्वाधिक विचलन वाली अवस्था है। यह अवस्था 'आंधी और तुफानो वाली अवस्था है। इस अवस्था में किशोर सफलताओं और असफलताओं के भंवर में घूमता रहता है, यह अवस्था भावनात्मक अस्थिरता की अवस्था होती है।

पूर्व किशोरावस्था की स्थिति अस्पष्ट होती है। उसे समाज और परिवार, ना बालक और ना वयस्क समझते है। इस अवस्था के बालक को न बालक कह सकते है और ना युवावस्था कह सकते है। इस अवस्था में बालक के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक गुणो में परिर्वतन युवा की दिशा में होते है। इस अस्पष्ट स्थिति के कारण उसे समायोजन करने में असुविधा होती है उसे मनोवैज्ञानिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।

विपरीत लिंग के प्रति आर्कषण, तीव्र शारीरिक/संवेगात्मक परिवर्तन, परिवार और समाज का सहयोग ना मिलना, अभिभावक बालक सम्बन्ध मधुर ना होना, जरूरत से ज्यादा अपेक्षाए भी किशोरावस्था में तनाव उत्पन्न करने का कारक होती है। तनाव जब तीव्र और उग्र हो जाता है, तो अवसाद (**Depression**) का रुप ले लेता है। कोटा शहर के कोचिंग के युवाओं में तनाव के बढ़ते दबाव से अवसाद की अधिकता देखी जा रही है। किशोरावस्था के सम्बन्ध में यह परम्परागत विश्वास रहा है कि किशोरावस्था विकास की क्रान्तिक और संक्रमण काल की अवस्था है। इसे समस्या की अवस्था और तनाव की अवस्था भी कहा जाता है। आज के वर्तमान समय में किशोरों में बढ़ता तनाव चिंता का विषय है। विकसित और विकासशील दोनों प्रकार के समाजों में इसकी बढ़ती संख्या सरकार, परिवार और समाज के लिए चिंता का विषय है।

यही कारण है कि शिक्षाविद, दार्शनिक, समाजशास्त्री, मनोवैज्ञानिक और कोचिंग संस्थानों के प्रमुख विद्धानों ने भी इस समस्या को अपने अपने दृष्टिकोण से समझने और समझाने का प्रयास किया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि किशोरों में तनाव, अवसाद, समस्याएं केवल आधुनिक समाज की ही देन है।

किशोरो में तनाव और उससे होने वाली समस्याएं या समस्याओं से होने वाला तनाव (दोनों एक दूसरे के पूरक है) इस काल और हर समाज में मौजूद रहे है, लेकिन आधुनिक परिर्वतनशील समाज में किशोरों में होने वाले तनाव और उत्पन्न होने वाली समस्याओं के कारण, सामाजिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक असमायोजन में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। किशोरावस्था भावात्मक अवस्था। परिवार और समाज की जरुरत से ज्यादा अपेक्षाएं, शिक्षा का अत्यधिक दबाव, आधुनिकरण, पाश्चात्यीकरण, आर्थिक तंगी, बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा (विषय) के चुनाव में समस्या का होना, एकल परिवार इकलोता बालक, घर के बाहर परिवार के जैसा वातावरण ना मिल पाना (भोजन, स्नेह) आदि के कारण किशोरों में तनाव और समस्याओं में वृद्धि देखने को मिलती है। कई बार किशोरों को रुचि के अनुसार कार्य न करने देने के कारण (विषय/कोर्स का चुनाव) भी किशोरों में चिंता उत्पन्न कर समस्या बढ़ाता है, जिससे वह तनाव में आ जाता है।

किशोरावस्था में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक एवं भावात्मक परिवर्तन होते है। परम्परागत जीवन मूल्यों में तेजी से बदलाव आए है। आधुनिक युग में विकासात्मक अवस्थाओं में तनाव का देखा जाना सामान्य हो गया है लेकिन सीमा से अधिक तनाव बालक के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। मानसिक तनाव से किशोरों के जीवन स्तर में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं व दोष आते है।

आज के युग में वैज्ञानिक उपलब्धियों ने हर क्षेत्र में विकास को चमोत्कर्ष की सीमा पर पहुंचा दिया है। तीव्र गति से हो रहे औद्योगिरकरण, नगरीकरण, वैश्वीकरण की प्रक्रिया में विकसित और विकासशील देशों की सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक मूल्यों को भी काफी तेजी से बदला है।

विद्यार्थी तनाव में आकर आत्महत्या जैसी विकृत मनोदशा/मनोविकार को अंजाम देने लगे है। आधुनिक सूचना तकनीकी से बाल–अपराध तेजी से बढ़ रहा है जिससे चोरी, लूट जैसी वारदातों को अंजाम दिया रहा है।

1.1 किशोरावस्था – किशोरावस्था अंग्रेजी भाषा के '**Adolescere**' शब्द का हिन्दी रुपांतरण है जिसकी उत्पत्ति लैटिन भाषा के "**Adolescere**' (एडोलेसियर) शब्द से हुई। "**Adolescere**' का अर्थ होता है – 'परिपक्वता की ओर बढ़ना' (**To grow to maturity**)। जब बालक का शारीरिक, मानसिक, मनौवेज्ञानिक, संवेगात्मक विकास/परिवर्तन तीव्र गति से होता है, तब इन्हीं परिवर्तनों के कारण किशोर के

* शोधार्थी, कॅरियर पॉइंटविश्वविद्यालय (राजस्थान) भारत

व्यवहार में असामान्यता उत्पन्न होने लगती है। उसमें अस्थिरता, सांवेगिकता, अनिश्चितता, आदि की अधिकता होती है।

तनाव/प्रतिबल (Stress) – प्रतिबल/तनाव वह अवस्था है, जो व्यक्ति पर इतना दबाव डालती है कि उसे समायोजन की आवश्यकता पड़ती है या उसे समायोजन करना पड़ता है। प्रत्येक व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य उस अवस्था में तीव्रगति से विकसित होता है, जब वह इन प्रतिबल परिस्थितियों के प्रति संतोषजनक ढंग से प्रतिक्रिया करता है।

तनाव मन: स्थिति का उपजा विकार है। मन: स्थिति एवं परिस्थितियों के बीच असंतुलन एवं असामंजस्य के कारण तनाव उत्पन्न होता है। तनाव एक द्वंद्व है, जो मन एवं भावनाओं में गहरी दरार उत्पन्न करता है। तनाव अन्य मनोविकारों का प्रवेश द्वार है। उससे मन अशांत भावना अस्थिर एवं शरीर अस्वस्थता का अनुभव करता है। ऐसी स्थिति में किशोरों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और शारीरिक व मानसिक विकास में व्यवधान आता है परिणामस्वरुप तनाव उत्पन्न होता है।

सामाजिक तनाव – धुर्ये के अनुसार तनाव सामाजिक जीवन की सार्वभौमिक घटना है। धुर्ये ने स्पष्ट किया की तनाव जीवो का एक गुण, क्षमता अथवा लक्षण है। यह स्वायत्त तंत्रिक यन्त्र के विभिन्न खंडो में उत्पन्न होता है। जब इनमें से कोई एक क्रियाशील हो जाता है तो तनाव व्यवस्था के निश्चित खंड में एकत्र हो जाता है और वह अशांति और अनियंत्रित क्रियाओं को उत्पन्न करती रहती है।

धुर्ये ने लिखा है कि जापान के समाजशास्त्रियों आदि ने अपने समाज के विशिष्ट तनाव के समूहों में 'युवा लोगों में तनाव' को बताया है।

मनोवैज्ञानिक तनाव – सी.एन. कॉफर तथा एन.ए.एपली 1964 ने प्रतिबल को परिभाषित करते हुए लिखा है।

'Stress is the state of the organism when he perceives that his well being (or integrity) is endangered and he must elevate all of his energies to his protection'

जे.सी.कोलमैन (1976) के अनुसार 'कोई भी परिस्थिति जो व्यक्ति पर दबाव डालती है तथा जिसके कारण व्यक्ति को समायोजन करना पड़ता है, यही प्रतिबल है (**stress**) है।'

अध्ययन के उद्देश्य –

1. 13–21 वर्ष के विद्यार्थियों में चिंता से होने वाले तनाव के स्तर की जानकारी प्राप्त करना एवं किशोरों पर इसके प्रभाव का पता लगाना।
2. 13–21 वर्ष के विद्यार्थियों में कुंठा से होने वाले तनाव के स्तर की जानकारी प्राप्त करना एवं किशोरों पर इसके प्रभाव का पता लगाना।

उपकल्पना – प्राक्कल्पना एक अस्थाई अनुमान है।

1. कोटा कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक दबाव, तनाव की अधिकता और उभरती हुई प्रवृतियों प्रभावित करती है।

समग्र – प्रस्तुत अध्ययन में कोटा में रह रहे सम्पूर्ण कोचिंग के विद्यार्थीयों को एक समग्र के रुप में लिया गया है।

निदर्शन का चयन (Selection of Sample**)** - शोध कार्य के लिये 500 कोचिंग के विद्यार्थियों का देव निदर्शन से अंकल प्रणाली विधि का प्रयोग करते हुए चयन किया गया। इसमें ऐसे विद्यार्थियों को शामिल किया गया जो कोटा में रहकर एवं कोटा के बाहर से आकर आई.टी.आई., मेडिकल व इंजीनियरिंग व अन्य विषय की कोचिंग प्राप्त कर कहे है।

अनुसन्धान तकनीक – कोटा कोचिंग के विद्यार्थियों में तनाव व विचलनकारी प्रवृतियों को जानने हेतु प्रश्नावली शोध तकनीक को प्रयोग किया गया है।

इनमें सर्वप्रथम तनावग्रस्त विद्यार्थियों का पता लगाने के लिए स्ट्रेस स्केल– डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी और डॉ. श्रुति नरेन, मनोवैज्ञानिक उपकरण की प्रश्नोतरी 500 विद्यार्थियों से भरवाई गई।

चिंता और कुंठा का कोटा कोचिंग के विद्यार्थीयों पर तनाव जानने हेतु दोनों आयामों का मापन किया गया है। सांख्यिकीय विश्लेषण आंकडों को ज्ञात कर निष्कर्ष प्राप्त किए।

चिन्ता – चिन्ता एक प्रकार का नकारात्मक और अस्वस्थ संवेग है, चिंता के कारण विद्यार्थीयों में सोचने समझने, तर्क करने, स्मरण करने, विचार प्रक्रिया की क्षमता का ह्रास देखा जाता है और वह अपनी समस्याओं का समुचित समाधान नही ढूंढ पाता है। चिंता एक प्रकार की अस्वस्था मानसिक स्थिति है। किशोरावस्था में काल्पनिक भय के कारण चिंता देखी जाती है, चिंता का सम्बन्ध ऐसी घटनाओं से होता है जो भविष्य में घटित होने वाली है।

आज के आधुनिक और शिक्षा की दौड़ में भागते हुए युग में प्रत्येक किशोर चिंता से ग्रस्त है, प्रत्येक के सम्मुख संघर्ष व तनाव है। चिंता का सीधा सम्बन्ध मानसिक विकास से होता है, मानसिक विकास पूर्ण होने पर चिंता की अधिकता देखी जाती है।

सारणी क्रमांक 01

क्र.सं.	अंक (प्रशनावली के उत्तर के अनुसार)	किशोर की संख्या	प्रतिशत
1.	0	5	1 %
2.	1	5	1 %
3.	2	5	1 %
4.	4	10	2 %
5.	5	10	2 %
6.	6	35	7 %
7.	7	50	10 %
8.	8	95	19 %
9.	9	95	19 %
10.	10	100	20 %
11.	11	45	9 %
12.	12	35	7 %
13.	13	10	2 %
14.	कुल	500	100 %

प्रस्तुत सारणी में प्रत्येक प्रश्न को कितने विद्यार्थियों ने हां या ना में उत्तर दिया है उसके अनुसार प्रतिशत निकाला गया है। इससे पता चला की 500 में से मात्र 5 विद्यार्थी ही ऐसे है। जिन्हें बिलकुल भी चिंता नही है क्योकि उन्होने सभी प्रश्नों का उत्तर ना में दिया है।

टेबल संख्या 01

किशोरावस्था में तनाव के स्तर की गुणात्मक व्याख्या

आयाम		तनाव का स्तर	
	उच्च	मध्यम	निम्न
चिन्ता	7 और उससे अधिक	4 से 6	0 से 3

प्रस्तुत टेबल में बताया गया है कि यदि किसी किशोर विद्यार्थी ने 13 प्रश्न में से 7 या उससे अधिक प्रश्न सही है, तो उसमें चिंता का स्तर उच्च है तथा 4 – 6 होने पर मध्यम व 0 से 3 होने पर निम्न चिंता का स्तर देखा

जायेगा।

इस टेबल को कोटा कोचिंग के 13–21 वर्ष तक के 500 विद्यार्थियों पर देखा गया और हमें नीचे दिए गए टेबल के अनुसार आंकड़े प्राप्त हुए।

सारणी क्रमांक 02

चिन्ता			
तनाव का स्तर			
क्र.सं.	स्तर	कुल किशोरों की संख्या	प्रतिशत
01	उच्च	430	86 %
02	मध्यम	55	11 %
03	निम्न	15	3 %
04	योग	500	100 %

उपर्युक्त आंकड़े चौकाने वाले है। 500 विद्यार्थियों में से 430 विद्यार्थियों ने इस बात को प्रश्नों का उत्तर देकर स्वीकारा कि उन्हे उच्च स्तर की चिन्ता है। मात्र 55 विद्यार्थियों को मध्यम व 15 विद्यार्थीयों को निम्न स्तर की चिंता होती है।

डार्की, ऐमेन आदि मनोवैज्ञानिकों ने चिंता तथा शीलगुणों के सम्बन्धों में अध्ययन किया। चिंता करने वाले विद्यार्थियों में आक्रामक, अकेलापन, असामाजिकता, कम बोलना, चिड़चिड़ापन, भूख ना लगना, ह्रदय गति बढ़ जाना, पाचन क्रिया का कमजोर हो जाना देखा जाता है।

किशोरों में चिंता के अनेक कारण हो सकते है, परिवार सम्बन्धी, विद्यालय सम्बन्धी अधिक होती है। परिवार सम्बन्धी चिन्ताओं में वे चिंतांए सम्मिलित है, जो परिवार की समस्याओं, कठिनाइयों आदि से सम्बंधित होती है। पारिवारिक कलहपूर्ण वातावरण, परिवार की निम्न आर्थिक स्थिति, कही संयुक्त परिवार तो कह एकाकी परिवार, बीमारी, टूटे या विकृत परिवार, तलाक, लड़ाई झगड़े आदि चिंताएं परिवार सम्बन्धी चिन्ताओं में सम्मिलित है।

विद्यालय सम्बन्धी चिंताएं वे चिंताएं होती है, जो बालक के विद्यालय, शिक्षकों का डर, मित्रों, पाठ्यपुस्तकों, वातावरण, परीक्षा आदि से सम्बन्धित होती है।

लम्बे समय तक उच्च स्तर की चिंता करते रहने से किशोरो में चिंता रोग (ANXIETY NEUROSIS) नामक मानसिक रोग से ग्रसित हो सकता है।



कुण्ठा (FRUSTRATION) – कुंठा शब्द के अर्थ में सभी मनोवैज्ञानिक का एक मत नही है। इसके मुख्यत: 3 अर्थ लगाए जाते है।

1. Frustrating situation (कुण्ठा उत्पन्न करने वाली परिस्थिति) –Brown Farber, 1951; Lawason Marx, 1958; Amsel 1958, 1962; मनोवैज्ञानिकों का विचार है कि कुंठा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों में ये परिस्थितियां सम्मिलित है, जैसे – जिनमें आंशिक या पूर्ण भौतिक बाधाएं हों जिनमें पुरस्कार कम या समाप्त किया गया हों, प्रत्युत्तर क्रम के प्रारम्भ होने या पूर्ण होने में देर की जाए, जब असफलता की आशा हो, जब असफलता अथवा दण्ड प्राप्त हो।

2. Frustrating state (कुण्ठा की दशा) – व्यक्ति में कितनी कुठा उत्पन्न होगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कुंठा परिस्थिति कितनी शक्तिशाली है। अधिक शक्तिशाली परिस्थितिया अधिक मात्रा में कुण्ठा उत्पन्न करती है। कुंठा की दशा का मापन प्रत्यक्ष और मात्रात्मक रुप में संभव है।

3. Reaction of Frustration (कुण्ठा के प्रति प्रतिक्रिया) – विस्तार में जिन कुण्ठा प्रतिक्रियाओं का अध्ययनकिया है वो निम्नानुसार है–

1. Aggression
2. Regration
3. Fixation

चतुर्थ मद कुण्ठा का मूल्यांकन – SS-LVNS टेबल न. 1 की प्रश्नावली के अनुसार प्रश्न संख्या 4,5,7,10,11,12,13,24 व 26 कुल 09 प्रश्नों, के जवाब प्राप्त कर कुण्ठा के स्तर का पता लगाने का प्रयास किया गया है। टेबल न. 2 के अनुसार कुण्ठा मद के कुल 9 प्रश्न धनात्मक है। scoring table के अनुसार धनात्मक प्रश्न का जवाब हाँ होने पर 1 अंक देकर संख्या प्राप्त की गई है।

सारणी क्रमांक 03

क्र.सं.	अंक (प्रशनावली के उत्तर के अनुसार)	किशोर की संख्या	प्रतिशत
1.	9	5	1 %
2.	8	10	2 %
3.	1	0	2 %
4.	6	30	6 %
5.	5	85	17 %
6.	4	65	13 %
7.	3	85	17 %
8.	2	95	19 %
9.	1	40	8 %
10.	0	75	15 %
कुल	13	500	100 %

उपरोक्त सारणी में दर्शाया गया है कि 0 से 9 अंक प्राप्त करने वाले किशोरों की संख्या कितनी है। जैसे क्र. स. 1 से 9 प्रश्नों के पूरे 9 अंक पाने वाले किशोरों की संख्या 5 है, 500 विद्यार्थियों में से मात्र 5 विद्यार्थियों इसका तात्पर्य है की 1 % विद्यार्थी में कुण्ठा का स्तर तीव्र है। यह आंकड़े प्रत्येक विद्यार्थी के 9 प्रश्नों में प्राप्त अंकों के अनुसार निकाला गया है।

सारणी संख्या 04

किशोरावस्था में तनाव के स्तर की गुणात्मक व्याख्या

आयाम	तनाव का स्तर		
	उच्च	मध्यम	निम्न
दबाव	6 और उससे अधिक	3 से 5	0 से 2

सारणी के अध्ययन से ज्ञात होता है कि 6 या इससे अधिक अंक प्राप्त

करने वाले किशोर उच्च तनाव के स्तर की श्रेणी के अंतर्गत आते है। 3 से 5 अंक प्राप्त करने वाले किशोर मध्यम श्रेणी के अंतर्गत तथा 0 से 2 अंक प्राप्त करने वाले किशोर निम्न श्रेणी के अंतर्गत आते है।

इसके बाद कुण्ठा के कारण होने वाले तनाव के स्तर का अध्ययन किया गया।

सारणी क्रमांक 05

कुण्ठा			
तनाव का स्तर			
क्र.सं.	स्तर	कुल किशोरों की संख्या	प्रतिशत
01	उच्च	295	59 %
02	मध्यम	180	36 %
03	निम्न	25	5 %
04	योग	500	100 %

सारणी क्रमांक 3 का अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ की किशोरावस्था में कुंठा से होने वाले तनाव के स्तर में उच्च स्तर के तनाव का प्रतिशत 59 है तो आधे से ज्यादा है, परन्तु चिन्ता, शारीरिक तनाव व दबाव के उच्च स्तर से कम पाया गया है। मध्यम स्तर 36 % व निम्न स्तर 5 % पाया गया है। यह आंकड़े इस बात की पुष्टि करते है कि कोटा कोचिंग के विद्यार्थियों में कुंठा के कारण तनाव का स्तर 59 % पाया जाता है, जिसके कारण किशोरों में अस्थिरता देखने को मिलती है।

किशोरावस्था में यह कुंठा उच्च आकांक्षा स्तर, माता-पिता की अपेक्षाऐं, प्रतिस्पर्धा, हीनता की भावना, लगातार असफलता, सामाजिक बाधायें, आर्थिक मंदी की जरुरत से ज्यादा अधिकता के कारण देखी जाती है। उपरोक्त तथ्यों को आंकड़ो के रुप में वृत चित्र के माध्यम से दर्शाया गया है।



वृत चित्र संख्या - 01

अत: माता-पिता एवं शिक्षकों को चाहिए कि किशोरों की परेशानी, समस्याओं, जिज्ञासाओं को समझे, सुनें और दूर करने का प्रयत्न करें। व्यक्तिगत निर्देशन, प्यार, दुलार से उसकी परेशानी को दूर करें।

निष्कर्ष - उपरोक्त आंकड़ों का आंकलन करने से निष्कर्ष निकलता है की कोटा कोचिंग के किशोर विद्यार्थीयों में चिंता और कुंठा का स्तर अधिक देखा गया है, अत्यधिक तनाव उत्पन्न होने के कारण मनौवैज्ञानिक समस्यायें उत्पन्न होती है जिसका विद्यार्थियों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आशा पारीक - मानव विकास एवं बाल विकास
2. बच एम. वी संपादक - सर्वे ऑफ रिसर्च इन 1990 एजुकेशन ए. एस. आई. बडोदा।
3. हॉर्लोक एलिजाबेथ बी - एडोलेसेंट डेवलपमेंट, मेकग्राहिक बुक क.।
4. हॉर्लोक एलिजाबेथ बी - डेवलप्मेंटल साइकोलॉजी (TMH EDITION)
5. हॉर्लोक एलिजाबेथ बी - चाइल्ड डेवलप्मेंट (SIXTH EDITION)
6. वीरेन्द्र प्रकाश शर्मा - सामाजिक विचारक।
7. Jayashree Nayak - Department of family resource management Dharwad 2008
8. डॉ. वृन्दा सिंह - मानव विकास एवं पारिवारिक सम्बन्ध।
9. डॉ. डी. एन. श्रीवास्तव - बाल मनोविज्ञान, बाल विकास।
10. डॉ. प्रीति वर्मा -
11. डॉ. वन्दना जैन - मानव विकास एवं पारिवारिक सम्बन्ध।
12. पाठक पी. डी. - शिक्षा मनोविज्ञान।
13. ओंकार सिंह जनोशी - काम के दबाव में मानसिक बीमारियाँ रिपोर्ट एस. ऍफ. 2014
14. विकास पीडिया - तनाव तथा मनोचिकित्सा।
15. गैरिसन सी. - साइकोलॉजी ऑफ एडोलेसेंट।
16. हाल. जी. एस.- एडोलेसेंट इट्स साइकोलॉजी एंड इट्स रिलेशन टू फिजियोलॉजी।
17. एन्थ्रोलॉजी, सोसिओलॉजी -
18. जर्सिल्ड ऑथेरिटी - द साइकॉलोजी ऑफ एडोलेसेंट।
19. जायसवाल सीजाराम- शिक्षा के निर्देशन एवं परामर्श।
20. जेफ्री जेंसन अरनेट - किशोरावस्था तूफान और तनाव की अवस्था है।
21. कुमारी मंजू - भारत में बाल अपराध।
22. K. P. Neeraja - Essentials of Mealth Health and Psychiatric Nursing (Jaypee)

****

सुल्तानपुर जिले के स्वंय सहायता समूहों का अध्ययन

स्वर्णिमा सिंह * कंचन दुबे ** डॉ. मंजु दुबे ***

प्रस्तावना – स्वंय सहायता समूह ग्रामीण निर्धनों का समूह है, जो स्वेच्छा से एक समूह के रुप में संगठित होते है और एक निश्चित धनराशि सम्मिलित निधि के रुप में एकत्रित करते हैं। समूह के निर्णयानुसार समूह के जरुरतमंद सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु परस्पर सहमत होकर कार्य करते हैं। स्वंय सहायता समूह के सदस्यों की नियमित बचत होते रहने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आता है। समूह के सदस्यों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण सुविधापूर्वक उपलब्ध हो जाता है। स्वंय सहायता समूहों को बैंक से ऋण आसानी से मिल जाता है। समूहों द्वारा सदस्यों को उनकी आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण में मार्गदर्शन भी मिलता है। स्वंय सहायता समूह एक प्रकार से गरीबों द्वारा बनाया गया स्वंय का छोटा सा बैंक है, जिसके नियम समूह के सदस्य आपस में मिलकर स्वंय बनाते हैं। स्वंय सहायता समूहों को सरकारी रूप में मान्यता है क्योंकि शारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों द्वारा इस कार्यक्रम को विशेष मंजूरी दी गई है। स्वंय सहायता समूह में सदस्य संख्या 10 से 20 तक हो सकती है, समूह का एक अध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष बनाया जाता है। शेष सदस्य होते हैं। समूह की बैठक प्रतिमाह होती है तथा सम्बन्धित रिकॉर्ड रजिस्टर में रखा जाता है। समूह की बैठक में समूह की गतिविधियों की समीक्षा की जाती है तथा ऋण की वसूली पर निगरानी रखी जाती है। समूह आवश्यकतानुसार बैंकों से ऋण प्राप्त कर सकते हैं किंतु उन्हें नियमानुसार लौटाना होता है। स्वंय सहायता समूह इस प्रकार समूह के समस्त सदस्यों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। शोधार्थी सुल्तानपुर जिले की निवासी है तथा स्वंय सहायता समूहों के अध्ययन के लिये इच्छुक व जिज्ञासु है अत: उसने अपने शोध का विषय – 'सुल्तानपुर जिले के स्वंय सहायता समूहों का अध्ययन' चुना है।

उद्देश्य –

1. स्वंय सहायता समूहों की स्थिति का अध्ययन करना।
2. स्वंय सहायता समूहों में सदस्यों की सहभागिता का अध्ययनकरना।
3. स्वंय सहायता समूहों में सदस्यों की जातिगत सहभागिता का अध्ययन करना।
4. स्वंय सहा समूहों में बी.पी एल सदस्यों की सहभागिता का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – अध्ययन हेतु सुल्तानपुर जिले के प्रत्येक विकास खण्ड से 40 स्वंय सहायता समूहों का दैव निदर्शन विधि से चयन करते हुये चारों विकास खण्डों से कुल 160 स्वंय सहायता समूहों का चयन किया गया। तथ्यों के संकलन हेतु पूर्व परीक्षित प्रश्नावली का उपयोग किया गया। संकलित तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण किया गया। (तालिका क्रमांक– 1 से 4 तक)

तालिका क्रमांक–1 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक–1 में स्वंय सहायता समूहों की स्थापना के वर्ष प्रदार्शित किए गए हैं। तालिका दर्शाती हैं कि 2000 से 2014 के मध्य स्वंय सहायता समूहों की स्थापना की सर्वाधिक संख्या 42 (26.25%) वर्ष 2008 में पाई गई तथा वर्ष 2006 में समूहों की संख्या 28 (17.5%) द्वितीय स्थान पर रही। समूहों की स्थापना की न्यूनतम संख्या 1 (0.62%) वर्ष 2000 से 2002 तक तथा वर्ष 2014 में पाई गई।

तालिका क्रमांक–2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक 2 में स्वंय सहायता समूहों का सदस्य संख्यानुसार वर्गीकरण किया गया है तालिका दर्शाती है कि समूहों की सर्वाधिक संख्या 71 (44.37%) 10–11 सदस्य संख्या वाले समूहों की पाई गई। जिसमें अमेठी विकास खण्ड 10 (10%) भादर में 13 (8.12%) भेटुआ में 16 (10%) तथा संग्रामपुर में 26 (16.25%) पाई गई। द्वितीय स्थान पर 12–13 सदस्य संख्या वाले 65 (40.62%) समूह पाए गए जिनमें अमेठी विकास खण्ड के 20 (12.5%) भादर के 18 (11.25%) भेटुआ के 16 (10%) तथा संग्रामपुर के 11 (6.87%) सम्मिलित हैं न्यूनतम सदस्य संख्या 8–9 सदस्यों वाला केवल 01 (0.62%) समूह अमेठी में पाया गया।

तालिका क्रमांक–3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तलिक क्रमांक–3 में स्वंय सहायता समूहों का जाति के आधार पर वर्गीकरण किया गया है। तालिका दर्शाती है कि 293 (15.46%) सदस्य सामान्य जाति के पाए गए जिनमें 94 (4.96%) अमेठी विकास खण्ड में, 72 (3.79%) भादर विकास खण्ड में, 68 (3.58%) भेटुआ विकास खण्ड में तथा 59 (3.11%) संग्रामपुर विकासखण्ड में पाये गये। सामान्य जाति के सदस्यों की सर्वाधिक संख्या अमेठी में तथा न्यूनतम संग्रामपुर में पाई गई। अनुसूचित जाति के सदस्यों में 10 (5.32%) अमेठी में, 130 (6.86%) भादर में 129 (6.80%) भेटुआ में तथा 109 (57.5%) संग्रामपुर विकासखण्ड में कुल 469 (24.74%) सदस्य सुल्तानपुर जिले में पाये गये अनुजाति के सदसयों की सर्वाधिक संख्या भेटुआ में तथा न्यूनतम अमेठी में पाई गई। अनुसूचित जनजाति के सदस्यों में अमेठी विकास खण्ड में 20 (1.05%) भादर 11 (0.58%) भेटुआ (0.026%) तथा संग्रामपुर में 02 (0.10%) कुल 38 (2.0%) सदस्य पाए गए।

*शोधार्थी (गृहविज्ञान) शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर(म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (गृहविज्ञान) शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
***प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृहविज्ञान) शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

अनु.जनजाति के सदस्यों का सर्वाधिक प्रतिशत अमेठी में तथा न्यूनतम संग्रामपुर में पाया गया। पिछडे वर्ग की जाति के सदस्यों में अमेठी विकास खण्ड में 252 (13.29%), भादर में 278 (14.67%) भेटुआ में 286 (15.09%) तथा संग्रामपुर में 279 (14.72%) पाए गए। पिछडे वर्ग के अंतर्गत आने वाले सदस्यों में सर्वाधिक संख्या भेटुआ तथा न्यूनतम संख्या अमेठी में पाई गई।

तालिका क्रमांक-4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक-4 में स्वंय सहायता समूहों में बी.पी एल सदस्यों की स्थिति प्रदार्शित की गई है। तालिका दर्शाती है कि जिले के विभिन्न विकास खण्डों से स्वंय सहायता समूहों में बी.पी एल सदस्यों की कुल संख्या 937 (49.45%) है। जिसमें 261 (13.77%) अमेठी विकासखण्ड में 366 (19.31%) भादर विकासखण्ड में 151 (7.96%) भेटुआ विकासखण्ड में तथा 159 (8.39%) संग्रामपुर विकासखण्ड के समूहों के सदस्य है। बी.पी एल सदस्यों की सर्वाधिक संख्या भादर विकासखण्ड में संचालित स्वंय सहायता समूहों के सदस्यों की तथा न्यूनतम संख्या भेटुआ विकासखण्ड में संचालित स्वंय सहायता समूहों के सदस्यों की पाई गई।

निष्कर्ष - सुल्तानपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों से प्राप्त तथ्यों से निम्नानुसार निष्कर्ष प्राप्त हुए-

1. सर्वेक्षित 160 स्वयं सहायता समूहों की स्थापना वर्ष 2000 से 2014 के मध्य प्रतिवर्ष हुई है, किंतु सर्वाधिक समूहों 42(26.25%) की स्थापना वर्ष 2008 में हुई।
2. सर्वेक्षित स्वयं सहायता समूहों में 10-11 सदस्य संख्या वाले समूह सर्वाधिक 71 (44.37%) पाए गए जिसमें अमेठी विकासखण्ड में 16(10%), भादर में 13(8.12%), भेटुआ में 16(10%) तथा संग्रामपुर में 26(16.25%) थे।
3. सर्वेक्षित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों में 293 (15.46%) सदस्य सामान्य जाति के, 469(24.74%) अनुसूचित जाति के, 38(2.0%) अनुसूचित जनजाति के तथा 1095(57.78%) पिछड़े वर्ग की जातियों के पाए गए। इस प्रकार पिछड़े वर्ग के सदयों का समूहों में बाहुल्य पाया गया।
4. सर्वेक्षित 160 स्वयं सहायता समूहों में सदस्य संख्या 1895 पाई गयी। जिनमें बी.पी.एल. सदस्यों की संख्या 937(49.45%) पाई गई।

सीमाए-

1. प्रस्तुत शोध सुल्तानपुर जिले के अमेठी, भादर, भेटुआ एवं संग्रामपुर विकास खण्डों के गाँवों तक सीमित है।
2. शोध अध्ययनसर्वेक्षित 160 समूहों एवं उनके 1895 सदस्यों तक सीमित है।

तालिका क्रमांक-1
सर्वेक्षित स्वंय सहायता समूहों के स्थापना वर्ष

क्र.	स्थापना वर्ष	विकास खण्ड									
		अमेठी		भादई		भेदुआ		संग्रामपुर		योग	
		सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.
1	2000	0	0	0	0	0	0	1	0.62	1	0.62
2	2001	1	0.62	0	0	0	0	0	0	1	0.62
3	2002	1	0.62	0	0	0	0	0	0	1	0.62
4	2003	1	0.62	1	0.62	1	0.62	0	0	3	1.88
5	2004	2	1.25	2	1.25	3	1.88	2	1.25	9	5.63
6	2005	4	2.5	5	3.13	2	1.25	1	0.62	12	7.5
7	2006	3	1.88	13	8.13	8	5	4	2.5	28	17.5
8	2007	2	1.25	1	0.62	2	1.25	3	1.88	8	5.0
9	2008	10	6.25	9	5.63	4	2.5	19	11.87	42	26.25
10	2009	2	12.5	6	3.76	0	0	2	1.25	10	6.25
11	2010	1	0.62	1	0.62	2	1.25	2	1.25	6	3.75
12	2011	3	1.89	0	0	3	1.88	3	1.88	9	5.63
13	2012	7	4.38	1	0.62	11	6.87	3	1.88	22	13.75
14	2013	2	1.25	1	0.62	4	2.5	0	0	7	4.38
15	2014	1	0.62	0	0	0	0	0	0	1	0.62
	योग	40	25	40	25	40	25	40	25	160	100

तालिका क्रमांक–2

सर्वेक्षित सहायता समूहों की सदस्य संख्या

क्र.	सदस्य संख्या	विकास खण्ड								योग	
		अमेठी		भादर		भेदुआ		संग्रामपुर			
		सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.
1	8.9	01	0.62	0	0	0	0	0	0	1	0.62
2	10.11	16	10	13	8.12	16	10	26	16.25	71	44.37
3	12.13	20	12.5	18	11.25	16	10	11	6.87	65	40.62
4	14.15	02	1.25	8	5	06	3.75	01	0.62	17	10.62
5	16.17	01	0.62	1	0.62	02	1.25	02	1.25	6	3.74
योग		40	25	40	25	40	25	40	25	160	100

तालिका क्रमांक–3

स्वयं सहायता समूहों की जाति

क्र.	समूह सदस्यों की जाति	विकास खण्ड								योग	
		अमेठी		भादर		भेदुआ		संग्रामपुर			
		सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.
1	सामान्य	94	4.96	72	3.79	68	3.58	59	3.11	293	15.46
2	अनुसूचित जाति	101	5.32	130	6.86	129	6.80	109	5.75	469	24.74
3	अनु. जनजाति	20	1.05	11	0.58	5	0.26	02	0.10	38	2.0
4	पिछड़ा वर्ग	252	13.29	278	14.67	286	15.09	279	14.72	1095	57.78
	योग	467	24.65	491	25.9	488	25.75	449	23.07	1895	100

तालिका क्रमांक–4

स्वयं सहायता समूहों में बी.पी.एल. सदस्यों की स्थिति

क्र.		विकास खण्ड								योग	
		अमेठी		भादर		भेदुआ		संग्रामपुर			
		सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.	सं	प्र.
1	बी.पी.एल सदस्य हैं	261	13.77	366	19.31	151	7.96	159	8.39	937	49.45
2	बी.पी.एल. सदस्य नहीं है	206	10.87	125	6.59	337	17.78	290	15.30	958	50.55
	योग									1895	100

****

विशिष्ट बालकों के व्यक्तित्व का अध्ययन

उषा कटियार *

प्रस्तावना – बच्चे किसी भी राष्ट्र के भविष्य के निर्माता और आधार स्तम्भ होते है किसी भी राष्ट्र का भविष्य बच्चों की शिक्षा–दीक्षा एवं उनके व्यक्तित्व विकास पर निर्भर करता है क्योंकि बालक भावी राष्ट्र के निर्माता होते है। बालक ही किसी देश के विकास बिन्दु होते हैं। इसीलिए यदि बालकों के व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केन्द्रित नहीं किया गया तो इसका परिणाम बड़ा ही भयंकर दु:खद सिद्ध हो सकता है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, वह अपने चारों ओर के वातावरण को स्वयं सुव्यवस्थित करता है इस सुव्यवस्थापन कार्य में उनके व्यवहारों का अध्ययन कर व्यक्तित्व को समझा जा सकता है। व्यक्तित्व कोई विशिष्ट गुण या लक्षण नहीं है, जो किसी एक या कुछ ही मनुष्यों में पाया जाता है यह मनुष्य के व्यवहार का दर्पण होता है। यह उसके गुण अवगुण, अनुभव, चिन्तन, प्रक्रिया आदि का संगठित रूप है। प्रत्येक मनुष्य का अपना एक विशिष्ट व्यक्तित्व होता है। व्यक्ति का व्यक्तित्व व्यवहारों के वैभिन्य के अनुसार एक दूसरे से भिन्न समझा जाता है। जन्मत: प्रत्येक शिशु अपने साथ कुछ जन्मजात प्रवृत्तियाँ लेकर पैदा होता है। विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों से आशय जिस प्रकार से पौधों के विकास हेतु बीज की अनुवांशिक क्षमता के साथ ही साथ उचित मात्रा में जल, वायु, प्रकाश एवं भूमि की उर्वरा शक्ति की आवश्यकता होती है तथा इन तत्वों में किसी भी तत्व की अनुपस्थिति या कमी की दिशा में पौधों का विकास सामान्य ढंग से नहीं हो पाता है, उसी प्रकार से बच्चे के स्वस्थ, सन्तुलित एवं समुचित विकास के लिए उसमें अन्तर्निहित योग्यताओं के साथ ही साथ उचित वातावरणीय स्थितियों दशाओं की आवश्यकता होती है। इनमें से किसी तत्व की कमी या अनुपस्थिति की दशा में बालक का सन्तुलित विकास नहीं हो पाता है और इस अवस्था में बालक का विकास सामान्य बालकों से भिन्न हो जाता है।

विशिष्ट बालक उन बालकों को कहा जाता है, जो अपनी योग्यताओं, क्षमताओं, व्यवहार तथा व्यक्तित्व सम्बन्धी विशेषताओं की दृष्टि से अपनी आयु के अन्य औसत अथवा सामान्य बालकों से बहुत अधिक भिन्न होते है।

1. **किर्क (1962) के शब्दों में –** 'एक विशिष्ट बालक वह है जो कि शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक एवं सामाजिक विशेषताओं में से किसी सामान्य बालक से उस सीमा तक विचलित होता है, जब वह अपनी क्षमताओं के अधिकतम विकास हेतु सहायता, निर्देशन, विद्यालयों कार्यक्रमों में परिमार्जन तथा विशिष्ट सेवाओं की आवश्यकता रखता है।'

2. **क्रो एवं क्रो के शब्दों में –** 'विशिष्ट प्रकार या विशिष्ट शब्द किसी एक ऐसे लक्षण या उस लक्षण को रखने वाले व्यक्ति पर लागू किया जाता है जबकि लक्षण को सामान्य रूप से रखने से प्रत्यय की सीमा इतनी अधिक होती है कि उसके कारण व्यक्ति अपने साथियों का विशिष्ट ध्यान प्राप्त करता है और इससे उसकी व्यवहार की अनुक्रियाएँ और क्रियाएँ प्रभावित होती हैं।' विशेष आवश्यकता वाले बच्चे मुख्य रूप से छ: प्रकार के होते हैं –

(i) दृष्टि बाधित
(ii) श्रवण बाधित
(iii) अस्थित बाधित
(iv) मानसिक पक्षाघाती
(v) मानसिक पिछड़े
(vi) अधिगम नि:शक्त

विशिष्ट बालकों के व्यक्तित्व के विकास में आयोगों का योगदान –

कोठारी आयोग – नि:शक्तों के लिए शिक्षा की सुविधाओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के पश्चात् इस परिणाम पर पहुँचा – 'नि:शक्तों के लिए शिक्षा की वर्तमान सुविधाएँ अत्यन्त अपर्याप्त है। इसलिए उनके लिए शिक्षा सेवाओं के विकास की सावधानी से तैयार की गई योजना के महत्व पर जितना बल दिया जाए कम है।'

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में असमानताओं को दूर करने एवं अब तक समानता से वंचित रहे वर्गों की विशेष आवश्यकताओं पर ध्यान देकर उनके लिए शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने पर विशेष बल दिया गया है। गम्भीर रूप से नि:शक्त लगभग 20 लाख बच्चों की जरूरतों को पूरा करने हेतु 150 से 200 बच्चों तक प्रति स्कूल दाखिले वाले 10,000 विशेष स्कूलों की आवश्यकता होगी। इस नीति की धारा 4.9 को स्पष्ट रूप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की आवश्यकता पर केन्द्रित है।

डॉ. मुखर्जी के अनुसार – नि:शक्तों की शिक्षा में मुख्य उद्देश्य है उनके मार्ग में आने वाली बाधाओं की उग्रता को कम करना और बच्चे को अपनी योग्यता के अनुसार सीखने की प्रेरणा देना ताकि उसे निराशा पर विजय प्राप्त करने और स्वस्थ स्वतन्त्रता एवं आत्म सम्मानपूर्वक व्यक्तित्व का विकास करने में सहायता दी जा सके।'

डॉ. श्रीमाली के शब्दों में – 'नि:शक्तता अपनी सीमाओं के कारण किसी एक क्षेत्र में हममे से अनेक व्यक्तियों के समान भले ही कार्य न कर सकें पर कुछ क्षेत्र ऐसे है जिनमें वे हमारे जैसी योग्यता से और सम्भवत् हमसे अधिक योग्यतापूर्वक कार्य कर सकते है। अत: स्वस्थ नागरिकों की शिक्षा के समान उनकी शिक्षा की भी व्यवस्था की जानी आवश्यक है। उन्होंने मानव अधिकार की माँग बताते हुए उन्होंने लिखा है – 'यह मौलिक मानवाधिकार है और जनतन्त्रीय समाज नि:शक्तों के इस अधिकार को अस्वीकार नहीं कर सकता

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

है।' उनके अनुसार नि:शक्त नागरिक में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के योगदान की वही क्षमता होती है जो सामान्य नागरिकों की होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Aaron, P.G., Phillips, S., & Larsen, S. (1988). Specific Reading Disability in Historically Famous Persons. Journal of Learning Disabilities, 21(9), 521-584.
2. Abeson, A., & Wintraub F. (1979). Understanding the Individualized Education Program: A Primer on Individualized Education Program. In S. Torres (Ed.), Handicapped Children (pp. 3-8). Reston, VA: The Foundation for Exceptional Children.
3. Adelman, H.S., & Taylor, L. (1983). Learning Disabilities in Perspectives. Glenview. IL: Scott, Foreman.
4. Adelman, H.S., & Taylor, L. (1986). An Introduction to Learning Disabilities. Glenview, IL: Scott, Foreman.
5. Alberto, P.A. & Troutman, A.C. (1986). Applied Behaviour Analysis for Teachers (2nd ed.) Columbus, OH" Merrill/Macmillan.
6. Amabukem, T. (1983) The Social Psychology of Creativity. New York. Springer-Verlag.
7. Aman, G.M. (1984). Hyperactivity: Nature of the Syndrome and its Natural History. Journal of Autism and Developmental Disorders, 14, 39-53.
8. Anand, M.R. (1961) The Place of Gifted in Indian society. In G.Z. Bereday and J... Lauwerys (Eds.) The Year Book of Education. London: Evans Brothers.
9. Ariel, A. (1971). Behavior Therapy for Self-Direction. Unpublished Doctoral Dissertation. University of Southern California, Los Angeles.
10. Ariel, A. (1985). Parents Perception of Learning Disabilities and the Helping Professionals-Ten Years Later. CEC 63rd Annual Convention, Anaheim, CA.
11. Apton, A.A. : Handicapped : A Challenge to the Non-handicapped, New York, Citadel Press, 1959.
12. Abraham, W. : Common Sense about Gifted Children, New York. Harper & Brothers. 1958.
13. American Association for Gifted Children : The Gifted Child, Boston, D.C. Heath & Company. 1951.
14. Anderson, M.L. : Education of the Defectives in the Public School, New York, World Book Company, 1917.
15. Avondino, J. : The Babbling Method, A System of Syllable Drills for Natural Development of Speech, Washington, Volta Bureau, 1924.
16. Abel, G.L. (Compiler) : Concerning the Education of Blind Children, AFB Publications, Educational Series, No. 12. N.Y., American Foundation for the Blind, 1959.
17. American Speech and Hearing Association : Public School Speech and Hearing Services, Journal of Speech and Hearing Disorders, Monograph Supplement 8. Danville, III., Interstate Printers and Publishers, Inc., 1961.
- We believe that ICTs should provide instruments to foster sustainable economic progress and social inclusion, working together with the ICT industry, civil society and academia. Particular attention should be given to young people and to small and medium-sized enterprises, with a view to promoting international exchange and cooperation, as well as to fostering innovation.
- BRICS have managed to explore cooperation on combating cybercrimes and also recommit to the negotiation of a universal legally binding instrument in that field.
- BRICS members have also shown their concern towards climate change.
- BRICS members have also shown concern towards an inclusive, transparent and participative intergovernmental process for building a universal and integrated development agenda with poverty eradication as the central and overarching objective.

Conclusion - The 40 minutes side-line from the BRICS Summit the two leaders President of Russia Vladimir Putin and Indian Prime minister Narendra Modi talked about to strengthen Russia-India ties in nuclear, defence and energy sectors. China also regarded India support as a major boost to the bank's formation which was largely seen as an effort to enlarge funding for the Asian countries reducing the dependence on Asian Development Bank and other western dominated global financial institution.

We can conclude the Brazil Summit witnessed increased diplomatic activity and expanded avenues of cooperation with the world and this will definitely help the people of India in the coming years.

Reference :-

1. Personal survery.

ग्रामीण क्षेत्रों में संगठित तथा असंगठित रोजगार में परिवर्तन का अध्ययन

श्रद्धा सोनी *

प्रस्तावना – भारत की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान होने के कारण औद्योगिकरण का महत्व अधिक बढ़ जाता है। भारत की कुल जनसंख्या का 72 प्रतिशत भाग गांवों में निवासीत है जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर आश्रित है। कृषि के अतिरिक्त अन्य रोजगार स्त्रोत नहीं होने के कारण कृषि के उपरान्त बेरोजगार रहना पड़ता है। कृषि अर्थव्यवस्था में अदृश्य बेरोजगारी की व्यापकता, निरक्षरता, निर्धनता एवं बेरोजगारी की समस्या गम्भीर है। भारत की सामाजिक–आर्थिक, भौगोलिक भिन्नता को औद्योगिकरण के बिना आर्थिक विकास में सक्षम नहीं बन सकेगें। औद्योगिकरण का सर्वाधिक प्रभाव आंतरिक संरचना पर पड़ता है। औद्योगिक विकास आन्तरिक संरचना को प्रभावित करता है। औद्योगिक क्रियाओं के विस्तार से आन्तरिक व्यापार, व्यवसाय और आर्थिक संरचना अत्यन्त सुदृढ़ होने लगती है। औद्योगिकरण से कृषि निर्भरता का भार औद्योगिक क्षेत्रों पर हस्तान्तरित हो जाता है।

भारत में कुल कार्यशील श्रम शक्ति को रोजगार प्रदान करने में असंगठित क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। आर्थिक क्रियाओं का तीव्र विस्तार किए जाने, औद्योगिकरण को बढ़ावा दिए जाने तथा आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित किए जाने के उपरान्त भारत की 80 प्रतिशत जनसंख्या रोजगार के लिए असंगठित क्षेत्र पर निर्भर है।[1] आर्थिक विकास पर पियर्सन कमीशन ने लिखा है 'विकास की सबसे दुखदायी असफलता अर्थव्यवस्था में अर्थपूर्ण रोजगार अवसरों को सृजित करने में असफल रहना है।[2]

असंगठित क्षेत्र में रोजगार की अनियमितता बनी रहती है वहीं संगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की स्थिति असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की तुलना में श्रेष्ठ होती है। इसका मुख्य कारण संगठित क्षेत्र के श्रमिक अपना संगठन बनाकर सामूहिक सौदेबाजी के द्वारा अपनी कार्यदशा व वेतनमान में सुधार के प्रयास करते रहते है। किन्तु असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बिखरावपन तथा संगठन के अभाव में अपनी मांगे प्रभावी रूप से प्रस्तुत नहीं कर पाते। परिणाम स्वरूप शोषण, असुरक्षा, कार्य की अनियमितता, बेरोजगारी, असमय रोजगार से निकालना आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

भारत में बेरोजगारी यद्यपि एक गम्भीर समस्या है, लेकिन इसे समझने के लिए जितना प्रयास किया जाना चाहिए वह अभी भारत देश में नहीं किया गया है। सामान्यत: बेरोजगारी व्यक्ति की निजी समस्या मानी जाती है। परन्तु भारत में गैर कृषि क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षो में ग्रामीण आय, रोजगार बढ़ाने में सक्षम माना जा चुका है। गैर कृषि क्षेत्र की गतिविधियों में रोजगार की खपत एक महत्वपूर्ण और आसान उपाय है, ग्रामीण जनसंख्या का एक बहुत बड़ा भाग या क्षेत्र इसमें संलग्न है। कृषि क्षेत्र गरीबी, बेरोजगारी निवारण नीतियों को ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित कर रोजगार संवर्धन के सन्दर्भ में यह भारतीय अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी निवारण का एक उपयोगी माध्यम साबित हो सकता है।[3]

उद्देश्य –

- विभिन्न अवधियों में कृषि तथा गैर–कृषि रोजगार प्रवृत्ति में परिवर्तन का अध्ययन करना।
- आर्थिक नियोजन का ग्रामीण रोजगार पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – उक्त शोध पत्र में द्वितीयक समंकों पर आधारित है। अध्ययन हेतु विभिन्न मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, रोजगार नीतियां, शोध–पत्रिकाएँ, शोध आलेख, विषय से सम्बन्धित पूर्व शोध अध्ययन, जर्नल्स, अनुसंधान पत्र पत्रिका, अध्यादेश–अधिनियम आदि का प्रयोग किया गया हैं।

रोजगार में वृद्धि – भारत में निश्चय ही अधिकांश बेरोजगारी संरचनात्मक है। देश में पिछले तीन दशकों में जहाँ नियमित रूप से तेजी के साथ श्रम बाजार में भारी संख्या में लोग काम की खोज में आते रहे हैं, वहाँ अर्थव्यवस्था में अल्प विकास के कारण रोजगार के क्षेत्रों में पर्याप्त विस्तार नहीं हुआ है। वास्तव में यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें बेरोजगारी का रहना स्वाभाविक है। अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तनों के द्वारा इसे दूर करने का प्रयास किया जा सकता है। देश में संरचनात्मक बेरोजगारी के अलावा सन् 1965 से 1980 के बीच शहरी क्षेत्र में औद्योगिक मंदी की स्थिति के कारण बेरोजगारी उत्पन्न हुई। यह अतिरिक्त बेरोजगारी भारत में व्यापार चक्रीय बेरोजगारी है और इसे विकसित देशों की भाँति प्रभावित मांग को बढ़ाकर दूर किया जा सकता है।

विभिन्न नेशनल सेम्पल सर्वे रिपोर्ट के अनुसार भारत में ग्रामीण तथा शहरी रोजगार की स्थिति का अनुमान तालिका क्रमांक – 1 में किया गया है–

तालिका क्रमांक – 1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका में सामान्यत: रोजगार प्राप्त व्यक्तियों (पी.एस.+एस.एस.) के व्यापक वर्तमान दैनिक कार्यकलाप की स्थिति के अनुसार प्रति 1000 व्यक्तियों पर सामान्यत: कृषि में रोजगार प्राप्त ग्रामीण महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में अधिक है। पुरूषों की कृषि रोजगार में कमी का मुख्य कारण गैर–कृषि रोजगार में वृद्धि होना है।

शहरी क्षेत्रों में कृषि में रोजगार प्राप्त महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में अधिक है। कृषि रोजगार में विभिन्न सर्वेक्षण अवधियों में महिलाओं की तुलना में पुरूषों के रोजगार में कमी दर्ज की गई। पुरूषों की कृषि रोजगार में कमी का मुख्य कारण गैर–कृषि रोजगार में वृद्धि होना है।

विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार प्राप्त व्यक्तियों (पी.एस.+एस.एस.) के व्यापक वर्तमान दैनिक कार्यकलाप की स्थिति के अनुसार प्रति 1000

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

व्यक्तियों पर सामान्यत: ग्रामीण महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में कम है। विभिन्न अवधियों में ग्रामीण क्षेत्रों में विनिर्माण क्षेत्र में पुरूषों तथा महिलाओं के विनिर्माण क्षेत्र रोजगार में महत्वपूर्ण परिवर्तन नही आया है। शहरी क्षेत्रों में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार प्राप्त वर्तमान दैनिक कार्यकलाप की स्थिति के अनुसार प्रति 1000 व्यक्तियों पर सामान्यत: शहरी महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में अधिक है। विभिन्न अवधियों में शहरी क्षेत्रों में विनिर्माण क्षेत्र में महिलाओं के रोजगार में वृद्धि हुई है।

निर्माण क्षेत्र में रोजगार प्राप्त व्यक्तियों (पी.एस.+एस.एस.) के व्यापक वर्तमान दैनिक कार्यकलाप की स्थिति के अनुसार प्रति 1000 व्यक्तियों पर सामान्यत: ग्रामीण महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में कम है। विभिन्न अवधियों में ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण क्षेत्र में पुरूषों तथा महिलाओं के विनिर्माण क्षेत्र रोजगार में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है।

शहरी क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में कम है। विभिन्न अवधियों में शहरी क्षेत्रों में निर्माण क्षेत्र में पुरूषों तथा महिलाओं के विनिर्माण क्षेत्र रोजगार में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है।

व्यापार क्षेत्र में रोजगार प्राप्त व्यक्तियों (पी.एस.+एस.एस.) के व्यापक वर्तमान दैनिक कार्यकलाप की स्थिति के अनुसार प्रति 1000 व्यक्तियों पर सामान्यत: ग्रामीण महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में कम है। विभिन्न अवधियों में ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण क्षेत्र में पुरूषों तथा महिलाओं के विनिर्माण क्षेत्र रोजगार में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है।

शहरी महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में कम है। विभिन्न अवधियों में ग्रामीण व्यापार, व्यवसाय क्षेत्र में रोजगार में महिलाओं की सहभागिता में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पुरूषों के रोजगार में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अन्य रोजगार प्राप्त व्यक्तियों (पी.एस.+एस.एस.) के व्यापक वर्तमान दैनिक कार्यकलाप की स्थिति के अनुसार प्रति 1000 व्यक्तियों पर सामान्यत: ग्रामीण महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों की तुलना में कम है।

संगठित व असंगठित क्षेत्र में रोजगार – जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश के कामगारों अथवा कार्यशक्ति का आकार भी उतना ही बड़ा है। देश की इस बड़ी कार्यशक्ति को उसकी काम की प्रवृत्ति और कार्य की स्थिति के कारण दो भागों में विभाजित किया जा सकता है।संगठित और असंगठित। पहले राष्ट्रीय श्रम आयोग ने आकस्मिक रोजगारशुदा उस कार्यशक्ति को जो अपनी आकस्मिक रोजगार प्रकृति के कारण, अशिक्षा और नकारे जाने के कारण अथवा अपने रोजगार संस्थान के छोटे या बेहद बिखरे रूपों के कारण एक समान हितों के लिए अपने आप को संगठित नहीं कर पाती है, उसे असंगठित श्रम शक्ति के रूप में रेखांकित किया था। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की 1999-2000 की एक रिपोर्ट के अनुसार देश की कुल 39.7 करोड़ कार्यशक्ति का 92 प्रतिशत से अधिक हिस्सा असंगठित कार्यशक्ति की श्रेणी में आता है और यह असंगठित क्षेत्र देश की आर्थिक आय का 60 प्रतिशत भाग उत्पन्न करता है। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत इन 36 करोड़ 90 लाख कामगारों को क्रमश: कृषि, विनिर्माण, भवन निर्माण और सेवा क्षेत्र में श्रेणीबद्ध किया जा सकता है। संगठित तथा असंगठित रोजगार स्थिति को तालिका क्रमांक – 2 में दर्शाया गया है –

तालिका क्रमांक – 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष 1999-2000 में अनौपचारिक असंगठित क्षेत्र में 341.3 मिलियन रोजगार में संलग्न थे, वर्ष 2009-10 में वर्ष 2004-05 की तुलना में 8.42 मिलियन व्यक्तियों की कमी दर्ज की गई।

समस्याएं – असंगठित मजदूरों को संगठित करने की कोशिशों का आशानुकूल प्रतिफल न मिलना और स्थापित संगठनों द्वारा संगठित क्षेत्रों में काम को ही फोकस करना जहां एक ओर कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने में बड़ी रुकावट है। वहीं दूसरी तरफ इनकी पहचान की व्यावहारिक परिभाषा का अभाव, पहचान प्रमाण की युक्तिसंगत नीति का न होना, सरल पंजीकरण नीति का अभाव, योजनाओं के बारे में जानकारी की कमी और उनके प्रति जागरुकता का अभाव असंगठित मजदूरों की मुख्य समस्याएं हैं।

निष्कर्ष – वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या की कृषि पर निर्भरता कम हुई हैं। राष्ट्रीय आय में कृषि का अंश गिरावट की प्रवृत्ति लिए हुए है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी तथा अर्द्ध-बेरोजगारी की स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है, जो तीव्रदर से बढ़ने वाली श्रम समस्या का स्पष्ट संकेत है। आगामी वर्षों में रोजगार सन्तुलन को प्रभावित करेगा। कृषि भू-जोतो के घटते आकार के कारण तथा संगठित उद्योग आवश्यक रोजगार के अवसर सृजित करने में असमर्थ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए रोजगार विविधीकरण की ओर अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। आर्थिक सुधारों के उपरान्त देश में कृषि उपेक्षित रहा तथा इसके विकास की दर धीमी और उतार चढावों से भरी रही हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार वृद्धि की दर लगभग शून्य रही, कृषि में उदारीकरण के दौर में कोई सुधार नहीं हुआ। कृषि अभी भी एक पिछड़ा क्षेत्र है तथा कृषक एवं अन्य कृषि मजदूर जिन्हें देश की नई आर्थिक नीति किसी तरह का लाभ नही पहुंचा सकी है। ग्रामीण गैर-कृषि रोजगार वाणिज्यिक केन्द्रो व बड़े शहरो में औद्योगिक कार्यो के लिए अनावश्यक पलायन को कम करने में सहायक हो सकता है। मानवीय, वित्तिय और भौतिक पूँजी उपलब्धता श्रमशक्ति को गैर-कृषि व्यवसाय में कुशल रोजगार व आवश्यक अवसर प्रदान करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Michael p. Todaro, **"A model of labour migration and urban unemployment in less developed countries",** American economics review, 59 march 1969.
2. Arnold C. Herberger, **"On measuring the Social Opportunity Cost of Labour",** International Labour Review, March, 1970.
3. यादव, सुबह सिंह एवं यादव, मोहनलाल (2009) – कृषि अर्थव्यवस्था का उदारीकरण – संभावनाएँ एवं चुनौतियॉ, सबलाईम पब्लिकेशन्स जयपुर, पृ. 497
4. पटेल, सुधीर कुमार (2008) – कृषि में रोजगार के बढ़ते अवसर, कुरूक्षेत्र फरवरी, पृ. 5
5. चौरे, आई.पी. (2007) – भारतीय आर्थिक नीति, विद्या भवन, इन्दौर, पृ. 248
6. योजना सितम्बर 2011, पेज 29

तालिका क्रमांक – 1

प्रति 1000 जनसंख्या पर विभिन्न रोजगार में संलग्न व्यक्तियों की स्थिति

वर्ग	सर्वेक्षण दौर	वर्ष	ग्रामीण		शहरी	
			पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
कृषि	66th	2009–10	628	794	60	139
	61th	2004–05	665	833	61	181
	55th	1999–00	714	854	66	177
	50th	1993–94	741	862	90	247
	43th	1987–88	745	847	91	294
	38th	1983	775	875	103	310
	32th	1977–78	806	881	106	319
विनिर्माण	66th	2009–10	70	75	218	279
	61th	2004–05	79	84	235	289
	55th	1999–00	73	76	224	240
	50th	1993–94	70	70	235	241
	43th	1987–88	74	69	257	270
	38th	1983	70	64	268	267
	32th	1977–78	64	59	276	296
निर्माण	66th	2009–10	113	52	114	47
	61th	2004–05	68	15	92	38
	55th	1999–00	45	11	87	48
	50th	1993–94	32	9	69	41
	43th	1987–88	37	27	58	37
	38th	1983	22	7	51	31
	32th	1977–78	17	6	42	22
व्यापार	66th	2009–10	82	28	270	121
	61th	2004–05	83	25	280	122
	55th	1999–00	68	20	294	169
	50th	1993–94	55	21	219	100
	43th	1987–88	51	21	215	98
	38th	1983	44	19	203	95
	32th	1977–78	40	20	216	87
अन्य	66th	2009–10	55	46	219	393
	61th	2004–05	59	39	208	359
	55th	1999–00	61	37	210	342
	50th	1993–94	70	34	264	350
	43th	1987–88	62	30	252	278
	38th	1983	61	28	248	266
	32th	1977–78	53	30	243	260

Source : NSS Report No. 537 : Employment and Unemployment Situation in India, 2009-10

तालिका क्रमांक – 2

संगठित व असंगठित क्षेत्र में रोजगार (मिलियन)

वर्ष	1999–2000			2004–05			2009–10		
क्षेत्र	अनौपचारिक	औपचारिक	कुल	अनौपचारिक	औपचारिक	कुल	अनौपचारिक	औपचारिक	कुल
असंगठित	341.3	1.4	342.6	393.5	1.4	394.9	385.08	2.26	387.34
संगठित	20.5	33.7	54.1	29.1	33.4	62.6	42.14	30.74	72.88
कुल	361.7	35	396.8	422.6	34.9	457.5	427.22	33.00	460.22

Source : NSS 66th Round and NCEUS 2007

****

देवास की औद्योगिक संरचना

मनीषा जैन *

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में इस जिले का औद्योगिक विकास दुतगति से हुआ हैं। जिले में औद्योगिक विकास होने का मुख्य कारण देवास की स्थिति औद्योगिक दृष्टि से उपयुक्त मानी जाती हैं। पूर्व में देवास में एक कपड़ा मिल स्थापित थी तथा बाद में पम्प बनाने के कारखाने भी स्थापित हुए। जिले में वर्तमान में 62 बड़े एवं मध्य श्रेणी के उद्योग स्थापित हो चुके हैं। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र में बैंक नोट प्रेस की इकाई स्थापित हैं। शेष इकाईयाँ निजी एवं औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित हैं। इन्दौर शहर के पास उद्योग इकाईयों में अधिकतम संख्या में देवास का ही नम्बर आता हैं। स्थापित उद्योग में सूती कपड़ा मिल, ऑटोमोबाइल गियर्स, साल्वेंट प्लांट, कॉटन सीड, सिगरेट फिल्टर, फिनिशड लेदर, स्टील टयूब, रोजिंग मिल, सिन्थेटीक्स क्लॉथ, सेनेटरी बियर्स एवं ग्लेज टाइल्स आदि। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य देवास जिले की वर्तमान औद्योगिक संरचना की स्थिति और विकास की सम्भावनाओं को पता लगाना, साथ ही औद्योगिक प्रादुर्भाव के कारणों की खोज करना हैं।

शोध विधि – इस शोध कार्य के लिए उददेश्यपूर्ण विधि का प्रयोग किया गया हैं।

अध्ययन की इकाई– प्रस्तुत अध्ययन देवास जिले में वर्तमान औद्योगिक संरचना के विशेष संदर्भ में हैं। शोधकर्ता द्वारा शोधकार्य में देवास के वर्तमान औद्योगिक संरचना की स्थिति और विकास की सम्भावनाओं की गतिविधियों को शोध इकाई के रुप में लिया गया हैं।

निदर्षन का चुनाव– प्रस्तुत अध्ययन हेतु सर्वप्रथम देवास उद्योग क्रेन्द्र से उद्योगों की सूची प्राप्त की गई। रजिस्टर में उल्लेखित उद्योगों में से 158 अधिकारियों का चयन साक्षात्कार एवं प्रश्नावली हेतु याद्धिच्छिक रुप से विकास खण्डवार चयन किया गया ताकि सम्पूर्ण जिले का अध्ययन हेतु प्रतिनिधित्व हो सके। अत: अध्ययन में उद्योगों से संबंधित विस्तृत एवं सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए 158 अधिकारियों का मूल्यांकन परक अध्ययन प्रस्तुत किया गया।

उपकरण – अनुसूची, प्रश्नावली, साक्षात्कार, निर्देशिका आदि उपकरण को शामिल किया और समंक संकलन में प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों को शामिल किया गया हैं।

परिकल्पनाएँ–

1. देवास का औद्योगिक विकास स्वतंत्रता के पश्चात् ही हुआ हैं।
2. देवास के औद्योगिक विकास में आधारभूत सुविधा ने प्रभावित किया हैं।
3. देवास के औद्योगिक विकास को यातायात सुविधा ने प्रभावित किया गया हैं।
4. देवास में भविष्य में नये उद्योग स्थापित होने की सम्भावना हैं।
5. संगठित क्षेत्र के उद्योगों में भी रूगणता व्याप्त है।

अध्ययन का उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य देवास के वर्तमान औद्योगिक संरचना की स्थिति और विकास की सम्भावनाओं का पता लगाना, साथ ही औद्योगिक प्रादुर्भाव के कारणों की खोज करना भी हैं। औद्योगिक विकास में शासन की भूमिका तथा देवास के औद्योगिक विकास हेतु शासन द्धारा प्रदान की गई संविधाओं के आधार पर प्राप्त सफलताओं का विश्लेषण करना भी प्रमुख उद्देश्य हैं।

जिले की औद्योगिक संरचना – स्वतंत्रता के पूर्व औद्योगिक विकास को अधिक महत्व नहीं दिया जाता था और राष्ट्रीय स्तर व क्षेत्रिय स्तर पर औद्योगीकरण के लिए कोई योजना नहीं हुआ करती थी। फलस्वरूप तात्कालीन देवास औद्योगिक परिपेक्ष्य के हिसाब से अन्य नगरों की भांति पिछड़ा हुआ था और छोटे–छोटे परम्परागत कुटीर उद्योगों की विद्यमानता ही यहा का औद्योगिक परिवेश थी। 20 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में यहॉ कुछ उद्योग स्थापित हुए जिनमें एक बिस्कुट फैक्ट्री, एक तेल मिल, हाथकरघा उद्योग, चर्म उद्योग आदि प्रमुख थे किन्तु राजकीय संरक्षण के अभाव में यह उद्योग अपना अस्तित्व नहीं बचा पाये और समाप्त हो गए।

वाणिज्यिक आधार पर देवास में सर्वप्रथम आधुनिक उद्योग स्थापित करने का सारा श्रेय जूनियर महाराजा नरेश साहब के प्रयत्नों को जाता हैं। जिनके द्धारा सन् 1930 में 'महारानी बाई कॉटन मिल्स' नामक एक सूती वस्त्र उद्योग स्थापित हुआ। इसके उपरान्त एक शासकीय लेदर फैक्ट्री भी यहाँ पर स्थापित हुई और एक लोहा फैक्ट्री जसपाल भाई नामक उद्योगपति ने स्थापित की। इस प्रकार स्वंतत्रता के समय देवास नगर में गिने चुने उद्योग स्थापित हो चुके थे।

सन् 1950 के आसपास इन्दौर के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री नंदलाल भण्डारी ने देवास में 'भण्डारी क्रॉन फिल्ड कम्पनी' नामक एक वनस्पति उद्योग प्रारम्भ किया था। 18 जनवरी 1960 को 'न्यु प्रिसिशन इन्डिया लिमिटेड' नामक उद्योग की स्थापना के साथ देवास में पानी के पम्प व डीजल इन्जन उत्पादित होने लगे और देश के कई उद्योगपति देवास की ओर आकर्षित होने लगे। 6 अप्रैल 1962 को 'गजरा गियर्स प्रायवेट लिमिटेड' जोकि गियर्स का उत्पादन करती थी।, स्थापित हुआ और 19 अक्टूबर 1962 को 'किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड' उद्योग स्थापित हुआ। सन् 1970 तक देवास में स्थापित उद्योग अपनी ओर देवास की ख्याति बढ़ाते रहे तथा इस बीच गनकेस फैक्ट्री आदि लद्यु उद्योग देवास में प्रारम्भ हो चुके थे।

देवास की औद्योगिक क्रांति का श्रेय जिन बातों को जाता है वे अप्रैल 1972 में शासन द्धारा देवास जिले को औद्योगिक दृष्टि ये पिछडे हुए जिलों की 'क' सूची में स्थान देते हुए यहॉ के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देना और केन्द्र शासन द्धारा सार्वजनिक क्षेत्र में 'बैंक नोट प्रेस' कारखाने की स्थापना करना। वास्तविक रूप से देवास के औद्योगीकरण का प्रारम्भ 1974 के लगभग हुआ और इतनी द्रतगति से हुआ की आज भी देवास का

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

नाम न केवल भारत बल्कि दुनिया में प्रसिद्ध है, क्योंकि यहॉ की लगभग 15 इकाईयाँ दुनिया के विभिन्न देशों में जैसे- यू.के, जापान, अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया तथा ईरान आदि देशों में उत्पादित माल का निर्यात प्रतिवर्ष करती हैं।

औद्योगिक विकास से उत्पन्न समस्याएँ – औद्योगिक विकास के परिणामस्वरूप देवास जिले में जो समस्याएँ दृष्टिगोचर हो रही है वह निम्न हैं-

1. **जनसंख्या का बढ़ता दबाव –** देवास का औद्योगिक विकास 1960 के बाद ही प्रारम्भ हुआ और बाहर के राज्यों से लोगों ने देवास में रोजगार के लिए आना शुरू किया। वर्तमान समय में जनवृद्धि के उपरान्त देवास जिले का जनसंख्या 15,63,107 हैं। देवास में जो उद्योगों का विकास हुआ है, वह देवास नगर में ज्यादा व देवास के आस-पास के गाँवों में कम जिसके कारण देवास नगर पर जनसंख्या का दबाव बढ़ा हैं।

2. **मूल्य वृद्धि –** औद्योगिक विकास के परिणामस्वरूप लोगों की जनसंख्या बढ़ जाने से देवास में मकान की कमी हो गयी है तथा नई कालोनियाँ विकसित करने की आवश्यकता होने लगी हैं। उन कॉलोनियों के विकास के लिए भी भूमि की आवश्यकता महसूस हुई है और देवास नगर की भूमि के मूल्यों में असाधारण रूप से मूल्य वृद्धि हो गयी हैं।

3. **गम्भीर आवासीय समस्या –** देवास में औद्योगिक निर्माण, भवन निर्माण, सहकारी प्रतिष्ठानों का निर्माण वाणिज्यिक भवनों का निर्माण द्रुत गति से हो रहा हैं। इसका प्रमुख कारण औद्योगिक विकास के फलस्वरूप जनाधिक्य में वृद्धि होना तथा जिसका परिणाम मकानों की लागत में वृद्धि होना हैं।

4. **दोषपूर्ण परिवहन सेवा –** देवास में यातायात सम्बन्धी समस्याएँ विगत लगभग 10 वर्षों से उत्पन्न हुई हैं। देवास शहर में बम्बई-आगरा राजमार्ग पर जो कि नगर के मध्य से होकर गुजरता है वहॉ बहुत अधिक यातायात रहता है। इसका मुख्य कारण यह है कि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग होने से देश के उत्तरी राज्यों व दक्षिणी राज्यों के मध्य सम्पर्क बनाता है इसलिए इस पर यातायात अधिक रहता हैं।

5. **जल संकट एवं विद्युत संकट-** देवास में वर्तमान समय में जल समस्या बहुत बढ़ गई है क्योंकि औद्योगिक विकास होने से एक ओर तो जनसंख्या में वृद्धि हुई तथा दूसरा स्वयं उद्योगों को उनकी जल सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारी मात्रा में जल प्रदान करना पड़ा। जल प्रदान के वृद्धि के अनुपात से जल स्त्रोत प्राप्त नहीं हो पाये हैं। इसलिए शहर में जल समस्या बहुत गम्भीरता लिए हुए हैं। औद्योगिक विकास के परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में उद्योगों को जल उपलब्ध करना पड़ता है। जिससे देवास में जल संकट पैदा हो गया हैं।

सुझाव-

1. **स्थानीय उद्यमियों को अवसर दिए जाए-** देवास में प्राय: अधिकांश उद्योगपति बाहरी स्थानों से आये है जो यहॉ की सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। शासन ने यहॉ के स्थाई निवासियों को उद्योगों की स्थापना में प्राथमिकता देनी चाहिए तभी क्षेत्रिय विकास सार्थक होगा।

2. **ग्रामों में औद्योगिक विकास-** शासन को चाहिए कि सम्पूर्ण देवास जिले को समान रूप से उन्नत बनाते हुए ग्रामों में भी औद्योगिक विकास प्रारम्भ किया जाए। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योगों को अधिक सुविधाएँ दी जानी चाहिए।

3. **अन्य क्षेत्रों का विकास भी आवश्यक है-** केवल औद्योगिक विकाय ही पर्याप्त नहीं है बल्कि देवास में विकास सम्बधित अन्य क्षेत्र को भी विकसित करना होगा। ये क्षेत्र कृषि विकास का हो सकता है या सरकारी आंदोलन का संरचनात्मक सुविधाओं का हो सकता है या उच्च शिक्षण का।

4. **औद्योगिक रूग्णता को कम करने के प्रयास-** देवास नगर में औद्योगिक विकास के साथ-साथ औद्योगिक रूग्णता भी बढ़ी हैं। जिसे रोकने के लिए शासन द्धारा सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। किंतु शासन के अतिरिक्त उद्योगपतियों को भी रूग्णता कम करने के लिए पहल करनी चाहिए एवं नवीन योजनाएँ औद्योगिक विकास के लिए बनाई जानी चाहिए।

5. **व्यावसायिक शिक्षा एवं तकनीकी संस्थाओं में वृद्धि-** वर्तमान शिक्षा प्रणाली प्रायौगिक रूप से सफल नहीं हैं अत: व्यावसायिक शिक्षा में वृद्धि करनी होगी, जिससे आज के युवाओं में रोजगार के प्रति अभिरूचि जाग्रत हो, साथ ही नवीन तकनीकी संस्थाएँ भी खुलनी चाहिए जिससे लघु स्तरीय उद्योग लगाने में आसानी रहे तथा उत्पादन स्तर उच्चकोटि का हो।

6. **समस्याओं के निवारण हेतु उपाय-** देवास का औद्योगिक विकास जब उन्नत अवस्था को प्राप्त कर लेगा तो उस समय देवास में कई समस्याएँ बढ़ जाएगी। जब औद्योगिक विकास के लिए सुनियोजित कदम उटाये जाए तो इसके दुष्परिणामों के निवारण के लिए भी शासन एवं उद्योगपतियों को सचेत रहना चाहिए। नगर में पर्यावरण, यातायात, आवास, जलपूर्ति, शिक्षा, चिकित्सा, जनसंख्या आदि से सम्बन्धित नीतियों का निर्माण भावी दुष्परिणामों से देवास को बचाये रखने में सफल होगा। ऐसी आशा की जा सकती हैं।

7. **देवास का औद्योगिक विकास और होना चाहि**ए- देवास के उद्योगों में कार्यालयीन स्टाफ के अंतर्गत बाहरी स्थानों से आए लोग अधिक संख्या में हैं। जब शासन यहाँ के निवासियों का पिछड़ापन दूर करना चाहता है, तो उद्योगपतियों ने भी यहॉ के युवाओं तथा विद्यार्थियों को रोजगार के अधिक अवसर देने चाहिए।

निष्कर्ष-

1. **उद्योगों का विकास तीव्र गति से हुआ –** वर्तमान में देवास में 62 वृहत् एवं मध्यम स्तर के उद्योग का स्थापित होना इस बात को स्पष्टत: प्रमाणित करता है। उद्योगपतियों को अधिकाधिक उद्योग स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन एवं स्थानीय सत्ता निरंतर आकर्षक सुविधाएँ प्रदान कर रही हैं।

2. **योजनाओं का पूर्ण क्रियान्वयन नहीं हुआ है-** देवास नगर एवं उसके औद्योगिक विकास से संबंधित कई योजनाएँ मध्यप्रदेश शासन एवं यहॉ की स्थानीय सत्ता द्धारा कागजी स्वरूप में बंद हैं। जिसका उचित क्रियान्वयन अभिशेष हैं। उद्योगों की बुनियादी आवश्यकताएँ एवं वित्त से संबंधित सुविधाएँ देने की योजना भी पूर्णत: परिणित नहीं हो पायी हैं। विशेष रूप से लघु स्तरीय उद्योगों को अधिक सहयोग एवं सुविधाएँ मिलनी चाहिए जो नहीं मिल पा रही हैं।

3. **देवास नगर पूर्ण औद्योगीकरण के लिए प्रयत्नशील-** राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देंवास के उद्योगों ने उत्पादन वृद्धि, पूंजी विनियोग में वृद्धि, रोजगार में वृद्धि तथा निर्यात में वृद्धि करते हुए अपनी उपस्थिति का पूरा-पूरा मूल्य चुकाया हैं। इसी प्रकार यहाँ की वाणिज्यिक सुविधाओं में वृद्धि का श्रेय भी देवास के औद्योगिक विकास को ही जाता हैं। वैसे भी औद्योगिक विकास एक लम्बी प्रक्रिया है, जिसे पूर्ण होने में समय लगता हैं, तभी देवास विगत दशक में औद्योगिक विकास में असाधारण उन्नति के उपरांत भी पूर्ण विकसित नहीं हो पाया हैं तथा विकास प्रक्रिया अभी जारी हैं।

4. औद्योगिक विकास के साथ औद्योगिक रुग्णता– देवास के औद्योगिक विकास से न केवल रोजगार प्राप्ति के अवसरों की दृष्टि से अपितु नये उद्यमियों को अपने उद्योग स्थापित करने तथा व्यवसाय प्रारम्भ करने के अवसरों व सुविधाओं में वृद्धि हुई हैं। देवास के औद्योगिक विकास ने यहाँ पर जनसंख्या को बढ़ाते हुए इस नगर का महत्व बढ़ा दिया हैं। जिसके परिणामस्वरूप शासन को देवास में नगर निगम की स्थापना, देवास विकास प्राधिकरण की स्थापना आदि का निर्णय लेना पड़ा। इसी के साथ नित्य कई वाणिज्यिक संस्थाएँ, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा सेवा सम्बन्धी इकाईयाँ यहाँ स्थापित हो रही हैं। किंतु इसके साथ–साथ औद्योगिक रूग्णता में भी वृद्धि हो रही हैं। औद्योगिक विकास के फलस्वरूप यहाँ एक साथ कई औद्योगिक इकाईयाँ स्थापित हो गयी। अत: इन इकाईयों को जितनी सुविधाएँ मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिली साथ ही लघु स्तरीय उद्योगों में आपसी प्रतिस्पर्धा एक ही प्रकार के उत्पाद निर्मित करने के कारण बढ़ बई। कमजोर स्थिति वाले उद्योगों को अपनी इकाईयाँ बन्द करनी पड़ी। अत: हम कह सकते है कि औद्योगिक रूग्णता में विशेष रूप से लघु स्तरीय उद्योगों में वृद्धि हुई हैं।

5. विविध प्रकार के व्यवस्थित दस्तावेज एवं सूचकांक का अभाव– औद्योगिक विकास एवं रूग्णता का अध्ययन करने के पश्चात् यह निष्कर्ष निकला है, कि देवास में कई महत्वपूर्ण समंकों का संकलन नहीं किया जा सकता है, जैसे– म.प्र. वित्त में रूग्ण हुए उद्योग के बारे में पूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान में देवास उभरता हुआ नगर हैं तथा इस समय यहाँ पर तेजी से हो रहे आर्थिक व सामान्य परिवर्तन का पूरा–पूरा रिकार्ड रखना अति आवश्यक है, ताकि भविष्य में तुलनात्मक अध्ययन की सुविधा रहे। साथ ही जिला उद्योग केन्द्र में पूर्णत: अव्यवस्था व्याप्त हैं। वार्षिक प्रतिवेदन भी प्रतिवर्ष नियमानुसार प्रकाशित नहीं किया जा सकता हैं। जिला सांख्यिकी कार्यालय में भी इसी तरह व्यवस्थित समंकों का अभाव हैं। देवास षहर में एसोशिएशन ऑफ इण्डस्ट्रीज कार्यालय है परन्तु उनके पास भी देवास के उद्योगों के सम्बन्ध में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध नहीं हैं तथा जिला रोजगार कार्यालय एवं श्रम न्यायालय में भी व्यवस्थित समंकों का अभाव हैं।

6. औद्योगिक विकास में बाधाएँ– प्रस्तुत अध्ययन में एक उल्लेखित बात यह हैं कि देवास में औद्योगिक विकास की कुछ बाधाएँ है जिनके परिणाम स्वरूप देवास का औद्योगिक विकास अपना पर्याप्त प्रभाव नहीं छोड़ पा रहा हैं। देवास में उद्योगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। विद्युत प्रदाय संबंधी अनियमितताओं के कारण उत्पादन में कई बार व्यवधान उत्पन्न होते हैं तथा श्रमिकों को स–वेतन अवकाश लेना पड़ता हैं। इसी प्रकार देवास जिले के अन्य नगरों व ग्रामों में उद्योगपति अपना उपक्रम स्थापित करने में रूचि नहीं रखते है, जिसके परिणामस्वरूप असंतुलित विकास की समस्या उत्पन्न हुई हैं।

7. सरकारी नीतियाँ दोषपूर्ण– वर्तमान में औद्योगिक रूग्णता का एक प्रमुख कारण सरकार की दोषपूर्ण नीतियाँ भी हैं। आज सरकार ने अधिकतर नीतियाँ कृषि प्रधान तथा श्रमिकों के लाभ के लिए बनाई है जिससे लघु स्तरीय एवं मध्यम स्तरीय उद्योगों पर अधिक दबाव पड़ता हैं। शासन जहाँ बिजली की कटौती करके कृषकों को रियायती दर पर बिजली दे रहा है वही उद्योगों को सिर्फ 20 प्रतिशत बिजली देकर उनसे 80 प्रतिशत बिजली खर्च ले रही हैं।

8 असामाजिक तत्वों एवं अपराधिक गतिविधियों में वृद्धि– उद्योगों के अचानक बन्द हो जाने से कई लोग बेरोजगार हो गये है उन्हें अपनी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है या फिर अपनी योग्यता का दमन करके कम वेतन पर कार्य करना पड़ रहा है जिससे उनमें कुंठा एवं हीन भावना प्रबल होती है। लिन लोगों को रोजगार नहीं मिला व अपना एवं अपने परिवार के जीवन यापन के लिए असामाजिक कार्यो में लिप्त हो गए या बड़े उद्योगपतियों या राजनितिज्ञों के शोषण का शिकार हुए। इसी कारण पिछले कुछ वर्षो से देवास में हिंसात्मक वारदातों में वृद्धि हुई हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ वी. के. जोशी, मैनेजमेन्ट ऑफ इण्डस्ट्रीज सिकनेस।
2. प्रो. उमा कपीला, इण्डियन इकोनामिक्स मिक्स सिन्स इनडिपेन्डेंस।
3. जिला सांख्यिकी पुस्तिका।
4. जिला उद्योग क्रेन्द्र देवास के वार्षिक प्रतिवेदन।
5. एसोसिएशन ऑफ इण्डस्ट्रीज कार्यालय– देवास।

****

अर्थव्यवस्था में कोयला खान विधेयक – 2015 का उपयोग

दीपिका यादव * डॉ. धीरज शर्मा **

प्रस्तावना – भारत में उपलब्ध शक्ति के साधनों में कोयला उद्योग का स्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भारतीय कोयला उद्योग एक आधारभूत उद्योग है जिस पर अन्य उद्योगों का विकास निर्भर करता है। हमारे देश में कोयले का अंश 67 प्रतिशत है। देश के कोयला उद्योग में लगभग 800 करोड. रूपए कि पूँजी विनियोजित है तथा 7 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। अर्थव्यवस्था में कोयले की मांग बढ़ने के साथ-साथ कई घोटालों का नाम भी जुड़ता रहा है, भारतीय अर्थव्यवस्था के ऐतिहासिक घोटालों के क्रम में कोलगेट घोटाला अब तक के सबसे बड़े घोटाले के रूप में सामने आया। कैग सीएजी द्वारा मार्च 2012 में संसद को सौपे गए प्रतिवेदन में निजी कंपनियों को स्वंय के उपयोग हेतु कोयला ब्लॉक आवंटन अदक्षतापूर्वक तथा मनमाने ढंग़ से किए जाने से राजकोष को कुल 1,85,559 करोड़ रूपये की क्षति पहुंचने का आंकलन लगाया था।

अत: सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1993 से 2011 तक आबंटित 204 कोयला खदानों के पट्टों को निरस्त कर दिए जाने कि परिस्थितियों के बीच भारत सरकार ने कोयला ब्लॉकों का आबंटन पूर्ण पारदर्शी तरीके से करने की नियत से कोयला खान अध्यादेश 2014, 21 एवं 26 अक्टूबर 2014 जारी किया था। इसके स्थान पर सरकार ने कोयला खान विधेयक संसद में पेश किया। इस विधेयक को लोकसभा ने 4 मार्च 2015 को तथा राज्य सभा में 20 मार्च 2015 को पारित कर दिया गया।

कोयला खान विधेयक के प्रमुख बिंदु– इस विधेयक के प्रमुख बिंदु निम्न प्रकार है–

1. कोयला खदानों को तीन अनुसूचियों में वर्गीकृत किया है– 1. अनुसूची प्रथम : सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रद्द किए गए सभी 204 कोयला ब्लॉक। 2. अनुसूची द्वितीय : प्रथम अनुसूची की उपसूची में ऐसी कोयला खदानें हैं, जिनमें उत्पादन प्रारम्भ हो चुका है 42 कोयला ब्लॉक। 3. अनुसूची तृतीय : प्रथम अनुसूची की उप सूची में ऐसी कोयला खदानें हैं, जिनमें सरकार ने विशिष्ट उद्देश्य से अंतिम उपयोग के रूप में चिन्हिंत किया है 32 कोयला ब्लॉक।
2. आंवटन किसी एक कम्पनी या संयुक्त उपक्रम के नाम किया जाएगा।
3. सरकारी कम्पनी या उसके किसी संयुक्त उपक्रम को बिना नीलामी के भी कोयला ब्लॉक आवंटित किया जा सकता है।
4. आबंटन हेतु किसी अधिकारी को सरकार द्वारा नामित किया जाएगा।
5. आबंटन से प्राप्त समस्त धन राशि सरकार द्वारा नामित अधिकरण द्वारा प्राप्त किए जाएगें तथा संबंधित राज्य सरकारों में वितरित किए जाएगें।
6. कोयला ब्लॉक के पूर्व आवंटी को क्षतिपूरक भुगतान उसके ऊपर बकाया समस्त ऋणों को चुका कर किया जाएगा, इसके लिए **'क्षतिपूर्वक आयुक्त'** की नियुक्ति की जाएगी।
7. विवादों का निपटारा कोयला सघन क्षेत्रों में अधिग्रहण एवं विकास अधिनियम 1957 के अधीन गठित न्यायाधिकरण द्वारा किया जाएगा।

कोयला खान विधेयक 2015 से सरकार को संभावित लाभ– सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1993 से 2011 के बीच मनमाने तरीके से आबंटित 218 कोयला ब्लॉकों में से 214 कोयला ब्लॉकों का आबंटन रद्द कर दिए जाने से उत्पन्न परिस्थितियों के बीच 2015 में इन्हीं का आवंटन पूर्णतया पारदर्शी एवं निष्पक्ष नीलामी प्रक्रिया द्वारा किए जाने से मात्र 29 ब्लॉकों की नीलामी से सरकार को रूपए 1.93 करोड़ का राजस्व अगले तीस वर्षो के दौरान प्राप्त होगा। यह धनराशि भारत के महालेखा नियंत्रक द्वारा नीलामी के बिना 206 कोयला ब्लॉकों के आबंटन से राजकोष को हुई 1.86 करोड़ की हानि से भी अधिक है। यह भी आंकलन है कि कोयला ब्लॉकों के रिवर्स आवंटन के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से रू. 69300 करोड़ की अतिरिक्त प्राप्ति और होगी।

विशेषज्ञों का आकलन है कि रद्द किए गए सभी ब्लॉकों के आवंटन से कुल रू. 3.35 करोड़ का राजस्व राज्यों को प्राप्त होगा। झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़ राज्यों को अगले तीस वर्षो तक मिलने वाली रॉयल्टी से रू. 1.10 – 1.10 लाख करोड़ की प्राप्ति होगी।

नीलाम किए गए ब्लॉक दो प्रकार के हैं प्रथम 19 ब्लॉक वे है, जिनमें से कोयला निकाला जा रहा है, द्वितीय 14 ब्लॉक वे है, जिनमें से कोयला तत्काल निकाला जा सकता हैं। हाल की नीलामी से बिजली उत्पादित करने वाली कम्पनियां नीची दर पर बिजली बेचेगी। जिससे कोयला उत्पादक राज्यों ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र को अनुमानित रूपए 69300 करोड़ की बचत होगी।

कोयला खान विधेयक 2015 के पश्चात् देश में कोयला उत्पादन की स्थिति – इस विधेयक के पारित होने के पश्चात् देश में कोयला उत्पादन संतोषजनक रहा है। वर्ष 2015-16 के दौरान कच्चे कोयले का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि के 609.18 मिलियन टन की तुलना में 638.18 मिलियन टन आंका गया था। वर्ष 2015-16 के दौरान कोयला उत्पाद में कुल वृद्धि 4.8 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इसके परिणाम स्वरूप 2014-15 के दौरान कोल इण्डिया ने दो साल की अवधि के मुकाबले कोयला उत्पादन में 7.4 करोड़ टन की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार कीमतों को कम करने और कोयला माफिया का मुकाबला करने के लिए घरेलू कोयले की आपूर्ति बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है।

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

कोयला उत्पादन में वृद्धि होने से कोयला आयात में कमी हुई है। कोयला आयात में 3.4 टन की कमी आई है। जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान विदेशी मुद्रा में 24000 करोड़ रूपए की बचत हुई है। मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा में 40,000 करोड़ रूपए की बचत करने का लक्ष्य रखा है।

देश में कोयला उत्पादन के स्तर में वृद्धि होने से कोयला आधारित विद्युत केंद्रो पर कोयला स्टॉक भी संतोषजनक स्तर पर है। 31 मार्च 2016 को देश में किसी भी विद्युत केंद्र पर कोयले का स्टॉक संकटमय अथवा बेहद संकटमय नहीं है और ताप विद्युत केंद्रो पर कुल कोयला स्टॉक लगभग 39 मिलियन टन के संतोषजनक स्तर पर हैं जो 28 दिनों तक कोयले की जरूरत को पूरा करने में समर्थ है।

निष्कर्ष – इस प्रकार निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि पिछले वर्षो में कोयला क्षेत्र में अनेक घोटाले सामने आए है, जिनसे कोलगेट घोटाला सर्वाधिक भयावह रहा है। इस घोटाले से भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ी मात्रा में क्षति का सामना करना पड़ा हैं। जिसकी भरपाई हेतु संसद में एक नया विधेयक कोयला खान विधेयक 2015 पारित किया गया। इस विधेयक द्वारा कोयला क्षेत्र में तीन अनुसूचियों में विभाजित करके उनके आवंटन को पूर्ण पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है।

इस विधेयक में सरकार को भविष्य में भारी मात्रा में राजस्व प्राप्ति की आशा है। जो ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे कोयला उत्पादक क्षेत्रों में ही 69300 करोड़ अनुमानित है। अत: कहा जा सकता है कि कोयला क्षेत्र में कोयला खान विधेयक 2015 मील का पत्थर साबित हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समाचार पत्र- नई दुनिया, दैनिक भास्कर।
2. प्रतियोगिता दर्पण अर्थव्यवस्था।
3. इंटरनेट से प्राप्त जानकारी।

देश में कोयला उत्पादन में वृद्धि को निम्न तालिका से स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है।

अवधि-साल	कोयला उत्पादन (मिलियन टन में)	समग्र रूप से वृद्धि (मिलियन टन में)	वृद्धि (प्रतिशत में)
2010-11	481.32	0.06	0.01 प्रतिशत
2011-12	435.84	4.52	1.04 प्रतिशत
2012-13	452.21	16.37	3.75 प्रतिशत
2013-14	462.42	10.21	2.25 प्रतिशत
2014-15	494.23	31.82	6.88 प्रतिशत
2015-16	536.51	42.28	8.6 प्रतिशत

****

इन्दिरा आवास योजना के क्रियान्वयन में जिला पंचायतों की भूमिका का विश्लेषण – खरगोन जिले के विशेष संदर्भ में

डॉ. पुष्पेन्द्र चौरे *

प्रस्तावना – रोटी एवं कपड़े के बाद मनुष्य की महती आवश्यकता है आवास। जनगणना 2011, के अनुसार हमारे देश की लगभग 1.9 मिलियन जनसंख्या आवासहीन है। केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा इस समस्या के निराकरण के लिए समय-समय पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनेक सार्थक प्रयास किए हैं, जिन्हें विभिन्न स्तरों पर क्रियान्वित करने हेतु निर्देश भी प्रदान किए हैं। इनमें ग्रामीण आवास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायतों को मुख्य एजेंसी का दर्जा देते हुए इन योजनाओं की सफलता का कार्यभार सौंपा है। इन ग्रामीण आवास योजनाओं में इन्दिरा आवास योजना एक प्रमुख योजना है, जिसका अध्ययन प्रस्तुत शोधपत्र में किया गया है तथा इस योजना के क्रियान्वयन में खरगोन जिला पंचायत की भूमिका का विश्लेषण किया गया है।

शोध का उद्देश्य – इस शोध-पत्र के द्वारा यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि विभिन्न ग्रामीण योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जिला पंचायतों की क्या भूमिका होती है तथा यह पंचायतें इन योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु किस प्रकार प्रयास करती है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध-पत्र के लिए खरगोन जिले में वित्तीय वर्ष 2015-16 में इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत आवासों के लक्ष्य निर्धारण, आवंटन, वर्गवार आवंटन आदि से संबंधित द्वितीयक समंकों का एकत्रीकरण कर पंचायतों की भूमिका का अध्ययन किया जाएगा।

परिचय – इन्दिरा आवास योजना भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक प्रमुख योजना है, इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को आवास मुहैया कराए जाते हैं। इन्दिरा आवास योजना की उत्पत्ति ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों से हुई है, जो वर्ष 1980 के शुरू में प्रारम्भ हुई। इन्दिरा आवास योजना को जवाहर रोजगार से अलग कर 1 जनवरी, 1996 से एक स्वतंत्र योजना बना दी गई है।

उद्देश्य – इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति, मुक्त बन्धुआ मजदूरों के सदस्य तथा गैर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के गरीबी रेखा से नीचे के ग्रामीणों को एक मुष्त वित्तीय सहायता देकर आवासहीन इकाईयों के निर्माण/उन्नयन में मदद करना है। इन्दिरा आवास योजनान्तर्गत प्रत्येक जिलें में बीपीएल सेन्सस 2002 के आधार पर आवासहीन चयनित बीपीएल परिवारों की स्थाई प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है। जिसमें प्राप्तांकों के आधार पर सबसे गरीब परिवार को सबसे उपर रखा गया है। मकान का निर्माण लाभार्थियों द्वारा स्वयं ही किया जाता है, उचित निर्माण का उत्तरदायित्व स्वयं लाभार्थी का होगा। नियमानुसार मकान का आवंटन लाभार्थी परिवार की महिला सदस्य के नाम होगा। विकल्पत: इसे पत्नी के संयुक्त नाम से आवंटित किया जा सकता है। विशेष परिस्थितियों में जबकि उस परिवार में कोई महिला सदस्य नहीं हो, तो पुरूष के नाम आवास स्वीकृत किया जा सकता है। आवासीय ईकाईयां सामान्यत: गॉव की मुख्य बसावट में निजी प्लाटों पर बनाई जाती है।

वित्त पोषण प्रणाली – इन्दिरा आवास योजना केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना है, जिसे भारत सरकार तथा राज्य सरकार के बीच क्रमश: 75:25 के अनुपात में अनुदान सहायता राशि को वहन करके वित्त पोषित किया जाता है। पहाड़ी क्षेत्रों के लिए यह अनुपात 90:10 है। आवासों के निर्माण तथा सुधार के लिए निर्धारित अनुदान सहायता राशि के अन्तर्गत मैदानी क्षेत्रों में नये आवास निर्माण हेतु रू. 70000/- जबकि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए रू. 75000/- तथा बेकार/कच्चे आवासों का सुधार (क्रमोन्नत) के लिए रू. 15000/-स्वीकृत किए जाते हैं। जिनका भुगतान लाभार्थी को नियमानुसार तीन किश्तों में किया जाता है।

खरगोन जिले में योजना का क्रियान्वयन – इन्दिरा आवास योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रत्येक जिले को इस योजना के अन्तर्गत एक निर्धारित लक्ष्य प्रदान किया जाता है जिसे संबंधित वित्तीय वर्ष में पूर्ण करना जिला पंचायतों के लिए आवश्यक है। वर्ष 2015-16 में खरगोन जिले को प्राप्त लक्ष्य एवं उसके आवंटन का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है-

विवरण	संख्या	प्रतिशत
विकासखण्डों की संख्या	09	
निर्धारित आवास लक्ष्य	4250	
आवंटन	3996	
वर्गवार आवंटन		
अनुसूचित जनजाति वर्ग	3071	76.85
अनुसूचित जाति वर्ग	380	9.51
अल्पसंख्यक वर्ग	81	2.03
अन्य वर्ग	545	13.64
निर्मित आवास	1349	33.76
वर्गवार निर्मित आवास		
अनुसूचित जनजाति वर्ग	884	65.53
अनुसूचित जाति वर्ग	194	14.38
अल्पसंख्यक वर्ग	47	3.48
अन्य वर्ग	271	20.09

Source - http://awaassoft.nic.in/netiay/Reports

इस प्रकार उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि खरगोन जिला पंचायत द्वारा अपने अधीन 9 विकासखण्डों के लिए 4250 इन्दिरा आवासों के निर्माण का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें से जिला पंचायत द्वारा कुल 3996 हितग्राहियों को आवासों का आवंटन किया गया। आवंटन के समय जिला

* सहायक प्राध्यापक, प. म. ब. गुजराती वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

पंचायत द्वारा योजना के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए वर्गवार आवंटन किया गया। तालिका अनुसार कुल आवंटित आवासों में से 76.85 प्रतिशत आवास अनुसूचित जनजाति वर्ग को, 9.51 प्रतिशत अनुसूचित जाति वर्ग को, अल्पसंख्यक वर्ग को 2.03 प्रतिशत तथा अन्य वर्गों को 13.64 प्रतिशत आवास आवंटित किए गए। तालिकानुसार वित्तीय वर्ष 2015-16 में निर्मित आवासों की संख्या 1349 थी, जिनमें से कुछ आवास गत वर्ष के निर्माणाधीन थे। निर्मित आवासों में से अजजा वर्ग के 65.53 प्रतिशत, अजा वर्ग के 14.38 प्रतिशत, अल्पसंख्यक वर्ग के 3.48 तथा शेष 20.09 प्रतिशत आवास अन्य वर्गों के निर्मित हुए।

योजना के क्रियान्वयन में जिला पंचायत, खरगोन की भूमिका –उक्त विवरण से स्पष्ट है कि खरगोन जिला पंचायत द्वारा अपने अधीन विकासखण्डों में इन्दिरा आवास योजना के माध्यम से आवास समस्या के निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सफल क्रियान्वयन के प्रयास किए हैं। जिले को प्राप्त निर्धारित लक्ष्य में से 94.02 प्रतिशत का आवंटन कर इस योजना का सफलता की दिशा में विशेष कदम उठाए हैं। इसी प्रकार इस वित्तीय वर्ष में जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध राशि में से राशि रू. 2469.96 लाख का उपयोग किया गया। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में 33.76 प्रतिशत आवासों के निर्माण पूर्ण करवाने में भी हितग्राहियों को सहायता देकर इस योजना के क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का प्रयास किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. www.iay.nic.in
2. www.khargone.nic.in
3. इंदिरा आवास योजना के दिशानिर्देश।

****

भारत में विकास एवं रोजगार

डॉ. धीरज शर्मा *

प्रस्तावना – संविधान लागू होने के बाद से ही देशभर में विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों व नगरीय मलिन बस्तियों में बसने वाले वंचितों, गरीबों, विकलांगों, महिलाओं, बच्चों और वृद्धों जैसे कमजोर तबको के लिए नई–नई कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को संचालित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल किए जाने हेतु विभिन्न प्रयास किए जाते रहे हैं। देशवासियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से सरकार द्धारा चलाई गई विभिन्न रोजगारपरक, कल्याणकारी एवं मूलभूत सुविधाओं के जुटाने वाली योजनाओं पर यदि नजर डाले तो पता चलता है कि शुरूआती तौर पर वर्ष 1952–53 में सामुदायिक विकास योजना, वर्ष 1953–54 से राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम, वर्ष 1957–58 से ग्रामीण आवासीय योजना, खादी ग्रामोद्योग कार्यक्रम आदि को संचालित कर ग्रामीण विकास पर ध्यान केन्द्रित करने की कोशिशे की गई।

11 वीं पंचवर्षीय योजना (2007–2012) के लिए ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिए अधिक–से–अधिक धन के आवंटन हेतु प्रतिस्पर्धा प्रदर्शित की गई थी। लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का लक्ष्य हासिल करने के लिए स्वयं सहायता समूहों और पंचायतीराज संस्थाओं के जरिए विकास प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी पर बल दिया था। प्रमुख विकास कार्यक्रम इस प्रकार है –



ग्रामीण क्षेत्रों और निर्बल वर्गों का समुचित और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने हेतु पूँजी प्रधान उत्पादन प्रक्रिया को प्रधानता देने के स्थान पर श्रम प्रधान उत्पादन प्रक्रिया को बढ़ावा देना अपरिहार्य है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों और ऋण प्रदान करने वाली विदेशी संस्थाओं के प्रलोभन तथा दबाव में आकर आदि पश्चिमी माडल का अनुकरण करना हमारी विवशता हुई, तो इसके परिणाम ग्रामीण विकास के लिए विशेष रूप से नकारात्मक ही होंगे, ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम प्रधान लघु तथा कुटीर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देकर वहां के मूल उत्पादों में मूल्य अभिवृद्धि करना। तभी संभव हो पाएगा और इससे वहां आर्थिक विकास की प्रक्रिया भी तेज हो सकेगी।

विभिन्न कल्याणकारी और विकास योजनाओं के संचालन से संबंधित सरकारी ढांचे में बदली हुई,सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक परिस्थितियों के मद्दे नजर आमूल–चूल परिवर्तन करना भी आज समय की जरूरत है। चूंकि ये सभी कार्यक्रम त्रिस्तरीय पंचायतों के माध्यम से चलाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। अत: इनसे जुडे हुए सरकारी खर्चों में कटौती करनी होगी और इस प्रकार बचे हुए संसाधनों को अविकसित क्षेत्रों के लिए सभी आवश्यक जन सुविधाओं से आच्छादित करने हेतु प्रयोग में लाना होगा, इसके अतिरिक्त जिन सरकारी कर्मियों को इन योजनओं से सम्बद्ध किया जाए। वे संबंधित वातावरण एवं समस्याओं से पूर्णतया परिचित तथा विकास को समर्पित होने चाहिए। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी। देश में वर्तमान में चलाए जा रहे विभिन्न रोजगार और विकास कार्यक्रमों का विवरण अग्रवत प्रकार से बताया जा सकता है –

विविध कार्यक्रम व योजनाएँ

A. गरीबी उन्मूलन एवं रोजगार सृजन कार्यक्रम –

1. मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम)
2. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
3. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना अथवा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

B. समाजिक संरक्षण कार्यक्रम –

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम
2. अटल पेंशन योजना
3. प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना
4. प्रधानमंत्री जन धन योजना
5. आम आदमी बीमा योजना
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना
7. असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 एवं राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा निधि
8. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

C. शहरी अवसंरचना कार्यक्रम –

1. जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण
2. राजीव आवास योजना

D शिक्षा और कौशल –

1. सर्व शिक्षा और अभियान
2. मध्यान्ह भोजन योजना
3. माडल स्कूल योजना
4. दीनदयाल ग्रामीण कौशल योजना

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

5. राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
6. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

E. ग्रामीण अवसंरचना एवं विकास कार्यक्रम –

1. निर्मल भारत अभियान
2. राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम
3. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
4. इंदिरा आवास योजना

योजनाओं के लाभ –

1. गरीबी उन्मूलन और रोजगार वृद्धि में सहायक
2. स्वास्थ्य और सामाजिक बीमा द्वारा आर्थिक लाभ
3. ग्रामीण सड़कों और पेयजल हेतु कार्यक्रमों से ग्रामीण विकास में वृद्धि
4. शहरों में परिवहन, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास
5. ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का विस्तार

निष्कर्ष – उपरोक्त से स्पष्ट है कि विविध शासकीय योजनाओं के माध्यम से सरकार भारत में विकास की गति तेज करना चाहती है। विविध रोजगार कार्यक्रमों के माध्यमों से सरकार रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने जा रहे हैं। आवश्यकता इस संबंध में उपर्युक्त योजनाओं को ईमानदारी और कठोरता से लागू करना है। अत: योजनाओं का सही क्रियांवयन किया जाना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत सरकार का नवीनतम बजट।
2. प्रतियोगिता दर्पण भारतीय अर्थव्यवस्था।
3. दैनिक भास्कर (समाचार पत्र)।
4. Wikipedia – Economic Development in India
5. www.tradingeconomics. com

****

जी.एस.टी- कर एक फायदे अनेक

डॉ. अनिल तौहेल *

प्रस्तावना – कराधान का मुख्य उद्देश्य सरकारी व्ययों की पूर्ति करना होता है। कर वह शुल्क की दर है, जो सरकार द्वारा व्यक्तियों, उत्पादों और सेवाओं पर लगाया जाता है। कर सरकार द्वारा सार्वजनिक हितो के लिए अनिवार्यत: खर्च किया जाने वाला कोश है, तथा यह सेवाओं के बदले किया जाने वाला भुगतान नहीं है। कर वह अनिवार्य शुल्क है, जो सरकार द्वारा अपने सामान्य व्ययो की पूर्ति के लिए नागरिकों पर लगाया जाता है, करदाता अपने द्वारा भुगतान किए गए करों के बदले में समान लाभों का दावा नहीं कर सकता। कर दो प्रकार के होते हैं–

1. प्रत्यक्ष कर
2. अप्रत्यक्ष कर

1. प्रत्यक्ष कर – प्रत्यक्ष वे कर होते है, जो जिस व्यक्ति की आय तथा संपत्ति पर लगाए जाते है, उसका व्ययभार उसे ही वहन करना पडता है इसके उदाहरण है– आयकर, धनकर आदि।

2. अप्रत्यक्ष कर – ये कर जिन व्यक्यिों पर लगाए जाते है, उन पर इसका भार नहीं पड़ता क्योंकि वे इसका व्यय भार दूसरे व्यक्यिों पर ढकेल देते है इसके उदाहरण है –

उत्पादन कर, बिक्री कर, सेवाकर , म.प्र. वेट, आयात निर्यात शुल्क आदि। मंहगाई को नियंत्रित करने और सम्पूर्ण देश में मूल्य में एकरुपता लाने के उद्देश्य से एक एसी कर कर प्रणाली की आवश्यकता कई वर्षो से थी। जो वस्तुओं के मूल्य को नियंत्रित करे और प्रत्येक राज्य में एक ही वस्तु के उपभोग पर अलग–अलग मूल्य का भुगतान न करके समान मूल्य देना पड़े। इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु जी0एस0टी0 अर्थात् गुड्स एण्ड सर्विसेस टेक्स जिसे वस्तु एंव सेवा कर भी कहते है, लागू किया गया।

आज देश में अनेक करो के कारण अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं की लागत पर प्रभाव पड़ता है, जी.एस.टी. के अधीन निर्यात् से लेकर उपभोक्ता तक केवल एक ही कर लगेगा जिससे अंतिम उपभोक्ता पर लगने वाले करो में पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्र और राज्य स्तर पर जी.एस.टी. के अंर्तगत् निम्न करों को सम्मिलित किया जाएगा।

केंद्र स्तर पर –

A. केंद्रीय उत्पाद शुल्क
B. अतिरिक्त उत्पाद शुल्क
C. सेवा कर
D. अतिरिक्त सीमा शुल्क (काउंटर वेलिंग डयूटी)
E. सीमा शुल्क

राज्य स्तर पर–

A. राज्य मूल्य संवर्धन कर/बिक्री कर।
B. मनोरंजन कर।
C. चुंगी और प्रवेश कर।
D. खरीद कर।
E. विलासिता कर।
F. लॉटरी, सट्टा और जुआ पर कर।

भारत के संघीय ढांचे को ध्यान रखते हुये जी.एस.टी. के दो घटक होंगे।

1. केंद्रीय जी.एस.टी. (CGST)
2. राज्य जी.एस.टी. (SGST)

केंद्र और राज्य दोनों एक साथ मूल्य श्रृंखला पर वस्तु और सेवा कर (जी.एस.टी.) लगाएंगे। केंद्र अपना केंद्रीय वस्तु और सेवा कर लगाएगा और कर संग्रह करेगा और राज्य अपने राज्य के अंदर सभी सभी कारोबार पर राज्य वस्तु और सेवा कर लगाएगें। इस हेतु केन्द्र वा राज्य सरकारो ने मिलकर वस्तु और सेवा कर नेटवर्क (जी.एस.टी.एन.) बनाया है। यह लाभ रहित गैर सरकारी कम्पनी के रुप में पंजीकृत है। ताकि केन्द्र और राज्य सरकारों को टेक्स देने वालो के लिए साझा सूचना प्रौधोयोगिकी (आई टी) अवसंरचना उपलब्ध कराई जा सके।

जी एस टी एन साझा जी एस टी पोर्टल सहित अत्याधुनिक आई टी अवसंरचना के विकास का कार्य कर रही है। इससे पंजीकरण, रिटर्न तथा सभी करदाताओ का भुगतान और राज्यों के लिये बैंक एवं आई टी मौडयूल प्रदान करना है। इसमें रिटर्न प्रोसेसिंग पंजीकरण और आर्डर एसेसमेंण्ट अपील शामिल है।

जीएसटी के लाभ–

1. जीएसटी के अंर्तगत् पंजीकरण, रिटर्न, भुगतान, आदि जैसी सभी कर भुगतान सेवाएं करदाताओं को आनलाईन उपलब्ध होंगी। जिससे इसका अनुपालन बहुत सरल और पारदर्शी हो जायेगा।
2. कर की दरों और संरचनाओं में एकरुपता होगी।
3. टैक्स क्रेडिट की प्रणाली से यह सुनिश्चित होगा कि करो पर कम से कम कराधान (कैसकेडिग) हो। इससे वस्तुओ की लागत कम होगी।
4. लेनदेन लागत घटने से व्यापार और उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा।
5. वस्तुओं और सेवाओं की लागत में कमी के कारण भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की अंर्तर्राष्ट्रीय बाजार में होने वाली प्रतिस्पर्धा में बढोत्तरी

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय तिलक महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.) भारत

होगी और भारतीय और भरतीय निर्यात को बढावा मिलेगा।

6. केंद्र और राज्य स्तर पर बहुआयामी अप्रत्यक्ष करों को जी0एस0टी0 लागू करके हटाया जाएगा। जिससे प्रशासन
7. मजबूत सूचना प्रोद्यौगिकी बुनियादी ढाचे के कारण जी. एस. टी. से बेहतर अनुपालन परिणाम प्राप्त होंगे।
8. जी.एस.टी. से सरकार के कर राजस्व की वसूली की लागत में कमी आएगी।
9. निपुणता बढ़ने और कदाचार पर रोप के कारण अधिकांश उपभोक्ता वस्तुओं पर समग्र कर भार कम होगा।
10. सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होगी।
11. रोजगार का सृजन होगा।
12. निवेश में बढोत्तरी होगी।

जी.एस.टी. 01 अप्रेल 2017 से सितम्बर 2017 के मध्य लागू होने की संभावना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दैनिक भास्कर, दिनांक 21.10.2016
2. दैनिक भास्कर, दिनांक 18.12.2016
3. www.amarujala.com
4. hindi.bankersadda.com
5. aajtak.intoday.in

****

Role Of Media In Development Of Rural Society

Dr. Rashmi Gupta *

Introduction - Mass communication is "the process by which a person, group of person, or large organization creates a message and transmits it through some type of medium to a large, anonymous, heterogeneous audience. This implies that the audience of mass communication are mostly made up of different cultures, behavior and belief systems. Mass communication is regularly associated with media influence or media effects, and media studies.

The history of communication stretches from prehistoric forms of art and writing through modern communication methods such as the Internet. Mass communication began when humans could transmit messages from a single source to multiple receivers. Mass communication has moved from theories such as the hypodermic needle model (or magic bullet theory) through more modern theories such as computer-mediated communication.

Functions of Media in Rural development - Media can perform various functions in promoting consciousness for development of rural areas. Broadly, Media helps contribute in three spheres which will in turn makes our society cohesive and better organized.

The three areas are **(a) Economic (b) Social (c) Political -** We are one of the few countries in the developing world where right to information has been granted to people. Media has been in the forefront of the campaign for the right to information. The right to information gives a real teeth to democracy which will provide a sense of security and power to the beleaguered of society and give them confidence in system.This confidence is essential for national reconstruction. The media has a symbiotic relationship with democracy, which in rural terms means empowering the weak. The two cannot exist without each other. The essentials of democracy are well informed citizenry, an equal and effective right to every member of society to participate in the affairs of the state and accountability of all those who are exercising public power and utilizing public resources. Media is the fourth estate of a democratic polity and scrutiny of public affairs and ascertaining accountability of those who are in the power is its job. Besides, the media also provides intelligence it puts by initiating public debates and this improves the quality of governmental decisions. A real and participatory democracy in which decision -making is done in full public view is the best guarantee of achieving all round development.

(a) Economical - In the sphere of economic inputs media can help a person find alternative ways of making a living, which would reduce the pressure on land and raise a family's economic status. Media can help create demand for goods and motivate local initiatives to meet rising demands. It can also help sensitize people to broaden the entrepreneurial base, media's contribution to overall economic development has been fully realized and it has become a self- perpetuating process.

(b) Sociological - In the sociological sphere of activity media aids in the process of status change form heredity to achievement. In our feudal society with its sharp caste and class differences media can help shift influence from age and traditional status to knowledge and ability.To the traditional leaders to compete for status retention media motivates to acquire knowledge and adapt to changes. Media can also help bring about greater equality and a greater respect for human dignity and make cultural and social change a self- perpetuating process.

(c) Political - In the political sphere of its activity media helps in the process of power change from heredity to achievement. It motivates traditional leaders to defend their power by raising their information level and helps the masses recognize their own importance in the power structure and act as a stimulus to political participation. Media helps the government learn of the needs of the public and plan its programs and makes the public know of government plans and programs.Media also helps a community achieve power through mutual cooperation, something which is our concern at the moment and makes a political growth a self-perpetuating process. To sum up we can say that media bring about greater equality and respect for human dignity in the political arena.

Internet- The new media of development - computer could meet the needs of a large rural community. Although the Internet is not a solution for rural development problems, it can open new communication channels that bring new knowledge and information resources to rural communities

*Deptt. of Economics, Maharani Jijabai Govt. Girls P. G. College, Moti Tabela, Indore (M.P.) INDIA

Traditional communication channels have been used successfully but these have been monologist and have not allowed for much interaction with users. Radio for example has been very effective for disseminating information to all types of audiences, but broadcasting time are sometimes not appropriate for most people. But radio corould be linked to the internet, and a few initiatives have been started on this concept. Broadcasters could then disseminate the latest information promptly. Some examples of areas where Information and Communication Technologies(ICTs) could play a catalytic role in developing rural areas include -

Decision making process - Sound decision making is dependent upon availability of comprehensive, timely and up to date information.

Market outlook - Farmers could promote their products and handle simple transactions such as orders over the web while payment transactions for the goods can be handled offline. It has been shown to be cheaper and faster to trade online than on paper -based medium, telephone or fax. Electronic-commerce could, therefore, enable entrepreneurs to access global market information and open up new regional and global markets that fetch better prices and increase farmers earning.

Empowering rural communities – ICTs can empower rural communities and give them "a voice" that permits them to contribute to the development process. With new ICTs, rural communities can acquire the capacity to improve their living conditions and become motivated through training and dialogue with others to a level where they make decisions for their own development . Giving rural people a voice means giving them a seat at the table to express their views and opinions and become part of the decision making process. The approach should be participatory and could lead to improved policy formation and execution. improved policy formulation and strategies, however, require "an educated and informed populace to reduce poverty, excessive population growth, environmental degradation and other factors that are most often the direct causes of hunger". New ICTs have the potential to penetrate under-serviced areas and enhance education through distance learning, facilitate development of relevant local content and faster delivery of information on technical assistance and basic human needs such as food, agriculture, health and water. Farmers can interact with other farmers, their families, neighbors, suppliers, customers and intermediaries and this is a way of educating rural communities. The internet can also enable the remotest village to access regular and reliable information from global library (the web). Different media combinations may, however, be best in different cases- through radio, television, video cassettes, video conferencing, computer programs, and print, CD-ROM or the internet. Rural areas also get greater visibility by having the opportunity to disseminate information about their community to the whole world.

Targeting marginalized groups - Most rural poor people lack the power to access information. ICTs could benefit all stakeholders including the civil society, in particular youth and women .Other disadvantaged groups that could be targeted include the disabled and subsistence peasants. · Creating employment - Through the establishment of rural information centers, ICTs can create employment opportunities in rural areas by engaging telecentre managers, subject matter specialists, information managers, translators and information technology technicians. Such centers help bridge the gap between urban and rural communities and reduce the rural-urban migration problem. The centers can also provide training and those trained may become small scale entrepreneurs

Conclusion - Traditional media and new Information and Communication Technologies (ICTs) have played a major role in diffusing information to rural communities, and have much more potential. There is a need to connect rural communities, research and extension networks and provides access to much needed knowledge, technology and services. Studies on information systems serving rural communities have focused on specific sectors such as agriculture or health, instead of covering the rural community needs in a holistic manner. Rural information systems must involve rural communities and local content must be of prime importance. Traditional media have been used very successfully in developing countries, and rural radio in particular has played a major role in delivering agricultural messages. Print, video, television, films, slides, pictures, drama, dance, folklore, group discussions, meetings, exhibitions and demonstrations have also been used to speed up the flow of information. New ICTs, however, have the potential of getting vast amount of information to rural populations in a more timely, comprehensive and cost effective manner and could be used together with traditional media. New ICTs are becoming more accessible and users can obtain information from various sources.

References :-

1. Bhasha Kaushal Evam Sanchar Sansadhan
2. ICTs and Development in India by T.T. Shreekumar
3. Mass Media and Rural Development by Joseph, JoniC
4. Communication and Extension in Rural Development
5. Gram Vikas mein Sanchar Evam Vistar

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

ब्रिटिश कालीन भारत में उद्योगों का विकास

डॉ. वसुधा अग्रवाल *

प्रस्तावना – भारतीय संस्कृति में अर्थ का महत्वपूर्ण स्थान है। अर्थ की वह महत्वपूर्ण पहलू है, जो किसी देश या राष्ट्र की समृद्धि व वैभव का द्योतक है। भारत प्राचीनकाल से ही सोने की चिड़िया कहलाता रहा है, कंपनी के शासनकाल में अपनायी गयी अर्थ नीतियों के कारण निर्धनता के द्वार पर खड़ा हो गया। क्राउनकाल में ब्रिटिश शासन का मूलभूत उद्देश्य भारत के आर्थिक हितों का शोषण करना ही था। क्राउनकाल में भारत में उत्पन्न राजनीतिक परिस्थितियों ने शासन को आर्थिक क्षेत्र में जिस थोड़ी बहुत उदारता का रूख अपनाने पर विवश कर दिया, उससे भारत ने आधुनिकता का बाना तो पहना, परंतु कुल मिलाकर भारत का आर्थिक दृष्टि से शोषण ही हुआ।

ग्राम समाज व्यवस्था का पतन – ग्राम समुदाय एक प्रकार के लघु गणतंत्र हैं। अपनी आवश्यकता की प्राय: सभी वस्तुओं का उत्पादन ये ग्राम समुदाय स्वत: ही कर लेते हैं। इनके विदेशी संबंधों से कोई सरोकार नहीं है, विभिन्न राजवंशों के शासनकाल में भी इनका अस्तित्व यथावत बना रहा है। ग्राम व्यवस्था 'आत्मनिर्वाही' थी। हस्तशिल्प एवं कृषि का सुंदर समन्वय था। मार्क्स ने इस जीवन को 'एशिया के समाजों की अपरिवर्तनशीलता' की संज्ञा से अभिहित किया गया। परंतु अंग्रेजों ने ग्राम समाज व्यवस्था के मूल आधार को ही नष्ट कर दिया। न्याय का जो कार्य पंचायतें करती थीं उनका स्थान अब अदालतों (न्यायालयों) ने ले लिया। इस प्रकार ग्राम्य समाज व्यवस्था का जो स्वरूप अबाध रूप से थपेड़ों को सहता चला आ रहा था परंतु अपने अस्तित्व को कायम किए हुए था, अब टूट गया। अत: भारतीय अर्थव्यवस्था का ढाँचा चरमरा गया।

प्राचीन लघु उद्योगों का पतन – प्राचीनकाल में जब रोम के निजी एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भारतीय कपड़ा, दीवार दरी, तामचीनी, मोजके, हीरे जवाहरात आदि का उपयोग होता था, जब से औद्योगिक क्रांति के प्रारंभ तथा आकर्षक एंव उद्दीपक वस्तुओं के लिए सारा संसार भारत का मोहताज हो गया।

यूरोप में हुई औद्योगिक क्रांति से इंग्लैण्ड का तो मशीनीकरण के कारण कच्चे माल एवं तैयार माल के लिये मंडियों की नितांत आवश्यकता थी। अत: 1769 ई. में भारत में स्थित ब्रिटिश ऐजेन्टों को कंपनी के डायरेक्टरों ने आदेश दिए कि वे भारत में ऐसी नीतियों को अपनाएं जिससे भारत से निर्यात किए जाने वाले बुने हए सिल्क के स्थान पर कच्चे रेशम का निर्यात हो। 1773 ई. तक कंपनी ने भारत को कच्चे माल का निर्यातक देश बनाने की योजनाओं पर विचार करना प्रारंभ कर दिया।

1833 ई. के पश्चात् कच्चे माल का निर्यात निम्न तालिका से स्पष्ट है

वर्ष	कपास	ऊन	खाद्यान्न
1833	लगभग 4 लाख मन लगभग	4,625 मन	–
1844	लगभग 11 लाख मन	लगभग 33750 मन	–
1845	–	–	लगभग 8.58 लाख पौंड का
1858	–	–	लगभग 38 लाख पौंड का
1877	–	–	लगभग 79 लाख पौंड का
1901	–	–	लगभग 93 लाख पौंड का

जहां एक ओर कच्चे माल का निर्यात बढ़ा वहीं दूसरी ओर भारतीय कपड़े का निर्यात दिन प्रतिदिन कम होता चला गया। ब्रिटिश पार्लियामेन्ट्री पेपर्स (1814 – 1856) से प्राप्त आंकड़े इस कथन की पुष्टि करते हैं –

वर्ष	भारत में ब्रिटेन को निर्यात कपड़ा (गज में)	ब्रिटेन से भारत को निर्यात कपड़ा (गज में)
1814	1266608	8,18,208
1821	534495	1,91,38,726
1828	422504	4,28,22,077
1835	306068	5,17,77,277

ब्रिटिश साम्राज्यवादियों ने विश्व के अन्य देशों से भी भारतीय निर्यात के कपड़े के अवरूद्ध कर दिया। यह अंग्रेज घुसपैठिया था, जिसने भारतीय खड्डी व चरखे को तोड़ डाला, पहले इंग्लैण्ड ने भारतीय सूती माल को यूरोपीय मंडियों से बाहर निकाला और फिर भारत में जो सूती कपड़े की माँग थी, उसे अंग्रेजी माल को भेजकर सूती माल की बाढ़ ला कर रख दी। 1881 ई. से 1911 ई. के मध्य बीच उत्पादन निर्माण कार्य एवं खनिज उत्पादन निर्माण कार्य एवं खनिज कार्यों में लगे श्रमिकों की प्रतिशत दर 35 से घटकर 17 प्रतिशत रह गयी।

प्रथम विश्व युद्ध तक औद्योगिक विकास – उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से भारत में आधुनिक उद्योगों की स्थापना की गई। 1850 – 60 ई. के दशक में वस्त्र एवं पटसन उद्योग की स्थापना की गई। इसी बीच रेल निर्माण कार्य शुरू हुआ और कोयला खनन उद्योग भी विकसित स्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त बागान उद्योग तथा रेशम से संबंधित मरम्मत में सुधार

* विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

कार्य के लिए छोटे मोटे इंजीनियरिंग कारखाने भी खोले गए। रेल निर्माण के कार्य को छोड़कर सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र में कोई दिलचस्पी नहीं ली। देश के आधुनिक उद्योगों की स्थापना का कार्य मुख्य रूप से निजी ब्रिटिश पूंजी और उद्यम के सहारे किया गया। इसके लिए व्यवसाय संगठन की एक विशेष प्रणाली को अपनाया गया, जिसे मैनेजिंग ऐजेन्सी का नाम दिया गया। यह प्रणाली स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ समय बाद तक देश में बनी रही। मैनेजिंग ऐजेन्टों ने तकनीकी जानकारी, वित्त और प्रबंध आदि की आवश्यक सेवाऐं उपलब्ध कराके आधुनिक उद्योगों की स्थापना और संचालन में महत्वपूर्ण हाथ बंटाया। 1881 ई. के फैक्ट्री एक्ट के बाद 1914 ई. तक भारत का औद्योगीकरण जानकारी रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी थी। भारत में विभिन्न उद्योग जिन क्षेत्रों में केन्द्रित थे, वे इस प्रकार थे बंगाल में जूट उत्पादन, बंबई में कपास, पंजाब में कपड़े के कारखाने, कराची में खेती, कागज उद्योग, माचिस भारी रासायनिक पदार्थ, काँच उद्योग आदि को साम्राज्यवादी सरकार का भारी विरोध तथा रूकावटों का सामना करना पड़ा।

देश में उन्नीसवीं शताब्दी में मध्ययुग में आधुनिक उद्योगों की शुरूआत हुई लेकिन विदेशी पूँजी और उद्यम ने ऐसे उद्योगों को चुना जिसमें कम से कम समय में अधिक से अधिक लाभ कमाया जा सके।

बीसवीं शताब्दी के आरंभ में स्वदेशी आंदोलन से औद्योगिक विकास को थोड़ा बहुत बढ़ावा मिला। भारतीय पूँजी और उद्यमकर्ता विशेष रूप से पारसी, गुजराती और मारवाड़ी इस क्षेत्र में भाग लेने लगे। साबुन, दियासलाई, पेन्सिल, चमड़ा, एल्यूमिनियम आदि अनेक छोटे बड़े कारखाने देश में खुलने लगे। निसंदेह इस बीच सबसे बड़े महत्वपूर्ण और दूरदर्शी उद्यमी जमशेद जी टाटा रहे। इस प्रकार प्रथम विश्वयुद्ध के आरंभ में होने तक देश में मुख्य रूप से हल्के उद्योगों का विकास हुआ प्रगति बहुत धीमी और थोड़ी थी। सरकार की भारत विरोधी आर्थिक व औद्योगिक नीति, देश में पूँजी, तकनीकी श्रमिकों एवं कुशल व्यवस्थापकों की कमी आदि इसके लिए जिम्मेदार थे।

प्रथम विश्वयुद्ध काल (1914 से 1918 ई.) – प्रथम विश्वयुद्ध काल में उद्योगों को बढ़ाने के लिए कुछ अवसर मिला। युद्धकाल में औद्योगिक वस्तुओं का आयात बहुत कम हो गया। देश के उद्योगों को विदेशी प्रतियोगिता से बचकर पनपने का अच्छा अवसर मिला। इसके अतिरिक्त युद्धकाल में लोहा और इस्पात, सूती वस्त्र, पटसन के पदार्थ ऊनी व चमड़े के माल, साबुन आदि अनेक औद्योगिक वस्तुओं की मांग में भारी वृद्धि हुई। बाजार की इस तेजी से देश के उद्योगों को विशेष बढ़ावा मिला और फिर युद्धकाल के दौरान उद्योगों के प्रति सरकार के रूख व नीति में कुछ अनुकूल परिवर्तन आया। इस प्रकार ब्रिटिश साम्राज्यवाद की सुरक्षा की दृष्टि से भारत एक कमजोर कड़ी सिद्ध हुआ। सरकार ने इस गलती को महसूस किया और देश के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कुछ कदम उठाये। भारतीय उद्योगों ने उत्पादन मात्रा और उद्योगों के लाभ में भारी वृद्धि हुई। इस बीच रोजगार की मात्रा भी काफी तेजी से बढ़ी। विभिन्न कारखानों में लगे श्रमिकों की संख्या 1919 ई. में 11.7 लाख थी, जबकि 1909 ई. यह 7.9 लाख के लगभग थी। फिर भी देश में कल पुर्जों, मशीनों, रासायनिक वस्तुओं तथा अन्य आवश्यक साज सामान की कमी के कारण युद्ध जनित अवसरों से पूरा पूरा लाभ उठाया नहीं जा सका। इन सब चीजों के लिए हम विदेशों पर निर्भर थे। युद्धकाल में इनका आयात कठिन बन गया था, फलस्वरूप अवसर मिलने पर भी मूल व भारी उद्योगों के अभाव में देश के उद्योग पर्याप्त तेजी से आगे ने बढ़ सके।

आधुनिक उद्योगों का विकास – भारत में आधुनिक उद्योगों के विकास की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी रहा है। 23 जुलाई 1853 ई. को मार्क्स ने कहा था कि एक बड़े देश में जहां लोहा और कोयला ही रेल का जाल बिना उसके उद्योग को बढ़ने का अवसर दिए बिना बनाए रखना असंभव है, इसलिये रेलवे व्यवस्था की भारत के आधुनिक युग का अग्रदूत बन जायेगी। रानाडे ने तो यहां तक कहा है कि कारखाने एवं मिले राष्ट्र की गतिविधियों को अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रेरित करेंगी।

1. **कोयला उत्पादन –** कोयले के उत्पादन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 1869 से 1878 ई. तक कोयले के उत्पादन में दुगनी वृद्धि हुई। रानीगंज की खानें कोयले के लिये विख्यात थीं। बिहार, बंगाल, उड़ीसा में कोयला उद्योग को विकसित किया गया। फलस्वरूप 1894 – 95 ई. में कोयला खानों की संख्या 123 पहुँच गई। और 1936 तक भारत ने 2,50,00,000 टन प्रतिवर्ष कोयले का उत्पादन किया।

2. **कपड़ा उद्योग –** क्राउनकाल में कपड़ा उद्योग का भी विकास हुआ। 1854 ई. में पहली आधुनिक मिल बम्बई में बनी। 19 वीं सदी में इसका उत्तरोत्तर विकास होता चला गया। 1876 ई. से 1903 तक कपड़ा मिलों की प्राप्ति निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है–**(तालिका देखें अन्तिम पृष्ठ पर)**

3. **चटकल उद्योग –** चटकल उद्योग के विकास की गति 1880 से 1907 ई. तक जिस प्रकार थी वह भी निम्न तालिका से स्पष्ट है – **(तालिका देखें अन्तिम पृष्ठ पर)**

4. **चीनी उद्योग –** भारत में चीनी उद्योग का विकास प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् से ही प्रारंभ हो गया था।

वर्ष	चीनी मिलों की संख्या	चीनी का उत्पादन (टन में)
1931	30	1,58,000
1936	135	9,19,000
1940	161	25,03,000

5. **लोहा एवं इस्पात उद्योग –** लौह एवं इस्पात उद्योग का विकास द्रुत गति से हुआ। 1873 ई. में बिहार स्थित झरिया नामक स्थान पर बाराकार आइरन वर्क्स 1907 में जमषेदपुर में 'टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी' 1918 ई. में हीरापुर में 'इंडियन आइरन स्टील कंपनी' 1923 ई. में भद्रावती में मैसूर स्टेट आइरन नामक कारखाने की स्थापना इसका स्पष्ट प्रमाण है। 1939 ई. तक भारत अच्छी किस्म का 10 लाख टन से भी अधिक कच्चा लोहा तैयार करने लगा। 1947 ई. तक भारत ने 25 लाख टन से ऊपर इस्पात का उत्पादन किया।

6. **सीमेंट उद्योग –** ब्रिटिश शासनकाल में सीमेंट उद्योग का विकास 1914 ई. तक भारत में पोरबंदर स्थित इंडियन सीमेंट कंपनी कटनी स्थित कटनी सीमेंट एण्ड इंड्रस्ट्रियल कंपनी और बूँदी स्थित पोर्टलैंड सीमेंट कंपनी के उत्पादन में वृद्धि की स्थिति निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है।

वर्ष	प्रतिवर्ष सीमेंट का उत्पादन (टन में)
1914 तक	लगभग 1000 टन
1925 तक	लगभग 2,50,000 टन
1939 तक	लगभग 12,00,000 टन

7. **कागज उद्योग –** ब्रिटिश शासनकाल में कागज के उत्पादन के लिए 1879 ई. में लखनऊ में 1882 में टीटागढ़ में, 1885 में पूना में, 1889 में रानीगंज, 1939 में सूरत में तथा 1942 में हैदराबाद में कागज मिलें खुलीं।

8. **एल्यूमिनियम उद्योग –** ब्रिटिशकालीन भारत में एल्यूमिनियम की सामग्री के निर्माण हेतु 1937 ई. में कलकत्ता के समीप एल्यूमिनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं एल्यूमिनियम प्रोडेक्शन ने रोलिंग

मिलों की स्थापना की। 1944 ई. में एलवाम में खुले कारखाने में एल्यूमिनियम की चादरों का निर्माण वृहद मात्रा में किया गया।

9. चर्म उद्योग – चर्म उद्योग के विकास के लिये 1860 ई. में कानपुर में हार्नेस एंड सैडलरी फैक्ट्री का निर्माण हुआ। बम्बई एवं मद्रास में भी फैक्ट्रियों की स्थापना की गयी। उद्योगों के विकास हेतु 1930 ई. में 'हाईड्रस सेस इन्क्वारी कमेटी' गठित की गयी।

10. कतिपय उद्योग – उपर्युक्त उद्योगों के अतिरिक्त शीषा, जहाज एवं दवा से संबंधित उद्योगों का भी विस्तार हुआ। 1947 ई. तक भारत में 100 शीशा मिलों की स्थापना हुई। विशाखापट्टनम जहाजों के निर्माण का प्रमुख केन्द्र था। सिन्धिया स्टीम नेवीगेशन कंपनी का गठन वास्तव में जहाज उद्योग के विकास को दृष्टिगत रखते हुए ही किया गया था। कलकत्ता, मद्रास, बिहार, एवं बंगलौर में दवा बनाने की कंपनियों की खुलना नि:संदेह अत्यंत महत्वपूर्ण था।

द्वितीय विश्वयुद्ध के काल में उद्योगों का विकास – द्वितीय विश्वयुद्ध के काल में भारतीय उद्योगों के विकास को और बढ़ावा मिला इस अवधि में इंगलैंड, जापान, जर्मनी आदि अनेक देशों से आयात बहुत कम हो गया। एक तो इन देशों के उद्योग युद्ध संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति में लगे हुए थे। इसी बीच जहाजरानी की बड़ी कमी हो चुकी थी। और माल भेजने में भी खतरा बढ़ गया था। आयात में भारी कमी होने से देश के उद्योगों को अतिरिक्त संरक्षण मिला, जिससे उसके विकास की गति तेज हो गयी। युद्धकाल के दौरान हमारे औद्योगिक माल की मांग में देश विदेश की मंडियों में भारी वृद्धि हुई। शीघ्र ही अनेक मध्यपूर्व और सुदूरपूर्व के देशों को माल भेजने का भारत मुख्य देश बन गया।

मांग में इस भारी वृद्धि से कीमतों और लाभ में वृद्धि हुई, जिससे उद्योगों के विस्तार में विशेष प्रोत्साहन व सहायता मिली। 1939 – 1945 ई. के बीच सूती वस्त्र का उत्पादन 411 करोड़ गज से बढ़कर 471 करोड़ गज तथा कागज का उत्पादन 67 हजार टन से बढ़कर 106 हजार टन हो गया। 1939 से 1943 ई. के बीच इस्पात का 38 प्रतिशत सीमेंट का 45 प्रतिशत तथा चीनी का 30 प्रतिशत उत्पादन बढ़ा। युद्ध का लघु एवं कुटीर तथा मध्यमाकार के उद्योगों पर विशेष अनुकूल प्रभाव पड़ा। देश में वस्तुओं की कमी और तेजी से बढ़ती हुई कीमतों से इन उद्योगों को बहुत प्रोत्साहन मिला। देश औद्योगिक विकास के पथ पर पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ने में सफल हुआ। औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार में 103 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इस प्रकार युद्धकाल में देश में औद्योगिक विकास की गति तेज तो हुई लेकिन देश औद्योगिक क्षेत्र में उतनी तेजी से प्रगति नहीं कर सका जितना कि उसे अवसर मिला था। युद्धकाल में देश में अनेक समस्याऐं उठ खड़ी हुई जिनका आगे चलकर उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव। पुरानी मशीनों के प्रतिस्थापन की समस्या, अविचारित एवं असम्बद्ध ढंग से उद्योगों का विस्तार, व्यवसाय के नैतिक आधार का कमजोर होना, देश के विभाजन से उत्पन्न समस्याऐं रहीं जिस कारण काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इसके कारण औद्योगिक क्षेत्र की कठिनाइयों में वृद्धि हुई।

भारत में औद्योगिक विकास की प्रक्रिया में दो नये वर्गों का उदय हुआ पहला पूँजीपति वर्ग और दूसरा औद्योगिक सर्वहारा वर्ग। ये दोनों ही वर्ग 1857 ई. के बाद के आधुनिक भारत की उपज हैं। और दोनों ही वर्गों ने भारत के राजनैतिक विकास में अपने – अपने स्थान पर भूमिका का निर्वाह किया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भारतीय पूँजीपतियों ने भारी मात्रा में उद्योगों में पूँजी लगायी इससे उद्योगों का विकास हुआ, रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई। स्वदेशी आंदोलन ने इनके विकास में विशेष योगदान दिया किंतु दूसरी ओर श्रमिकों के शोषण ने श्रमसंघों को जन्म दिया, इससे श्रम आंदोलन को बढ़ावा मिला।

इस प्रकार ब्रिटिश काल में भारत में बड़े उद्योगों की स्थापना एवं विकास का काल है। इस काल में जिस औद्योगिक संरचना का आधार मंच तैयार किया गया, उसी पर आगे चलकर स्वतंत्र भारत में औद्योगिक उन्नति की आधारषिला रखी गयी। किन्तु यह बड़े खेद का विषय है कि ब्रिटिश सरकार ने भारत के विकसित कुटीर एवं ग्रामोद्योगों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाया एवं उन्हे नष्ट कर अपना आर्थिक स्वार्थ पूर्ण करने के भरसक प्रयास किये। परिणामत: तत्कालीन भारत की ग्राम स्वावलम्बन पर आधारित अर्थव्यवस्था भी भंग हो गयी।

भारत कुटीर उद्योगों के पिछड़ेपन को लेकर स्वतंत्र हुआ। इसका मूल्य कारण यह था कि ब्रिटिश शासनकाल में न तो सरकार ने सक्रिय भाग लिया और न आवश्यक सुविधाऐं प्रदान की। इनमें तकनीकी जानकारी, पूँजी एवं आवश्यक साज समाज की कमी तथा विदेशी प्रतियोगिता के कारण विश्वयुद्ध के पश्चात् माँग में वृद्धि होने एवं भारतीय उद्योगों को आरक्षण मिलने के कारण आधुनिक उद्योगों के विकास के जिस चरण में तीव्रता लाई उसने भारत में पूँजीपति वर्ग की स्थिति को दृढ़कर दिया और स्वतंत्रता की पूर्व संध्या तक भारतीय पूँजीपति वर्ग भारत में अपनी स्थिति इतनी मजबूत कर सका था कि वह राष्ट्रीय राजनीतिक निर्णयों में आसानी से अपनी निर्णयात्मक भूमिका निभा लेता। इस प्रकार भारत में बड़े उद्योगों की स्थापना के दृष्टिकोण से ब्रिटिश काल महत्वपूर्ण काल बन गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. द पावर्टी ऑफ इंडिया – दादाभाई नौरोजी पृ. 569
2. भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद का उद्‌भव एवं विकास विपिनचंद्र पृ. 131
3. द इंड्रस्ट्रियल रिवोल्यूशन ऑफ इंडिया इन रीसेंट टाइम्स डी.आ. गाडगिल पृ. 34
4. इकॉनोमिक्स हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया – आर. सी. दत्त
5. ब्रिटिश इंपीरियलिज्म इन इंडिया – जोन वशेप पृ. 27–28
6. Ruin of Indian Trade and Industries - B. D. Basu P.P. 10-11

वर्ष	मिलों की संख्या	करघों की संख्या	तकुओं की संख्या	मजदूरों की औसत दैनिक संख्या	रूई की खपत लाख हंडर में
1876	47	9139	11.00	–	–
1883	67	15373	17.90	53476	16
1893	143	28164	35.70	121500	41
1903	192	44092	50.40	18139	61

वर्ष	मिलों की संख्या	तकुओं की संख्या	करघों की संख्या	मजदूरों की औसत दैनिक संख्या
1879–80	22	70,480	4964	27494
1889–90	27	1,64,245	8204	62737
1907–08	54	5,62,274	27244	187771

****

महिलाओं के विकास में योजनाओं का मूल्यांकन

कमलराज सिंह उइके *

प्रस्तावना – आज चारों तरफ महिला विकास एंव महिला सशक्तिकरण पर विश्व के सभी देश बल दे रहे है। क्योंकि यह सर्व विदित है कि महिलाओं के विकास से ही हम अपने परिवार समाज व राष्ट्र की उन्नति सम्भव हो सकता है, चाहे वह महिला शिक्षा की बात हो या महिला आत्मर्निभरता की हो। हमारे संविधान निर्माताओं ने भी इस बात की अहिमियत को समझा और उन्होंने महिला आरक्षण का भी प्रावधान किया। जिससे समय समय पर उसकी आवश्यकता के अनुसार बढ़ाकर महिलाओं को विकास पर जोर देने के लिए महिला आरक्षण पचास प्रतिशत कर दिया गया ताकि महिलाएं हर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दे सके आज का समय ऐसा है कि धन साधन नही अपितु साध्य हो गया है। लोग पैसे के पीछे भाग रहे है, ऐसी स्थिति मे हमे अपने परिवार की सभी भौतिक सुख सुविधा प्रदान करने के लिए आर्थिक रूप से मजबूत होना पड़ेगा। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई है जिससे महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ मिल सके और अपना आर्थिक विकास तथा घर, परिवार व समाज का साथ ही देश का विकास करने में अपनी अहम भूमिका निभा सके।

भारतीय योजना – स्वतन्त्रता प्राप्ति के उपरान्त अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने वर्ष 1947 मे पण्डित जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में आर्थिक कार्यक्रम समिति का गठन किया। इस समिति ने 25 जनवरी 1948 को अपने एक प्रस्ताव में यह सिफारिश की कि देश मे एक स्थायी योजना आयोग की स्थापना होनी चाहिए। इसी के फलस्वरूप 15 मार्च 1950 को योजना आयोग (planning commission) का गठन किया गया। जिसकी अनुशंसा पर प्रथम पचंवर्षीय योजना 1 अप्रैल 1951 से लागू हुई।

मध्यप्रदेश योजनाएँ – मध्य प्रदेश राज्य की स्थापना 1 नवम्बर 1956 को राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश के आधार पर मध्य भारत, महाकौशल, भोपाल राज्य एंव विन्ध्य प्रदेश घटको को मिलाकर की गई थी अत: आर्थिक नियोजन का विधिवत आरंभ तीसरी पंचवर्षीय योजना से माना जाता है क्योंकि प्रथम पचंवर्षीय योजना 1951-56 के समय तक मध्य प्रदेश राज्य का जन्म ही नहीं हुआ था मध्य प्रदेश का जन्म दूसरी पचंवर्षीय योजना 1956-61 के दौरान हुआ, लेकिन तब तक राज्य के तत्कालीन घटक मध्य भारत, महाकौशल, भोपाल राज्य एंव विन्ध्य प्रदेश अपनी अपनी योजनाएँ योजना आयोग को दे चुके थे। राज्य की स्थापना के बाद इन योजनाओं को एकीकरण किया गया।

महिला सशक्तिकरण के नये आयाम – मध्य प्रदेश सरकार ने महिलाओं के कल्याण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ और कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। जिसमें महिला पचांयत में महिलाओं के मौन स्वरो को मुखर होते पाया। उन्होंने निर्णय लिया कि स्त्रियों का अपने अस्तित्व के लिए किए जा रहे संघर्ष को अनदेखा किया जाना न्यायोचित नहीं। सरकार ने भी नारी सम्मान को बरकरार रखने के लिये कारगार पहल को जरूरी समझा। पहली बार किसी सरकार ने स्त्री जीवन के हर पड़ाव पर मदद्गार योजनाएँ बनाई। पुरजौर कोशिश यही हैं, कि महिला सशक्तिकरण की दिशा मे समाज की आंतरिक व्यवस्था समानता की पक्षधर हो।

लाड़ली लक्ष्मी योजना – मध्यप्रदेश सरकार ने 2006 से बेटी के जन्म को बोझ समझने की धारणा को खुशिया मनाने के वक्त में बदल दिया है। लाडली लक्ष्मी योजना से मध्य प्रदेश में बेटी को जन्म से लखपति होने का वरदान मिला है। लाड़ली लक्ष्मी योजना में ऐसे माता पिता जिन्होंने दो जीवित बच्चो के रहते हुए परिवार नियोजन अपना लिया हो तथा जो आगँनवाडी केन्द्रो मे पंजीकृत हो और आयकरदाता न हो अपनी कन्या का नाम दर्ज करा सकते हैं। यह योजना आगँनवाडी केन्द्रो से संचालित हो रही है। सरकार की तरफ से तीस हजार रूपये का राष्ट्रीय बचत पत्र बेटियों के मां बाप को दिया जाता है। इस राशि से जो ब्याज मिलेगा। उससे बेटियों को पांचवी कक्षा तक पढ़ने पर दो हजार रूपये एकमुश्त मिलेंगे। फिर जब बिटिया आठवीं पास करेगी तो उसे चार हजार रूपये मिलेंगे। लाड़ली लक्ष्मी जब कक्षा 10वीं मे जायेगी तब उसे रूपये 7500 की नगद मदद मिलेगी 11वी और 12वीं कक्षा मे पंहुची लाडली को पढ़ने के लिये हर महीने 200 रूपये प्राप्त होगे। बालिग होने वाली इस लाडली लक्ष्मी को योजना मे बढी हुई रकम (जो एक लाख रूपये से भी अधिक हो जाएगी) मिलेगीं जो उसके विवाह के काम आयेगी। 60 हजार से अधिक लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बन चुकी हैं।

अन्नप्राशन संस्कार – अन्नप्राशन अब घर परिवार की जिम्मेदारी नहीं है मध्यप्रदेश सरकार के महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा समारोह पूर्वक इस योजना में छ: माह की बालिका का अन्नप्राशन आगँनवाडी केन्द्र में कराया जाता है। जिसमें कटोरी,चम्मच और खाद्य पदार्थ उपहार स्वरूप दिये जाते हैं।

बालिका शिक्षा – एक शिक्षित बालिका अपने पूरे परिवार को शिक्षित करने मे सहयोगी है। प्रदेश सरकार ने अपनी योजनाओ में इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि धन और साधन का अभाव बालिकाओं की शिक्षा में रूकावट न डाल सके। मध्य प्रदेश सरकार के विभिन्न विभाग अपनी-अपनी योजनाओं के जरिए बालिकाओं को पुस्तके, गणवेश, विद्यालय आवागमन के लिये सायकल और छात्रवृत्ति मुहैया करा रहे हैं। जून 08 से कक्षा 6 मे प्रवेश लेने वाली प्रत्येक छात्राओं के लिये पूथक छात्रावास भी है जिनके अच्छे वातावरण मे रहकर ये शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।

कन्या दान योजना – प्रदेश सरकार ने समाज के सभी तबकों के लोगों का आह्वान करते हुए आवाज दी कि आइये हम सब मिलकर बेटियों का कन्या दान संस्कार कर नारी जीवन को शक्ति और रक्षा प्रदान करें। आर्थिक

* अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) नवीन शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला - उमरिया (म.प्र.) भारत

तंगी से भरे जीवन में सयानी होती बिटिया के हाथ पीले करने की चितां अब सरकार कर रही है। हर वर्ग के जरूरतमंद माता–पिता को उनकी बिटिया के कन्यादान में मध्यप्रदेश सरकार कन्या दान योजना से पूरा सहयोग दे रही हैं । इस योजना मे गरीब जरूरतमंद नि:शुल्क निर्धन परिवार की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यात्क्ता के विवाह हेतु रूपये 5000/– और सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को रूपये 1000/– प्रति कन्या विवाह के मान से शासन द्वारा सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक कन्यादान कराने के लिये पंचायतें नगरीय निकाय और पंजीकृत स्वैच्छिक संस्थाएं अधिकृत हैं। योजना का लाभ लेने के लिये अपने जिले के पंचायत एंव सामाजिक न्याय कार्यालय अथवा जिला कलेक्टर को आवेदन दिया जाना होगा। अब तक 60 हजार विवाह इस योजना में सम्पन्न हो चुके हैं।

भ्रूण लिगं परीक्षण पर प्रतिबंध – बालिका भ्रूण की हत्या को रोकने के लिए सरकार ने भ्रूण का लिंग परीक्षण प्रतिबंधित किया है। परीक्षण करने वाले चिकित्सक अथवा संस्था को दण्ड दिए जाने साथ ही सूचना देने वाले को रूपये 10 हजार का इनाम भी दिया जाता है।

गोद–भराई – आँगनवाड़ी केन्द्रों मे गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रखने के लिए गोद–भराई के आयोजन किए जाते हैं। इन्हें मातृ एंव शिशु रक्षा कार्ड आयरन फोलिक एसिड की गोलिया देकर स्वास्थ्य संबंधी समझाईश दी जाती है। गोद–भराई में नारियल,सिंदूर,चूड़ियाँ और अन्य उपहार भी गर्भवती महिला को दिए जाते हैं।

नारी निकेतन – विधवा परित्यात्क्ता,निराश्रित,कुंवारी माताओं एंव समाज से प्रताड़ित महिलाओं को आश्रय देने के उद्देश्य से नारी निकेतन स्थापित हैं।

स्वाधार योजना – यह योजना कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाली महिलाओं को आश्रय,पोषण, कपड़े और अन्य आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने उनके पुनर्वास के लिए भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही है। जमीन भवन निर्माण केन्द्र की व्यवस्था परामर्श सेवाओं पुनर्वास हेतु गतिविधियों के प्रशिक्षण और हेल्प लाइन सुविधा के लिए राशि दिए जाने का प्रावधान हैं।

सौभाग्यवती योजना – सरकार ने अनुसूचित जन जाति की कन्याओं के विवाह में सहयोग देने के लिए सौभाग्यवती योजना इस वर्ष लागू की है। योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिए 5000 रूपये की सहायता प्रदान की जा रही है पहले यह राशि एक हजार रूपये थी। उन्होंने कहा कि सहरिया,बैगा और भारिया जैसी विशेष पिछड़ी जन जातियों के शैक्षणिंक उत्थान के लिए उनके क्षेत्रों मे संचालित सौ प्राथमिक शालाओं को 50 सीट की क्षमता वाली आश्रम शालाओं में बदलने की योजना क्रियान्वित की जाएगी।

गाँव की बेटी योजना – योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभावान बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने की ओर प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। प्रत्येक गाँव में प्रति वर्ष 12वी कक्षा प्रथम श्रेणी में उर्त्तीण करने वाली छात्राओं को हर वर्ष 500 रूपये प्रतिमाह की दर से 10 माह तक छात्रवृत्ति दी जाती है। अभी तक 60 हजार छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया हैं। हर गाँव में मेधावी बालिकाएँ होती हैं, बारहवी उर्त्तीण करने के बाद वे कालेज में पढ़ना तो चाहती हैं। लेकिन कालेज शहरों कस्बों मे होते हैं। साथ ही अधिकतर परिवारों की स्थिति ऐसी नहीं होती की वे लड़कियों की पढाई का खर्च उठा सकें। यहाँ तक कि सक्षम परिवार भी यह खर्च उठाने से बचते हैं। इस योजना से बडी संख्या में गाँवों की मेधावी लड़कियाँ अब कालेज की पढ़ाई कर रही हैं।

जननी सुरक्षा योजना – इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराकर मातृ मृत्युदर और शिशु मृत्युदर में कमी लाना है। योजना के तहत उन सभी गर्ववती महिलाओं को इसका लाभ प्राप्त करने की पात्रता है। जिनका प्रसव शासकीय अस्पताल के जनरल वार्ड में कराया गया हो। मान्यता प्राप्त निजी सस्थां में प्रसव कराने वाली गरीबी रेखा के नीचे परिवारों तथा अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को भी इसका लाभ प्राप्त होता है। हितग्राही महिला को शासकीय अस्पताल मे प्रसव कराने पर ग्रामीण क्षेत्र में चौदह सौ रूपयें (1400रू.)तथा शहरी क्षेत्र मे (1000रू.) एक हजार रूपये की राशि दी जाती है। प्रसव के दौरान सभी सेवाएँ नि:शुल्क प्रदान की जाती है। साथ ही गर्भवती महिला को अस्पताल तक पहुँचाने वाली प्रेरक महिला को भी ग्रामीण क्षेत्र में छ: सौ रूपये तथा शहरी क्षेत्र में दो सो रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है अभी तक इस योजना से 42 लाख महिलाएँ लाभांवित हो चुकी है। योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश मे संस्था गत प्रसवों की संख्या 27 प्रतिशत से बढ़कर 81 प्रतिशत हो गई हैं।

यह एक तथ्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों मे घरों मे जयकी कराए जाने और यह काम पारम्परिक दाईयों के हाथों होने के कारण बड़ी संख्या में माताओं और नवजात शिशुओं की मृत्यु हो जाती है। गरीब परिवारो के पास न तो साधन होता है कि वे गर्भवती स्त्री को जयकी के लिए अस्पताल ले जाएँ और न इसके प्रति उनमें पर्याप्त जागरूकता होती है। इस योजना के क्रियान्वयन से बड़ी संख्या मे प्रसव अब अस्पतालों मे होने लगे हैं।

स्वागत लक्ष्मी योजना – मुख्यमंत्री ने 24 जनवरी 2014 को भोपाल में स्वागत लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। यह योजना महिला एंव बाल विकास के सशक्तिकरण हेतु मध्यप्रदेश महिला एंव बाल विकास द्वारा प्रारंभ की गई है। इससे महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा ।

बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम – बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं (बी बी बी पी) कार्यक्रम का शुभारंम्भ 22 जनवरी 2015 को पानीपत हरियाणा में बालिका की उत्तर जीविता, संरक्षण और शिक्षा को बढावा देने के लिए किया गया था। इसका लक्ष्य सामाजिक सोच बदलने के लिए जन आंदोलन तथा इस समस्या की विकरालता के बारे में जागरूकता फैलाकर बालिकाओं के गिरते अनुपात की समस्या का समाधान करना है (बी बी बी पी) कार्यक्रम का समग्र लक्ष्य लिंग चयन द्वारा लिंग पक्षपात के रवैये को समाप्त करना। बालिका की उत्तर जीविता और उसका सरंक्षण सुनिष्चित करना तथा बालिका की शिक्षा एंव भागीदारी सुनिश्चित करना है ।

कस्तूरबा गाँधी शिक्षा योजना – जिन जिलों में विशेष रूप से महिला साक्षरता दर बहुत कम है। उन क्षेत्रों में बालिकाओं के लिए विशेष विद्यालयों की स्थापना हेतु प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त 1997 को कस्तूरबा गाँधी शिक्षा योजना नामक एक कार्यक्रम प्रांरभ करने हेतु 1997–98 के बजट में रू. 250 करोड़ का प्रावधान किया गया था। यह योजना स्वाधीनता की 50 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर प्रांरभ की गई थी।

सबला योजना – किशोरियों के हितार्थ एक नई योजना राजीव गाँधी किशोरी अधिकारिता योजना (Rajeev Gandhi scheme for empowerment of adolescent girls) सबला का शुभारम्भ 19 नवम्बर 2010 से किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्रीमती इंदिरा गाँधी के जन्म दिवस पर शुरू की गई इस योजना से 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के सही मानसिक व शारीरिक विकास में मदद मिलेगी इंटीग्रेटेड चाइल्ड

डेवलपमेंट सर्विसेज के तहत इस योजना को पायलट आधार पर 200 चुनिंदा जिलों में फिलहाल शुरू किया गया है। शीघ्र ही अन्य जिलों में भी इसे लागू किया जाएगा। जिन 200 जिलों में यह योजना पायलट आधार पर लागू की गई है। उनमें उत्तर प्रदेश के 22, मध्यप्रदेश के 15, बिहार के 12, राजस्थान के 10, झारखण्ड के 7, हरियाणा के 7, हिमाचल प्रदेश के 4 व दिल्ली के 3 जिले शामिल है। इस योजना के तहत लक्षित किशोरियों को जो सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती है। उनमें रियायती दर पर पौष्टिक आहार शामिल है। वर्ष 2013-14 के बजट में इसके लिए रू. 650 करोड की व्यवास्था की गई हैं।

सदंर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राखी डॉ. माया , जमा डॉ नुजहत - (अर्थशास्त्र) मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल।
2. पाण्डेय आनंद कुमार , पाण्डेय श्रीमती अर्चना - (सामान्य ज्ञान) मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल म.प्र. 450.452
3. रोशन राकेश कुमार , सिन्हा अमित निरंजन - (अर्थशास्त्र) अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड।
4. प्रतियोगिता दर्पण - (सामान्य अध्ययन) भारतीय अर्थव्यवस्था।
5. शुक्ला नीरज - राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद 2007

****

आर्थिक व्यवहार में परिवर्तन का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

डॉ. उषा कुमठ *

शोध सारांश – देश की मौद्रिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव 8 नवम्बर 2016 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के द्वारा पाँच सौ व हजार की मौजूदा करेन्सी नोटों को चलन से बाहर करने की घोषणा की। यह जो विमुद्रीकरण हुआ। उसका लक्ष्य कालाधन, भ्रष्टाचार, हवाला कारोबार, आतंकवाद में फंडिग, जाली नोटों से छुटकारा पाना, राष्ट्र विराधी ताकतों पर लगाम कसना और ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को बैंकिग तथा कर के दायरे में लाते हुए केशलेस अर्थव्यवस्था की राह बनाना है।

प्रस्तावना – नोटबंदी के इस कठोर निर्णय से कुछ समय तक आम लोगों को परेशानी होगी। किन्तु लम्बी अवधि के हिसाब से यह चेलेन्ज फैसला साबित होगा। जो देश को एशिया ही नहीं विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था के साथ विकास दर में वृद्धि होगी। साथ ही मंहगाई, आतंकवाद व काला बाजारी जैसी गम्भीर समस्या कम होगी। इस निर्णय से ब्याज दरों में गिरावट आयेगी। प्रापर्टी के भावों में कमी आने की संभावना बन रही है। सोने व बहुमूल्य धातुओं की खरीददारी पर भी लगाम लगेगी। देश में इन्वेस्टमेन्ट व व्यापार के तौर तरीकों में भी बदलाव आयेगा। शेयर बाजार, म्यूचल फण्ड, इन्श्योरेन्स व अन्य टैक्सफ्री बाण्ड की तरफ लोगों का रूझान बढेगा।

लोग करेन्सी लेनदेन के बजाय, ए.टी.एम. कार्ड द्वारा भुगतान तथा इन्टरनेट बैंकिंग की ओर प्रवृत्त होंगे। इससे नकली नोटों के चलन की संभावना कम होगी।

उद्देश्य–

1. आर्थिक व्यवहार व निवेश में परिवर्तन का अध्ययन करना।
2. विमुद्रीकरण 500 व 1000 के नोटों का चलन से बाहर होने पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

वर्ष 1978 में एक हजार, पाँच हजार व दस हजार रूपये के नोटों का चलन बंद कर दिया गया था। लेकिन उस समय इन बड़े नोटों का बहुत कम उपयोग किया जाता था। तब भारत में प्रति व्यक्ति आय 1942 रूपये थी। लेकिन वर्तमान में पाँच सौ व हजार के नोटों को चलन से बाहर 8 नवम्बर 2016 को किया गया है, इस समय भारत में प्रतिव्यक्ति आय 93000 रूपये है। इन नोटों का उपयोग लगभग 84 प्रतिशत तक किया जाता था। इतना अधिक इन नोटों के उपयोग के कारण अचानक चलन से बाहर होने पर इसका अर्थव्यवस्था पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ेगा।

नोटबंदी के पहले एक कदम बैंकिंग सेवाओं को सुदृढ़ करने का होना चाहिए था। देश का बड़ा क्षेत्र अभी भी बैंकिंग सेवाओं के मामले में पिछड़ा हुआ है। इसका प्रमाण नोटबंदी के फैंसले के बाद मची अफरा–तफरी से मिलता है। बैंकिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ सरकार को उद्यमी, व्यापारियों को इस बात के लिये प्रेरित करना था कि वे अपना व्यापारिक लेनदेन नगद रूप में कम से कम करे। यदि यह काम कर लिया होता तो नोटबंदी के बार परेशानी भी कम होती तथा कारोबार की गति भी धीमी नहीं होती। समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों में केशलेस तंत्र विकसित करने का अभियान चलाया होता तो हालात दूसरे दिखते। अधिक लोग ऐसे होते, जिन्हें नकदी की न्यूनतम प्रयोग करना पड़ता।

2014–15 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 5–6 करोड उत्पादन या सेवा प्रदान करने वाले प्रतिष्ठान जहां पाँच या इससे कम लोग कार्यरत है। इस प्रकार नकदी पर निर्भर असंगठित क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की संख्या करीब बीस करोड़ है। यदि इनमें से प्रत्येक प्रतिष्ठान में एक परिवार के पांच सदस्य भी अपनी जीविका के लिये नकदी पर निर्भर हैं, तो हम पाते हैं कि करीब सौ करोड़ जनता या हमारी कुल आबादी का करीब 80% प्रतिशत हिस्सा नोटबंदी से प्रभावित हुआ हैं।

कृषि – इस समय रबी फसल की बुआई प्रारम्भ हो गयी है। ऐसे में यह नकद आधारित कृषि अर्थव्यवस्था के लिये काफी चुनौतीपूर्ण हैं। बीजो से लेकर उर्वरको, कीटनाषकों की खरीददारी, कृषि श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान और उत्पादन की बिक्री आदि सभी नकद में होता हैं। जिला सहकारी बैंक जो लाखों किसानों से सीधे जुड़े हैं, वे पुराने नोटों को नहीं बदल सकते। असंगठित क्षेत्र और कीमतों पर इसके प्रतिकूल प्रभाव को नियंत्रित नहीं किया गया तो यह कदम अल्पकालीन मंदी का कारण भी बन सकता है।

उद्योग – नोटबंदी का असर उद्योगों पर भी बहु अधिक पड़ा है। नोटों की कमी के कारण उद्योग पतियों के लेन–देन प्रभावित हो रहे है। इण्डस्ट्री के भुगतान अटकने से काम की गति वर्तमान से धीमी हो गई हैं, किन्तु भविष्य में उद्योगों में गति बढ़गी । करोबार बैंको के माध्यम से बढ़ेगा। जी.एस.टी. आने के बाद अन्तप्रान्तीय व्यापार की कई समस्याऐं दूर होगी। व्यवसाइयों छोटे उद्योग पतियों की मानसिकता टेक्स पेमेन्ट में बढ़ेगी इससे कालाधन बढ़ने पर रोक लगेगी।

हवाला कारोबार – देश में एक बड़ी संख्या में कारोबारी दो नम्बर के पैसे के जरिए कारोबार करने के आदि है। अभी तो उनकी स्थिती ठीक नहीं हैं। लेकिन कुछ समय बाद वे नये नोट के जरिए फिर से कालाधन जमा करने में सफल हो सकते हैं। अत: सरकार की ओर से संदिग्ध लेने देन पर कठोर कदम उठाया जाना आवश्यक हैं। पिछले दिनों में हवाला करोबार में लगभग 80% प्रतिशत की कमी आयी हैं।

ऑटोमोबाईल – नोटबंदी से टू–व्हीलर मार्केट में गिरावट आयी है। टू व्हीलर की ज्यादातर सेल ग्रामीण बाजारों में होती हैं और यहां ज्यादातर भुगतान कैश में होते हे। औसत दिनों की तुलना में करीब 20 से 25 प्रतिशत तक सेल कम हुआ हैं। ज्यादातर लोगों ने नये वाहनों को खरीदने का फैसला टाल दिया हैं। एक बार करंसी की स्थिती नार्मल होने के बाद लोग दोबारा खरीदेगें।

स्मगलिंग नशे का कारोबार एवं प्रापर्टी व्यवसाय – काला धन पैदा

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

करने का बहुत बड़ा स्त्रोत स्मगलिंग व नशे का करोबार हैं। साथ ही दो करोड़ की प्रापर्टी की रजिस्ट्री एक करोड़ में करायी जा रही हैं। भले ही सौदा दो करोड़ में हुआ हो। जमीन एवं सोने के सौदो में अघोषित आय का बड़ा हिस्सा जाता है। नकद आधारित अर्थव्यवस्था कालेधन की जननी हैं। कैश से क्राइम आता है। अत: अर्थव्यवस्था से बड़े नोट हटा दिये जाय तो अर्थव्यवस्था को काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

सकारात्मक प्रभाव – अर्थव्यवस्था में नकदी की कमी रहने से बैंकिंग सेक्टर, क्रेडिट कार्ड और इलेक्ट्रानिक लेने-देन के विस्तार को गति मिल सकती हैं। यदि नये नोटों के जरिए अवैध लेन-देन को रोकने के लिये कड़े कदम उठाए जाते हैं तो अवैध सम्पत्ति और अनाप शनाप खर्चो पर अंकुश लगेगा अवैध लेन-देन आतंकवाद। उग्रवाद पर प्रहार से देश को दीर्घकाल में लाभ मिलेगा।

राजनीति में कालेधन की एक बड़ी भूमिका हैं। राजनीति में कालेधन के प्रवेश एवं प्रवाह को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। सत्तारूढ़ राजनेता, उद्यमियों व व्यापारियों के हित में फैसले इसलिए करते हैं, ताकि एवज में उन्हें अपनी राजनीति चलाने के लिये पैसा मिल सके। राजनीति में कालेधन की भूमिका समाप्त करने की ठोस पहल हो।

छोटे-छोटे व्यपारियों, ऑटोरिक्शा किराना व्यापारी आदि का Paytmके द्वारा भुगतान लिया जा रहा है। इस प्रकार Paytm और इसी प्रकार अन्य ऐप के द्वारा भुगतान को प्रोत्साहन मिलेगा तथा नकदी का कम उपयोग किया जाएगा। लोग अभी तक जिस कालेधन को आँख मूंद कर खर्च करते थे। वे अब किफायत और बचत की राह पर चलेगें। देश भ्रष्टाचार के दल दल में गले तक डुबा हुआ हैं। भ्रष्टाचार को रोकने वाली एजेन्सियां और सरकारी आफिसर क्या भ्रष्टाचार को दबाने के लिए लेन देन नहीं कर रहे हैं ? सभी राज्यों में भ्रष्ट राजनेताओं से लेकर भ्रष्ट नौकरशाह हैं। सरकार के द्वारा सख्त कार्यवाही होने से अर्थव्यवस्था को बहुत लाभ होगा।

500 व 1000 के नोटों का चलन से बाहर होने पर अर्थव्यवस्था में विभिन्न क्षेत्रों में कितने प्रतिशत लाभ हो सकता है, इसे निम्न तालिका में माध्यम से सर्वे के आधार पर ज्ञात स्थिती को बताया जा सकता हैं-

नोटबंदी से क्या **फायदा होने की उम्मीद है** ? (रेखाचित्र **देखे**)

रेखाचित्र से स्पष्ट हैं कि पाँच सौ व हजार के नोटों को चलन से बाहर करने पर 28% गरीबी दूर होगी 71.5% कालेधन वाले डरेगें। इसी तरह भ्रष्टाचार कम होगा रोजगार के अवसर बढ़ेगें, महंगाई कम होगी, जाली नोट बन्द होगें आदि लाभ प्राप्त होगें।

नोटबंदी से मोबाईल वालेट बिजनेस में वृद्धि होगी। मोबाईल वालेट एक तरह का बटुआ हैं। जिसमें हम इलेक्ट्रानिक तरीके से खर्च कर सकते है। ग्राहक अपने बैंक अकाउंट से आनलाईन रकम ट्रांसफर कर सकते हैं। देश में मोबाईल वालेट कारोबार 2015-16 में यह बिजनेस 154 करोड़ का था और यह 2021-22 तक 30 हजार करोड़ रूपये तक पहुँचने का अनुमान हैं।

सरकार के द्वारा पाँच सौ व हजार के नोटो को चलन से बाहर करने के साथ ही यह भी अत्यधिक आवश्यक हैं कि विदेशी बैंकों में जमा कालाधन वापस देश में लाना। नोटबंदी के समय व उसके पहले कालेधन से खरीदे गये सोने पर नियंत्रण लगाना क्योंकि इससे इतनी अधिक नकद मात्रा चलन से बाहर हो जाती है, पैसा ब्लॉक हो जाता हैं उसे विकास कार्यो में नही लगाया जा सकता है। कालेधन से खरीदी सम्पत्ति विशेषकर बेनामी सम्पत्ति का पता लगाया जाए व उसके लिये योजना बनायी जाए।

RBI के पूर्व गर्वनर रघुराम राजन का मत हैं कि नोटबंदी से देश को हर दिन 80 हजार करोड़ रू. का नुकसान हो रहा हैं अर्थात 50 दिन में 40 लाख करोड़ रू. का अनुमान है। मोदीजी के इस फैसले से भारतीय अर्थव्यवस्था तीन साल पीछे चली जाएगी। जब भारत 7% की दर से आगे बढ़ रहा था तब इस तरह के फैसले की जरूरत नहीं थी। इस प्रकार का फैसला सामान्यत: तब लिया जाता हैं, जबकि अर्थव्यवस्था की हालत बहुत खराब हो और कोई चारा न हो।

इस प्रकार प्रधानमंत्री जी के इस अभूतपूर्व एवं महत्वपूर्ण निर्णय से सीमा पार के नकली नोटों का कारोबार तथा देश की अर्थव्यवस्था में कालेधन की भूमिका पर रोक लगी हैं। अवैध तरीके से कालेधन की भूमिका पर रोक लगी है। अवैध तरीके से अर्जित और बेहिसाब कालाधन एक ही झटके में चलन से बाहर हो गया। इस फैसले से कितनी सफलता मिलने वाली है। इसका सही अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। लेकिन यह माना जा रहा है कि करीब दस लाख करोड रू. बैंक में जमा होंगे। इसका सकारात्मक असर देश के विकास पर पड़ेगा, क्योंकि सरकार के पास बुनियादी ढ़ाँचे को परियोजनाओं तथा जनकल्याण के कार्यक्रमों पर खर्च करने के लिए अधिक पैसा होगा। जिससे आर्थिक विकास की दर में वृद्धि होगी साथ राजनीतिक, सामाजिक, ढ़ाँचे की तस्वीर बदल सकती है।



उदारीकरण का भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रभाव

नितेश मिश्रा *

शोध सारांश – उदारीकरण का अर्थ है विश्व के साथ व्यापार की शर्तो को उदार बनाना, इस से ना केवल अर्थव्यवस्था का विकास सुनिश्चित होता है बल्कि देश का व्यापक विकास तथा बहुमुखि उन्नति होती है, उदारीकरण का अर्थ ऐसे नियंत्रण में ढील देना या उन्हें हटा लेना है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। उदारीकरण में वे सारी क्रियाए सम्मिलित हैं, जिसके द्वारा किसी देश के आर्थिक विकास में बाधा पहुॅचाने वाली आर्थिक नीतियों, नियमों, प्रशासनिक नियंत्रणों, प्रक्रियाओं आदि को समाप्त किया जाता हैं या उनमें शिथिलता दी जाती है।

प्रस्तावना – भारत में उदारीकरण की संकल्पना की शुरूआत 1980 के दशक में राजीव गॉधी के शासन काल में ही हो गयी थी, जब बहुत से उद्योग धन्धे तथा व्यापार पर प्रतिबंध समाप्त होना शुरू हो गया था किन्तु 1990 के दषक में जिन्होंने उदारीकरण को नया जन्म दिया वो इस कार्य के लिए सदैव जाने जाएंगे। 24 जुलाई 1991 के दिन को हमारे देश के पूॅजीपतियों ने ऐतिहासिक दिन बताया क्योंकि उसी दिन उदारीकरण एवं निजीकरण की अर्थव्यवस्था का प्रदुर्भाव तत्कालिक वित्तमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने श्री पी.वी नरसिंहा राव के प्रधानमंत्री काल में लागू किया।

शोध परिकल्पना – उदारीकरण वैश्वीकरण के कोंख से पैदा होने वाली व्यवस्था है, जिसने कुछ सालों में पूरी दुनिया के जनजीवन को प्रभावित किया है और एक दिशा में उसको विस्थापित किया है। यह कहना अतिषयोक्ति नहीं होगा की उदारीकरण ने विकास को नयी दिशा दी है। आज भारत दुनिया की बाजार पूॅजीकरण के अनुसार 12वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और भारत की 8 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि दर है। भारतीय अर्थव्यवस्था में बदलाव का श्रेय उदारीकरण को ही जाता है। जिसके फलस्वरूप भारतीय घरेलू उत्पाद 5 प्रतिशत् की रफ्तार से बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था जिसमें विनमेश का क्षेत्र को 2005 में 8.98 से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया है।

शोध प्रविधि एवं क्षेत्र – उदारीकरण ने प्रत्येक सेक्टर में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। चाहे वह कृषि, उद्योग सेवाऍ बैकिंग और दवा उद्योग, पैट्रोलियम और प्रकृति गैस उद्योग और इन सभी सेक्टरों में सुधार ने अधिकाधिक रोजगार के अवसर दिया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि उदारीकरण ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया है। तथा प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोत्तरी की है। किन्तु उदारीकरण का दूसरा पहलू जो वर्तमान में अत्यन्त भयावह है, उसका दृश्यावलोकन निम्नानुसार है।

कहने को तो राजनीतिक रूप से देश आजाद रहा किंतु उसकी नीतियां, योजनाएं और कार्यक्रम विदेशी निर्देशों पर विदेशी हितों के लिए संचालित होने लगे। बहुत तेजी से भारत की नीतियों आर्थिक प्रशासनिक ढ़ांचे और नियमों कानूनों में बदलाव होने लगे। तत्कालीन वित्तमंत्री मनमोहन सिंह अब देश के प्रधानमंत्री है। बीच में वे सरकार में नहीं थे, किन्तु जो सरकारें आई उन्होंने भी कमोवेश इन्हीं नीतियों को जारी रखा। देश में जागरूक लोक संगठन और जनआंदोलन इन नीतियों का विरोध करते रहे और इनके खतरनाक परिणामों की चेतावनी देते रहे। दूसरी और इन नीतियों के समर्थक कहते रहे कि देश की प्रगति और विकास के लिए यही एक रास्ता है। प्रगति के फायदे नीचे तक रिस कर जाएंगें और गरीब जनता की भी गरीबी दूर होगी। उनकी दलील यह भी है कि बहस सैद्धांतिक और अनुमानात्मक रही। दोनों पक्ष दलील देते रहे कि इनमे ऐसा होगा या वैसा होगा। हद् से हद् दूसरे देशों के अनुभवों को बताया जाता रहा किंतु अब तो भारत में इन नीतियों को दो दशक से ज्यादा हो चले है। एक पूरी पीढ़ी बीत चली है। किन्हीं नीतियों के या विकास के किसी रास्ते के मूल्याकंन के लिए इतना वक्त काफी होता है। इन नीतियों के वैश्वीकरण, उदारीकरण, निजीकरण, मुक्त बजार, आर्थिक सुधार, बाजारवाद, नवउदारवाद आदि विविध और कुछ हद तक भ्रामक नामों से पुकारा जाता है।

शोध उपकरण एवं सांख्यिकीय तकनीक – वास्तव में यह वैश्विक पूंजीवाद का एक नया ज्यादा आक्रामक और ज्यादा विध्वंसकारी दौर है। भारत में इसके अनुभव की समीक्षा का वक्त आ गया है। इन पर पूरे देश में खुलकर बहस चलना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि भारत सरकार अभी तक के अनुभव की समीक्षा किए बगैर बड़ी तेजी से इन विनाशकारी सुधारों को आगे बढ़ा रही है। उनकी भाषा में यह दूसरी पीढ़ी के सुधारों पर चल रही है। तो आइए देखें कि भारत में इस तथाकथित उदारीकरण का रिर्पोट कार्ड क्या रहा है। उपलब्धियां सरसरी तौर पर पिछले दो दशकों में काफी प्रगति दिखाई देती है। राष्ट्रीय आय जी.डी.पी की सालाना वृद्धि दर पहले 2.3 फीसदी हुआ करती थी। जिसे अर्थशास्त्री मजाक में हिन्दू वृद्धि दर कहते है किंतु इस अवधि में वह बढ़ते-बढ़ते 2005-06 से 2007-08 के बीच 09 के ऊपर पहुंच गई ।इससे उत्साहित होकर भारत को चीन के साथ नई उभरती आर्थिक महाशक्ति का दरजा दिया जाने लगा । हालांकि बाद में यह वृद्धि दर उतरते-उतरते चालू साल में 6 से नीचे आ गई है। 1991 के संकट के समय भारत का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था। और भारत का सोना 20 टन यूनियन बैंक ऑफ स्विटजरलैण्ड एवं 47 टन सोना बैंक ऑफ इग्लैण्ड में गिरबी रखना पड़ा। यह संकट दूर हुआ और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में काफी बढ़ोत्तरी हुई । भारत के निर्यात भी काफी बढ़े है। यदि विदेशी पूंजी निवेश को उपलब्धि माने तो इस अवधि में वह भी काफी बढ़ा है। भारतीय कम्पनियां अब दुनिया के अन्य देशों में जा रही हैं। और वहां की कम्पनियों को खरीद रही है यानी वे भी बहुराष्ट्रीय बन रहीं है। देश में कम्प्यूटर सूचना टेक्नालाजी, मोबाईल और वाहन क्रातियां हुई है। बैंग्लोर, हैदराबाद, पूना, गुड़गांव में इंटरनेट कम्पयूटर के केन्द्र विकसित हुए हैं, जिनमें रोजगार के नए अवसर पैदा हुए है। नए राजमार्ग एवं एक्सप्रेस मार्ग बने है। जिन पर

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

कारें सौ से ऊपर की रफ्तार पर दौड़ सकती है। दिल्ली का मेट्रो रेल भी एक चमत्कार लगती है। नए कार्पोनेट अस्पताल बन गए है जहां इलाज कराने के लिए दूसरे देशों से लोग आ रहे हैं और अब रसायन पर्यटन का नाम एक नई चीज शुरू हो गई है। शिक्षा में भी प्रबंधन, इंजीनियरिंग, सूचना टेक्नोलाजी, एविऐशन आदि के कई तरह के नए संस्थान खुल गए हैं और नए अवसर पैदा हुए हैं किंतु इन लुभावने आंकड़ों और चमक-दमक के बीच जो सवाल रह जाता हैं, वह यह कि देश के साधारण लोगों का क्या हुआ। उनकी जिंदगी पर क्या असर पड़ा वही असली कसौटी होगी। गरीबी और भुखमरी कहां है, रिसाव कुछ समय पहले भारत सरकार ने अर्थशास्त्री अर्जुन सेनगुप्ता की अध्यक्षता में असंगठित क्षेत्र के बारे में एक आयोग गठित किया था। इस आयोग के एक यान ने देश के प्रबुद्ध वर्ग को चौंका दिया था। वह यह कि देश के 78 फीसदी लोग 20रू. रोज के नीचे जीवनयापन करते है। इस आंकड़े ने देश की प्रगति और विकास के दावों की पोल खोल दी और राष्ट्रीय आय की ऊंची वृद्धि दर के जश्न की हवा निकाल दी। सेनगुप्ता आयोग का यह आंकड़ा 2004-05 का था किंतु उसके बाद तो मंहगाई से लोगों की हालत और खराब हुई। भारत सरकार और उसका योजना आयोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाली आबादी में लगातार कमी का दावा करता रहता हैं, उसकी भी असलियत सेनगुप्ता आयोग के इस कथन ने उजागर कर दी। इस बीच में कई विद्धानों ने बताया है कि गरीबी रेखा के निर्धारण और उसकी गणना में कितनी त्रुटियां है। पिछले वर्ष जब योजना आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि वह गांवों में 26 रू. और शहरों में 32 रू. रोज से ज्यादा प्रति व्यक्ति खर्च करने वालों को गरीब नहीं मानता है तब इस हास्यास्पद और दयनीय गरीबी रेखा पर देश में बवाल मचा। दरअसल जानबूझकर इतनी नीची और अव्यवहारिक गरीबी रेखा रखी गई है ताकि गरीबी में कमी और बड़े हिस्से को बुनियादी सुविधाओं में सरकारी मदद से वंचित करने में भी किया जा रहा है। जिससे साधारण लोगों के कष्ट बढ़े हैं, भारत को आर्थिक महाशक्ति बताने वालों को यह भी देख लेना चाहिए कि प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से दुनिया के देशों में भारत का स्थान लगातार बहुत नीचे 133 के आसपास बना हुआ है। ऊंची वृद्धि दर के बावजूद भारत दुनिया के निर्धनतम देशों में से एक है। राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय के मौद्रिक आंकड़े पूरी हकीकत का बयान नहीं करते हैं। मानव विकास सूचकांक और अंतर्राष्ट्रीय भूख सूचकांक में भी भारत का स्थान बहुत नीचे है। संख्या के हिसाब से दुनिया के सबसे ज्यादा भूखे, कुपोषित और अनपढ़ लोग भारत में ही रहते है। अर्थशास्त्री ज्यांद्रेज और अमर्तय सेन ने पिछले दिनों एक लेख (आउटलुक 14 नवम्बर 2011) में हमारा ध्यान कुछ दुखद तथ्यों की ओर आकर्षित किया है। कुपोषित कमजोर बच्चों का अनुपात पूरी दुनिया में भारत में सबसे ज्यादा है। (43.5 फीसदी), अफ्रीका के बाहर केवल चार देशों की बाल मृत्यु दर भारत से ज्यादा है और केवल पांच देशों की युवा महिला साक्षरता दर भारत से कम है। कई मामलों में हमारे पड़ोसी पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की हालत हमसे बेहतर है क्या ये शरम से सिर झुकाने लायक हालात नहीं है, दरअसल पिछले दो दशकों में भारत में पहले से मौजूद गैरबराबरी और तेजी से बढ़ी है। जो समृद्धि दिखाई दे रही है, वह थोड़े से लोगों के लिए है। राष्ट्रीय आय की वृद्धि मुट्ठी भर लोगों के हाथ मंढ़े जा रही है। अमीर और उच्च मध्यम वर्ग के लोग अमीर बनते जा रहे हैं बाकी लोग या तो अपनी जगह है या कई मायनों में बदत्तर होते जा रहे हैं। अमीर-गरीब की बढ़ती खाई के अलावा गांव, क्रमश: शहर , खेती-गैर खेती की खाई तथा क्षेत्रीय गैर बराबरी और सामाजिक गैर बराबरी भी बढ़ी है। इस बढ़ती गैर बराबरी के कारण समाज में अंसतोष, तनाव, झगड़ों और अपराधों में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। रोजगार शून्य विकास राष्ट्रीय आय की वृद्धि का आम लोगों की बेहतरी में न बदलने का एक प्रमुख कारण है कि यह रोजगार रहित वृद्धि हैं। नए रोजगार कम पैदा हो रहे हैं और पुराने रोजगार तथा अजीविका के पारम्परिक स्त्रोत ज्यादा नष्ट हो रहे हैं। कम्प्यूटर-इंटरनेट के नए रोजगारों की संख्या बहुत सीमित है और अमरीका- यूरोप की मंदी के साथ उनमें भी संकट पैदा हो रहा है।

शोध व्याख्या – आर्थिक उदारीकरण के पूर्व खाद्यान्न के संकट को हमने हरित क्रांति के जरिए दूर किया था और हम इस क्षेत्र में स्वावलम्बी हो गए थे। फिलहाल देश में खाद्यान्न संकट नहीं है और वर्षा अच्छी होने के कारण फसल अच्छी होने की उम्मीद है, लेकिन इससे खाद्यान्न की समस्या का समाधान नहीं होगा। विचित्र उलटबासी है कि देश में खाद्यान्न का और अन्य वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है, लेकिन वह लोगों को नसीब नहीं।

महंगाई तो विकास की पहचान बन गई है। यह नहीं कहा जाता कि महंगाई के कारण इस देश की अधिकांश जनता को जीवन चलाने के लिए नितांत अभाव ग्रस्तता की कोई यातना देश के कर्णधारों के वक्तव्यों में नहीं झलकती। महंगाई को विकास से जोड़कर वे सुखी और संतुष्ट लोगों को ऑकड़ेबाजों की तरह आश्वस्त कर देते हैं लेकिन अभावग्रस्त जनता के लिए अप्रासंगिक हो जाते हैं।

विकास के लिए देश में विदेशी पूंजी निवेश की चाह लिए करीब दो दशक पहले जिस उदारीकरण का सपना देश की जनता को तात्कालीन कांग्रेस की सरकार (नरसिंह राव की सरकार) ने दिखाया था उसने आम आदमी को आखिर दिया क्या। आज जबकि उदारीकरण को 20 साल से ऊपर हो चुके हैं तो सबसे बड़ा सवाल यही हैं।

उदारीकरण को लेकर न जाने कितने ही तर्क और कुतर्क दिए जाते हैं लेकिन वास्तविकता क्या है, यदि इस उदारीकरण को आम आदमी के नजरिए से देखा जाए जिसके लिए सारी योजनाएं बनती हैं और नीतियों का निर्धारण किया जाता है। भले ही उसकी हकीकत कुछ भी हो तो यह सिर्फ एक धोखे के अलावा कुछ भी नहीं लगता। सच तो यह है कि उदारीकरण ने सीधे-सीधे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया।

निष्कर्ष – आम आदमी की आर्थिक स्थिति तो पहले भी खराब थी और धीरे-धीरे बिगड़ती ही चली गई। अमीर और गरीब के बीच जो खाई दरअसल आज इस देश में है, उसकी जड़ भी उदारीकरण ही है। मुनाफे पर आधारित विकास की परम्परा की नींव पर अगर विकास का मकान खड़ा किया जाए तो वह किसके हित में होगा यह सहज भी समझा जा सकता है। इस प्रकार उदारीकरण के तथ्यों पर गहन विचार- विमर्श किया जाऐं तो यह स्पष्ट होता हैं कि उदारीकरण विनाश का कारण ही बना रहा है।

सुझाव – शोध पत्र के माध्यम से उदारीकरण में महंगाई तो विकास की पहचान बन गई है। यह नहीं कहा जाता कि महंगाई के कारण इस देश की अधिकांश जनता को जीवन चलाने के लिए नितांत अभाव ग्रस्तता की कोई यातना देश के कर्णधारों के वक्तव्यों में नहीं झलकती। महंगाई को विकास से जोड़कर वे सुखी और संतुष्ट लोगों को ऑकड़ेबाजों की तरह आश्वस्त कर देते हैं लेकिन अभाव ग्रस्त जनता के लिए अप्रासंगिक हो जाते हैं। इन प्रयासों को समझकर एवं बेहतर निर्णय लेकर उदारीकरण की प्रक्रिया में लोच की आवश्यकता है। जिससे देश का अग्रसर विकास संभव हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

जनजातीय श्रमिकों की आर्थिक स्थिति का अध्ययन (शहडोल जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. शाहीन परवीन *

प्रस्तावना – भारत देश का अधिकांश क्षेत्र आदिवासी जनसंख्या बाहुल्य है तथा विश्व के अन्य देशों की अपेक्षा पिछड़ा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद जहॉ एक ओर देश के विकास पर जोर दिया गया, वहीं समाज के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े आदिवासी जनजातीय समुदायों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य तत्कालीन सरकारों द्वारा किया गया है। इनके विकास के लिए समय-समय नीतिगत निर्णय लिये जाकर उनके विकास एवं प्रगति के कार्य किए गए है एवं निरंतर प्रयास किए जाते रहे है। वर्तमान परिवेश में शहडोल जिले के जन-जातीय समुदायों में रोजगार और शिक्षा के ढ़ॉचे में जो परिवर्तन दिखाई देता है, उसका अर्थ शास्त्रीय आधार क्या होगें यह जानने के लिए सूक्ष्म अध्ययन ही आवश्यकता है। अत: इस बात की जानकारी प्राप्त करना अति आवश्यक है कि शहडोल जिले के जनजातीय श्रमिकों का कितना आर्थिक विकास हुआ है। तथा अभी कितना होना शेष है। शहडोल जिले में मुख्य रूप से गोंड, बैगा, भरिया, कोल, कंवर खैरवार आदि जनजातियाँ निवासरत है। जिले में गोंड जनजाति की संख्या सर्वाधिक है।

शहडोल जिले के जनजातीय श्रमिकों के जीवन यापन के साधन – समाज अपने उद्‌भव से वर्तमान तक अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए सतत संघर्षरत है। समाज का यह संघर्ष स्वयं से प्रकृति के साथ है। स्वयं से संघर्ष का तात्पर्य हैं, समाज अपने अस्तित्व को बनाए रखने के अर्थात् समाज की इकाइयाँ (मनुष्य) जीवित रहने के लिए आदिकाल से ही प्रयासरत है, वहीं प्रकृति से संघर्ष का तात्पर्य है, प्राकृतिक आपदाओं से स्वंय को सुरक्षित रखना। समाज का अस्तित्व जीवन के कारण ही बचा हुआ है और जीवन के लिए आवश्यक है- 'आवश्यकताओं की पूर्ति'। इन्हीं आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मनुष्य द्वारा हजारों वर्षो से किए जा रहे प्रयासों को विद्वानों ने जीवन यापन के साधन बताया है। समाज में मनुष्य की कुछ मूलभूत आवश्यकताए होती हैं, जिनमें सबसे प्रमुख आवश्यकता है – भोजन , भोजन के अतिरिक्त अन्य आवश्यकताओं में आवास और वस्त्र आते हैं।

जनजातीय समाज में जीवनयापन के साधन एक अनिवार्य आवश्यकता है। जनजातीय श्रमिकों का समाज सरल समाज है । ये अत्यन्त कठिन एवं विषम परिस्थितियों में जीवन यापन करते हैं। जनजातीय श्रमिकों के जीवन निर्वाह के सभी साधन पूर्णत: प्रकृति पर ही आधारित हैं। भौगोलिक एवं क्षेत्रीय भिन्नताओं के कारण इनकी जीवन शैली भी पृथक-पृथक होती हैं। जनजातीय श्रमिकों के जीवन यापन के साधनों में भी भिन्नता दिखाई देती है। जनजातीय श्रमिकों के जीवन यापन के विभिन्न साधनों का प्रभाव निम्नानुसार है –

1. **वातारण –** जनजातीय श्रमिकों में विभिन्न वातारण एवं भौगोलिक पर्यावरण में जीवनयापन होता है। भौगोलिक वातारण की भिन्नता के कारण ही जनजातीय श्रमिकों का कृषि कार्य अधिक होता है। जिसमें जनजातीय श्रमिक मुख्य रूप से शिकार मछली पालन कृषि क्षेत्र में मजदूरी आदि का कार्य करते हैं।

2. **परिस्थितिकी –** वातारण के साथ मानव का अभियोजन अथवा सामंजस्य स्थापित करना परिस्थितिकी कहलाता है। जनजातीय श्रमिकों के समाज के जीवन यापन के साधनों में पस्थितिकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आवास के अतिरिक्त जनजातियों के वस्त्र भोजन भी परिस्थितिकी पर निर्भर करते हैं। शहडोल जिले के जनजातीय श्रमिकों द्वारा चावल, मछली, वनोपज, दूध, घी तेल मांस आदि अधिकाधिक प्रयोग करते हैं। तकनीकी मनुष्य का वातावरण और परिस्थितिकी के साथ संबंध स्थापित करने में तकनीकी महत्वपूर्ण कार्य करती है। तकनीकी ज्ञान मनुष्य की आवश्यकतानुसार विकसित होता है।

जनजातीय श्रमिक समाज के जीवनयापन के साधन प्रकृति पर आधारित है। विकास के साथ-साथ जनजातीय श्रमिकों ने भी जीवन यापन के अन्य साधन अपनाना प्रारंभ किया है। जनजातीय श्रमिकों के जीवन यापन के प्रमुख साधनों को निम्नानुसार विभक्त किया जा सकता है –

1. **जंगलों से संकलन द्वारा-** शहडोल जिले के जनजातीय श्रमिकों के जीवन यापन के साधनों का प्रथम स्तर संकलन है । वनों एवं पहाड़ों में जीवन यापन करने वाला जनजातीय श्रमिक समुदाय अपने निवास के समीपस्थ स्थानों से कंदमूल फल , वनस्पति लकड़ी आदि संकलन कर उपभोग करते हैं। एवं संकलन के अतिरिक्त होने पर उसे अपने समाज में वितरित कर देते हैं।

2. **आखेट-** जनजातीय श्रमिकों के जीवन यापन के साधनों का द्वितीय स्तर आखेट या शिकार करना है। शहडोल जिले की सबसे अधिक पिछड़ी बैगा जनजाति है, जो कि आज यही जनजाति शिकार करती हैं। शहडोल जिले में बैगा, भूमिया, बहेलिया ही आखेट कार्य करती हैं।

3. **कृषि-** जनजातीय श्रमिक समाज में कृषि जीवनयापन का एक महत्वपूर्ण साधन है। आज अधिकांश जनजातीय श्रमिक अपने श्रम साधन से शिल्प कला और घरेलू श्रम कार्य जो कृषि से संबंधित हैं । उनके माध्यम से जीवन यापन करते हैं।

4. **शिल्पकला एवं घरेलू उद्योग-** वर्तमान में जनजातीय श्रमिक समूहों में शिल्पकला एवं घरेलू उद्योगों का अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है। जीवनयापन के साधनों के रूप में जनजातीय श्रमिकों के द्वारा घरेलू उद्योग के रूप में बांस की टोकरी , लकड़ी के उपयोगी सामान, सूत कातना, रस्सी

* अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) पं. शंभूनाथ शुक्ल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

बनाना, महुए से शराब बनाना और बेचना लघु वनों पर संग्रहण , लोहा गलाकर औजार बनाना वस्तु निर्माण आदि कार्य किए जाते हैं।

5. खनिज खदानें – खनिज खदानों में मजदूरी करना भी जनजातीय श्रमिक की एक प्रमुख व्यावसायिक गतिविधि है। आदिवासी क्षेत्रों में वन संपदा के साथ–साथ खनिज सम्पदा का भी भण्डार शहडोल जिले में है। कोयला , चूना , आदि की खदानों में अधिकांश जनजातीय श्रमिक कार्यरत हैं।

6. उद्योग – विकास के साथ जनजातीय श्रमिक समाजों में भी तकनीक का विकास हुआ है। तकनीकी विकास के फलस्वरूप वर्तमान में जनजातीय श्रमिकों द्वारा लाख कत्था, उद्योग संचालित कर रही है। शहडोल जिले में लाख से चूड़ी , चपड़ा बनाया जाता है। खैर की लकड़ी से कत्था बनाया जाता है।

7. बाँस उद्योग – जनजातीय कृषक समाज में बांस उद्योग एक प्रमुख उद्योग है। वनों से पयार्प्त मात्रा में बांस की उपलब्धता के कारण जनजातियों द्वारा बांस का व्यावसायिक उपयोग किया जाता है। बांस की चटाई ,टोकनी, सूपा , अनाज रखने के बर्तन आदि दैनिक उपयोग के अलावा व्यावसायिक स्तर पर भी बनाए जाते हैं।

शहडोल जिला आदिवासी बाहुल्य तथा जंगलों की अधिकता के कारण यहाँ के जनजातीय श्रमिकों द्वारा बांस का उपयोग दैनिक जीवन यापन की वस्तुओं के साथ–साथ व्यावसायिक उपयोग पर भी प्रयोग किया जाता है।

8. मधुमक्खी पालन उद्योग – वनों के निवासी होने के कारण जनजातीय श्रमिकों द्वारा मधुमक्खी पालन इनका एक प्रमुख व्यवसाय हैं। जनजातीय श्रमिकों द्वारा मधुमक्खी के छत्तो का रस एकत्र कर शहद को शहरों में बेंचा जाता है।

शहडोल जिले के जंगली क्षत्रों में निवासरत जनजातियों द्वारा इस व्यवसाय से अपने जीविकोपार्जन का माध्यम बनाए हुए हैं।

9. रेशम उद्योग एवं कोसा उद्योग– शहडोल जिले के अलावा यह उद्योग बैतूल, होशंगावाद जिलों में रेशम उत्पादन होता है। शहडोल जिले के जनजातीय श्रमिकों द्वारा रेशम उद्योग का उपयोग लधुस्तर पर किया जाता है।

शहडोल जिले में कोसा उद्योग न्यून स्तर पर कोसा के वस्त्र बनाए जाते है। यहाँ के जनजातीय श्रमिकों का जीविकोपार्जन कोसा उद्योग के द्वारा नहीं हो पाता है।

इसप्रकार जनजातीय श्रमिक समाज द्वारा उपरोक्त व्यवसायों के अतिरिक्त पत्थर, की मूर्तियों, कांसे की घंटी, माला बनाना आदि कार्य भी सम्पादित किए जाते हैं। जिससे इनकी आजीविका की पूर्ति होती है। और अर्थव्यवस्था की वृद्धि भी होती है।

निष्कर्ष– शहडोल जिले में जनजातीय श्रामिकों की आर्थिक स्थिति निम्नतर स्थिति की है। देश के विकास की गति के साथ यदि तुलना की जाए तो इस गति में जनजातीय समाज काफी पीछे है। देश के बढ़ते नगरीकरण के कारण आदिवासी वर्ग में काफी विषमता देखने को मिलती है। अशिक्षा एवं गरीबी के कारण व्यापारी, महाजन और ठेकेदारों द्वारा इनका निरंतर शोषण किया जा रहा है। इनके आर्थिक विकास के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ एवं नीतियां क्रियान्वित है। जैसे शौक्षिणिक योजनाएं, तेंदूपत्ता संकलन योजना, बालश्रम कल्याण योजना आदि।

सदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जिला सांख्यिकी पुस्तिका जिला शहडोल (म.प्र.)।
2. शहडोल के आदिवासी– राममित्र चतुर्वेदी।
3. आदिवासी समाज में आर्थिक परिवर्तन– राकेश कुमार सिंह।
4. मध्य प्रदेश का आर्थिक विकास– प्रो. ओ.एस. श्रीवास्तव।
5. महिला श्रमिक– सरोज राय।
6. म.प्र. के आदिवासी– शिवकुमार तिवारी।

****

कृषि विपणन में कृषि उपज मण्डियों तथा संगठित बाजारों की भूमिका - खरगोन जिले के विशेष संदर्भ में

डॉ. सपना भालेकर *

प्रस्तावना - भारत कृषि योग्य भूमि की दृष्टि से विश्व का तीसरा बड़ा देश है, किन्तु विडम्बना यह है कि कृषिकेवल आजीविका का साधन बनकर रह गई है। भारतीय कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाया जाए तो कृषि उत्पादन के साथ-साथ कृषि विपणन पर पूर्ण ध्यान देना होगा। उदारीकरण के पश्चात् भारतीय कृषि विश्व बाजार के पटल पर आ चुकी है। अब यह जरुरत महसूस की जा रही है कि एक कृषक को एक अच्छा किसान ही नहीं, बल्कि एक अच्छा व्यापारी भी होना चाहिए। भारतीय कृषकों को न केवल देश के अंदर प्रचलित कृषि बाजारों की जानकारी होना चाहिए, बल्कि विश्व बाजारों मे होने वाले उच्चावचनों की भी जानकारी होनी चाहिए, जिससे कि उचित ढंग से उत्पादन का विपणन हो एवं अधिक से अधिक कृषि उत्पादों के मूल्यों की प्राप्ति हो सके।

कृषि विपणन क्यों - म.प्र. शासन द्धारा मण्डी अधिनियम 1972 में समय-समय पर संशोधन कर कृषकों को लाभ प्रदान करने का प्रयास किया गया है। वर्ष 2006-07 में इसी दृष्टि से कृषि विपणन में बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी प्रवेश दिया गया है एवं मण्डी प्रांगण के बाहर खरीदी करने की अनुमति निजी कंपनियों को दी गई, किन्तु इस प्रक्रिया का पूरे जोर तरीके से व्यापारियों द्धारा विरोध किया गया एवं रुचि सोया कंपनियों ने ग्रामीण क्षेत्रों मे अपने क्रय सेन्टर खोल दिए है एवं विपणन कार्य करने लगे है। ग्रामीण क्षेत्र में हाट, बाजारों में भी लगी मण्डी समितियों की कुल संख्या 341 है, जिसमें इंदौर संभाग में कुल 32मण्डी समितियाँ कार्य कर रही है तथा खरगोन जिले में 07 मण्डी समितियाँ है।

भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों को आज भी व्यवस्थित बाजारों से पहुंच दूर है। साथ ही शहरी क्षेत्र में आज भी कृषक अपने खलिहानों से 50-50 किलोमी. दूर अपने माल को विक्रय करने हेतु ले जाते है। परिणाम यह होता है कि कृषक विवश होकर बिचौलियों को अपनी उपज को विक्रय कर देते है। इन्हीं समस्त बातों को ध्यान में रखते हुए यह जानने का प्रयास किया गया है कि खरगोन जिले में स्थापित मण्डी समितियों के विपणन कार्य से कृषकों के शोषण में कमी आयी है या नहीं। कृषकों को मण्डियों की पर्याप्त सुविधाएँ मिल पा रही है या नहीं।

अध्ययन क्षेत्र - शोधप्रबंध के अंतर्गत खरगोन जिले अन्तर्गत पूर्व में शोधकर्ताओं द्धारा किए गए शोध कार्य, अनुभव एवं अवलोकन लिया गया है। इसी के साथ शोध प्रविधि में समग्र, अवलोकन की इकाई अध्ययन की, प्रतिचयन विधि एवं आकार, आंकड़ों के संकलन एवं विश्लेषण के उपकरणों को समाहित किया गया है।

अध्ययन का उद्देश्य -

1. मण्डियों तथा संगठित बाजारों मे कृषि उपज का पर्याप्त मूल्य मिल रहा है या नहीं की स्थिति का विश्लेषण करना।
2. कृषकों द्धारा ली जाने वाली प्रमुख फसलों की विपणन अतिरेक तथा विपणन लागत की स्थिति का पता लगाना।
3. कृषकों द्धारा उत्पादन, विक्रय एवं उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु अपनाए गए उपायों का अध्ययन करना।

अध्ययन परिकल्पना पर आधारित है - प्रस्तुत **अध्ययन** की परिकल्पनाएँ निर्धारित की गई है।

1. ग्रामीण क्षेत्रकाकृषि विपणन के क्षेत्र में पर्याप्त विकास नहीं हो पाया है। वर्तमान मे भी कृषक परंपरागत विपणन व्यवस्था को अपनाए हुए है, जिसमें उन्हें अपनी उपज का पर्याप्त मूल्य नहीं मिल पाता है।
2. मण्डियों एवं संगठित बाजारों के विकास से कृषकों के शोषण में कमी आई है।

भारत में कृषि विपणन की स्थिति - मण्डियों में कृषि उपजों के विक्रयार्थ प्रदर्षन तीन प्रकार से होता है। (1) ट्रेक्टर ट्राली में रखी खुली उपज (2) बोरों में रखी उपज का नमूना निकालकर (3) फंड पर उपज का ढेर लगाकर मण्डी प्रांगण में आदि समस्त कृषि उपजों का मूल्य निर्धारण निविदा बोली या खुली नीलाम पद्धति से तय किया जाता है। राज्य सरकार द्धारा कृषि उपजों के घोषित समर्थन मूल्य से ऊपर नीलाम बोली प्रारंभ की जाती है। किसान अपनी उपज को नीलाम में अंतिम बोली द्धारा निर्धारित मूल्य पर विक्रय से मना कर पुन: उसी दिन नीलाम के अंत में या अन्य दिन विक्रयार्थ प्रस्तुत कर सकता है। अत: नियमित मण्डियों के स्थापना से प्रति स्पर्धात्मक विक्रय पद्धति विकसित हुई जो अधिकाधिक किसानों के हित में है। यद्यपि संभागीय मण्डियों में 10-20% विक्रय निजी समझौता पद्धति से होना पाया गया है।

खरगोन जिले (म.प्र.) में कृषि विपणन की स्थिति - मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 की अनुसूची में सूचीबद्ध कृषि उपजों का क्रय-विक्रय अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही किया जा सकता है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत क्रय-विक्र किए जाने के लिए मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्धारा मण्डी समितियों के लिए उपविधि-2009 का निर्माण किया गया है।

जिसमें क्रय-विक्रय किए जाने के लिए मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्धारा मण्डी समितियों के लिए उपविधि 2009 का निर्माण किया गया है, जिसमें क्रय-विक्रय के तरीके को निम्न भागों में विभक्त किया गया है। उपविधि में क्रय-विक्रय के दो तरीके निर्धारित किए गए है -

1. पूरी उपज मण्डी प्रांगण में विक्रय हेतु लाना।
2. नमूना एवं सौदा पत्रक के आधार पर बिक्री करना।

व्यापार को करने के लिए जो आवश्यक अधोसंरचना है, वह मण्डी समिति उपलब्ध करावे। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ही उपविधियों में एक

* (अर्थशास्त्र) सी-6 शरद नगर धार (म.प्र.) भारत

से अधिक बिक्री की पद्धति लागू की गई है, ताकि प्रदेश मे, 21वी सदी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विपणन की पद्धतियों को विकसित किया जा सके तथा नियमन का लाभ अधिक से अधिक उत्पादकों को मिल सके।

कृषि विपणन में कृषकों की वास्तविक स्थिति – अध्ययन क्षेत्र खरगोन जिले से संबंधित है, जिसमें किसानों द्धारा मण्डियों के संदर्भ में दिए गए विचारों को तालिकाबद्ध करके विश्लेषण एवं व्याख्या की गई है। अध्ययन क्षेत्र के किसानों का सूक्ष्म स्तर पर अवलोकन के पश्चात् यह पाया गया है कि यहां अधिकांश किसान वर्तमान समय में भी कृषि की परंपराग तकनीकी को अपनाए हुए है, जिससे उपज की गुणवत्ता में अधिक मात्रा में सुधार नहीं हो पाया है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि किसानों की आय में गिरावट होती जा रही है। अध्ययन क्षेत्र के उत्तरदाताओं की कृषि से प्राप्त आय का औसत 116155.6 रु. है, जबकि अन्य स्त्रोतों से आय अर्जित करने वाले 61 उत्तरदाताओं की आय का औसत 28848.2 रु. है। कृषकों की आय मे अधिक उच्चावचन होने का मुख्य कारण यह है कि अधिकांश कृषक छोटी जोत वाले है तथा विपणन के प्रति कम जागरुक है, जबकि बड़ी जोत तथा अधिक उत्पादन करने वाले किसान विपणन के प्रति जागरुक होने के साथ आधुनिक सूचना तंत्र के माध्यम से कृषि मूल्यों की जानकारी आसानी से प्राप्त कर लेते है।

अध्ययन क्षेत्र में कृषकों द्धारा संस्थागत स्त्रोतों से 57.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने ऋण प्राप्त किया है, जबकि असंस्थागत स्त्रोतों से ऋण प्राप्त करने वाले किसान 80.4 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में असंस्थागत स्त्रोतों से सर्वाधिक मात्रा में किसान ऋण प्राप्त करते है। असंस्थागत स्त्रोतों की ऋण राशि समय पर नहीं लौटाने पर गिरवी रखी संपत्ति को संबंधित व्यक्ति जब्त कर लेते है। विपणन व्यवस्था तथा भण्डारगृहों के संबंध में 53.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया किउनके स्वयं के गोदाम (भंडारगृह)है, जहां उपज को संग्रहित किया जाता है, जबकि मात्र 3.6 प्रतिशत उत्तरदाता किराये के भंडारगृहों का उपयोग करते है। अध्ययन क्षेत्र 43.3 प्रतिशत उत्तरदाता उपज को संग्रहित करके नहीं रखते, बल्कि उसे शीघ्र बेच देते है तथा जीवन निर्वाह हेतु खाद्यान्नों को घरों में संग्रहित कर देते है।

अध्ययन क्षेत्र में मात्र 10.2 प्रतिशत किसान उपज का श्रेणीकरण करते है तथा47.1:किसान उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर बेचते है। इसके साथ ही50.7:गांवों में पक्की सड़कें विद्यमान है। जबकि अन्य गाँवों मे कच्ची सड़कें आज भी विपणन कार्यों को नकारात्मक ढंग से प्रभावित करती है।

निष्कर्ष – अंतिम निष्कर्ष के रुप में यह स्पष्ट होता है कि कृषि उपज मण्डियों तथा संगठित बाजारों ने कृषि विपणन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

1. कृषि विपणन में मण्डी बोर्ड, महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है, क्योंकि मण्डी बोर्ड को अपने कारोबार में वृद्धि करने, मण्डियों की विपणन प्रक्रिया में एकरुपता लाने एवं शोषण रहित विपणन प्रणाली विकसित करने हेतु विनियम एवं उपविधियों बनाने का वैधानिक अधिकार है। वही मण्डी समितियाँ अपने कार्य में कारोबार करने हेतु नियम बना सकती है।
2. संगठित बाजारों के विस्तार ने सूचना तंत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है, क्योंकि इसके माध्यम से किसानो को उपज के वास्तविक मूल्यों का ज्ञान होता है। साथ ही उपज वृद्धि की प्रेरणा भी मिलती है।
3. किसानों, व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कई प्रकार की नीतियाँ भारतीय खाद्य निगम ने भी बनाई है, जिसने ग्रेडिंग पद्धति में खाद्यान्नों में मिलावट की समस्याओं का समाधान किया है।
4. सूक्ष्म स्तर पर अध्ययन क्षेत्र में संगठित बाजारों के योगदान को जानने के लिए 225 कृषक उत्तरदाताओं के परिवारों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण रुप से यह पाया गया है कि उत्तरदाताओं की जीवन निर्वाह का मुख्य साधन कृषि है। जिसमें उनकी औसत आय 1,16,155 रु. के लगभग है। अन्य स्त्रोतों से प्राप्त आय मात्र 28,848 रु. है तथा अन्य स्त्रोतों से प्राप्त आय परिवारों की मात्र 27 प्रतिशत है।
5. कृषि उत्पादन से प्राप्त आय को किसानों द्धारा उत्पादक एवं अनुउत्पादक कार्यों में बराबर व्यय किया जाता है।
6. 98.4 प्रतिशत किसान उत्पादक कार्यो हेतु ऋण लेते है, जिसके लिए बंधक के रुप में पावती का उपयोग किया जाता है, जबकि असंस्थागत ऋणों के बदले कृषि भूमि, पषुधन तथा आभूषण और फसलों का हिस्सा व घर को बंधक के रुप में रखा जाता है।
7. अधिकांश कृषकों द्धारा विभिन्न मौसमों में ली जाने वाली फसलों खरीफ एवं रबी की है, जो 84.9 प्रतिशत है।
8. मात्रा 14 प्रतिशत किसान केवल खरीफ की फसल ले रहे है।
9. किसान 66.2 प्रतिशत केवल जीवनयापन के लिए कृषि कार्य कर रहे है।
10. कृषि विपणन व्यवस्था के संबंध में यह वास्तविकता नजर आती है कि 48 प्रतिशत किसान 30-60 दिनों के अंतर्गत कृषि उपज बेच देते है।
11. उपज के शीघ्र बेचने का कारण ऋणों का भुगतान करना एवं भंडारगृहों की कमी है, विपणन व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए सड़कों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।
12. अध्ययन क्षेत्र में 50.7 प्रतिशत किसान सड़कों के माध्यम से उपज मण्डी तक लाते है। साथ ही सर्वाधिक 55.6 प्रतिशत किसान परिवहन हेतु निजी साधनों का उपयोग करते है।

उपरोक्त निष्कर्ष यह स्पष्ट करता है कि संगठित बाजारों के विकास ने किसानों के शोषण को कम किया है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संपूर्ण देश में हमारा प्रदेश कृषि विपणन के क्षेत्र में क्रान्ति का अग्रदूत होगा। प्रदेश के किसान को समुचित विपणन से कृषि उत्पादन के बहुपयोगी लाभ प्राप्त होने से ग्रामीण विकास में पर्याप्त योगदान मिल सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अग्रवाल ए.एन. (1997), 'भारतीय अर्थशास्त्र विकास एवं आयोजन', म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
2. अग्रवाल एम.सी. (1974), 'कृषि का अर्थतंत्र', म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
3. अग्रवाल, अनुपम (1999), 'भारतीय अर्थशास्त्र', साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा।
4. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण (2006), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
5. भद्दा बी.एम. एवं पोखार बी.एल. (2001), 'विपणन प्रबंध के सिद्धांत एवं व्यवहार' रमेश बुक डिपो, जयपुर।
6. भद्दा बी.एम. पोरवाल बी.एल. (1998), 'विपणन प्रबंध के सिद्धांत एवं व्यवहार', रमेश बुक डिपो, जयपुर।

म. प्र. – छत्तीसगढ़ के जनजातियों की संस्कृति एंव कला

डॉ. किरण अग्रवाल * डॉ. बी.एस. धुर्वे **

प्रस्तावना – जनजाति या भूमिजन , बनवासी या जिन्हें हम आदिवासी के नाम से जानते है। भारत के विभिन्न प्रांतों में सुदूर ग्रामीण अंचलो के बीच प्रकृति की गोद में जिन्दगी बसर करते आ रहे हैं ,धरती मां की गोद मे पलते है। कुदरती वातावरण मे अपने आपको ढालते है आदि युग से ही ये प्रकृति के प्रेमी है एंव निकट में रहकर जीवन यापन करने के आदी है।

म0प्र0 –छत्तीसगए में विभिन्न जनजातियाँ निवास करती है जैसे गोड, माडिया, भुरिया, भतरा धुर्वा, हलवा, भील भिलाला, कोरकू, बैगा, पठारी प्रधान, ढुलिया, उराव कोरबा, कोल पनिका आदि। इनमें से गोंड जनजाति म0प्र0 के प्राय: सभी जिलो में पायी जाती है जबकि बस्तर जिले में माडिया मुरिया, हलवा, अबूझ माडिया, भतरा आदि जनजातिया निवास करती है भील, भिलाला धार, बडवानी एंव झाबुआ जिले में, कोरकू बैगा बैतूल जिले में उराव रायगढ एंव सरगुजा जिले मे, कोल शहडोल, डिण्डौरी, मण्डला रीवा, सीधी, सिंगरौली, जिलो में निवास करती है।

संस्कृति एंव कला – यह सर्वविदित है कि जनजातियों की अपनी एक अलग संस्कृति है जो अपने आप में सम्पूर्ण एंव परिपूर्ण है इन जनजातियों में अपनी भौगोलिक, आर्थिक, समाजिक, एंव संस्कृतिक सीमाओ में रहते हुए अपनी आवश्यकताओ के आधार पर अपनी कला एंव संस्कृति को संजोया एवं सवारा है और समृद्ध भी किया है। उनका संगीत,नृत्य कला एंव हस्तशिल्प दुनिया मे अनूठा एंव बैजोड है। प्राय: सभी जनजातियाँ खेतों में अनाज बोने के पहले धरती माता, इन्द्रदेव एवं बड़ा देव की पूजा गांव के भी लोग मिलकर करते है। जिसे कहीं कहीं 'बिरी पूजा' भी कहते है । बस्तर के माडिया काकसार उत्सव मनाकर जो गोत्र देव बडादेव की पूजा खेतों में बोए जाने वाले बीजों में उत्तम फसल की कामना करते है। नयी फसल पक जाने पर 'नवाखानी के रूप में जश्न मनाते है। इस अवसर पर बडा देव की पूजा प्रमुख रूप से मनाते है सरगुजा जिले के उराव एवं कोरबा जनजाति फसल कटाई के बाद पौश माह में गांव गांव मे 'घिर्रा उत्सव' मनाते है। इस उत्सव में नृत्य का मुख्य आकर्षण होता है बैगा जाति साल में 'गिरदा उत्सव' मनाती है रात भर नृत्य होता है। करमा नृत्य गोड एवं उराव जाति में हर्षोलास के साथ मनाते है।

आदिवासी संस्कृति में मदिरा पान का विषेश महत्व है हर उत्सव में इसका सेवन किया जाता है। माडिया, मुरियो में सल्फी पीने का रिवाज है। महमानी सत्कार में भी सल्फी का प्रयोग किया जाता है।

संगीत एंव नृत्य आदिवासी जीवन का प्रमुख आधार है। प्रत्येक जनजातीय परिवार के अपने नृत्य गीत होते है, जैसे उराव जाति का सरहुल, गोड जाति का मरमा, सैला रीना बैगाओ का भिलमा भी भिलालाओं का भगोरिया एवं दोहा नृत्य आदि, समय और मान्यताओं के मुताबिक इन नृत्यों का आयोजन होता रहा है । अपने इष्ट देव के प्रति समर्पित होकर जब नृत्य करते है, तब ऐसा लगता है, मानो प्रकृति ही नाच रही है। यह एक ऐसा खजाना है जिसके माध्यम से दिन भर के थकान मिट जाती है नृत्यों में स्वत: के स्फूर्ती कला होती है। बाहरी व्यक्ति पर निर्भर नही रहते । बैंगा युवतियां गुङ्गेरी घास से अत्यन्त कलात्मक लाछा बनाता है। जिसे वे लडी के रूप में सिर से पैरो तक लटकते हुए पहनती है। गोड युवक मोर पंख के डंठल एंव उनके संयोग से इतनी सुदर रंगीन कलंगी बनाते है कि जिसका मन मोह न जाता हो उराव युवतियां बगुला पंखो से मनमोहक टैंघा बनाती है, जिसे नृत्य के समय जूडे में खोंसती है । युवक मोर पंख से नृत्य करते है भील महिलाए भगोरिया नृत्य के समय सिर पर रखने के लिये बांस की सुंदर बोडनी बनाती है। इस तरह म.प्र. एंव छत्तीसगढ़ के जनजातियों की चित्रकला अपने आप मेंअत्यधिक समृद्ध है। जो सीधे उनकी संस्कृति से जुडी हुई है। सिद्धहस्त लोक कलाकार पेमा फत्या, बेलगूर, जागण एवं भूरी बाई ने अपनी संस्कृति की इस जानदार विधा को बिना किसी हस्तक्षेप या परिष्कृत के विकसित किया है। काष्ठ शिल्प में आदिवासी अपनी कला में धनी और अद्धितिय है।

गोंदना परम्परा हमारे देश के साथ साथ सम्पूर्ण विश्व की विभिन्न जातियो में प्रचलित है। म.प्र. छ.ग. के आदिवासियों को भी इस प्रथा में अटूट आस्था एवं सांस्कृतिक विश्वास है। अलग अलग आदिवासी जातियों में अलग रूप और मान्यताएं हैं महिलाएं बाह वक्ष स्थल, पैर जांघ, हाथ पीठ पर गोदना गुदवाती है। यही संस्कृति के निरालेपन की पहचान भी है।

उपसंहार – समय परिवर्तन के साथ जनजातियों के जीवन और संस्कृति में परिवर्तन हो रहा है। विज्ञान और टैक्नालाजी के माध्यम से और निरंतर बाहरी सम्पर्क मे आने के कारण अपनी संस्कृति से हटकर बहुत सी नई बाते सीख रहे। आधुनिकता से परिचित भी हो रहे है। तरक्की की दौड में शामिल होना अच्छी बात है परंतु अपनी संस्कृति एवं कला को मौलिक रूप में बनाए रखना भी जरूरी है। देखने में आ रहा है कि आधुनिक विचारधारा में जनजातियों की समृद्धशाली संस्कृति कला एवं संगीत की मौलिकता पर गंभीर असर पड रहा है। यह हमारे हित मे ठीक नही है। एक समय ऐसा आ सकता है, जब महान समृद्धशाली एवं अपने आप में अनूठी संस्कृति हमेशा के लिये विलुप्न हो जाये। आज हम अपनी पुरानी सभ्यता को भूलते जा रहे है। अनेक जानजातिया तो अपनी मूल भाषा और बोलियों को ही भूल रही। नृत्य एवं गीत एंव अन्य कलाये भी धीर–धीरे छूटती जा रही है। अपनी परम्परा को भूलते जा रहे है।

जनजातीय समाज का यह पहला कर्तव्य होना चाहिए कि अपनी संस्कृति की पहचान को बनाए रखना होगा। जनजातियों के बीच सम्पर्क की खाई को कम करने के लिए कला संगीत एंव नृत्य को माध्यम बनाना होगा। जानजातियो की खुशिया इन्हीं साधनो पर निर्भर है। उनकी खुशियाँ, मोहब्बत एवं सामाजिक पहलू का यही एक अटूट हिस्सा है। अब हमे विकास के प्रयत्नो मे आदिवासी युवा की बुद्धि, धैर्य, एकाग्रता, परिश्रम और सामाजिक चेतना का असरकारक और कारगर उपयोग करने के लिये प्रयत्नशील होना पड़ेगा । जनजातीय संस्कृति, कला, संगीत, और नृत्य के खजाने को सर्वेक्षण शोध संग्रह संचार और सम्पर्क इत्यादि के माध्यमो से प्रकाश में लाया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रतियोगिता दर्पण ।
2. प्रतियोगिता किरण ।

* एड्वोकेट (अर्थशास्त्र) अनूपपुर (म.प्र.) भारत
** सेवा नि. प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शा.पं.श.ना.शु. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति में उभरते राजनीतिक नेतृत्व का स्वरूप

दीवान सिंह बारिया *

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति के नेतृत्व में राजनीतिक ही नहीं सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक व तकनीकी आदि क्षेत्रों में भी समृद्धि प्राप्त की हैं। अनुसूचित जनजाति के नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। मध्यप्रदेश में राजनीतिक नेतृत्व के परिवर्तन के दौर में अनुसूचित जनजाति को राजनीतिक शक्ति का जो सानिध्य मिला हैं, उसे साकार करने में नेतृत्व का बहुत बड़ा हाथ हैं। नेतृत्व ने उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हुए जनजातीय जीवन में राजनीति को स्थापित करने का जो कार्य किया है, उसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। नेतृत्व की संकल्पना को आज विवादास्पद अवधारणा माना जा रहा हैं। प्रदेश की राजनीति में शीर्ष से स्थानीय स्तर तक नेतृत्व की संकल्पना अनुसूचित जनजाति में उभरते राजनीतिक नेतृत्व से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं। राजनीतिक नेतृत्व राजनीति के प्रति वैयक्तिक अभिव्यक्तियों और अभिमुखीकरणों का प्रतिमान है, अर्थात राजनीतिक व्यवस्था तथा राजनीतिक मुद्दों से संबंधित सामाजिक दृष्टिकोणों, विश्वासों और मूल्यों से राजनीतिक नेतृत्व का निर्माण होता हैं। मध्यप्रदेश राज्य ने भी राजनीतिक नेतृत्व के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की। यहाँ की अनुसूचित जनजाति के लोग अपनी आत्म कथा स्वयं कहते हैं। इतने सजीव, जीवन्त–प्राणवान एवं सक्रिय राजनीतिक परिदृश्य में नेतृत्व का अध्ययन इन अर्थों में महत्वपूर्ण हैं कि राजनीतिक सत्ता के इस क्रमिक रूपान्तरण में नेतृत्व के स्वरूप का अध्ययन कौतूहलपूर्ण, रोचक एवं विस्मयकारक भी हैं।

राजनीति अपने ऐतिहासिक एवं प्राचीन स्वरूप में मूलत: राजा, राज–परिवार या सत्ता के केन्द्र से जुड़े उच्च पदों पर उदासीन सेवकों की धरोहर थी व उनके अध्ययन की विषय थी। किन्तु भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् प्रजातंत्र की स्थापना से राजनीति से सामान्यजन भी जुड़े, इसमें ऐसे समूह भी जुड़े जो अनेक वर्षों से सामान्यजन से दूर अपना जीवन बिता रहे थे।

म.प्र. में अनुसूचित जनजाति में उभरते राजनीतिक नेतृत्व के स्वरूप में अनुसूचित जनजाति में व्यापक रूप से प्रचलित विश्वासों और मनोभावों को लिया जाएगा, जो अभिमुखीकरण के उन विशिष्ट प्रतिमानों का निर्माण कर सकते हैं, और राजनीतिक प्रक्रियाओं को व्यवस्था और स्वरूप प्रदान करते हैं। राजनीतिक नेतृत्व राजनीतिक क्षेत्र को उसी प्रकार संरचना और अर्थ प्रदान करता है, जिस प्रकार सामान्य नेतृत्व सामाजिक जीवन को एकीकरण प्रदान करता हैं। राजनीतिक नेतृत्व एक निश्चित रूप से क्रमवार अवधारणा हैं, जो सामान्य नेतृत्व से संबंधित और प्रभावित रहते हुए भी उससे कुछ स्वतंत्र हैं।

नेतृत्व की अवधारणा – सभ्य मानव ने जब से समूह में संगठित होकर जीवन यापन करना सीखा तभी से सम्भवत: 'नेतृत्व' की शुरूआत हुई होगी। आधुनिक समाजों तथा सरकारों में जहाँ जटिल एवं विशाल आकार के संगठन कार्यरत हैं, में नेतृत्व एक महत्वपूर्ण आवश्यकता तथा समस्या के रूप में उभर रहा है। सरकारी एवं निजी प्रशासन से लेकर सामाजिक तथा पारिवारिक कार्यों तक संगठन या समूह की समस्त गतिविधियों तथा कार्यों को वांछित उद्देश्यों की और संचालित तथा निर्देशित करने का कार्य नेतृत्व करता है। नेतृत्व का सामान्य अर्थ किसी संगठन के शीर्ष पर विराजमान कार्यकारी अधिकारी की उस योग्यता एवं स्थिति से हैं जो अधीनस्थों या अनुयायियों में प्रेरणाए उत्पन्न करती हैं। मार्क ट्वेन के अनुसार– 'हिरणों की ऐसी सेना जिसका नेतृत्व शेर द्वारा किया जा रहा हो, शेरों की उस सेना से बेहतर होती हैं जिसका नेतृत्व हिरण द्वारा किया जा रहा हो।'

विश्व इतिहास की बहुत सी युगांतकारी घटनाएँ तथा राष्ट्रों के उत्थान पतन की कहानियाँ सफल या विफल नेतृत्व से भरी पड़ी हैं। यद्यपि नेता के पास अपने अनुयायियों या समूह को निर्देशित करने की सत्ता होती है तथापि हमेशा दण्ड एवं भय से संगठन के कार्यों का कुशलतापूर्वक संचालन करना सम्भव नहीं हैं। आधुनिक प्रशासनिक संगठनों में जहाँ नौकरशाही की एक विशिष्ट कार्यशैली के साथ–साथ लोकतांत्रिक मूल्यों का राजनीतिक परिवेश होता हैं, में नेतृत्व का कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता हैं। भारत सहित अधिकांश विकासशील राष्ट्रों के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तथा प्रशासनिक संगठनों में कुशल नेतृत्व की समस्या यथावत विद्यमान हैं। यही कारण हैं कि सैद्धान्तिक दृष्टि से श्रेष्ठतम नीतियाँ एवं कार्यक्रम निरूपित करने के उपरान्त भी हमारे प्रशासनिक संगठन क्रियान्वयन के स्तर पर प्राय: विफल सिद्ध हुए हैं, क्योंकि प्रभावी नेतृत्व का अभाव रहा हैं। विशेषज्ञों का मानना हैं कि संगठन में आने वाले सभी व्यक्ति इस बात से पुर्णतया परिचित नहीं होते हैं कि उस संगठन का वास्तविक लक्ष्य तथा रणनीति क्या हैं अधिसंख्य कार्मिक अपनी व्यक्तिगत समस्याओं तथा मान्यताओं के साथ केवल दिनो–दिन संगठनात्मक कार्यकलाप निपटाते रहते हैं। अत: नेतृत्व का यह गम्भीर दायित्व हो जाता हैं कि वह सभी कार्मिकों एवं इकाईयों में समन्वय स्थापित करें। कार्य विभाजन, विशिष्टीकरण तथा विकेन्द्रीकरण ने संगठन के लिए समन्वय और नेतृत्व की समस्याएँ तुलनात्मक रूप से बढ़ा दी है। **सेक्लर हड़सन** का मानना हैं कि– 'नेतृत्व की समस्याओं का असाधारण महत्व प्रशासनिक आकार की विशालता, जटिलता, विशिष्टीकरण, संगठनात्मक सत्ता, तकनीकी विकास तथा सामाजिक आवश्यकताओं जैसे तत्वों में क्रांतिकारी वृद्धि के साथ बहुत बढ़ गया है।'

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366(25) के अनुसार जनजाति से तात्पर्य उन जनजातीय समुदायों अथवा उनके अंशों या समूहों से हैं जो

*शोधार्थी (राजनीतिशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, (म.प्र.) भारत

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजातियों के रूप में माने गए हैं। इसी अनुच्छेद के तहत राष्ट्रपति के द्वारा आम सूचना जारी की जाती हैं। संसद किसी भी जनजातीय समुदाय अथवा उसके अंशों को अनुसूचित जनजातियों की सूची से निकाल सकती हैं या उसमें जोड़ सकती हैं।

अनुसूचित जनजाति मूलनिवासी – महाद्वीपों के दुर्गम क्षेत्रों में आज भी ऐसे अनेक मानव समूह है, जो हजारों वर्षों के शेष विश्व की सभ्यता से दूर अपनी-अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना की पहचान बनाये हुए है। ये मानव समूह बीहड़, वनों मरूस्थलों ऊँचे पर्वतों और पर्वतों-पठारों के उन अंचलों में निवास करते हैं, जिन्हें आधुनिक समाज की अर्थदृष्टि अनुत्पादक मानती है। इन मानव समूहों का अपना अनुलिखित इतिहास था जिसका केवल अंतिम पृष्ठ ही शेष रह गया है और उसमें यह लिखा हैं कि न जाने किस समय यह समूह छोटे-छोटे ऐसे कबीलों में बंट गया जिनमें एक दूसरे की पहचान और रिश्तों की डोरी या तो टूट चुकी हैं या उलझ चुकी है। हिन्दी में ऐसे मानव-समूहों के लिए 'जनजाति' 'आदिमवासी' कबीली जनसंख्या और जनजाति जैसे संबोधन है, ये सभी शब्द अंग्रेजी भाषा के नेटिव एबोरिजन और ट्राइब या (ट्राइबल्स) शब्दों के पर्याय है। अत: भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 में सूचीबद्ध जातियाँ अनुसूचित जनजातियाँ कहलाती हैं।

जनजाति या आदिम जाति अथवा आदिवासी 'ट्राइब्स' शब्द का हिन्दी रूपान्तरण है। जनजातियों की उपस्थिति और उनके महत्व का पहला परिचय भारतीय समाज में आजादी के पूर्व हो चुका था। विशेष रूप से बिहार में संथाल, उराँव और मुण्डा विद्रोह के नाम से प्रसिद्ध जनजाति आंदोलन भारतीय जनजातियों की सजगता को व्यक्त कर रहे थे।

राल्कपिर्डिंगटन ने जनजाति का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा है कि – 'हम एक जनजाति की व्याख्या व्यक्तियों के ऐसे समूह के रूप में कर सकते हैं जो समान भाषा बोलता हो, समान भू-भाग में निवास करता हो तथा जिसकी संस्कृति में समानता पाई जाती हो।' भारत में ट्राइब शब्द के स्थान पर अब शेडयूल्ड ट्राइब नामक शब्द है, जिसे हिन्दी में अनुसूचित जनजाति अनुमोदित किया जाता हैं।

अनुसूचित जनजाति – अनुसूचित शब्द से तात्पर्य सूचीबद्ध से है। इस अर्थ में अनुसूचित जनजाति के संदर्भ में हम कह सकते हैं कि वे जनजातियाँ अनुसूचित जनजातियाँ है, जिन्हें भारतीय संविधान के आधार पर सन् 1950 में सूचीबद्ध किया गया था।' सूचीबद्ध करने के पीछे जो कारण था वह था जनजातियों के लिए विकास मार्ग को प्रशस्त करना जनजातीय विकास हेतु भारतीय संविधान में जनजातियों और अनुसूचित जातियों के लिए नौकरियों में आरक्षण तथा शिक्षा में सुविधा देने की दृष्टि से इन्हें सूचीबद्ध किया था। अनुसूचित का अर्थ न तो पिछड़ा हुआ है और न ही उन्नत। बल्कि सरकार ने 1935 में जनजातियों की एक ऐसी सूची बनाई थी, जिनके विकास की सरकार को चिन्ता थी तथा जिन्हें विभिन्न आयामों में विकसित करना था। अत: जो जनजातियाँ इस सूची में समिम्मलित की गयी वे अनुसूचित जनजाति कहलाई। मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों की कुल संख्या लगभग 46 है।

मध्यप्रदेश में जनजाति का स्थान – जनसंख्या के आधार पर देखा जाए तो देश में सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या मध्यप्रदेश में निवास करती है। वर्ष 2011 की जनगणा के अनुसार मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या 72626809 में से 15316784 जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों की है। इसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूषों की जनसंख्या 7719404 है तथा महिलाओं की जनसंख्या 7597380 है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में कुल 46 अनुसूचित जनजातियों की उपस्थिति दर्ज की गई है। राज्य के जिलों के संदर्भ में देखा जाए तो धार जिले में सर्वाधिक जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों की है। मध्यप्रदेश में जनजातीय समूहों की जनसंख्या के संदर्भ में देखा जाए तो राज्य की कुल जनजातीय जनसंख्या में भीलों की उपस्थिति सर्वाधिक 5993921 है।

तालिका क्रमांक – 01 (देखे अगले पृष्ठ पर)

राजनैतिक स्थिति – जनजातियों की राजनैतिक स्थिति ग्रामीण व जंगली क्षेत्रों में निवास करने वालों की अपेक्षा कुछ अच्छी देखने को मिलती है। जिस परिवार में शिक्षित लोग है, उस परिवार के लोगों व क्षेत्रों में राजनीतिक जागरूकता देखने को मिलती है। उसी जाति व परिवार के लोग व्यावसायिक रूप से व नौकरी पेशे से मजबूती की स्थिति में पाए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में व कम शिक्षित लोगों का यह कहना हैं कि हमने तो अपना किया है, हमको वोट देना था, सो दे दिया। अब जनप्रतिनिधि का काम हैं कि, वो अपना काम करे या ना करे। इस बात से यह स्पष्ट होता हैं कि इन वर्गों में राजनीतिक जागरूकता की थोड़ी कमी है। वही दूसरी तरफ यह पाया गया कि जनजातीय समुदाय में राजनीतिक जागरूकता अधिक है। आये दिन ये लोग अपने अधिकारों को लेकर धरना, पदयात्रा तथा बैठके आयोजित करते हैं, जिससे एक दबाव समुह का निर्माण हो रहा है। अत: यह पूर्ण रूप से नहीं कहा जा सकता हैं कि जनजातीय समुदाय के लोगों में राजनीतिक जागरूकता की गति धीमी है। राजनीतिक जागरूकता का स्तर बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है।

सामाजिक स्थिति – अनुसूचित जनजातीय समूह के लोगों में ऊँच-नीच का भेदभाव कम मिलता है। अन्य जाति समूह की अपेक्षा ये लोग हिन्दू धर्म के लोगों के सम्पर्क में लगातार सम्पर्क में होने के कारण इन जाति समूह में भी सामाजिक वर्ग निर्मित हो गए हैं। जैसे कि भील समुदाय के अनेक उपजातियों की उत्पत्ति हो गई। भीलाला, कोरकू, गोंड, अरख, अरखी, बोपची, मोअसी, मुण्डा, ओरान, धनका, धनगड़ आदि जनजातियों की बहुतायत पायी जाती हैं। जिनमें से कुछ जातियाँ अपने को श्रेष्ठ मानती है। भीलाला भीलों से उच्च मानते है। उनका कहना हैं कि हम भीलाला राजपूत हैं। इन जातियों में अधिकांशत: महिला प्रधान समाज देखने को मिलता हैं। इन वर्गों के यहाँ कुछ सामाजिक मान्यताएँ हैं, जो एक परम्परानुसार चलती आ रही हैं। जैसे भगोरिया विश्वप्रसिद्ध त्यौंहार मनाया जाता हैं तथा शीतला माता का पूजन आदि अनेक त्यौंहार बहुत ही श्रद्धा तथा निश्चित परम्परानुसार मनाये जाते हैं, इस त्यौहार बकरे की बली दी जाती हैं तथा शराब का सेवन किया जाता हैं। वही भील जनजातियों में आज भी भगोरिया हाट का पर्व मनाया जाता हैं। इस पर्व में इन समुदाय की महिलाओं को भगाकर शादी करने की परम्परा बनी हैं। बारेला, पटेलिया आदि समुदाय के लोगों में भील, भीलाला जैसी ही सामाजिक परम्पराएँ मिलती-जुलती हैं।

आर्थिक स्थिति –अनुसूचित जनजातियों की आर्थिक स्थिति भिन्न-भिन्न पाई गई हैं। अधिकांश अनुसूचित जनजातियाँ कृषि कार्य करती हैं, जो कि पहाड़ी क्षेत्रों तथा जंगली क्षेत्रों में निवास करती हैं। अनुसूचित जनजाति के लोगों की अपेक्षा मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाली कुछ जातियों की आर्थिक स्थिति अलग होती हैं। कुछ लोग अपनी जीविका का साधन वनोपज, पशुपालन, मदिरा, कृषि कार्य से सम्बन्धित एवं दैनिक उपभोग करने वाले छोटे-छोटे हथियार निर्माण के द्वारा अपना जीवन निर्वाह करते हैं, जिनके द्वारा इनकी आय में वृद्धि देखी गई हैं। तथा कुछ लोग छोटे-मोटे व्यापार व नौकरी आदि कार्यों में लगे हुए हैं।

व्यक्तिगत दृष्टि से मनुष्य हमेशा ही एक व्यक्ति का नेतृत्व ही पसन्द करता हैं। हर मनुष्य में अन्त:प्रेरणा एकल नेतृत्व से व्यक्ति की मनोवैज्ञानिक भावना में पड़ती हैं। यह विचित्र बात हैं कि व्यक्ति अन्य सब दृष्टियों से अपने जीवन में अनेकता व अनेकों का साथ, सहयोग और सहायता चाहता हैं, किन्तु जब नेतृत्व का प्रश्न आता हैं, तो वह एक से अधिक नेता उसके जीवन के संचालक के रूप में स्वीकार करने को तैयार नहीं होता हैं। राजनीतिक नेतृत्व तो मानव एक ही व्यक्ति में निहित देखने की प्रवृत्ति रखता हैं। यही कारण हैं कि लोकतान्त्रिक शासनों में सर्वत्र राष्ट्रपतियों या प्रधानमन्त्रियों में शक्ति को केन्द्रित होने देने में आम आदमी की अन्त:प्रेरित प्रवृत्ति सहयोगी होती जा रही हैं। व्यक्ति अपने देश का एक नेता चाहता हैं, जिससे वह राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोए रखे, दृढता के साथ राज्य को आगे बढ़ाए और उसके लिए राष्ट्रीय अहम का प्रतीक बने। व्यक्तियों की इसी प्रवृत्ति के कारण विकासशील राज्यों में लोकतन्त्र व्यवस्थाओं को सबसे बड़ा खतरा रहा हैं। इन देशों में राजनीतिक दलों व राजनीतिक नेताओं की आपसी खींचतान में या तो एक सर्वमान्य नेता उभर आता है। अन्यथा इसके अभाव में जनता लोकतन्त्र से उतरकर तानाशाही का रास्ता प्रशस्त करने में सहायक हो जाती है। यहाँ यह ध्यान रखना आवश्यक हैं कि एकल नेतृत्व केवल आम जनता द्वारा पसन्द किया जाता हैं। राजनीतिक समाज के अभिजन हमेशा ही इस प्रकार के नेतृत्व के विरूद्ध रहते हैं। इस कारण समाजों में इस प्रकार की दो परस्पर विरोधी प्रवृत्तियाँ विद्यमान रहती हैं किन्तु अधिकांश जनसाधारण अपने नेता के रूप में एक ही व्यक्ति को देखना चाहते है। यही कारण हैं कि आधुनिक चुनाव कम से कम संसदीय प्रणालियों में विशेषकर ब्रिटेन में एक व्यक्ति भावी प्रधानमन्त्री के इर्द-गिर्द होने लगे है। भारत भी इसका श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है। भारत में सन् 1977 के आम चुनाव में श्रीमती इन्दिरा गांधी के इर्द-गिर्द ही लड़े गए थे। अत: इस भावना के कारण कार्यपालिका अध्यक्ष सर्वाधिक शक्ति सम्पन्न व चोटी का नेता बनकर कार्यपालिका को शक्ति केन्द्र बना देता हैं।

निष्कर्ष -लोकतंत्र में एक ईमानदार व्यक्ति के नेतृत्व की तलाश हैं। डॉ. रामस्वरूप शर्मा ने नेतृत्व के संबंध में लिखा है - 'हमें आज एक ऐसा कुशल और ईमानदार नेता चाहिए, जो अपनी भूख से अधिक उन लोगों की भूख को देखे जिनके वोट लेकर वह मुखिया बना हुआ हैं' जिस दिन हमें नेतृत्वधारी व्यक्तित्व मिल जायेगा, शायद उस दिन अनुसूचित जनजाति का सम्पूर्ण विकास होगा।'

सुझाव -सुझावों को शोध पत्र के आधार पर प्रस्तुत किया गया है -

1. राजनीतिक नेतृत्व में राज व्यवस्था हेतु ग्रामीण जन प्रतिनिधियों को और अधिक अधिकार प्रदान किए जाने चाहिए।
2. अच्छे राजनीतिक नेतृत्व की राज-संस्थाओं के सफल कार्य-संचालन के लिए इनके वित्तीय साधनों को बढ़ाना अत्यन्त आवश्यक है।
3. राजनीतिक नेतृत्व के लिए अनुसूचित जनजाति की सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने के हर सम्भव प्रयास किए जाने चाहिए।
4. अनुसूचित जनजाति के शिक्षित युवक और युवतियों द्वारा अपने ग्रामीण अंचलों में जाकर ग्रामीण महिला और पुरूषों में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना चाहिए।
5. अनुसूचित जनजातियों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दियाा जाना चाहिए।
6. राजनीतिक नेतृत्व के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में गुटबन्दी और दलगत राजनीति पनपी है, जो ग्रामों के सर्वांगीण विकास में बाधक है, अत: इनमें ग्रामों को मुक्त रखा जाना चाहिए।
7. आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था पर शासन को विशेष ध्यान देना होगा ताकि भविष्य में इन वर्गों में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व उभरकर आ सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, हरिओम, ग्रामीण नेतृत्व के उभरते प्रतिमान, अर्जुन पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली, 2009
2. वर्मा, बी.एम., रूरल लिडरशीप इन ए वेल्फेयर सोसाइटी, मित्तल पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 1994
3. मेहता, प्रकाशचन्द्र, भारत के आदिवासी, शिवा पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, उदयपुर, 1993
4. शर्मा, श्रीनाथ, जनजातीय समाजशास्त्र, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2003, पृ.क्र.-4
5. वैदय, नरेश कुमार, जनजातीय विकास मिथक एवं यथार्थ, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, नई दिल्ली, 2003
6. कुमार, अभय एवं अरविन्द, 2012 सन्थाल आदिवासियों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्पराएँ, मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान अनुसंधान जर्नल, मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन, (म.प्र.), अंक 1-2, जनवरी-दिसम्बर, 2012

मध्यप्रदेश में जनजातियों की संख्यात्मक स्थिति

तालिका क्रमांक - 01

मध्यप्रदेश की अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या (वर्ष 2011)

क्र	अनुसूचित जनजाति का नाम	कुल जनसंख्या		ग्रामीण जनसंख्या		शहरी जनसंख्या	
		पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
	मध्यप्रदेश की कुल जनजातीय जनसंख्या	7719404	7597380	7187769	7089105	531635	508275
1	आगरिया	20706	20537	19292	19095	1414	1442
2	अन्ध	70	67	18	19	52	48
3	बैगा	207588	206938	197173	196859	10415	10079
4	भैना	3192	3165	3038	3017	154	148
5	भारिया भूमिया	97574	95656	92217	90537	53057	5119

क्र	अनुसूचित जनजाति का नाम	कुल जनसंख्या		ग्रामीण जनसंख्या		शहरी जनसंख्या	
		पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
6	भट्टरा	599	556	516	484	83	72
7	भील, भीलाला, बरेला	3016445	2977476	2839091	2810066	177354	167410
8	भील मीना	1194	1050	641	572	553	478
9	भूंजिया	767	702	99	99	668	603
10	बिआर, वियार	5390	5062	4508	4193	882	869
11	बिंझवार	7766	8039	6886	7171	880	868
12	बिरहूल, बिरहोल	27	25	05	06	22	19
13	डामोर, डमरिया	936	879	506	488	430	391
14	धनवार	1109	1066	621	628	488	438
15	गदाबा, गडबा	295	283	65	58	230	225
16	गोंड, अरख, अरखि...	2549973	2543151	2386602	2385115	163371	158036
17	हलबा, हलबी	7148	7290	3753	3909	3395	3381
18	कामर	333	333	214	220	119	113
19	कोरकू	156	109	82	54	74	55
20	कावर, कंवर, कौर.....	9380	9223	7272	7301	2108	1922
21	खैरवार, कोन्डर	39193	36904	35229	33160	3964	3744
22	खरिया	1258	1171	907	822	351	349
23	कौध, खोड़, कांध	54	55	19	21	35	34
24	कोल	595338	572356	526981	506074	68357	66282
25	कोलम	112	112	85	78	27	34
26	कोरकू, बोपची, मोअसी...	372552	358295	361196	347740	11356	10555
27	कोरवा, कोडकू	459	461	234	215	225	246
28	माझी	26513	24142	9142	8128	17371	16014
29	मझवार	226	217	55	40	171	177
30	म्वासी	55234	53946	52724	51398	2510	2548
31	मुंडा	2669	2372	1033	929	1636	1443
32	नागेसिया, नागासिया	180	179	71	62	109	117
33	ओरान, धनका, धनगड...	14275	14156	6113	6043	7307	7128
34	पनिका–आदि	49546	48221	42239	41093	7307	7128
35	पाओ	21706	22606	20305	21240	1401	1366
36	परधान, पाथरी, सरोती	62189	61553	52594	52015	9595	9538
37	पारधी, बहेलिया–आदि	3029	2867	2625	2517	404	350
38	परजा	70	67	39	35	31	52
39	साहारिया, सहरिया	316541	298417	304277	287183	12264	11234
40	साउता, सौता	113	77	95	60	18	17
41	सेर	86983	80983	82314	77192	4043	3791
42	सावर, सावारा	464	417	395	354	69	63
43	सोंर	6644	6261	6340	5939	304	322

स्त्रोत – सामाजिक, आर्थिक जाति आधारित जनगणना, 2011

****

मानव अधिकार संरक्षण के अंतर्गत पुलिस की भूमिका (एक विश्लेषणात्मक अध्ययन)

डॉ. प्रविता सिंह *

प्रस्तावना – प्राचीन काल से ही राज्य का मूलभूत उद्देश्य समाज में शांति बनाए रखना है, जिससे मानवाधिकारों की रक्षा की जा सके। मानवाधिकारों शब्द दो शब्दो मानव + अधिकार से मिलकर बना है, जिसका सीधा अर्थ मानव के प्राकृतिक अधिकारो से है, जिसका प्रयोग कर मनुष्य अपना सर्वांगीण विकास कर सके। जिसकी प्रमुख शर्त समानता है क्योंकि प्रकृति ने किसी भी मनुष्य में कोई भेदभाव नहीं किया है। मानव अधिकारों को स्पष्ट करते हुए श्री ***दिलीप जाखड़ कहते है*** कि 'मानव अधिकार ऐसे अधिकार है, जो प्रत्येक व्यक्ति को प्राणी होने के नाते प्राप्त है भले ही उनकी राष्ट्रीयता लिंग, वर्ग, व्यवसाय और सामाजिक व आर्थिक स्थित भिन्न हो। आर. जे. बिसेट का विचार है कि 'मानव अधिकार को मानव होने के कारण प्राप्त है, जिनका आधार मानव स्वभाव से निहित है'।

इस प्रकार हम कह सकते है मानव अधिकार वे अधिकार है, जो मनुष्य के जीवन उसके अस्तित्व एवं व्यक्तित्व के विकास के लिए अनिवार्य है। जो कि स्वभाव में ही अन्तनिहित होते है और इस अधिकारों की रक्षा हेतु मानवाधिकार आयोग की स्थापना की गई है। भारत जैसे राष्ट्र में जहां लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है सामाजिक जीवन के अर्थ व अपराध का महत्व स्थापित हो रहा है। जनसंख्या में वृद्धि, अपराधों में वृद्धि, राजनीति में अपराध का बढ़ता प्रभाव, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, प्रदूषण, वेश्यावृत्ति, आर्थिक व सामाजिक विषमताएँ, भाषावाद व राष्ट्रीय चरित्र का अभाव जैसी विषमताएँ पाई जाती है। जहां की बड़ी आबादी निरक्षर है, वहाँ मानवाधिकारों की

मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 – मध्यप्रदेश भारत का ऐसा पहला राज्य है, जहां मानवाधिकार आयोग का गठन सन् 1992 में किया गया। भारत की संसद द्वारा 'मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993' पारित किया गया जो 28 सितम्बर 1993 को प्रभावशील हो गया। जिसके आधार पर अक्टूबर 1993 में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की स्थापना की गई इस अधिनियम की धारा 29 (1) की शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए म.प्र. शासन राजपत्र असाधारण दिनांक 13 सितम्बर 1993 में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक एफ/15.94(1) द्वारा म.प्र. मानवाधिकार आयोग का गठन किया। इन दोनों आयोगो ने लगातार अपने अस्तित्व में आने के बाद से भारतीय समाज में मानवाधिकार संरक्षण हेतु अभिनव प्रयास किया और समाज में प्रत्येक नागरिक को उसका अधिकार दिलाने हेतु प्रयासरत है।

मानव अधिकार के वियना सम्मेलन में 25 जून 1993 को अपनाए गये वियना घोषणां पत्र के अनुसार प्रत्येक राज्य को मानव अधिकारों के उल्लंघन होने की दशा में एक प्रभावशाली व्यवस्था या संस्था प्रदान करने लिए एक आयोग स्थापित करना चाहिए।

वियना सम्मेलन के पश्चात्, भारत सहित कई राज्यों ने मानव अधिकारों के उल्लघन की शिकायतों के समाधान हेतु मानव अधिकारों की रक्षा हेतु राष्ट्रीय कमीशन की स्थापना की पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका ने भारत की समस्त सेना एवं सुरक्षा सेना की जम्मू काश्मीर के मामले में तीव्र आलोचना की वर्तमान में यह भली–भांति स्वीकार किया जाता है कि आतंकवाद मानव अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, किन्तु इसके बावजूद जब कभी भारतीय सुरक्षा सेनाओं ने आतंकवादियों या उग्रवादियों के साथ कठोरता का व्यवहार किया तो अमेरिका द्वारा भारत के इस कृत्य की अनिवार्य रूप से आलोचना की गई। वर्तमान में यह भली–भांति स्वीकार किया जाता है कि आतंकवादी मानव अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, किन्तु इसके बावजूद जब कभी भारतीय सुरक्षा सेनाओं ने आतंकवादियों या उग्रवादियों के साथ कठारेता व्यवहार किया तो अमेरिका द्वारा भारत के इस कृत्य की अनिवार्य रूप से आलोचना की गई। इन आलोचनाओं का जवाब देने हेतु भारत द्वारा मानव अधिकारों की रक्षा हेतु राष्ट्रीय कमीशन की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात् 28 सितंबर 1993 को भारतीय राष्ट्रपति के अध्यादेश उद्घोषणा द्वारा मानव अधिकारों के राष्ट्रीय कमीशन की स्थापना की गई। जिसमें संबंधित एवं बिल को लोकसभा में 18 दिसम्बर 1993 को पारित किया। इस बिल को राष्ट्रपति की सहमति से 8 जनवरी 1994 को भारत के गजट में प्रकाशित किया गया और इस अध्यादेश का स्थान मानव अधिकारों के संरक्षण अधिनियम 1993 ने ले लिया। मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 मानवाधिकारों के अच्छे संरक्षण के लिए तथा उससे संबंधित अनुशंगिक मामलों के लिए राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग एवं मानवाधिकार न्यायालय की स्थापना करने का सुव्यवस्थित प्रावधान है। इस अधिनियम की धारा 1(2) के अनुसार अधिनियम पूर्व भारत में लागू होगा, परन्तु जम्मू व काश्मीर के मामले में यह उन्ही विषयों में लागू होगा जो संविधान की सातवी अनुसूची व सूची 1 व 3 में वर्णित हौ।

मानवाधिकारों के संरक्षण अधिनियम 1993 की प्रस्तावना में यह स्पष्ट किया गया है कि यह अधिनियम मानवाधिकारों के बेहतर संरक्षण के लिए राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग तथा मानवाधिकार न्यायालय की स्थापना तथा उनसे संबंधित मामलों के लिए पारित किया गया है।

संरक्षण अधिनियम 29 सितंबर 1993

प्रारंभिक –

1. इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 है।
2. इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत में है, परंतु यह जम्मू कश्मीर राज्य में केवल वहां तक लागू हो जहां तक इस संबंध इस राज्य को यथा लागू संविधान की सातवी अनुसूची की सूची 1 या 3 में प्रगणित प्रविष्टियों में से किसी से संबंधित विषयों से है।
3. यह 29 सितंबर 1993 को प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा।

* अतिथि विद्वान (राजनीति शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला – उमरिया, रीवा (म.प्र.) भारत

(1) इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न
(क) 'सशस्त्र बल' से नौसेना, सेना और वायु सेना अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत संघ का कोई अन्य सशस्त्र बल है।
(ख) अध्यक्ष से यथास्थिति, आयोग का या राज्य आयोग का अध्यक्ष अभिप्रेत है।
(ग) आयोग से धारा 3 के अधीन गठित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग प्रभिप्रेत है।
(घ) मानव अधिकार से प्राण, स्वतंत्रता, समानता और व्यक्ति की गरिमा से संबंधित ऐसे अधिकार अभिप्रेत है, जो संविधान द्वारा प्रत्याभूत किए गए है या अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदाओं से सन्निविष्ट है। और भारत में न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय है।
(ङ) 'मानव अधिकार न्यायालय' से धारा 30 के अधीन विनिर्दिष्ट मानव अधिकार न्यायालय अभिप्रेत है।
(च) अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा से संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 16 दिसंबर 1966 का अंगीकार की गई। सिविल ओर राजनीतिक अधिकारों संबंधी अतर्राष्ट्रीय प्रसविदा तथा आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों संबंध अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा अभिप्रेत है।
(छ) 'सदस्य से, यथास्थिति आयोग' का या राज्य आयोग का सदस्य अभिप्रेत है।
(ज) 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग' से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1992 की धारा 3 के अधीन गठित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अभिप्रेरित।
(झ) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति ओर अनुसूचित जनजाति आयोग से संविधान के अनुच्छेद 338 में निर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति आयोग अभिप्रेत है: और इस अंतर्गत अध्यक्ष है।
(ञ) 'राष्ट्रीय महिला आयोग से राष्ट्रीय महिला' आयोग अधिनियम 1990 की धारा 3 के अधीन गठित राष्ट्रीय महिला आयोग अभिप्रेत है।
(ट) 'अधिसूचना' से राजपत्र में प्रकाषित अधिसूचना अभिप्रेत है
(ठ) विहित से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है।
(ध) 'लोक सेवक' का वही अर्थ है जो भारतीय दण्ड संहिता की धारा 21 में है।
(न) 'राज्य आयोग' से धारा 21 के अधीन गठित राज्य मानव अधिकार आयोग अभिप्रेत है।

मानवाधिकार और पुलिस – प्रत्येक पुलिसकर्मी पुलिस में भती होने से पहले एक साधारण मनुष्य होता है और पुलिस की वर्दी पहन लेने के बाद भी उसके मनुष्य होने का अधिकार समाप्त नहीं हो जाता है। एक प्रसिद्ध कहावत है कि 'प्रत्येक नागरिक बिना वर्दी का पुलिस मेन है और प्रत्येक पुलिस मैन ..... नागरिक है'। इस कहावत के अनुसार पुलिस कर्मी के नागरिक होने की बात स्वीकारी गई है लेकिन अफसोस की बात है कि पुलिसजनों के मानवाधिकारों की बात आज न तो किसी मानवाधिकार संगठन ने उठाई है और न ही किसी मानवाधिकार आयोग ने। मानवाधिकारों के हनन के आरोप केवल लगा देने तक ही अपना कर्तव्य पूरा मान लेने की प्रवृत्ति देखी गई है बल्कि यह माना जाना चाहिए कि पुलिसकर्मी महज कानून व्यवस्था लागू करने वाली मशीनी व्यवस्था के पुर्जे मात्र नहीं है। बल्कि वे स्वयं भी मानव है। और मानवीय व्यवहार पाने के हकदार है। पुलिसकर्मियों के मूलभूत मानवाधिकारों की पूर्ति किए जाने के बाद ही उनसे यह आशा की जानी चाहिए कि वे अन्य नागरिकों के मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील होगे। यह आवश्यक है कि मानवाधिकार संगठनों को यह अनुभव कराया जाए कि इस संबंध में कोई भी बात उठाते समय उन्हें पुलिसकर्मियों के मानवाधिकार को कतई अनदेखा नहीं करना चाहिए। किन्तु पुलिस संगठनों का दूसरा पहलू यह है कि दुनिया भर में पुलिस संगठनों पर शक्ति के दुरूपयोग और आचरणहीनता के आरोप लगते रहे है। इस संबंध में एक प्रसिद्ध कहावत है कि 'शक्ति भ्रष्ट बनती है और असीमित शक्ति असीमित रूप से भ्रष्ट बनाती है। पुलिस संगठनों को अन्य संगठनों के बजाय अधिक शक्ति प्रदत्त की गई है इसलिए यह स्वभाविक है कि शक्ति के कुछ सीमा तक दुरूपयोग की संभावना रहती है।

पुलिस अभिरक्षा में मानव अधिकारों का हनन –

अ. अवैध गिरफ्तारी
ब. अभिरक्षा में मृत्यु प्रताड़ना
स. अवैध निरोध
2. एफ.आई.आर न लिखना एवं त्वरित कार्यवाही न करना
2. अभिरक्षा में लाए गए व्यक्तियों को समुचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध नहीं करना।
2 अपराधों का लघुकरण करना (गंभीर अपराधों के स्थान पर छोटे अपराध पंजीबद्ध करना।)
2 पीड़ित अभियुक्त एवं पुलिस तीनों पक्षों के मानव अधिकार।

पुलिस के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों के प्रकार –

1. कार्यवाही करने में असफलता
2. अपराधों का लघुकरण करना (गंभीर अपराधों के स्थान पर छोटे अपराध पंजीबद्ध करना)
3. अवैध निरोध झूठे प्रकरणों में फसाया जाना।
4. अभिरक्षा में मृत्यु
5. अभिरक्षा में हिंसा शारीरिक प्रताड़ना/अमानवीय व्यवहार
6. अवैध गिरफ्तारी।
7. मुठभेड़
8. पुलिस अभिरक्षा में बलात्कार/यौन प्रताड़ना।
9. धारा 151 का दुरूपयोग
10. हथकड़ी और बेड़ियों का प्रयोग

पुलिस के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों के प्रकार –
संभावित कारण –

1. बाह्य हस्तक्षेप
2. सीमित संसाधन
3. मानवाधिकारों के प्रशिक्षण की कमी
4. अपसंस्कृति
5. असंतोष कार्य दशा

पुलिस प्रताड़ना के संभावित समाधान –

1. दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही
2. पारदर्शिता
3. प्रशिक्षण
4. पुलिस व जनता के संबंध
5. पुलिस कर्मियों के मानव अधिकार का सम्मान
6. प्रेस की सकारात्मक भूमिका
7. संसाधनों में सुधार

वर्तमान समय में पुलिस – भारत में पुलिस के दैनिक कार्यो का गंभीरता से अवलोकन करे तो हम पाते है कि आधे से अधिक कार्य बोझ तो केवल समाज की अनुउत्तर दायित्व पूर्ण मानसिकता के कारण है। पड़ोसियों के बीच नाली, खिड़की, दीवार, कचरा तथा बच्चो की छोटी–मोटी समस्याओं को लेकर आए दिन सिर फुटव्वल तथा पुलिस रिपोर्ट दर्ज होती है। शरू में प्रतिष्ठा का प्रश्न उठाकर हम थाना–कचहरी तक पहुंच जाते है। और एक दिन ऐसा भी आता है कि जब सॉप के मुह में छछूंदर की स्थिति हो जाती है। वस्तुत: लोक कल्याणकारी राज्य के नाम पर सर्व सुलभ पुलिस एवं न्याय सेवाओं का उपयोग कम दुरूपयोग अधिक हो रहा है। यह स्थिति केवल भारत की ही नहीं बल्कि सभी विकास शील राष्ट्रो की है।

छोटे बच्चों को वाहन चलाने के लिए देना, अवैध शारीरिक संबंध स्थापित करना, शराब पीकर उत्पात मचाना या वाहन चलाना सार्वजनिक संपत्ति को तोड़ना, लूटना तथा जलाना, पुलिस पर पथराव करना, आपराधिक तत्वो को पनाह देना, अवैध व्यापार करना, झूठे कागजात तैयार करना, जरा–जरा सी बातों पर उलझ पड़ना, संकट तथा आपातकालीन परिस्थितियों में दायित्वों से मुँह चुराना, बच्चों का शोषण करना, वेश्यावृत्ति में लिप्त रहना, रिश्वत लेना या देना, पिछड़ी जातियों के प्रति उपेक्षा एवं शोषण करना तथा आतंकवाद को प्रश्रय देना।

विचारणीय प्रश्न यह है कि समाज में गुण्डों, अपराधियों तथा आतंकवादियों से डर कर चुप रहने वाले अधिकांश पुरूष, अपने घर में तथा बाहर महिलाओं, नौकरों श्रमिकों बच्चो तथा दलित वर्गो के लोगों के साथ निर्ममता से व्यवहार करते है तथा हिंसा पर भी उतर आते है ढोंग तथा कायरता से पूर्ण यह मनोदशा विकास तथा कानून व्यवस्था के लक्ष्य प्राप्त करने में किसी भी दृष्टि से उपयुक्त नहीं कही जा सकती है। भारतीय समाज में यह समस्या छोटी सी दिखती है किन्तु उसका प्रभाव दूरगामी तथा व्यापक रहता है जब कभी बस, ट्रेन, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, पार्क, बाजार या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कोई व्यक्ति अन्य के साथ बदतमीजी करता है मारपीट करता है, जेब काटने का प्रयास करता है अथवा किसी सार्वजनिक कानून का उल्लंघन करता है। तो तमाशबीनों की भीड़ ही एकत्र नहीं होती है बल्कि चलो छोड़ों कोई बात नहीं या होता है सब चलता है, भूल जाइए जो जो हुआ इत्यादि जुमलों के माध्यम से एक प्रकार से अपराधों को प्रश्रय देते है। छोटी सी घटना से शुरू हुआ आपराधिक जीवन किसी को भी बड़ा अपराधी बना देता है। यदि समाज अपराध या गैरकानूनी गतिविधियों को प्राथमिक स्तर पर ही दवाब एवं कानूनी रूप से नियंत्रित करना शुरू करे तो पुलिस का बहुत सारा कार्य बोझ कम हो सकता है।

मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम का मूल्यांकन – मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 में राष्ट्रीय आयोग राज्य मानव अधिकार आयोग तथा जिलों में मानव अधिकार न्यायालयों को विनिर्दिष्ट उद्देश्य अर्थात मानव अधिकारों के बेहतर संरक्षण के लिए गठन किया गया था। प्रश्न यह उठता है कि क्या राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग मानव अधिकारों के संरक्षण करने में समर्थ रहा है?

अथवा क्या इसके द्वारा इस उद्देश्य की प्राप्ति हुई है जिसके लिए इसका गठन किया गया था? नि:संदेह राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने मानव अधिकार उल्लंघनों के हजारों परिवारों पर जांच की है तथा इसने मानव अधिकार उल्लंघनों के बहुत से गंभीर मामलों का अन्वेषण भी किया गया है और इसने सरकार को रिर्पोट भी प्रस्तुत किया है जिसमें इसमे मानव अधिकार उल्लंघनों में कमी लाने के लिए अपनाये जाने वाले उपायों का सुझाव देते हुए बहुत सी सिफारिशे की है किन्तु आयोग केवल एक अन्वेषणात्मक एवं सिफारिशात्मक निकाय है।

यह सत्य है कि कोई राष्ट्रीय संस्था अथना मानव अधिकार आयोग चाहे वह कितना ही प्रभावी क्यों न हो, अभावग्रस्त लाखों लोगों के लिए भोजन, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ नहीं प्रदान करवा सकता। यह सरकार का कर्तव्य है कि वह मानव की गरिमा की अभिवृत्ति के लिए इन आवश्यक मूलभूत अधिकारों का प्रबंध करें। मानव गरिमा एवं मूलभूत मानव अधिकारों को सुनिश्चित करने के पुलिस एवं जेल प्राधिकारियों की भूमिका का बहुत अधिक महत्व है। मानव अधिकार संरक्षण पुलिस एवं जेल प्राधिकारियों की गुणवत्ता पर बहुत कुछ निर्भर करता है। उन्हे आवश्यक रूप से प्रारंभिक प्रशिक्षण तथा सेवा के दौरान समय–समय पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. दि स्टेट्स मैन, दिनांक 20 मार्च 1988
2. यू.जी.सी. एकेडमिक स्टाफ कालेज जबलपुर पृ. 110
3. मानवाधिकार दशा व दिशा पृ.सं. 8
4. दिलीप जाखड मानवाधिकार युनिवर्सिटी बुक हाउस जयपुर पृ. 3942
5. ए.आई.आर 1999, एम.सी 340
6. दामोदर मिश्रा व अखिल शुक्ला, मानवाधिकार व दशा दिशा प्रोइंटर पब्लिर्स, जयपुर पृ. 2

****

1885–1905 मध्य के सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलन

डॉ. संदीप श्रीवास्तव *

प्रस्तावना – एक तरफ जहां भारत के राजनीतिक रंगमंच पर कांग्रेस का पदार्पण हो रहा था, या उदारवादी अपनी राजनीतिक मांग सरकार से कर रहे थे वही समाज में दूसरी तरफ अंग्रेजी हुकूमत के शोषण के विरूद्ध भारतीय समाज में सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलन हो रहे थे, जिन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम की नींव को मजबूत किया। जमींदारों अथवा किसानों, खेत मजदूरों अथवा कारीगरों, औद्योगिक मजदूरों अथवा तत्वों के विषय में उनके जीवन की परिस्थितियों एवं उनकी चेतना, दोनों के बदलाव का विश्लेषण करते हुए, कोई वास्तविक इतिहास नहीं रचा गया है। यह महत्वपूर्ण कमी राजनीतिक आंदोलनों, विशेषत: राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास को एक शून्यता का शिकार बना देती है। बिरसा मुंडा के आदिवासी विद्रोह का नरम एवं गरम दलों के झगड़ों से अधिक महत्व हो, अत्यंत चलताऊ कोई प्रयास करना अप्रासांगिक न होगा।

1. जनजाति विद्रोह – 1885 से 1905 के आरंभिक या बाद के कालों में सर्वाधिक हिंसक विद्रोह आदिवासियों के ही रहे जिनके संबंध में के.सुरेश सिंह ने लिखा है – 'कृषकों सहित किसी भी अन्य समुदाय की तुलना में ये अधिक विद्रोह करते थे और इनके विद्रोह अधिक हिंसक भी होते थे।'[1] भारत के विभिन्न भागों के बहुत बड़े क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों ने 19वीं सदी में कई छापामार लड़ाईयाँ लड़ीं। आदिवासी समाज की तीव्रता को ईसाई मिशनकारियों ने बढ़ा दिया। 1870–1880 के बीच में एक महत्वपूर्ण होने वाला तथ्य था औपनेवेशिक सरकार द्वारा राजस्व की दृष्टि से, वन क्षेत्रों पर नियंत्रण कड़ा करना। 1882 में सांबुदान नामक एक जादूगर के नेतृत्व में कुछ नागाओं ने अंग्रेजों पर आक्रमण कर दिया। 1900 में विशाखापट्टनम एजेंसी में कोरा मलैया नाम के कोंड़ा डोरा ने दावा किया कि उस पर देवता आया है और एक दिन अंग्रेजों को बाहर निकाल देगा और उनके शस्त्रों को पानी में बदल देगा। 1879 के विद्रोह ने कम से कम 5000 वर्गमील क्षेत्र को प्रभावित किया।

1886 के रामदंडु (राम की सेना के विद्रोही) के नेता राजन अनंतरैया ने जयपुर के महाराजा से एक विचित्र 'आद्य राष्ट्रवादी प्रार्थना की थी – क्या अंग्रेजों का हमारे देश में रहना अच्छा है? हमें अंग्रेजों के विरूद्ध युद्ध छेड़ देना चाहिए। ऐसे भी अंग्रेजों को परेशान कर रहे हैं। यदि मुझे सैनिकों और शस्त्रों की सहायता मिले तो मैं राम की भूमिका निभाने को तैयार हूँ।'[2] आदिवासियों का अंग्रेजी हुकूमत के शोषण के विरूद्ध 1899–1900 में रांची के दक्षिण क्षेत्र में बिरसा मुंडा विद्रोह हुआ। विद्रोह का मुख्य कारण खूंटकट्टी खूंटों अथवा वंशों के सामूहिक भूस्वामित्व की व्यवस्था को साहूकारों, जागीरदारी, ठेकेदारी एवं ईसाई मिशनकारियों द्वारा ध्वस्त करना। विद्रोह का परिणाम 1902–1910 के सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की कार्यवाही ने और 1908 के छोटा नागपुर टेनेंसी एक्ट ने देर से ही सही खूंटकट्टी के अधिकारों को मान्यता दी और जबरी बेगार पर प्रतिबंध लगाया। बिरसा मुंडा आज भी एक पूर्णरूपेण राष्ट्रवादी पृथक झारखंड आंदोलन के पैगंबर या अतिवाम पंथ के एक नायक के रूप में अपनी जनता की याददाश्त में जिंदा है।

2. वासुदेव वलवंत फड़के का विद्रोह – फड़के का उदय स्वाधीनता संग्राम की एक अनोखी घटना थी। जिसने बुद्धिजीवियों के सचेत राष्ट्रवाद और जनसामान्य की जुझारू राष्ट्रीयता के बीच थोड़े समय के लिए सामंजस्य स्थापित किया था। 'महाराष्ट्र और देश वासियों की दुर्दशा देखकर उनके मन में क्रमश: अंग्रेज सरकार के खिलाफ विद्रोह की भावना प्रबल होने लगी। 1871 तक उन्होंने मन में निश्चित कर लिया कि अंग्रेज सरकार से प्रतिशोध लेना होगा।'[3] राष्ट्र की संपत्ति के दोहन पर रानाडे के व्याख्यानों, 1876–1877 दक्षिण में पड़ने वाले अकाल और पूना के ब्राम्हण बुद्धिजीवियों में बढ़ती हुई हिंदु पुनरूत्थानवादी प्रकृति ने उन पर गहरा प्रभाव डाला था। उनका मुख्य उद्देश्य था पुन: हिंदु राज स्थापित करना। फड़के ने कहा था – 'लोगों के मन में बहुत आक्रोश है और इस समय यदि कुछ लोग शुरूआत कर दें तो भूखे लोग उसमें शामिल हो जाएंगे।'[4] इसमें बाद के क्रांतिकारी आतंकवाद का स्पष्ट पूर्वाभास मिलता है। जिसने शोषण के विरूद्ध 1883 तक अपने दल को जीवित रखकर अंग्रेजी हुकूमत का विरोध किया।

3. मालाबार कृषक संघर्ष – 'धार्मिक कट्टरता' भूस्वामियों एवं विदेशियों के विरूद्ध विद्यमान असंतोष को प्रकट करने में सहायक हुई। मोपाला पुलिस की गोलियों का सामना होने पर सामूहिक आत्महत्या कर लेते थे उनका विश्वास था कि ऐसा करने पर वे सीधे स्वर्ग में जाएंगे। 1836 से 1919 के बीच कुल 28 विद्रोह में विद्रोहियों की संख्या 349 थी। मोपला विद्रोही 'ग्रामीण आतंकवाद का एक विशिष्ट प्रकार थे, जो शायद उन मोपालों के हित में जंनमियों की बढ़ी हुई शक्ति को सीमित करने का सबसे प्रभावकारी साधन थे जो स्वयं इन विद्रोहों में भाग नहीं लेते थे।'[5] सांप्रदायिकता इस संघर्ष का नकारात्मक दुखद पहलू था। किंतु यह पक्ष उन्हीं क्षेत्रों में तीव्र रहा जहाँ हिन्दू साम्राज्यवाद के साथ दिखाई दे रहे थे। अन्यथा ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं, जहाँ दस मील के क्षेत्र में बसे हिन्दुओं को छुआ भी नहीं गया। यह तथ्य पुष्टि करते हैं कि मोपाला संघर्ष मूलत: साम्राज्यवाद के खिलाफ एक सशस्त्र और विशाल विद्रोह था। मालाबार जनसंघर्ष का दुखद पहलू यह रहा कि आंदोलन के सशस्त्र क्रांतिकारी चरित्र से घबराकर राष्ट्रीय नेतृत्व में अपने को उससे पूर्णत: अलग कर लिया। ई.एम.एस. नम्बूदिरीपाद के शब्दों में 'किसानों से क्रांतिकारी प्रतिशोध की शिक्षा लेने के स्थान पर उन्होंने किसानों को अहिंसात्मक समर्पण की कला सिखाने का प्रयास किया। केरल

* अतिथि विद्वान, शासकीय न. महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत

में ग्रामीण क्रांतिकारी आंदोलन के हरावल दस्ते मोपाला किसानों की मदद केरल के ग्रामीण क्रांतिकारी आंदोलन की एकता स्थापित करने के बजाय उन्होंने उसे ब्रिटिश सेना के रहमो करम पर छोड़ दिया। यदि नेतृत्व ने नाजुक अवसर पर यह शर्मनाक विश्वासघात न किया होता तो 1921 के शानदार विप्लव का इतिहास कुछ और ही होता।'[6]

4. लगान की नाअदायगी का आंदोलन – असम के कामरूप एवं दरांग जिलों में 1893–1894 में एक नया राजस्व बंदोबस्त जारी किया गया जिससे लगान की दर में 50 से 70 प्रतिशत वृद्धि हो गई। विरोध में ग्रामवासियों की सभाएं आयोजित की गई, असामाजिक बहिष्कार किया गया। मध्यमवर्गीय राष्ट्रीयता ने 1905 के बाद ही इस साधन का प्रयोग किया। बंगाल के नरमदलीय कांग्रेसी नेता रासबिहारी घोष ने इस मामले को इंपीरियल लेजिस्लेटिव कांउसिल में भी उठाया। अछूत गछवाहों और खेत मजदूरों ने जो मूलत: शनान कहलाते थे, व्यापार के माध्यम से धन कमाकर एक उच्च वर्ग का निर्माण कर लिया और 1901 की जनगणना में क्षत्रिय श्रेणी के अंतर्गत सम्मिलित किए जाने की मांग करने लगे थे।

5. सांप्रदायिक संकीर्णता – 1885 के बाद साम्राज्यवादी दृष्टिकोण रखने वाले कूपलैंड ने लिखा है – 'भारत में ब्रिटिश शासन के बने रहने के कारण ही हिन्दू–मुसलमान समस्या है।'[7] 1880 के दशक के बाद सांप्रदायिक झगड़े आम हो गए। इनका मुख्य कारण आर्थिक आधार से सीधा संबंध नहीं था। 1883–1891 के बीच में गेराल्ड बैरियर ने पंजाब में 15 बड़े सांप्रदायिक दंगों का उल्लेख किया है। सुधारवादी पत्रिका सुधारक में तो 1898 में यहां तक कहा गया कि गणपति उत्सव की तुलना में मोहर्रम कहीं अधिक राष्ट्रवादी त्यौहार रहा है। सांप्रदायिक चेतना के विकास के साथ कलकत्ता के पटसन कारखानों में श्रमिकों में आरंभिक चेतना का उदय हुआ। 1882–1890 के बीच बंबई और मद्रास में 25 महत्वपूर्ण हड़तालें दर्ज की गई, 1892–1893 और 1901 के बीच बंबई में अनेक बड़ी हड़तालों का उल्लेख मिलता है।

6. राष्ट्रीयता व राजनीतिक चेतना का उदय – भारतीय स्वाधीनता संग्राम की पृष्ठभूमि में एक महत्वपूर्ण योगदान बुद्धिजीवी वर्ग एवं उसकी चेतना का है। महाराष्ट्र के पूना में बुद्धिजीवी वर्ग एक ऐसे शहर में स्थित था जिसका वस्तुत: कोई औद्योगिक या व्यापारिक महत्व नहीं था। 1901 में बंबई सरकार ने साहूकारों को किसानों की भूमि का हस्तांतरण रोकने का कदम उठाया जिसका तिलक और गोखले ने विरोध किया। 1880–1890 के दशकों में बुद्धिजीवी नेतृत्व जिनमें फीरोजशाह मेहता, के.टी. तैलंग एवं बदरूद्दीन तैयबजी एवं मिल मालिकों के बीच अपेक्षाकृत स्थायी संबंध बने। ये संबंध लंकाशायर के सूती कपड़ों पर से आयात कर की समाप्ति एवं आबकारी लगाने की मांग को लेकर किए जाने वाले आंदोलन से बने थे जिसका प्रतीक दिनशावाचा की वृत्ति थी। राष्ट्रवादियों के लिए पूंजीपतियों की थैलियां एक पीढ़ी बाद ही खुल सकी, जब प्रथम विश्व युद्ध के बाद महात्मा गांधी का उदय हुआ।

7. हिन्दू सुधार आंदोलन एवं पुनरूत्थानवाद – तिलक ने हिन्दू समाज की रूढ़िवादी एवं सुधार विरोधी भावनाओं को राष्ट्रवादी तर्को के साथ प्रस्तुत किया। तिलक का कहना था कि विदेशी शासकों को धार्मिक एवं सामाजिक रीति–रिवाजों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। 1880–1890 के दशकों में जोगेन्द्रचंद घोष एवं परिष्कृत एवं बुद्धिजीवी पुनरूत्थानवाद बंकिमचन्द्र के लेखन में सर्वोत्तम रूप में दिखाई देता है। इसमें कृष्ण को आदर्श पुरूष, संस्कृति नायक और राष्ट्रनिर्माता के रूप में प्रस्तुत किया गया है। विवेकानंद का आरोप था कि सुधारवादी आंदोलन अभिजात्यवादी और विदेशी आदर्शो पर आधारित है। उन्होंने इसके स्थान पर समाज सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया। तिलक, विष्णुकृष्ण चिपलुणकर, एनीबेसेंट, रानाडे, दयानंद सरस्वती जैसे समाज सुधारकों के लक्ष्य एक प्रभुत्वपूर्ण अखिलहिन्दु पुनरूत्थानवाद की रूपरेखा में समाहित हो गए। इस प्रकार पुनरूत्थानवाद स्पष्ट रूप से एक आक्रामक हिन्दू अस्मिता को स्थापित करने में सहायक हुआ।

8. भारतीय इस्लाम में सुधार की प्रवृत्तियां – 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में भारतीय इस्लाम में सुधारवाद और पुनरूत्थानवाद का संघर्ष स्पष्ट दिखाई देता है। 1880–1890 के दशकों में संप्रदायवाद भी पहली बार एक अखिल भारतीय आयाम ग्रहण कर रहा था। इसके दो प्रमुख मुद्दे थे – ऊर्दू और देवनागरी का विवाद और गौरक्षा। देवनागरी की मांग बनारस के कुछ हिंदुओं ने की जिसे 1900 में लेफ्टीनेंट गर्वनर लार्ड मैकडॉनेल ने स्वीकार कर लिया था। लेकिन गौरक्षा का मुद्दा ही अधिक महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ क्योंकि यह अभिजातवर्गीय और लोकव्यापी संप्रदायवाद के बीच की कड़ी का था। दयानंद ने 1881 में गोकरूणानिधि शीर्षक से एक किताब को प्रकाशित किया था और इस दशा में 1892–93 से गौरक्षिणी सभाएं अधिक जुझारू बनने लगी थी जो शायद वर्ष भर पूर्व 'एज ऑफ कंसेट' बिल के पारित किए जाने के विरोध में रूढ़िवादी हिन्दुओं का रोष दर्शाता था। पुनरूत्थानवाद एवं राष्ट्रवाद की परिणति दंगों के रूप में हुई थी। जिसका स्वागत करते हुए भारत सचिव किम्बरले ने कहा था कि इससे 'उस कांग्रेस आंदोलन की जड़ ही कट जाएगी जो भारतीयों को एकजुट करने के लिए चल रहा था।'[8] (लैसडाउन को किम्बरले का पत्र 25 अगस्त 1893) 1905 के पूर्व राष्ट्रवाद में अकेला सबसे बड़ा योगदान दादाभाई नौरोजी, रानाडे, जी.वी. जोशी और आर.सी. दत्त जैसे लोगों ने संपत्ति के दोहन सिद्धांत द्वारा अंग्रेजी शासन के आर्थिक पक्षों की विस्तृत समीक्षा के रूप में दिया था।

9. नवीन साहित्य का उदय – बुद्धिजीवी वर्ग की देशभक्ति की प्रथम एवं सहज अभिव्यक्ति प्रांतीय भाषाओं के साहित्य के माध्यम से हुई। 1880–1890 के दशकों में जब बंगाल में हिन्दु पुनरूत्थानवाद अपने सर्वोच्च शिखर पर था, वहां राजनीतिक रूचि में थोड़ी बहुत कमी दिखाई देने लगी थी। बंगाल के रंगमंच पर अब गिरीशचन्द्र घोष के भावुकता पूर्ण पारिवारिक अथवा पौराणिक कथानकों पर आधारित नाटक, 1903 में विपिन चन्द्र पाल ने कहा था कि इल्बर्ट बिल के समय से ही 'अमूर्त धर्म के हित में राजनीतिक की अवहेलना होती रही है और इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय गीतों का स्थान धार्मिक गीतों ने ले लिया है।[9] (न्यू इंडिया, 19 मार्च 1903) तिलक, केलकर और रजवाड़े द्वारा शिवाजी की एक नितांत भिन्न छवि प्रस्तुत कर गुरू रामदास को हिन्दू संघर्षवृत्ति के धर्मदूत के रूप में चित्रित करना। स्वदेशी से संबद्ध हिन्दु युवा वर्ग 1905 के बाद से बंकिमचंद को देवता मानने लगा था, किन्तु बड़ी सीमा तक राष्ट्रवाद से सहानुभूति रखने वाली मुसलमान जैसी मुस्लिम पत्रिकाओं ने भी उन पर बारंबार आक्षेप किए क्योंकि उनकी अनेक रचनाओं में यवनों की निंदा की गई थी। आर्य समाजियों एवं रूढ़िवादी हिन्दुओं द्वारा उठाए गए देवनागरी लिपि वाली हिन्दी के आंदोलन की एक विशिष्ट लोकप्रिय अपील थी, क्योंकि उनकी अनेक रचनाओं में यवनों की निंदा की गई थी। आर्यसमाजियों एवं रूढ़िवादी हिन्दुओं द्वारा उठाए गए देवनागरी लिपि वाली हिन्दी के आंदोलन की एक विशिष्टि लोकप्रिय अपील थी क्योंकि फारसी – बहुल ऊर्दू में ही लिखते रहे। भाषा और लिपि के मतभेदों को धीरे–धीरे धार्मिक मतभेदों से जोड़ा जाने लगा जो संप्रदायवाद की खाई को गहरा कर रहा था।

इस प्रकार सुधार आंदोलन, राजनैतिक चेतना का उदय, धार्मिक सुधार आंदोलन ने सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध भारतीय जनमानस में चेतना की मशाल जलाना एवं आर्थिक सुधार आंदोलनों ने भारतीयों के आर्थिक शोषण को रोकने के लिए विभिन्न आंदोलन किये गये। बुद्धिजीवी वर्ग ने शिक्षा के माध्यम से जनसाधारण तक अपने विचारों को पहुंचाया, जिससे हिन्दु पुनरूत्थानवाद एवं राष्ट्रवाद के आंदोलनों को बढ़ावा मिला। इस समय तक हिन्दु और मुसलमानों ने राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. सरकार, सुमित, आधुनिक भारत 1885–1947, पृ. 62, राजकमल प्रकाशन प्रा.लिमिटेट, नई दिल्ली 2000
2. वहीं पृ. 64
3. सिंह, अयोध्या, भारत का मुक्ति संग्राम भाग 1, पृ. 409, मैकमिलन इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली 1992
4. सरकार, सुमित पृ. 67
5. सरकार, सुमित पृ. 68
6. नम्बूदिरिपाद, ई.एम.एस., केरल : यस्टर्डे, टुडे एण्ड टुमारो, पृ. 68, नेशनल बुक एजेंसी कलकत्ता 1968
7. सरकार, सुमित पृ. 77
8. सरकार, सुमित पृ. 77
9. सरकार, सुमित पृ. 98

****

ग्रामीण विकास में पंचायती राजव्यवस्था का योगदान एवं मूल्यांकन

विनोद कुमार शेण्डे *

प्रस्तावना – भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतांत्रिक पद्धति का मूल आधार लोगों की भागीदारी है। पंचायती राज उस भारतीय लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है, जिसकी जड़े लोगों में मौजूद है। भारतीय समाज में सदियों से जातीय पंचायतें प्रचलन में थी, जो स्थानीय स्तर पर अपने समाज की समस्याओं का निपटारा करती थी। देश के संविधान में परम्परागत पंचायतों की पंचायती राज व्यवस्था अर्थात् इनको लोकतांत्रिक स्वरुप देकर पुन: जीवित किया गया है, और संविधान में निर्देश दिया गया कि राज्य सरकारें पंचायतों के गठन के लिए जरुरी कदम उठाएगी, और उन्हें ऐसी शक्तियां और अधिकार प्रदान करेगी कि वे स्वशासन की इकाई के रुप में कार्य कर सके।

भारतीय लोकतंत्रात्मक व्यवस्था का मूल आधार पंचायत राज व्यवस्था रही है। सभ्य समाज की स्थापना के बाद से ही मनुष्य ने जब समूहों में रहना सीखा पंचायत के आदर्श एवं मूल सिद्धांत उसकी चेतना में विकसित होते आए है। लेकिन पूरे देश में प्रशासन का विकेन्द्रीकरण करके बुनियादी स्तर पर पंचायत राज की स्थापना और जनता के हाथों में सीधे अधिकार देने की शुरुआत संविधान के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से संभव हुई है।

'पंचायती राज व्यवस्था भारतीय समाज की एक सांस्कृतिक विशेषता है। ग्रामीण समाज को संगठित रखने ,ग्रामीण समाज में व्यवस्था और नियंत्रण सीमित बनाने में पंचायतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।'

पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज संषोधन अधिनियम 2001 लागू किया गया। इस प्रकार महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज का सपना साकार हुआ।

ग्राम स्वराज व्यवस्था गांव की आर्थिक, सामाजिक एंव राजनीतिक विकास में प्रत्येक गांववासी की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। जिससे गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगें। हर गांव स्वायत्त गणतंत्र बनेगा जिससे नेतृत्व राजनीति से लोकनीति की ओर जायेगा ओर इसके फलस्वरूप प्रत्यक्ष प्रजातंत्र स्थापित होगा। ग्रामीण विकास हो या शहरी विकास महिलाओं के बिना अपेक्षित विकास नहीं किया जा सकता। केन्द्र सरकार की घोषणा अनुसार वर्ष 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मनाया गया जिसकेपरिप्रेक्ष्य में महिलाएं नीचे स्तर से लेकर राजनीति के उच्च स्तर तक अपना नेतृत्व प्रदान करने में आगे आई।

स्वतंत्र भारत में पंचायती राजव्यवस्था – लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई पंचायतों की स्थापना के बारे में जो सदियों से भारत के शासन संचालन का आधार रही थी, भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ ही महात्मा गांधी के पंचायती राज व्यवस्था के स्वप्न को साकार करने का अवसर प्राप्त हुआ। राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, आध्यत्मिक विकास की परिकल्पना जो गांधीजी के मस्तिष्क में थी, उसे वे पंचायती राज के माध्यम से साकार करना चाहते थे। उनका इस बात पर दृढ़ विश्वास था कि भारत की आत्मा उनके सात लाख गांवों में निवास करती है। गांधीजी का मानना था कि गांवों के लिए स्वतंत्र भारत का संविधान सुदृढ़ ताने बाने से बना हो तथा समन्वित ग्रामीण समुदाय पर आधारित होना चाहिए।

'स्वतंत्रता के पश्चात सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा भौगोलिक रूप से संतुलित विकास करने, आम व्यक्ति का जीवन सुधारने तथा **समता, न्याय, एवं भाईचारे** के लक्ष्य पाने हेतु ऐसे लोक प्रशासन की जरूरत थी जो कि संवेदनशील, विशेषज्ञता युक्त तथा जनोन्मुख हो। इसी संदर्भ में भारतीय प्रशासन को **'विकास प्रशासन'** के रूप में ढ़ाला गया।'

'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में उल्लेख किया गया है कि राज्य ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए अग्रसर होगा, तथा उसको ऐसी शक्तिया व अधिकार प्रदान करेगा, जो उनको स्वायत शासन इकाई के रूप में कार्य करने में योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो।'

'भारतीय संविधान में पंचायत को प्रतिस्थापित करने का श्रेय संविधान सभा को मिला किन्तु उसे व्यावहारिक स्वरूप देकर विकसित करने का दायित्व राज्य सरकारों पर था। नये अनुच्छेद का स्वागत करते हुए अधिकांश इकाइयों ने अपने राज्य के लिए पंचायती राज अधिनियम तैयार किए। इसी दिशा में उत्तरप्रदेश सरकार ने सर्वप्रथम सन 1947 ई. में पंचायत राज अधिनियम तैयार किया। 1948 में पंचायत निर्वाचन सम्पन्न कराये गए। बिहार में 1947 में, तामिलनाडु में 1950 में, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 1952 में तथा राजस्थान में 1953 में पंचायत अधिनियम बनाए गए।'

भारत सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था को ढाँचे में सुधार लाने हेतु अनेक समितियों का समय-समय पर गठन किया गया है। इन समितियों ने अनेक प्रस्ताव एवं सुझाव प्रस्तुत किए है। प्रमुख गठित समितियाँ निम्नलिखित है।

1. बलवंत राय मेहता समिति (1957)
2. अशोक मेहता समिति (1977)
3. जी .वी. के. राव समिति (1985)
4. एल.एम. सिंघवी समिति (1986)
5. 64 वाँ संविधान संशोधन विधेयक (1989)
6. 72 वाँ संविधान संशोधन (1991)
7. 73 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम (1993)

जनगणना 2011 के अनुसार हमारे देश (भारत) की कुल जनसंख्या 121.02 करोड़ आंकलित की गई है, जिसमें 68.84 प्रतिशत जनसंख्या

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

गांवों में निवास करती है और 31.16 प्रतिशत शाहरों में निवास करती है। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में ग्रामीण एवं शहरी आबादी का अनुपात 83 प्रतिशत एवं 17 प्रतिशत था। 2001 की जनगणना में ग्रामीण एवं शहरी जनसंख्या का प्रतिशत 74 एवं 26 प्रतिशत हो गया इन आकड़ों के देखने पर स्पष्ट होता है कि भारतीय ग्रामीण लोगों का शहरों की ओर पलायन तेजी से बढ़ रहा है। गांव में पायी जाने वाली रोजगार की अनिश्चिता, प्राकृतिक आपदा, स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव ने लोगों को पलायन के लिए प्रेरित किया।

स्वतंत्र भारत में ग्रामीण विकास कार्यक्रम – कृषि, ग्रामीण विकास, गरीबी निवारण तथा ग्रामीण रोजगार के लिए संचालित प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम इस प्रकार है –

- इटावा अग्रगामी योजना, 1948
- नीलोखेडी परियोजना, 1948
- भूदान आंदोलन, 1951
- ग्रामदान आंदोलन, 1952
- सामुदायिक विकास कार्यक्रम, 1952–53
- राष्ट्रीय विस्तार सेवा, 1953–54
- अनुप्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम, 1958–59
- पंचायती राज कार्यक्रम, 1959–60
- गहन कृषि जिला कार्यक्रम, 1960–61
- पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 1960–61
- जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 1962–63
- गहन कृषि क्षेत्र कार्यक्रम, 1964–65
- उन्नत फसल कार्यक्रम (अधिक उत्पादकता वाली प्रजाति कार्यक्रम), 1965–66
- गहन क्षेत्र विकास कार्यक्रक्रम, 1965–66
- लघु किसान विकास अभिकरण, 1969–70
- सीमान्त कृषक तथा कृषि श्रमिक विकास अभिकरण, 1969–70
- सूखा संभावित क्षेत्र कार्यक्रम, 1970–71
- ग्रामीण निर्माण कार्यक्रम, 1970–72
- ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, 1970–72
- बच्चों के लिए विशेष पोषाहार कार्यक्रम, 1971–72
- गहन ग्रामीण रोजगार परियोजना, 1972–73
- त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम, 1972–73 (1986 राष्ट्रीय पेयजल मिशन)
- रोजगार गारंटी योजना, 1972–73
- नियंत्रित क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 1973–74
- न्यूनतम आवष्यकता कार्यक्रम, 1974–75
- कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 1974–75
- समन्वित बाल विकास सेवा, 1975–76
- आवास कार्यक्रम, 1976–77
- भोजन तथा निर्माण कार्यक्रम, 1977–78
- अन्त्योदय योजना, 1977–78
- मरूस्थल विकास कार्यक्रम, 1977–78
- ऑपरेशन बर्गा, 1978–89
- व्यापक क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 1978–89
- जिला उद्योग केन्द्र, 1978–79
- एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम, 1978–79
- बंधुआ मजदूरी उन्मूलन योजना, 1978–79
- ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम, 1978–79 (ट्राइसेम)
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, 1980–81
- सम्पूर्ण गाँव विकास कार्यक्रम, 1980–81
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, 1980–81
- ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास योजना (द्धाकरा), 1982–83
- ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक रोजगार गारंटी कार्यक्रम, 1983–84
- टेक्नोलोजी मिशन, 1986–87
- सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 1986–87
- इन्दिरा आवास योजना, 1988–89
- जवाहर रोजगार योजना, 1989–90
- राष्ट्रीय पनधारा परियोजना, 1990–91
- बंजर भूमि विकास योजना, 1992–92
- ग्रामीण दस्तकार (कारीगर) योजना, 1992–93
- सुनिश्चित रोजगार योजना, 1993–94
- ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, 1993–94
- जल संग्रह विकास कार्यक्रम, 1993–94
- सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, 1993–94
- महिला समृद्धि योजना, 1993–94
- इन्दिरा महिला योजना, 1995–96
- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, 1995–96 (राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना)
- गांधी ब्लॉक योजना, 1995–96
- दस लाख कुएं योजना, 1996–97
- ग्रामीण स्वरोजगार योजना, 1996–97
- कस्तूरबा गांधी शिक्षा योजना, 1997–98
- रगरंगा कल्याण योजना, 1997–98
- स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना, 1997–98
- बालिका समृद्धि योजना, 1997–98
- राजेश्वरी महिला कल्याण योजना, 1998–99
- ग्रामीण महिलाओं का विकास एवं अधिकार परियोजना (स्वशक्ति परियोजना), 1998–99
- जवाहर ग्राम समृद्धि योजना, 1999–2000 (संशोधित जवाहर रोजगार योजना)
- स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, 1999–2000 (समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, ट्राइसेम, द्धाकरा, ग्रामीण दस्तकार योजना, गंगा कल्याण योजना तथा दस लाख कुएं योजना का एकीकरण)
- प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना, 2000–2001
- जनश्री बीमा योजना, 2000–2001
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, 2000–2001
- अन्त्योदय अन्न योजना, 2000–2001
- महावीर ग्राम कल्याण योजना, 2000–2001
- सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना, 2002 (सुनिश्चित रोजगार योजना तथा जवाहर ग्राम समृद्धि योजना का एकीकरण)

- स्वजलधारा कार्यक्रम, 2002–2003
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, 2005
- भारत निर्माण कार्यक्रम, 2005
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, 2005

निष्कर्ष – आजादी के बाद पंचायती राजव्यवस्था में सामुदायिक विकास तथा योजनाबद्ध विकास की अन्य अनेक योजनाओं के माध्यम से गांवों की हालत बेहतर बनाने और गांव वालों के लिए रोजगार के अवसर जुटाने पर ध्यान किया जाता रहा है। 73वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायती राज संस्थाओं को अधिक मजबूत तथा अधिकार सम्पन्न बनाया गया और ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिका काफी बढ़ गई है। पंचायतों में महिलाओं व उपेक्षित वर्गो की हिस्सेदारी होने लगी है इस प्रकार से गांवों में शहरों जैसे बुनियादी जरुरतें उपलब्ध करवाकर पलायन की प्रवृत्ति को सुलभ साधनों से रोका जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जैन, डॉ. पुखराज फडिया, डॉ. बी.एल. 'भारतीय शासन एवं राजनीति', साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा सन् 2000
2. शर्मा डॉ. पारूल (2007) – पंचायती राज प्रशासन, जयपुर।
3. कौशिक सुरेन्द्र 2008, राजनीति विज्ञान, उपकार प्रकाशन, आगरा।
4. चौधरी, सहदेव बी (1992) अखिल भारतीय पंचायत परिषद – पंचायत संदेश, भोपाल।
5. पत्रिका कुरुक्षेत्र फरवरी 2012 पृष्ठ 11,13 ग्रामीण विकास मंत्रालय नईदिल्ली।

****

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयतावाद- एक विश्लेषण

डॉ. वसुधा आवले *

प्रस्तावना – भारत एक प्रजातांत्रिक देश है, यहाँ स्वतंत्रता, समानता और भातृत्व के सिद्धान्तों पर भारतीय संविधान की नींव रखी गयी। संविधान के प्रथम अनुच्छेद में कहा गया है कि 'भारत राज्यों का एक संघ होगा।' संविधान बनाते समय संविधान निर्माताओं ने जिन मूल्यों को सर्वाधिक महत्व दिया वे हैं राष्ट्रीय एकता एवं जनतांत्रिक चेतना की सर्वव्यापकता। भारत में जिन विभिन्नताओं को एकता के सूत्र में आबद्ध करने हेतु संघवादी संसदीय प्रणाली की स्थापना का निर्णय लिया गया उस स्थिति में जब देश ब्रिटिश शासन की विभाजन नीति के बाद टूटने एव बंटने के कगार पर खड़ा था। राष्ट्रीय एकीकरण और क्षेत्रीयतावाद एक दूसरे के विपरीत है।

क्षेत्रीयतावाद से तात्पर्य एक देश में या उसके किसी भाग में उस छोटे से क्षेत्र से है जो आर्थिक, भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक आदि कारणों से अपने पृथक अस्तित्व के लिए जागरूक हो व शक्तियों में वृद्धि चाहता हो। भारतीय राजनीति के संदर्भ में क्षेत्रीयतावाद ऐसी धारणा है, जो भाषा, धर्म, संस्कृति व क्षेत्र पर आधारित है। इसका ध्येय संकुचित क्षेत्रीय स्वार्थों की पूर्ति करना है, जो सारे देश में व्याप्त सुनियोजित व सुव्यवस्थित आंदोलनों के रूप में प्रकट होती है। उदाहरण के लिए पंजाब -पंजाबियों के लिए, गुजरात-गुजरातियों के लिए, बिहार-बिहारियों के लिए व महाराष्ट्र-मराठी व बंगाल-बंगालियों के लिए।

भारत में क्षेत्रीयतावाद के कारण –

- क्षेत्रीयतावाद की भावना भौगोलिक परिस्थितियों, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक विकास, भाषागत विविधता क्षेत्र विशेष में जाति की प्रधानता व राजनीतिक महत्वाकांक्षा की देन है।
- क्षेत्रीयतावाद उग्र केन्द्रीयकरण की नीति के विरूद्ध प्रतिक्रियात्मक आंदोलन के रूप में अभिव्यक्ति है।
- केन्द्र व राज्यों के मध्य विवादों के कारण क्षेत्रीयतावाद को बढ़ावा मिलता है।
- गरीबी, बेरोजगारी व क्षेत्रीय उपेक्षा के कारण क्षेत्रीयतावाद की प्रकृति प्रतिदिन व्यापक होती जा रही है।
- ग्रामीण असंतोष, आर्थिक असन्तुलन, समाज में नैतिक मूल्यों के पतन के कारण पिछड़े क्षेत्रो में क्षेत्रीयतावाद बढ़ता जा रहा है।
- क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण भी क्षेत्रीयतावाद की भावना बलवती होती जा रही है।

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयतावाद एक परिदृश्य –

- **क्षेत्रीयतावाद ऐतिहासिक विरासत के रूप में –**
- भारत एक विविध भाषा व संस्कृति वाला विशाल देश है, विदेशी ताकतों द्वारा इसका शोषण किया गया। ब्रिटिशकाल में भारत दो भागों में विभाजित था - भारतीय प्रान्त व देशी रियासतें। देश में स्वतंत्रता के पश्चात ही राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या व केन्द्र-राज्य सम्बन्धों के निर्धारण के कारण क्षेत्रीयतावाद की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है व अनेक नवीन राज्यों की स्थापना की माँग उठती जा रही है

- **क्षेत्रीयतावाद और पृथक राज्यों की माँग –** स्वतंत्रता पश्चात 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग ने भाषाई राज्यों की माँग के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किया। जिससे क्षेत्रीयतावाद को और प्रोत्साहन मिला। उदाहरण के लिए पृथक विदर्भ की माँग, बम्बई राज्य का विभाजन, आंध्रप्रदेश में तेलंगाना, उत्तर प्रदेश में उत्तरांचल, बिहार में वनांचल, मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ आदि इस तरह नये राज्यों का सृजन करते हुए आज भारत में 29 राज्य व 07 केन्द्र शासित प्रदेश हो गये हैं। असम में बोडोलैण्ड पश्चिम बंगाल मे गोरखालैण्ड, गुजरात में सौराष्ट, स्वतंत्र कश्मीर के सपने हेतु लोग सक्रिय हैं।

- **क्षेत्रीयतावाद बनाम केन्द्र राज्य सम्बन्ध –** भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयतावाद की अभिव्यक्ति केन्द्र राज्यों के मध्य विवादो के रूप में हुई है। केन्द्र पर राज्यों की निर्भरता को कम करने, राज्यों द्वारा केन्द्र की नीतियों का विरोध करने व निर्देशों का पालन न करके अपने स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखने का परिचय दिया तथा केन्द्र से अधिकतम वित्तीय स्त्रोतों को प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीयतावाद की नीति अपनायी।

- **क्षेत्रीयतावाद बनाम अन्तर्राज्यीय झगड़े –** भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयतावाद की प्रवृत्ति ने उग्ररूप धारण कर लिया। राज्यो के मध्य सीमा विवाद कर्नाटक-तमिलनाडु के मध्य कावेरी जलविवाद, मध्यप्रदेश, गुजरात व राजस्थान के मध्य नर्मदाजल वितरण विवाद, समय-समय पर उग्र रूप धारण कर चुके हैं। पंजाब-हरियाणा के मध्य सीमाविवाद, असम नागालैण्ड के मध्य सीमा विवाद नरसंहार का कारण बन चुका है।

- **क्षेत्रीयतावाद के संदर्भ में उत्तर दक्षिण की भावनाएँ –** उत्तर-दक्षिण की मनोवृत्ति के कारण क्षेत्रीयतावाद की भावना अधिक है। दक्षिण भारत के लोगों का यह दृष्टिकोण है कि उत्तर भारत के लोगों द्वारा उनकी उपेक्षा की गयी है व दक्षिण के राज्यों को यह लाभ नहीं मिले जो उन्हें मिलना चाहिए थे। उत्तरी भारत में उद्योगों का जाल यातायात के साधनों का विकास, केन्द्रीय मन्त्रीमण्डल, केन्द्रीय सचिवालय में प्रतिनिधित्व, उत्तर की भाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित किया जाने के कारण चुनाव के समय की उत्तर दक्षिण के मताचरण में काफी अंतर मिलता है।

- **क्षेत्रीयतावाद के संदर्भ में भाषावाद –** स्वतंत्रता के बाद हिन्दी को राष्ट्रभाषा व अल्पसंख्यको को संरक्षण देने हेतु क्षेत्रीय भाषाओ को संविधान

* सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, उमरानाला, जिला - छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

में स्थान दिया गया तथा भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किया गया। दक्षिण भारत के लोगों द्वारा हिन्दी का विरोध किया गया व भाषा को राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयुक्त करने की प्रवृत्ति बढ़ी दक्षिण के कई राज्यो में हिंसात्मक आंदोलन हुए, असम में भाषा की राजनीति असम आंदोलन की प्रेरणा बनी। आज राज्यों में प्रादेशिक भाषाओं को सरकारी और गैरसरकारी सेवाओं में लेने पर बल दिया जाने लगा है यह संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। यह क्षेत्रीय भाषाओं को प्रधानता देने की भावना देश की अखण्डता के मार्ग में बाधक होती जा रही है।

- **सम्पूर्ण उत्तर पूर्वी भारत में उग्र क्षेत्रीयतावाद –** सात केन्द्र शासित प्रदेशों मे क्षेत्रवादी प्रवृत्ति के कारण सामान्यत: विदेशी यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है व इन राज्यों में शेष भारत के लोगों को भी प्रवेश के लिए अनुमति लेना आवश्यक है। उदाहरण के लिए उल्फा उग्रवादी संगठन ने हिन्दी भाषीयों को असम छोड़ने के लिए बाध्य किया, नागालैण्ड में नागाओं की समस्या, असम में बिहारियों के घर जला दिए, महाराष्ट्र में रेल्वे भर्ती मे हिंसा, जम्मू कश्मीर में अनेक उग्रवादी संगठन आतंकी गतिविधियों के आधार पर हिंसा पर जोर दे रहे हैं। इन सभी को रोकने व राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने हेतु शान्ति स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं।
- **क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अभ्युदय व क्षेत्रीयवाद –** भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती संख्या ने केन्द्रीय राजनीति को प्रभावित किया है। सभी क्षेत्रीय दलो का उदय और विकास क्षेत्रीयतावाद के लिए उत्तरदायी कारणों के मिश्रण का परिणाम है उदाहरण के लिए तमिलनाडु में डी.एम.के. अन्ना डी.एम.के., पंजाब में अकालीदल, आंध्रप्रदेश में तेलगुदेशम, तेलंगाना में राष्ट्रसमिति, जम्मू कश्मीर में नेशनल कान्फ्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना, आदि क्षेत्रीय दलों के स्वर प्रबल होते जा रहे हैं, जो क्षेत्रीयतावाद की मानसिकता को प्रभावित कर रहे हैं।
- **भारतीय राजनीति व जातीय आधार पर क्षेत्रीयतावाद की बढ़ती प्रवृत्ति –** भारत में जिन क्षेत्रों में किसी एक जाति की प्रधानता रही है, वहां क्षेत्रवाद की उग्रप्रवृत्ति दिखायी देती है। जातिय कट्टरता के कारण बिहार, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, में हिंसात्मक संघर्ष हुए है। पिछड़ी जातियों व दलितों को आपस में बाँटकर वोट की राजनीति व जातिय विद्वेष को बढ़ावा देकर क्षेत्रवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- **भूमिपुत्र की अवधारणा व क्षेत्रीयतावाद –** भारत में क्षेत्रीयतावाद की एक प्रवृत्ति के रूप में भूमिपुत्र की अवधारणा का तात्पर्य किसी राज्य अथवा क्षेत्र के निवासियों द्वारा उस राज्य में बसने व रोजगार प्राप्त करने हेतु विशेष संरक्षण दिया जाना तथा जब तक उस राज्य के सभी निवासियों को रोजगार प्राप्त न हो जाये तब तक अन्य बाहरी व्यक्तियों को सुविधाएं नहीं दी जानी चाहिए। असम व मुम्बई में रेलवे भर्ती के दौरान बिहारियों के साथ दुर्व्यवहार, महाराष्ट्र में आक्रामक क्षेत्रवादी आचरण व शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय आदि क्षेत्रों में महाराष्ट्रियों को प्राथमिकता देने की माँग कर्नाटक में कर्नाटक वासियों को रोजगार देने की माँग क्षेत्रीयतावाद को बढ़ावा देती है व राष्ट्रीय हित में इस पर अंकुश लगाना आवश्यक होगा।

क्षेत्रीयतावाद की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने हेतु सुझाव –

- भारत में विभिन्न प्रदेशों तथा भाषायी राज्यों के मध्य सांस्कृतिक महोत्सवों का आयोजन किया जाना चाहिए। जिससे भारत की विविध संस्कृति का लोगों को पता लगे व क्षेत्रीय एकता को प्रोत्साहन मिल सके व उत्तर –दक्षिण के मध्य की दूरी को कम किया जा सके।
- अमीर और गरीबी में बढ़ती खाई को पाटकर यथाशीघ्र आर्थिक विषमता व असंतोष को दूर कर पिछड़े हुए राज्यों के आर्थिक विकास पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए।
- राज्यों के राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों को संकीर्ण क्षेत्रीय मनोवृत्ति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित की मुख्यधारा के परिप्रेक्ष्य में चिंतन करना चाहिए व क्षेत्रीय राजनीति दलों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करना चाहिए।
- देश में अलगाववादी व विघटनकारी तत्वों पर कठोर प्रतिबन्ध लगाए जाने चाहिए तथा जातीयता, धर्मान्धता, साम्प्रदायिकता का राजनीति में प्रयोग वर्जित होना चाहिए जिससे क्षेत्रीय भिन्नता को कम किया जा सके।
- सभी क्षेत्र के लोगों को समान आर्थिक सुविधाएं प्रदान की जाए, जिससे अनावश्यक प्रतिस्पर्धा व ईर्ष्या की भावना न पनप सके अर्थात समावेशी विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
- राष्ट्रीय भाषा हिन्दी को किसी भी क्षेत्रीय समूह पर जबरदस्ती न लादा जाए अपितु हिन्दी भाषा का प्रचार–प्रसार इस ढंग से हो कि विभिन्न क्षेत्रीय समूह स्वत: ही उसे सम्पर्क भाषा के रूप में स्वीकार कर ले।
- केन्द्रीय मंत्रीमण्डल में सभी क्षेत्रो के जनप्रतिनिधियों का सन्तुलित प्रतिनिधित्व हो जिससे क्षेत्रीय पक्षपात के आरोपों से बचा जा सके।
- देश में कल्याणकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन हेतु प्रशासनिक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा मानसिक दृष्टिकोण में सकारात्मक सोच उत्पन्न करनी चाहिए ।
- जनचेतना, जागरूकता, सहभागिता को राष्ट्रीयस्तर पर बढ़ावा देना चाहिए व आकाशवाणी चलचित्र नुक्कड़ नाटक पत्र पत्रिकाओं प्रदर्शनियों व कार्यशालाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन देना चाहिए।
- केन्द्र व राज्य स्तर पर रोजगार के अवसर सभी को दिए जाने चाहिए।

इस तरह क्षेत्रीयतावाद ने भारतीय राजनीति को काफी प्रभावित किया है क्षेत्रीयता की समस्या भारतीय राष्ट्रीय एकता के मार्ग मे बाधक बनती जा रही है। भारत में क्षेत्रीयतावाद का लक्ष्य पृथकतावाद नहीं है अपितु वे अपने क्षेत्र व समूह विशेष के लिए अधिक सुविधाएं प्राप्त करना चाहते है। क्षेत्रीयतावाद की संकुचित भावनाओं को दूर करने के लिए हम स्वंय को पंजाबी, गुजराती, बंगाली, मराठी, बिहारी न समझकर भारतीय समझे व भारत की एकता व अखण्डता की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. दुर्गादास बसु – भारतीय सविधान एक परिचय, नई दिल्ली।
2. राजेश जैन –क्षेत्रीयतावाद और भारतीय राजनीति।
3. एस.एम. सईद–भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, लखनऊ, सुलभ प्रकाशन।
4. रजनी कोठारी–भारत में राजनीति, नई दिल्ली, ओरिण्ट लाग्मैन लिमिटेड।
5. एस.सी. सिंहल–भारतीय शासन एव राजनीति, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा।
6. विपिन चन्द्र–आधुनिक भारत में साम्प्रदायिकता, दिल्ली विश्वद्यालय, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय ।
7. रजनी कोठारी– कॉस्ट इन इण्डियन पॉलिटिशन, नई दिल्ली, ओरिण्ट लाग्मैन लिमिटेड।

भारत में जातिवाद और राजनीति

डॉ. समीना खटक *

प्रस्तावना – भारत एक अति प्राचीन सभ्यता है, जिसका सामाजिक ढाँचा अनेक प्रकार के विभेदों से बना हुआ है। यह समाज प्राचीन परम्पराओं व कई अर्थो में यहाँ का ग्रामीण समाज रूढ़ीवादी मान्यताओं व पौराणिक व धार्मिक रिवाजों से प्रेरित होकर संचालित होता है। जैसा कि हम जानते है भारत की पारम्परिक सामाजिक संरचना जाति व्यवस्थाओं ओर धार्मिक अस्मिताओं के आसपास संगठित है। भारत में जाति व्यवस्था का प्रचलन परम्परागत रूप से उत्तर वैदिक काल से माना जाता है। जिसमें ब्राहम्ण, क्षत्रिय , वैश्य व शुद्र नाम से चार श्रेणियों में समाज का बंटवारा किया गया था। यह व्यवस्था जन्म के आधार पर न होकर कर्म के आधार पर की गई थी।

प्राचीन काल में जाति व्यवस्था का कठोरता के साथ पालन किया जाता था परन्तु धीरे– धीरे अनेकों सामाजिक आन्दोलनों , नई परिस्थितियों व शिक्षा के दायरे के फैलाव के चलते स्वतंत्रता के पश्चात भारत में जाति व्यवस्था का प्राचीन रूप अनेकों बदलावों से गुजरता हुआ आज करीब–करीब ध्वस्त हो चुका है। परन्तु क्योंकि प्राचीन सामाजिक संरचना की जडें इतनी मजबुत थी कि भारतीय समाज में आज भी जातिवाद की प्रतिध्वनी मौजुद है। और राजनीतिक दल अपने स्वार्थ हेतु इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से समाप्त भी नहीं होने देना चाहते है।

प्रो.रूडोल्फ के अनुसार 'भारत के राजनीतिक लोकतन्त्र के सम्बंन्ध में जाति वह धुरी है, जिसके माध्यम से नवीन मूल्यों एंव तरीकों की खोज की जा रही है।

यथार्थ में यह एक ऐसा माध्यम बन गई है जिसके जरिये भारतीय जनता को लोकतान्त्रिक राजनीतिक प्रक्रिया से जोडा जा सकता है।'

किसी भी विकसित या विकासशील देश की राजनीति का आधार उस देश का सामाजिक ढाँचा होता है। जाति प्रधान समाज होने के कारण भारत में राजनीति सामाजिक ढांचे के अनुसार अपनी दिशा तय करती है। यह किसी भी देश की राजनीति के लिए एक अच्छा लक्षण नहीं है। क्योंकि लोकतान्त्रिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु स्वस्थ व प्रगतिशील राजनीतिक व्यवस्था की आवश्यकता एक बेहद आवश्यक तत्व है। जिसके अभाव में राजनीति के प्रदूषित होने की सम्भावना बनी रहती है। भारत में राजनीतिक दलों के व्यवहार पर दृष्टि डालने पर पता चलता है कि यहाँ जातिय विविधता का राजनीतिक स्वार्थ हेतु नकारात्मक प्रयोग किया गया है। पिछले 3–4 दशक की भारत की राजनीति पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि लगभग सभी राजनीतिक दलों की यह नीति है कि सैद्धान्तिक रूप से जातिवाद को भले ही अस्वीकार किया जाए किन्तु व्यवहारिक रूप से जाति धर्म एंव वर्ग को एक साधन के रूप में प्रयोग करने से राजनीतिक दल अपने तुच्छ राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने हेतु समाज की विभिन्न जातियों को एक दुसरे के विरूद्ध खड़ा करने से भी नहीं चुकती है। आज समाज के विभिन्न वर्गो में बढ़ती वैमनस्यता व कटुता का एक कारण यह भी है कि राजनीतिक दल जातिगत राजनीति का उपयोग अपने व अपने दल के लाभ हेतु कर रहे है नाकि उस जाति के समग्र विकास हेतु।

यद्यपि भारत के इस जाति प्रधान सामाजिक ढांचे से राजनीतिक दलों का जुड़ाव स्वाभाविक ही था। क्योंकि लोकतान्त्रिक राजनीति मूलत: आवश्यकताओं की राजनीति है, जिसके कारण पारम्परिक समाज और उसमें नेतृत्व का उसके साथ जुडाव हुआ। डॉ.रजनी कोठारी के अनुसार 'इसके दो नतीजें निकले। पहला जाति प्रथा ने नेतृत्व को राजनीतिक गोलबंदी के लिए संरचनात्मक और विचारधारात्मक आधार प्रदान किया। जिससे राजनीति को विभिन्न तबकों के प्रतिनिधि संगठन मिले और पहचान का वह पैमाना मिला जिसके जरिए समर्थन को जमीन पर उतारा जा सकता था। दूसरा, स्थानीय दावों के साथ नेतृत्व को रियायती सलूक करना पडा। उनके बीच सत्ता की आकांक्षा को लेकर बनी सहमति को मान्यता देनी पडी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को पारम्परिक शैली में संयोजित करना पडा। इस तरह जातियाँ राजनीतिक और आर्थिक उद्देश्यों के लिये संगठित हुई। इस सब के साथ राजनीतिक संगठन प्रणाली ने जन्म लिया जो विभिन्न समूहों के हितों से जुडी हुई थी। इस प्रकार राजनीति और समाज में निकटता की शुरूआत हुई और एक नई अधिरचना उभरने लगी।'

भारतीय सामाजिक संरचना में जाति के महत्व के चलते यह लगभग असम्भव था कि यहां की राजनीति जातिवाद से अछूति रह सके। विभिन्न जातियों ने अपने आप को दलगत राजनीति से इसलिए जोड दिया कि इस प्रकार के जुड़ाव से देश व राज्यों की राजनीतिक व्यवस्था में उनका वर्चस्व बडेगा और अन्ततोत्वा इसका उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। भारत की जनता जातियों के आधार पर संगठित है इसलिए राजनीति का जातियों के साथ गठजोड बेहद आवश्यक भी है और जातियाँ के दृष्टिकोण से यदि सकारात्मक रूप में किया जाए तो उन जातियों की राजनीतिक सहभागिता की दिशा भी सुनिश्चित करता है। भारतीय समाज की जातिवादी सरंचना का जो सबसे अधिक नकारात्मक पहलू रहा, वह था अछूतों का यहां की राजनीतिक व्यवस्था में नगण्य स्थान।सदियों तक सम्पूर्ण समाज पर राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षिक सांस्कृतिक अर्थात प्रत्येक स्तर पर ब्राहाम्ण , क्षत्रिय व वैश्य का वर्चस्व बना रहा और देश की जनसख्या का एक बडा भाग होने के उपरान्त भी निचली जाति के लोग देश के विकास में अपनी सहभागिता केवल इसलिए नहीं दर्ज करा सके क्योंकि यहां की राजनीति में उनकी भूमिका ना के बराबर थी। 80 के दशक में मण्डल आयोग की सिफारिशें लागू होने के पश्चात भारत

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय विक्रम महाविद्यालय, खाचरौद, जिला – उज्जैन (म.प्र.) भारत

की राजनीति में जातिवाद चरम सीमा पर हावी हो गया। पिछड़ी और अछूत समझी जाने वाली जातियों को यह विश्वास हो गया कि राजनेता अभी तक केवल उनको वोट देने वाली मशीन की तरह उपयोग कर रहे थे परन्तु उनको राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने के सच्चे प्रयास नही किये गये। उनके इस विश्वास ने एक ऐसे संशय को जन्म दिया। जिसके चलते उन्होंने स्वंय को संगठित राजनीतिक इकाई के रूप में तैयार करने का प्रयास किया ताकि वे राजनीति की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए मुख्य राजनीतिक दलों पर दबाव बना सके और अपने आप को राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक पहचान दिलाने की दिशा में सार्थक पहल कर सकें। 80 के दशक से पूर्व जो राजनीतिक दल ब्राहम्ण, क्षत्रिय व वैश्य वर्गो से मुख्य रूप से जुडे रहते थे व वंचित व पिछडों जाति के लोग कूवल एक वोट से अधिक कुछ नहीं थे, यह स्थिति आज बदल गई है। रजनी कोठारी के अनुसार जातियों ने आज अपने आप को निर्वाचन और दलगत राजनीति से जोड़ लिया है। परिणाम स्वरूप गतिशीलता के अधिक सामुहिक और सहभागी रूप सामने आए है और विभिन्न स्तरों के बीच समन्वय बेहतर हुआ है। राष्ट्र–राज्य और राजनीतिक लोकतंन्त्र उत्थान और उनमें अन्तर्निहित संगठित ढांचे के कारण जातियों का परिपेृक्ष्य भी काफी बदला है और यह निरन्तर बदल रहा है। इसकी मात्रा क्रमश: बढ़ती जा रही है। राजनीति की निर्णयकारी प्रक्रिया में अधिकाधिक तबके भागीदारी करते जा रहे है।

हम यह कह सकते है कि एक जटिल जातिवादी व बहुलतावादी समाज होने के उपरान्त भी समाज के बिखराव व कुछ हद तक आपसी बेमनस्य को रोके रखने में जातिवादी राजनीति भी सहायक सिद्ध होती है। राजनीति का प्रमुख लक्ष्य होता है, सत्ता प्राप्ति। एक बिखरे व आपस में एक दूसरे के साथ वैमनस्य व घृणा करने वाले समाज पर कोई भी राजनीतिक दल आसानी से शासन नहीं कर पायेगा। अत: कोई भी राजनीतिक दल, चाहे वह कितना भी दक्षिणपंथी क्यों ना हो, एक बिन्दु से आगे अपनी कट्टर राजनीति को भारत जैसे बहुलतावादी समाज में नहीं ले जाना चाहता है।

राजनीतिक समाजीकरण भी इसी की एक शाखा है। राजनीतिक सहभागिता के विस्तार की आकांक्षा और राजनीतिक चेतना के उदय के साथ ही राजनीतिक दलों की संख्या में भी वृद्धि हुई और इसी के साथ विभिन्न जाति समुहों का देश व राज्यों की राजनीति के साथ जुड़ाव बड़े स्तर पर प्रांरभ हो गया। इसी के साथ एक या दो दलों के वर्चस्व वाली राजनीतिक व्यवस्था के स्थान पर बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था का जन्म हुआ ,जिसमें छोटे– छोटे राजनीतिक दलों ने, जो कुछ विशेष राज्य स्तरीय, जाति समूहों द्वारा संचालित होते है, राष्ट्रीय दलों से मिलकर 80 के बाद के दशकों में गठबन्धन सरकारों का राष्ट्र व राज्य दोनों स्तरों पर संचालन किया और भारतीय राजनीति को एक नया आयाम दिया। यह प्रयोग केवल उत्तर भारत ही नहीं दक्षिण भारत में भी देखने को मिले और वर्तमान में भी देखे जा सकते है।

जातियों के इस राजनीतिकरण या राजनीति के इस जातिकरण ने भारत की राजनीति को ना केवल अलग स्वरूप में हमारे सामने प्रस्तुत किया अपितु देश की अनेकों उन अछूत कही जाने वाली जातियों को उस धरातल पर ला खडा किया जिसकीं उन्होनें कल्पना भी नहीं की थी। जातिवादी राजनीति के अनेकों नकारात्मक प्रभावों के साथ ही उनके सकारात्मक पहलुओं को भी देखना व समझना चाहिये और इस प्रयोग को और अधिक परिष्कृत करने के प्रयास करते रहने की दिशा में आगे बढ़ते रहना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. रजनी कोठारी भारत में राजनीति कल और आज, वाणी प्रकाशन , नईदिल्ली , 2007
2. प्रो.आर.पी.जोशी , भारतीय सरकार एंव राजनीति, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर , 2007

****

पंचायतीराज में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की बढ़ती भूमिका

आशीष कुमार मेश्राम *

प्रस्तावना – पंचायत प्रणाली में ग्रामराज और ग्राम स्वराज के बारे में भारत की अवधारणा पश्चिम की संकल्पना से अलग है। निर्णय करने की पंच परमेश्वर की भारतीय पद्धति एक आदर्श पद्धति है क्योंकि ये पंच, लोगो की समस्याओं को सबसे अच्छी तरह जानते है। हमारे देश में पंचायत की संकल्पना काफी पुरानी है। चौपाल, जाति पंचायत और परिवार पंचायत आदि संस्थाओं मेंआधुनिक पंचायत व्यवस्था की जड़े व्याप्त थी। सिंधु घाटी की सभ्यता में इसका प्रमाण मिलता है।

हमारे देश की जनसंख्या का आधा हिस्सा महिलाओं का हैं, तथा इसमें भी अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का बहुत बड़ा भाग है। अत: देश का समग्र विकास महिलाओं की भागीदारी के बगैर नहीं हो सकता। भारत में अनादिकाल से जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं ने पुरूषो के साथ मिलकर काम किया है। भारतीय महिलाएं घर–गृहस्थी का पुरा काम–काज निपटाने के साथ–साथ राष्ट्रीय जीवन के हर क्षेत्रों में खेतो–खलिहानों, कल कारखानों, दफ्तरों, अस्पतालों में उपयोगी योगदान देती आयी है। चाहे गांवो में साक्षरता के प्रसार का अभियान हो या गांव के युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने का मामला हो। गांव में पीने के पानी की समस्या अथवा फसलों को बीमारियों से बचाना हो, यह सब कार्य ग्रामीण महिलाओं के आपसी सहयोग और विकास कार्यो में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करके कर सकती है। बढ़ती आबादी की रोकथाम, पर्यावरण की रक्षा, बच्चों को पोष्टिक व संतुलित आहार देने और इन सबसे बढ़कर स्थानीय संसाधनों की अधिकाधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में अनुसूचित जनजाति की महिलाएं अपना योगदान और नेतृत्व दे सकती है। अत: पंचायतीराज संस्थाओं में भी अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की अहम् भूमिका है।

समस्याएँ – विभिन्न सामाजिक आर्थिक रूकावटों के कारण अनुसूचित जनजाति को महिलाओं को अपनी सांख्यिकी शक्ति के बावजूद समाज में बहुत छोटा दर्जा प्राप्त है। महिलाओं द्वारा अनौपचारिक राजनीतिक, क्रियाओं में तीव्र वृद्धि के बावजूद राजनीतिक संरचना में इनकी भूमिका वास्तव में अपरिवर्तित रही है।

कई महिला प्रतिनिधियों को खासकर अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को वित्तीय समस्या से अपने परिवार का पालन–पोषण करने के लिये कृषि कार्य अथवा मजदूरी पर जाना पड़ता है। उनका मानना है कि यदि वे पंचायतो की बैठकों में जायेगी तो उनके परिवार का पालन पोषण कौन करेगा?

यह देखने को मिलता है कि जिन प्रतिनिधियों के परिवार में 10–12 सदस्य है वे परिवार को देखभाल करने और घर का काम करने के कारण पंचायतो की बैठकों मे कम ही भाग ले पाती है।

ग्रामीण क्षेत्रो में अनूसूचित जनजाति को महिलाओं की स्थिति दोयम दर्जे की है। यदि कोई महिला आगे बढ़कर कोई कार्य करना भी चाहती है, तो उसे समाज स्वीकार नहीं करता है। समाज में पर्दा प्रथा, पुराने रीति–रिवाज आज भी विद्यमान है। जिससे अनुसूचित जनजाति की महिलाएं विकास की प्रक्रिया में पूर्ण भागीदारी नहीं कर पा रही है।

कई गांवों में जातिवाद आज भी विद्यमान है। कुछ गांवो में जहां महिला सरपंच अनुसूचित जनजाति की है, वहाँ अन्य महिला प्रतिनिधि जो सामान्य तथा पिछड़े वर्ग की पंच महिला है, पंचायत की बैठकों में नही जाती क्योकि उनका मानना है कि महिला सरपंच नीची जाति की महिलाओं के साथ बैठने पर उनका अपमान होता है।

अशिक्षित महिला प्रतिनिधि भी महसूस करती है, कि उन्हें पढ़ा–लिखा होना चाहिए ताकि वे भी पंचायतीराज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों को बना सकें, उन्हे कार्यान्वित कर सके। महिला प्रतिनिधियों को पंचायत का प्रतिनिधि बनने से पहले या बाद में प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। जिन गांवो में पंचायत भवन की व्यवस्था नहीं है, वहाँ महिला प्रतिनिधि पंचायत की बैठकों में नहीं जा पाती।

पंचायत चुनावों में कई क्षेत्रों में यह देखा गया है कि समाज के प्रभावशाली व्यक्ति अपनी ही पत्नि, बहन, माँ, अथवा किसी अन्य संबंधी महिला को चुनाव में उम्मीदवार के रूप में खड़ा कर देते है, जो बाद में उन्हीं के इशारे पर काम करने को विवश होती है। इस प्रकार महिलाओं को एक तिहाई स्थानों तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित प्रावधान की धज्जियां उड़ाई जाती है। गांवो में दलबंदी होने के कारण छोटे–छोटे झगड़े होते है और जनकल्याण की योजनाओं के प्रति सही निर्णय नहीं ले पाती है।

सुझाव – राजनैतिक माहौल में सहभागी महिला प्रतिनिधियों के प्रति पुरूष समाज की रूढ़िवादी सोच बदलनी होगी। अनुसूचित जनजाति की महिलाए, पहली बार राजनीतिक माहौल में आ रही है। इसलिए उनमें भय संकोच एवं घबराहट होती है। ऐसी महिलाओं मे साहस उत्पन्न करना होगा तथा महिलाओं को उनकी आंतरिक क्षमता एवं शक्ति पर भरोसा करना होगा। महिलाओं को भी पुरूषों जैसा ही मान सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा देनी होगी। तथा राजनीति में महिलाओं का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो सकेगा। राजनीतिक माहौल में अपराधीकरण, आतंकवाद, नक्सलवाद, काला धन, चरित्र लांछन जैसे दुर्गुण है, इससे महिलाएं सार्वजनिक रूप से अलग रहती है। उन्हें सामाजिक प्रतिष्ठा का भय बना रहता है। इसलिए राजनेताओं और राजनीतिक दलो द्वारा इस दूषित वातावरण में परिवर्तन लाना जरूरी है, ताकि अनुसूचित जनजाति की महिलाएं राजनीति में अपना सक्रिय योगदान दे सके।

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

समानता पर आधारित सामाजिक संरचना का गठन करना आवश्यक है। ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहाँ मानव द्वारा मानव का शोषण नहीं, स्त्री एवं पुरूष एक दूसरे को सम्मान की दृष्टि से देखे। स्त्री और पुरूष, दोनों ही पारस्परिक ईर्ष्या, दोष, द्वेष, अंहभावना से ऊपर उठकर परस्पर सहयोग, परिश्रम एवं संगठन शक्ति का उपयोग कर गांव के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे सके।

अधिकतर अनुसूचित जनजाति की महिला प्रतिनिधि अनपढ़ है, जिससे उनको पंचायत के लेखापत्र, नियम पढ़ने में या लिखने मे दिक्कत आती है। अत: महिला पंचायत प्रतिनिधियों को शिक्षा देनी जरूरी है। प्रौढ़ शिक्षा का लाभ उठाकर एक शिक्षित व्यक्ति एक अनपढ़ व्यक्ति को पढ़ाने का संकल्प करे तो निरक्षरता का कलंक शीघ्र की दूर हो सकता है, और इससे पंचायते सक्षम बनेगी।

जनजाग्रती तथा देश के आध्यात्मिक और नैतिक मुल्यों पर जोर देना होगा। ऐसा वातावरण उत्पन्न करना होगा। जिससे इन मूल्यों को उपयुक्त महत्व प्रदान किया जाए। तभी अनुसूचित जनजाति की महिलाएं ऊपर उठ सकेगी, और वे पंचायतीराज संस्थाओं में हिस्सा ले सकेगी। अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए चुने गए प्रतिनिधियों और विकास अधिकारियों के बीच सम्पर्क के जरिए सक्रिय प्रयत्नों की जरूरत हैं। निरंतर सभाओं और विचार-विमर्श के द्वारा कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। अनुसूचित जनजाति महिला विकास कार्यक्रम पंचायत। स्थानीय अधिकारियों से अनिवार्य रूप से संबंद्ध हो सके। जिससे की विकास में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की ज्यादा प्रभावपूर्ण भागीदारी संभव हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. पंचायत राज चुनौतियां एवं संभावनाएं-महिपाल।
2. एन.के. श्रीवास्तव-भारत में पंचायतीराज।
3. मीनाक्षी पवारसेन पाल-पंचायतीराज और ग्रामीण विकास।
4. कुरूक्षेत्र अगस्त 2006 पंचायतीराज संस्थाओं में बढ़ती महिलाओं की भूमिका।

****

मध्ययुग में ग्वालियर क्षेत्र में हिन्दी साहित्य सृजन

डॉ. शुक्ला ओझा *

प्रस्तावना – भारतीय संस्कृति के विकास में ग्वालियर क्षेत्र का अभूतपूर्व योगदान रहा है। अत्यन्त प्राचीन काल से ही यहां मानव ने, भारतीय संस्कृति के विकास की परम्पराओं की प्रस्थापना प्रारंभ कर दी थी और मध्ययुग में इस क्षेत्र में उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं का सृजन किया गया। इस क्षेत्र में प्राप्त ग्रंथों में, तत्कालीन साहित्य की गरिमा के साथ–साथ सांस्कृतिक परिस्थितियों की भी झलक दिखाई देती है। ग्वालियर क्षेत्र की साहित्यिक चेतना की यह विशेषता रही है कि साहित्य मनीषियों के साथ–साथ यहां के शासकों ने भी अपनी कृतियों द्वारा समयानुकूल योगदान दिया है। हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक विकास पथ पर मध्युगीन ग्वालियर के साहित्यकारों के साहित्य लेखन ने अविस्मरणीय योगदान दिया है। इस योगदान को उद्घाटित एवं प्रस्तुत करने का महती दायित्व ग्वालियर शोध संस्थान ने उठाया तथा ग्वालियर तथा समीपवर्ती स्थलों में उपलब्ध प्राचीन ग्रंथों की पाण्डुलिपियों का संग्रह, सम्पादन एवं प्रकाशन का अनवरत प्रयास किया, जिसके सुपरिणाम के रूप में ग्वालियर क्षेत्र के साहित्यकारों यथा विष्णुदास, नारायणदास आदि के मध्ययुग के हिन्दी भाषा के ग्रंथों का प्रकाशन हो सका एवं सुधी पाठक उससे लाभान्वित हो सके। इन ग्रन्थों में हिन्दी भाषा मध्ययुग की ग्वालियर क्षेत्र की स्थानीय बोली 'ग्वालियरी भाषा' के रूप में प्रस्तुत होती है जो स्थानीय बोली, बुंदेली एवं ब्रजभाषा का मिश्रित स्वरूप थी।

ग्वालियर क्षेत्र के मूर्धन्य इतिहासकार हरिहर निवास द्विवेदी का तो यह मत है कि हिन्दी साहित्य लेखन की प्रारंभिक जड़ों को अभिसिंचित करने का श्रेय मध्ययुगीन ग्वालियर को ही जाता है। उन्हीं के शब्दों में चौदहवीं एवं पन्द्रहवीं शताब्दी में हिन्दी की सुनिश्चित रूप से ज्ञात रचनाऐं हिन्दी में बहुत नहीं है, जो हैं वे लगभग इसी क्षेत्र की हैं। बेतवा के तीर पर बसे एरछ नगर में सन् 1354 ई. में 'प्रद्युम्न–चरित' की रचना करने वाले सधारू अग्रवाल ने पूर्ववर्ती रचना विधा को आगे प्रवाहित किया था। उसकी भाषा को, अपभ्रंश के कैंचुल से विमुक्त कर, व्यापक काव्य भाषा का स्वरूप दिया सन् 1435 में गोपाचल के विष्णुदास ने, और उसे रस सिक्त किया था गोपाचल के ही नारायणदास ने। सूफी प्रेमाख्यानों की काव्यधारा को प्रांज्जल रूप प्रदान किया शेख मंझन अब्दुल्ला ने जिनका रचना क्षेत्र गोप क्षेत्र की बेतवा का अंचल रहा है। ग्वालियर क्षेत्र के इस रस निष्णात कवि की ही परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य जायसी व अन्य कवियों ने किया। हिन्दी संसार अभी न जाने कब तक इस छलना से व्यथित रहेगा कि नारायणदास के 'छिताई चरित' को पूर्ण करने वाले ग्वालियर के देवचन्द्र का अनुज, सूरदास, रूनुकता या सीही में जन्मा था, तथापि उसका पद साहित्य जिस धारा से पुष्ट हुआ, वह ग्वालियर के मान और उसकी राजसभा के बैजू, बक्शू, महमूद, कर्ण, पान्डे, के पद संग्रह से प्रवाहित हुई थी, इसमें अब किसी को सन्देह नहीं होना चाहिए। ग्वालियर के इस महान दाय के मूल्यांकन तथा प्रस्तुतिकरण के लिए बहुत कुछ लिखा गया है, तथापि अभी बहुत लिखा जाना है।[1] ग्वालियर क्षेत्र के इस योगदान को मूर्त रूप प्रदान करने में यहां के विष्णुदास की सन् 1435 ई. के लगभग प्रणीत रचना महाभारत, लगभग 1480 के आसपास नारायण दास रचित छिताई चरित, 18 वीं शताब्दी में दलपतिराय कृत 'ग्वालेरी भाषा व्याकरण', विक्रम संवत् 1557 (सन् 1500 ई.) में ग्वालियर में थेघनाथ द्वारा कृत श्रीमदभगवत गीता का हिन्दी रूपान्तर का महती योगदान रहा है। पन्द्रहवीं –सोलहवीं शताब्दी से ही ग्वालियर क्षेत्र में, मिश्रित भाषा तथा संदिग्ध व्याकरण का, तथापि अपार परम्परागत श्रृद्धा –भक्ति से परिपूर्ण एक श्लोक प्रचलित हो गया–

गोपाचले महादुर्गे, ग्वालिया यत्र तिष्ठते।
ऋद्धि–सिद्धि प्रदातारौ, ये नमन्ति दिने–दिने।।

यह श्लोक ग्वालियर में उतारी गयी, प्राचीन ग्रंथों की अनेक हस्तलिखित प्रतियों में प्राप्त होता है। खड्गराय ने भी 'गोपाचल आख्यान' में भी इसका प्रयोग किया है। खड्ग राय ने अपनी गोपाचल आख्यान कृष्णसिंह तोमर को सुनाने के लिए, उनके 'ग्वालियर के राज्य' के पद ग्रहण के समय सन् 1631 ई में लिखा था।[2] इसके चाचा महाकवि सुन्दरदास कृत 'सुन्दर श्रंगार' आज भी रीति कालीन काव्य में विशिष्ट स्थान रखता है। खड्ग राय के अतिरिक्त मध्यकालीन ग्वालियर के ही नाना कवि द्वारा सन् 1783 ई. में रचित 'गोपाचल आख्यान' भी इस क्षेत्र की हिन्दी साहित्य सम्पदा का अमूल्य रत्न है। खड्गराय ने इस राज कथा (एतिहासिक ग्रंथ) में पौराणिक इतिहास की परम्परा का निर्वहन किया है। यह ग्रन्थ उन्हें हिन्दी के श्रेष्ठ कवियों में स्थापित करता है। खड्गराय एवं नाना कवि की श्रृखला में ही ग्वालियर क्षेत्र के बादलीदास का ग्वालियर नामा भी एक अहम रचना है जिसे उन्होंने विक्रम संवत् 1853 (सन् 1796 ई.) में पूर्ण किया था। मध्यकालीन ग्वालियर क्षेत्र में रचित इन ग्रंथों ने हिन्दी साहित्य की विकास यात्रा में इस क्षेत्र की उपस्थिति दर्ज करायी है।

संस्कृत साहित्य में आख्यान ग्रंथों को 'चरित' एवं 'कथा' के रूप में दो भागों में विभक्त किया गया है, जबकि हिन्दी में यह तीन वर्गों में विभक्त हैं– धर्मकथा, कामकथा, और राजकथा। खड्गराय ने अपने ग्रंथ आख्यान को राजकथा का दर्जा दिया है। खड्गराय से पहले हिन्दी में केशवदास के वीर चरित्र और जहांगीर रसचन्द्रिका को ही राजकथा माना जाता था। उनके पश्चात् कालक्रम में, खड्गराय के गोपाचल आख्यान का ही स्थान है, उन्हीं का अनुसरण कालान्तर में गोरेलाल ने छत्रप्रकाश और दलपति रायसो, नवल सिंह ने खण्डेराय रायसो में किया है। खड्गराय प्रथमत: कवि हैं इसीलिए उन्होंने इसकी रचना विधा एतिहासिक ग्रंन्थ के स्थान पर काव्यरूप में की है। इसमें इल्तुतमिश और सारंगदेव के बीच युद्ध एवं जौहर के वर्णन में वीर रस एवं शान्त रस का उत्तम प्रदर्शन दर्शनीय है। डॉ. द्विवेदी के शब्दों में छन्द रचना उन्हें उच्चकोटि के कवियों की श्रेणी में सम्माननीय स्थान पर प्रतिष्ठित करती है। हिन्दी वाड्.मय में खड्यराय का स्थान महत्वपूर्ण है। कुछ त्रुटियां होते हुए भी इतिहास लेखन में उसके कथन बहुत सारगार्भित हैं। आख्यान काव्य की दृष्टि से उसकी रचना अत्यन्त श्रेष्ठ है। उसका गोपाचल आख्यान ग्वालियर का गौरव ग्रन्थ है। हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में यही उनका

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

योगदान है।

ग्वालियर क्षेत्र में हिन्दी साहित्य सृजन के क्षेत्र में एक अन्य महत्वपूर्ण नाम नाना कवि का है, जिसने अपना गोपाचल आख्यान सन् 1783 के लगभग लिखा था, जिसमें महादजी सिन्धिया की गोपाचल विजय तक की घटनाऐं उल्लिखित हैं। ग्वालियर दुर्ग कैप्टन पोफम के प्रयासों से 4 अगस्त 1780 को अंग्रेजों के अधिकार में आया था।[4] यही घटनाक्रम नाना ने भी दर्शाया है। ग्वालियर क्षेत्र के हिन्दी साहित्य के इतिहास में नाना को 'ग्वालियर का प्रथम अहिन्दी भाषा हिन्दी कवि' माना गया है यद्यपि महादजी सिन्धिया ने भी हिन्दी में अनेक पद लिखे थे, परन्तु वे संभवत: उज्जैन या पूणे में लिखे गये थे।

नाना कवि द्वारा रचित हिन्दी भाषा के इस दोहे में अनुपम भाषा सौन्दर्य उद्घाटित हो रहा है,

सुखद सुभग कलियल हरन करन सुमंगल खानि।
श्री गोपाचल की कथा सुनत सकल फलदानि।।
नना नृपति चरित्र शुभ ग्वालियर आख्यान।
सुनत सुजस जन सौख्यदा शत्रु हरन धन दानि।।

वास्तव में वे ग्वालियर क्षेत्र में हिन्दी साहित्य की इस धारा के प्रवाह के सहायक बने। हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल की प्रेममार्गी शाखा के कवि मंझन और उनकी काव्य रचना 'मधुमालती' की संबंध भी ग्वालियर क्षेत्र से रहा है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के मतानुसार मंझन के सम्बन्ध में (उनकी रचना की अतिरिक्त) कुछ भी ज्ञात नहीं हैं [5] जबकि मधुमालती की पंक्ति 'गढ अनूप बस नगर चनोठी' एवं 'सन नौ सौ बावन (1545 ई.) जब गए, सती पुरूष कलि परहरि गए' के आधार पर यह सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि मंझन ग्वालियर में अवश्य रहे थे और वहीं शेख मौहम्मद गोस से मिले थे।[6] यद्यपि इस तथ्य का भरपूर विरोध भी किया गया [7] तथा मधुमालती का रचना स्थल चुनार सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया। किन्तु यहां हिन्दी साहित्य के सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व शिवनाथ उपाध्याय जी का कथन अवश्य विचारणीय प्रतीत होता है कि जब हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा जाए तब मंझन की रचना के सरस स्त्रोत को, चुनार के पत्थरों में खोजना अनुचित होगा, उनकी रचना मधुमालती (रायसेन गढ़ के निकट बहने वाली) वेत्रवती की सुकोमल लाड़ली है, उसने यौवन का निखार गोपाचल गढ़ पर पाया और उसे नवीन वाचना के रूप में पुनर्जन्म मिला रूपमती के सारंगपुर में। हिन्दी साहित्य के समृद्ध भण्डार की श्री वृद्धि उनके पीढ़ियों के अनेक लेखकों और अनेक विश्वासों तथा सम्प्रदायों के साधकों ने की है, उसमें रससिद्ध कवि मंझन गोपक्षेत्र द्वारा अर्पित बहुमूल्य रत्न है।[8]

मध्ययुग में ग्वालियर क्षेत्र में लिखी गयी हिन्दी साहित्य की रचनाओं में दलपतिराय कृत 'ग्वालेरी भाषा व्याकरण' का अति महत्वपूर्ण स्थान है। श्री अगरचन्द नाहटा के विचारानुसार किसी भाषा का व्याकरण ही उसका मूल आधार होता है। ग्वालेरी भाषा व्याकरण नामक ग्रंथ की रचना जयपुर में रहने वाले दलपतिराय ने 18 वीं शताब्दी में की थी।[9] जिसकी प्रति राजस्थान-प्राच्य-विद्या-प्रतिष्ठान, जोधपुर में संग्रहीत है उन्हीं के शब्दों में,

देव नाग भाषा कहूं, कहूँ जावनी होइ
भाषा नाना देस की ग्वोलेरी मधि जोई।

व्याकरण ग्रंथ के अतिरिक्त मध्ययुग में इस क्षेत्र में संगीत ग्रंथो की भी रचना की गयी। दक्षिण के कुछ गायक चौदहवीं शताब्दी में गोपाचल क्षेत्र की ओर आते दिखाई देते हैं। कवि रूद्राचार्य के शिष्य देवेन्द्र भट्ट उसी समय ग्वालियर में निवास करने लगे थे। उन्होंने सन् 1350 ई. में 'संगीत मुक्तावली' नामक ग्रंथ की रचना की थी[10] जिसमें आंध्र महाराष्ट्र तथा कर्नाटकी शैलियों के साथ विविध नृत्य प्रक्रिया को सम्मिलित किया गया है। ग्वालियर के तोमर शासक वीरमदेव तोमर (1402-1423 ई.) के काल में प्रणीत नयनचन्द्र सूरि की रम्भा मंजरी डूंगरेन्द्र सिंह तोमर (1415-1459) के काल में विरचित संगीत चूड़ामणि ग्रंथ तथा 1435 में विष्बुदास रचित महाभारत (पाण्डव चरित्र) की रचना भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।[11] तोमर नरेश कल्याण मल्ल के काल में ही नारायण दास द्वारा छिताई चरित की रचना प्रारंभ कर दी थी। बीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में नागरी प्रचारणी सभा, काशी की हस्तलिखित ग्रंथों की खोज रिपोर्ट में इसका उल्लेख होना अत्याधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। किन्तु हिंदी भाषा एवं साहित्य के इतिहास में इसका उल्लेख न होना दु:खद है। डॉ. द्विवेदी के शब्दों में 'विष्णु दास और नारायणदास के विस्तृत विवेचन से विहीन हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास कर्ण और अर्जुन रहित महाभारत हैं' इससे यह विसंगति स्पष्ट हो जाती है। भगवानदास माहौर ने तो विष्णुदास कृत महाभारत को हिन्दी साहित्य के प्रथम महाकाव्य का दर्जा दिया है। काव्य भाषा के रूप में हिन्दी का विकास, उसके काव्य का विकास और उसमें जनजीवन के लिये आशाप्रद जीवन-राग समन्वित भावप्रेरणा, इन सभी दृष्टियों से विष्णुदास के इस महाभारत ग्रंथ का अत्याधिक महत्व है। इसका सम्यक परिशीलन किये बिना न तो विस्तृत हिन्दी भाषा-भाषी प्रदेश में समझी जाने वाली काव्य भाषा के उत्थान और उसके विकास को विकासयुगीन जन भावनाओं कोही और न ही साहित्य के प्रतिफलन को भलीभांति समझा जा सकता है। इस व्यापक काव्यभाषा का नाम सर्वत्र 'ग्वालियरी' प्रसिद्ध हुआ। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कर्तव्य विष्णुदास का ही है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के मतानुसार 'पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में बिहार तक समझी जाने वाली व्यापक काव्य भाषा के रूप में इस मध्यदेशीया का महत्व स्वाभाविक हुआ और उसमें भी 'ग्वालियरी' का। वे तो हिन्दी के इस व्यापक प्राचीन काव्य भाषा रूप को 'विष्णुदासी' हिन्दी तक कहने का समर्थन करते है।[12] ऐसा माना जाता है कि सन् 1300 ई0 से हिन्दी साहित्य के उन्मेषयुग का प्रारंभ हुआ और सन् 1400 ई.के पश्चात इसका विकास अत्यंत तीव्र गति से हुआ। जिसका विष्णुदास को माना गया है, जिन्होंने तुलसीदास से एक शताब्दी पूर्व दोहे चौपाई में 'महाभारत' महाकाव्य लिखकर ग्वालियर नरेश डूगरेन्द्र सिंह को सन् 1435 ई0 में सुनाना प्रारंभ किया था। सुप्रसिद्ध भाषाविद एवं साहित्यकार पूनम चन्द तिवारी का मत है कि विष्णुदास की महाभारत की भाषा पर तत्कालीन प्रचलित अपभ्रंश का प्रभाव नगण्य ही था। अतएव उन्हें अपनी तत्कालीन ग्वालियरी भाषा का मुख्य रचनाकार मानना चाहिये। विष्णुदास कृत 'पाण्डव चरित्र' में भाषा सौन्दर्य दर्शनीय है-

जो फलु होई के दारह जंता। सौ फलु पाण्डव चरितु सुनंता।।
जो फलु बाभन दीने गाई। गया क्षेत्र जे पिंड भरहिं।।
सो फलु बिस्नदासु कवि भनहीं। पंडव चरितु जु मन दै सुनहीं।।

इस प्रकार विष्णुदास की रामायन में उर्मिला प्रसंग पर वे प्रचलित कथानक से भिन्न कथा कहते दिखाई देते हैं। डॉ. विनय मोहन शर्मा ने उनके आलेख 'मानस और रामायन की कथा में उर्मिला और तारा' में स्पष्ट किया है कि तुलसी ने जहाँ आदि कवि (वाल्मिकि) के समान उर्मिला को सर्वथा मौन बिसूरती के रूप में प्रस्तुत किया है वहीं उनके पूर्ववर्ती कविवर विष्णुदास ने जो उनसे लगभग सौ वर्ष पूर्व ग्वालियर नगर में प्रादुर्भूत हुये थे, अपने आदर्श कवि का अनुसरण नहीं किया। उन्होंने वनवास से पूर्व लक्ष्मण और उर्मिला का सामना कराया है।

सुनि लक्ष्मन जो तू न रहाई
तब अपने अन्त: पुर जाई

जननि भेंट, सुन्दरि समुझाई
सुनि अवधि लें मिलिये आई।।

महाकवि विष्णुदास के यशस्वी पुत्र नारायणदास पन्द्रहवीं शताब्दी के हिन्दी के प्रथम लौकिक आख्यान काव्य प्रणेता महाकवी हैं। उन्होंने 'छिताई चरित' के रूप में जो आख्यान काव्य ग्वालियर में वरचित किया था उसका अनेक दृष्टि से हिन्दी साहित्य के बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। डॉ द्विवेदी ने उन्हें उनकी पंक्ति 'विरसिंध वंश नारायण दासू' के आधार पर उन्हें वीरसिंह वंश का राज्याश्रित एवं 'जपै विस्नु नारायण दासू' के आधार पर विष्णुदास का पुत्र माना है।[14] छिताई चरित के रचनाकाल पर इतिहासकारों में मतभेद है।[15] इस विषय में डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल का विचार भी उल्लेखनीय है कि मूल रचना के पश्चात समय-समय पर उसकी प्रतिलिपियों की जाती थीं जिनके रचनाकाल भ्रम उत्पन्न करते थे जैसा कि जायसी के पद्मावत के साथ भी हुआ।[16] यही छिताई चरित के साथ भी घटित हुआ है।[17] छिताई चरित ऐतिहासिक औपन्यासिक आख्यान की तरह अनूठा काव्य है। इसकी भाषा का लालित्य बुन्देली से ओतप्रोत है। यह व्यापक परिनिष्ठित काव्य भाषा का वह रूप है। जिसका सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व तत्कालीन सांस्कृतिक केन्द्र ग्वालियर करता था। इस शट भाषा प्रकृति के मिश्रण का दाय नारायणदास को मिला। सूरदास ने इसी दाय का व अष्टछाप में इसी भाषा का परिष्कार किया, विशदता प्रदान की।[18] मध्यदेशीय भाषा (ग्वालियरी) के कवियों में नारायणदास ऐसा कवि है, जिसने तद्भव शब्दों का अधिक प्रयोग दिया हिन्दी की सबसे बड़ी विशेषता है तद्भव शब्दों का प्राचुर्य- वस्तुत: तद्भव शब्द ही हिन्दी के मेरूदण्ड हैं।[19] छिताई चरित में इन शब्दों की लम्बी सूची है। डॉ. कोमल सिंह सोलंकी का यह कथन कि मध्ययुग के मुसलमान हिन्दी कवि मौलाना दाऊद, कुतबन और मंझन ठीक वैसी ही काव्य भाषा का प्रयोग करते थे, जैसी नारायणदास दल्ह, मानिक या चतुर्भुजदास निगम आदि के काव्यों में मिलती है। गोस्वामी तुलसीदास का 'मानस' इसी भाषा रूप से परिप्लावित है। यही ग्वालियर के साहित्यकार नारायण दास, विष्णुदास इत्यादि का मध्ययुग में हिन्दी साहित्य में विकास में महती योगदान है।

मध्ययुग में हिन्दी साहित्य रचना क्षेत्र में ग्वालियर क्षेत्र की उपस्थिति हर्षप्रद है। महाकवि केशव ने वीरचरित की रचना सम्वत् 1644 (सन् 1607 ई.) के प्रारंभ में की थी।[20] इस समय तक सलीम जहांगीर की उपाधि धारण कर आगरे की गद्दी पर आसीन हो चुका था। उसके सम्राट बनते ही जैसे बड़ौनी के ठाकुर वीर सिंह बुन्देला का भाग्य सूर्य उदय हुआ[21] इन्हीं पर आधारित वीर चरित के साहित्यकार केशवदास ने 'कविप्रिया' में मध्यप्रदेश के भौगोलिक विस्तार की चर्चा करते हुए इसमें सातौपुरी सबतीरथ, गंगादिक नदी तथा गोपाचल गढ का उल्लेख किया है। कालान्तर में बृजभाषा के विस्तार क्षेत्र में ग्वालियर का उल्लेख बार-बार मिलता है। 'वंश भास्कर' के रचयिता सूरजमल्ल ने एक दोहे में दिल्ली और ग्वालियर के बीच के प्रदेश को ब्रज भाषा का क्षेत्र माना है जो निम्न दोहे से स्पष्ट हो जाता है-

पुर दिल्ली और ग्वालियर
बीच ब्रजादिक देस।
पिंगल उपनायक गिरा
तिनकी मधुर बिसेस।।

इसी प्रकार आइने अकबरी में भी ब्रज भाषा के विस्तार क्षेत्र में ग्वालियर का उल्लेख है।[22] इसी प्रकार जियाउद्दीन, प्रसिद्ध भाषा शास्त्री ग्रियर्सन, श्रीनारायण चतुर्वेदी ने भी उसमें ग्वालियर को सम्मिलित माना है।[23] तथापि ग्वालियरी भाषा की स्वतंत्र स्थापना के प्रमाण भी उपलब्ध है। अगरचन्द नाहटा ने अपने लेख 'ग्वालियर हिन्दी का प्राचीनतम ग्रंथ' में गोपाल कवि लिखित 1619 ई. के एक ग्रंथ का उल्लेख किया है। इस ग्रंथ का टीकाकार जयकीर्ति ने 'ग्वालेरी यभाषा के एक दोहे का उल्लेख किया है जिसमें - ग्वालेरी' भाषा का 'इसरवार' कहा है।[24] इस प्रकार मध्ययुग में ग्वालियर में हिन्दी में जो भी साहित्य रचा गया उसमें भाषा का स्वरूप ग्वालियरी भाषा के रूप में प्रस्तुत हुआ जो स्थानीय बोली के साथ-साथ बुंदेली, ब्रज, अपभ्रंश का समन्वित रूप थाा तथा जो कालान्तर में सूर-तुलसी के भाषा सौन्दर्य का भी आधार बना यही अत्याधिक गर्व का विषय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. द्विवेदी, हरिहर निवास - मनीषा - पृष्ठ क्रमांक 04
2. द्विवेदी हरिहर निवास - गोपाचल आख्यान - पृष्ठ क्रमांक 27
3. द्विवेदी हरिहरनिवास - गोपाचल आख्यान - पृष्ठ क्रमांक 30
4. ग्रान्ट एण्ड डफ - हिस्ट्री ऑफ दी मराठाज - पृष्ठ क्र 420
5. वर्मा राजकुमार - हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास - पृ0क्र 307
6. द्विवेदी हरिहर निवास - मंझन के गुरू शेख गौस- भारती - अप्रेल 1957
7. पाण्डेय श्याम मनोहर - मंझन का जीवन वृत्त त्रिपथगा - जुलाई अगस्त 1959 पृ0क्र 111
8. उपाध्याय, शिवनाथ - मंझन कृत मधुमालती का रचना स्थल- मनीषा - पृ0क्र0 132
9. नाहटा, अगरचन्द - दलपतिराय कृत ग्वालेरी भाषा व्याकरण- ग्वालियर दर्शन - पृ0क्र0 136
10. वृहस्पति, कैलाशचन्द - भारत का संगीत सिद्धांत - पृ0क्र0 311
11. द्विवेदी हरिहरनिवास - महाकवि विष्णुदास कृत महाभारत- पृ0 क्र0110
12. द्विवेदी, हरिहरनिवास - छिताई चरित - पृष्ठ क्रमांक 31
13. माहौर, भगवानदास - हिन्दी का प्रथम महाकाव्य- विष्णुदास की 'महाभारत' - मनीषा पृ0क्र0 34
14. द्विवेदी, हरिहर निवास - छिताई चरित - पृ0क्र0 13
15. आर्य, ओमप्रकाश -मध्यकालीन हिन्दी और पंजाबी प्रेमोख्यान- पृ0क्र0 33
16. अग्रवाल, वासुदेव शरण - पद्मावत -पृ0क्र0 33
17. द्विवेदी, हरिहर निवास - ग्वालियर के तोमर - पृ0क्र0 145
18. सक्सेना, बाबूराम - दकिनी हिन्दी - पृ0क्र0 32
19. तिवारी, उदयनारायण - हिन्दी भाषा का उद्भव एवं विकास - पृ0क्र0210
20. मिश्र, विश्वनाथ प्रसाद - केशव ग्रंथावली खण्ड3 वीर चरित्र - पृ0क्र0477
21. जहांगीर नामा - अनुवाद ब्रजरत्नदास - काशी नागरी प्रचारिणी सभा - पृ0क्र0 45
22. अबुल फजल - आइने अकबरी - 7पृष्ठ क्रमांक 183
23. ब्रज भारती - विक्रमसंवत 2004 वर्ष 5 संख्या - पृ0क्र0 03
24. मिश्र ऐवं शर्मा - प्राचीन ग्वालियर के सीमान्तों के पुरातात्विक, पुरातन- भौगोलिक एवं ऐतिहासिक आधार ग्वालियर दर्शन - पृ0क्र0 277

****

पूर्व मध्यकालीन साहित्य में गणपति

डॉ. मनीषा पाण्डेय *

प्रस्तावना – मानव जब पूर्ण रूप से सभ्य बना और अपनी दैनिक खानपान की आवश्यकताओं की पूर्ति कर चुका तब उसने चिंतन की ओर ध्यान दिया। भारत वर्ष ही ऐसा प्राचीन सुसभ्य देश है। जहॉ इस ओर सबसे पहले ध्यान दिया गया और अद्यावधि इस पक्ष पर अनवरत भारत में दिया जाता है। अपने इसी चिन्तन और विचार के आधार पर भारत वासियों ने इस संसार का संचालन करने वाली अदृश्य शक्ति के विषय में भी सोचना प्रारम्भ किया। अन्तत: सर्व शक्तिमान सत्ता के विषय में सोचकर यह ज्ञान प्राप्त कर लिया कि इस सृष्टि का संचालन करने वाली एक महान शक्ति है। मानव ऐसी शक्तिशाली शक्ति से भयभीत हो उठा। कहीं वह शक्ति अप्रसन्न न हो जाए। उसको प्रसन्न रखने तथा मानव पर उसकी कृपादृष्टि बनी रहे , इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उसके अस्तित्व की कल्पना मानव सभ्यता की प्रारम्भिक काल में कभी पशु पूजा के रूप में की गयी। जो कालान्तर में मूर्ति पूजा के रूप में विकसित हुई। विचार तथा चिन्तन के पश्चात आत्मानुभूति के लिये जब किसी आधार की आवश्यकता हुई, तो दृश्य प्रतिमाओं का निर्माण किया गया । क्योकि बिना आधार के ध्यान अथवा चित्त को एकाग्र नही किया जा सकता था।

गणपति शब्द सर्वप्रथम ऋग्वेद में प्राप्त होता है। यहा गणपति शब्द बृहस्पति के लिए प्रयुक्त है। जो मंत्रो कम अधिपति है। ऐतरेय ब्रह्मांड में भी बृहस्पति की उपाधि 'गणपति' मिलती है। इन्द्र मरूत को भी गणपति के उपाधि से विभूषित किया गया है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में गण शब्द के अनेक प्रयोग प्राप्त होते है। ई0पू0 छठि शती के बौधायन धर्म सूत्र में गणेश के तर्पण का उल्लेख हुआ है। इसी प्रसंग में गणेश के अनेक नामो की चर्चा की गयी है। जैसे विघ्न विनायक, गजमुख, एकदन्त, वक्रतुण्ड ,लम्बोदर इत्यादि नामो से संबोधित किया है। ऐसा भी विश्वास होता है कि पौराणिक युग में गणपति या गणेश के जिस स्वरूप का विकास हुआ है। उनके अनेक तत्वों की कल्पना छठी शती ई0पू0 के लगभग कर ली गयी थी।

'ऊँ0 कारमाद्य प्रवदन्ति संतो वाच श्रुतिनामपियं गृणन्ति।
गजानन देवगणात्रतइध्दिं भजेडहमर्धेन्दु कृतावंतसम्।।'

प्राचीन संस्कृत साहित्य के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति में श्री गणेश जी का स्थान सर्वोपरि है। हिन्दू धर्म का कोई भी धार्मिक कार्य हो, उसका प्रारम्भ श्री गणेश नमन से ही होता है। 'श्री गणेशाय नम:।' हिन्दू धर्म में तैतीस कोटि देवता है, किन्तु प्रत्येक देवता की पूजा में अग्रस्थान श्री गणेश देवता का ही है। श्री गणेश तो देवताओं को भी वरदान देने वाले देवता है, स्वंय श्री गणेश ऊँ0कार स्वरूप है। वेद में भी गणानात्वां गणपति हवामहे। इत्यादि मन्त्र में गणपति का अर्थ ग्रहण किया गया है। यजुर्वेद में इन्हें गणपति, प्रियपति एवं निधि पति के रूप में आहूत किया गया है। ये प्रथम पूज्य है, गणेश विध्नेश है साथ ही विद्या-वारिधि और बुद्धि विधाता भी है, स्वास्तिक चिन्ह श्री गणपति का स्वरूप है और दो-दो रेखाएँ श्री गणपति की भार्यास्वरूपा सिद्धि-बुद्धि एवं पुत्र स्वरूप लाभ और क्षेम है। श्री गणपति का बीजमन्त्र है- अनुस्वारयुक्त 'ग' अर्थात 'ग' इसी 'ग' बीजमन्त्र की चार संख्या को मिलाकर एक कर देने से स्वास्तिक चिन्ह बन जाता है। इस चिन्ह में चार बीजमन्त्रों का संयुक्त होना श्री गणपति की जन्मतिथि चतुर्थी का द्योतक है। श्री गणपति बुद्धि प्रदाता है। इनका पूजन सिद्धि बुद्धि, लाभ और क्षेम प्रदान करता है, यही भाव स्वास्तिक के आस-पास दो-दो खडी रेखाओं का है।

संस्कृत मध्यकालीन साहित्यों में गणपति के स्वरूप – भारतीय संस्कृति में सभी मांगलिक अवसरों पर गणेश का चित्राकंन तथा मंगल कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व गणेश की पूजा होती है। गृह के मुख्य द्वार पर गणेश का अंकन किया जाता है। मंगल कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम सभी देवताओं के पूर्व गणेश की ही पूजा की जाती हैं क्योंकि इनको विध्नहर्त्ता या विध्न विनायक माना जाता है। अतएव इस भय से किसी भी मंगल कार्य में कोई विध्न बाधा न आए, गणेश का पूजन कर उनके सम्पूर्ण विध्न बाधाओं को हर लेने की प्रार्थना की जाती है।

वेदों में श्रीगणेश जी के 51 रूपों की व्याख्या की गयी है। जैसे बाल गणपति, तरूणगणपति, शक्ति गणपति, वीर गणपति, सिद्धि विनायक , इत्यादि। चित्रकला में श्री गणेश की सिद्धि गणपति या विध्न विनायक रूप में चित्राकंन हुआ।

प्राचीन संस्कृत साहित्य के विकास क्रम में पूर्व मध्यकालीन एवं मध्यकालीन संस्कृत साहित्य भी गणेश की स्तुति का विस्तृत विवरण मिलता है।

श्री तत्व निधि, मन्त महोदधि, मन्तरत्नाकर, रूपमण्डन, शिल्परत्न, मंत्रमहार्णव, अंशमद्भेदागम, उत्तर कामि कागम सुप्रभेदागम आदि ग्रन्थों में गणेश के विभिन्न स्वरूप है। वे जगत के कारण है।

गणेश के प्रतीकात्मक स्वरूप –

गणेश का लाल वर्ण – श्री गणेश के शरीर का रंग, लालवर्ण का प्रदर्शित किया जाता है, और भारतीय के भित्त चित्रों में भी श्री गणेश जी का लाल रंग में चित्रण हुआ है। लाल रंग श्री गणेश जी का सर्वश्रेष्ठ देवता होने का प्रतीक है, क्योंकि लाल रंग समस्त रंगों में सर्वोत्तम माना जाता है।

स्थूलकाय शरीर – श्री गणेश के स्थूलकाय शरीर एवं गजानन और गज-सुण्ड का होना भी कई विद्धानों के अनुसार अनेक प्रतीकात्मक अर्थ रखते है। श्री गुरूदत्त के अनुसार-गणेश शब्द से विदित होता है कि यह गणपति अर्थात गिनतियों (अंको) का स्वामी है। दूसरे शब्दों में वह धनाध्यक्ष है क्योंकि यह धनधान्य के प्रदाता है। संसार के अनुपम भण्डार स्वरूप इनका पेट बड़ा शरीर मोटा और हाथी की भॉति बृहद कान बनाया गया है। साधु सुदर्शन के विचारनुसार श्री गणेश जी का स्थूल शरीर ब्रहमाण्ड की सम्पूर्णता का द्योतक है।

मस्तक पर चन्द्र – श्री गणेश जी के सिर पर अथवा माथे पर चन्द्र को एक अलंकरण के रूप में बनाया जाता है। गणेश का यह चन्द्राभूषण अमरत्व की

* अतिथि विद्वान (इतिहास) नवीन शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला - उमरिया (म.प्र.) भारत

सुधा का प्रतीक है। इन्हें त्रिनेत्रधारी भी दिखाया जाता है। तीसरा नेत्र अंतर्ज्ञान अंत:बुद्धि का सूचक है। इसके अतिरिक्त तीसरा नेत्र यह भी इंगित करता है कि ज्ञात और अज्ञात , अगोचर या गोचर सभी पदार्थ देवता के लिए एक समान है।

गणेश के प्रमुख आयुध – श्री गणेश विध्नों के नाशक है। उनके असंख्य आयुध है, जिनका उपयोग निस्संदेह विध्नों को नष्ट करने के लिए निरंतर होता रहता है। प्रधान रूप से आयुध दस कहे गए है। वे वज्र , शाक्ति , दण्ड, खड्ग, पाष , अंकुश, गदा, त्रिशूल , पद्म, और चक्र है। शक्ति और गदा की गणना स्त्रीलिंग में है। चक्र और पद्म नपुंसकलिंग में परिगणीत है तथा शेष छ: आयुध पुलिंग में गणित है।

अंकुश आयुध – श्री गणेश जी के हाथ उपर्युक्त दस आयुधों से विभूषित होने के साथ ही ध्वजा, बाण, धनुष , कमण्डल, इक्षुदण्ड, दन्त मुद्रर आदि से भी युक्त है। तथा वे श्री गणपति अनेक श्री विग्रहों में वर्णित है। श्री गणेश जी के प्राय: सभी श्री विग्रहों के हाथ में अंकुश रहता है। श्री गणेश जी अंकुश अपने पिछले दाहिने हाथ में धारण करते है। एलीमेंण्ट्स ऑफ हिन्दू आइकोनो ग्राफी के प्रथम खण्ड में उल्लेख है कि कालडी में श्री शारदा देवी के मंदिर में स्थापित श्री गणेश विग्रह के पिछले दाहिने हाथ में अंकुश शोभित है यह उन्मत्त उच्छिष्टगणपति का विग्रह है। अंकुश की गणना पुल्लिंग आयुधों में है।

पाशआयुध – श्री गणेश जी के शोभित दूसरा प्रधान आयुध पाश है। उपर्युक्त कालडी स्थित शारदादेवी के मंदिर में विद्यमान गणेश–विग्रह के पिछले बाये हाथ में पाश का निरूपण किया गया है। रूपमण्डन में भूषण रूढ़ हेरम्ब गणेश के बायें हाथ में पाश का वर्णन मिलता है। पाश को सात कंणों से युक्त नरसर्पाकर एवं पुच्छ युक्त बताया गया है।

बेताल आयुध – श्री गणेश जी का हाथ बेताल से शोभित रहता है। बीरविध्नेश के 16 हाथों में से एक में बेताल है। गदा दस आयुधों में से एक है। गदा की गणना स्त्रीलिंग आयुधों में है। इसका वर्ण पीत कहा गया है। एलिमेंन्ट्स ऑफ हिन्दू आइकोनोग्राफी के प्रथम खण्ड में उल्लेख है कि वराह पुराण में गदा को अर्धम का नाश करने वाला कहा गया है।

शक्ति आयुध – स्त्री आयुध है। शक्ति का वर्ण लाल होता है और वृक उसका वाहन है। गणेश जी के चारों हाथों में खड्ग खेट, धनुष और शक्ति होने का उल्लेख गणेश पुराण में उपलब्ध होता है।

वज्र पुरूष आयुध – वज्र पुरूष आयुध है। 'एलिमेंट्स' ऑफ हिन्दू आइकनोग्राफी के प्रथम खण्ड में उल्लेख है कि विध्नेश्वर प्रतिष्ठा विधि में शक्तिगणपति का जो ध्यान वर्णित है, उसके अनुसार उनका रंग अस्त कालीन सूर्य के समान होता है। तथा उनके हाथ पाश और वज्र दस आयुधों में से एक है। पुराणों में गणेश जी को दस आयुधों से विभूषित कहा गया है।

दण्ड पुरूष आयुध – दण्ड पुरूष आयुध है। यह पुरूष के आकार का है, इसका कृष्ण–काला वर्ण है तथा इसके नेत्र लाल है।

चक्र आयुध – श्री गणेश जी के हाथ में चक्र शोभित रहता है। चक्र नपुसंक आयुध है। 'उत्तरकामिकागाम' के अष्टषष्टितम पटल में चक्र को नपुसंक आयुध ही कहा गया है। 'एलिमेंन्ट्स हिन्दू ऑफ आइकोनोग्राफी' के प्रथम खण्ड में चक्र को पुरूष आयुध स्वीकार किया गया है। उसके नेत्र गोल होते है तथा वह अनेक आभूषणों से अलंकृत होता है। उसके हाथ में चावर रहता है। तेनकाशी के विश्वनाथ स्वामी–मंदिर में स्थापित लक्ष्मीगणपति के हाथ में चक्र स्थित है। विध्नेश्वर गणपति के हाथ में चक्र रहता है।

शंख पुरूष आयुध – शंख पुरूष आयुध है। यह दिव्य पुरूषकार है तथा शुक्ल वर्ण का है। इसके नेत्र देखने में सुंदर है। भुवनेशगणपति के हाथ में शंख विभूषित रहता है। इसे अविद्या का नाशक कहा गया है। 'एलिमेंन्ट्स ऑफ हिन्दू आइकोनोग्राफी' में उल्लेख है कि वराह पुराण में शंख का अविद्यानाशक के रूप में वर्णन है।

खड्ग पुरूष आयुध – खड़ग पुरूष आयुध है। इसका शरीर श्याम वर्ण है तथा इसके नेत्र क्रोध युक्त है। खड़ग अज्ञान का नाश करता है। वीर विध्नेश्वर को खड्गयुक्त निरूपित किया गया है। उक्त संदर्भ में गणेश जी के हाथों को खेट , खटवांग और मुन्दर इत्यादि से विभूषित कहा गया

मोदक पात्र – श्री गणेश जी को मोदक प्रिय कहा जाता है। वे अपने एक हाथ में मोदक पूर्ण पात्र रखते है। 'मंत्रमहार्णव' में एक ध्यान में श्री गणेश की सूँड के अग्र भाग पर मोदक भूषित है। मोदक को महाबुद्धि का प्रतीक बताया गया है। 'एलिमेंन्ट्स हिन्दू ऑफ आइकोनोग्राफी' में उल्लेख है कि त्रिवेन्द्रम् में स्थापित केवल गणपति मूर्ति के हाथों में अंकुश, पाश, मोदक धारी और दॉत शोभित है। मोदक आगे के बॉये हाथ में सुशोभित है। मोदक धारी गणेश का चित्रण मिलता है। पद्मपुराण के सुष्टिखण्ड में उल्लेख है कि मोदक का निर्माण अमृत से हुआ है।

गजमुख का प्रतीकात्मक स्वरूप –हाथी की उत्पत्ति सम्बंधित कई कथाएं है। सृष्टि का सर्वप्रथम हाथी ऐरावत माना गया है, जो इन्द्र का वाहन है। इसकी उत्पत्ति समुद्र मंथन के फलस्वरूप हुयी जो 14 रत्नों में से एक था। हाथी की उत्पत्ति के सम्बंध में एक दूसरी कथा मोंतग लीला में भी मिलती है। इसके अनुसार ऐरावत की उत्पत्ति ब्रह्मा के दॉये हाथ में पकडे हुए दिव्य पक्षी गरूण के अण्डार्थ से हुई थी। इसी के बाद सात अन्य नर हाथी उसी अण्डार्थ से पैदा हुए और ब्रह्मा के बॉये हाथ के अण्डार्थ में से आठ मादा हथनियॉ निकली यह आठ–हाथी हथनियॉ दिग्गज कहलाएँ। ऐसी मान्यता है कि आठों दिशाओं के यह हाथी आकाश रूप चादर को अपने पैरों से दबाए है। एच.जिम्मर ने अपनी पुस्तक 'मिथ्स एण्ड सिम्बल्स इस इण्डियन आर्ट एण्ड सिविलाइजेशन' तें ऐरावत की उपस्थिति से संबंधित इस कथा का वर्णन किया गया है।

भारतीय देवों में गणेश जी का विशिष्ट स्थान है। इस विशिष्टता का मुख्य कारण यह है कि वे पांच उदात्त तत्वों के समन्वित रूप है। ये तत्व है – 1 शौर्य–साहस , 2 आनन्द–मंगल , 3 बुद्धि , 4 कृषि तथा 5 व्यवसाय–वाणिज्य। यहॉ हम इन पांच तत्वों का संक्षिप्त विवेचना करेंगे।

1. शौर्य– साहस – अमरकोश में गणेश जी के आठ नाम इस प्रकार दिये गये है–

प्रथम दोनों नाम , विनायक एवं विध्नराज , गणेश जी के शौर्य–साहस तथा तज्जनित नेतृत्व के परिचायक है। उनकी युद्धप्रियता का भाव उनके लिए प्राचीन साहित्य में प्रयुक्त 'हेरम्ब' (युद्ध में नाद करने वाला) संज्ञा से होता है गणेश जी की असाधारण वीरता तथा साहस के कारण उन्हें शिवगणों के नायकत्व का पद प्राप्त हुआ। विनायक – शब्द गणेश के यक्षों–जैसी भयंकरता की ओर भी इंगित करता है। मानवगृह सूत्रों, महाभारत, आदि ग्रंथों में विध्नकारी विनायकों के उल्लेख मिलते है।

आनन्द मंगल – विध्नराज के अनन्तर गणेश जी का दूसरा रूप विध्नहर्त्ता सामने आता है। यह उनका मनोहर रूप था। इसी रूप में वे पार्वती शिव के पुत्र प्रख्यात हुए। अब वे कल्याण एवं मंगलकारी प्रवृत्तियों के प्रतिनिधि माने गये। गोस्वामी तुलसीदास जी ने उनकी मोदक प्रिय मुद मंगल–दाता छवि की वन्दना की है। याज्ञवल्क्य–स्मृति में अम्बिका–पुत्र के रूप में विनायक का उल्लेख है।

बुद्धि – गणेश जी बुद्धि के भी प्रतिनिधि देवता मान्य हुए। वैदिक साहित्य में गणपति शब्द आया। इसका प्रयोग अग्रपूज्य देव के लिए मिलता है, तथा गणानात्वां गणपति हवामहें। कवि कवीनाम, (ऋग्वेद 2-23-1) और नमो गणेभ्यों गणपतिभ्यश्च वो नमों (यजुर्वेद 16-26) आदि। यहॉ गणपति शब्द बाग्देवता के लिए प्रयुक्त हुआ है।

कृषि – कृषि के प्रारम्भिक देवता इन्द्र है। वे उस वर्षा के प्रतिनिधि है, जो भूमि को उर्वरा बनाती है। भूमि, अन्न, जल, वनस्पतियों तथा खनिज प्रदार्थो का अक्षय भंडार है।इसीलिए उसे हमारे यहॉ माता कहा गया है। माता भूमि: पुत्रोडहं पृथिव्या: (अथर्ववेद)। भारतीय साहित्य और कला में 'गजलक्ष्मी' की कल्पना मिलती है। अनके मूर्तियों में दो हाथियों द्वारा जलपूरित कलशों से लक्ष्मी देवी का अभिषेक मिलता है। यहॉ लक्ष्मी पृथ्वी की द्योतक है और हाथी (ऐरावत) इन्द्र के प्रतिनिधि है।

व्यवसाय – वाणिज्य – खेती के अतिरिक्त अन्य उद्योग धंधों तथा व्यापार द्वारा देश की समृद्धि बढ़ती है और उसका आर्थिक आधार पुष्ट होता है। वाणिज्य के प्रवर्धक रूप में गणेश जी का मान्यता मध्यकाल में बहुत बढी। वे वणिकों के विशेष पूज्य देवता हो गए। कुबेर को हमारे यहां धन का अधिपति माना जाता है। उनका भारी भरकम तोंद वाला शरीर वणिकों द्वारा पूज्य था। कुबेर – जैसी तुन्दिल प्रतिमाएँ गणेश जी की भी बडी संख्या में मिली है। इन दोनों देवों में अन्तर यह था कि कुबेर बहुत कम हिलते-डुलते थे, जब कि गणेश जी युद्ध तथा नृत्यादि व्यायामों से मोदक पुष्ट अपने शरीर को कृशकाय बनाने का उद्यम करते रहते थे।

स्मृति युग – याज्ञवल्यस्मृति में वर्णन आया है कि रूद्र और ब्रह्मदेव में विनायक को गणों का नायक बनाकर मध्वयज्ञों में विघ्न करने को नियत किया है। वहां एक ही विनायक का उल्लेख है। उनके छ: नाम कथित हुए। 1 मित, 2 सम्मित, 3 शाल, 4 कटङ्कट, 5 कूष्माण्ड और 6 राजपुत्र। विनायक की माता का नाम अम्बिका है।

अजितागम में – गणेश की दो प्रकार की प्रतिमाओं का उल्लेख मिलता है।

प्रथम प्रकार में उन्हें विनायक कहा गया है। जिनका मुख भाग हाथी की आकृति का है। जिनकी तीन ऑखें है और सिर पर करण्ड मुकुट धार किये हुए है। जिनके हाथों में कुल्हाड़ी (टंक), पाश, दन्त और लड्डू है। वह एकदन्त और लम्बे होंठ वाले दिखाए गए है तथा नागयज्ञोपवीत धारण किए है व पूरे शरीर पर लाल रंग का वस्त्र धारण किए हुए है।

गणेश का प्रतिहार आयतन – अन्य देवताओं की तरह गणेश के आयतन और प्रतिहारों का विवरण 'रूपमण्डन' में है। गणेश प्रतिहार के अविघ्न, विघ्नराज, सुवक्त्र, बलवान, गजकर्ण, गोकर्ण, सुसौम्य और शुभदायक है। ये सभी चतुर्भुज बामनकार है। 'रूपमण्डन' के पाठ सर्वोच्च वामनाकारा: सौम्याश्त पुरूषाना: के अनुसार सभी प्रतिहार सौम्यमूर्ति है। किन्तु राव महोदय ने भ्रमवश 'सौम्य' को 'असौम्य' समझा है।

श्री तत्वनिधिमें गणेश की बत्तीस प्रकार की प्रतिमाओं का उल्लेख किया गया है। याथा – बालगणपति, तरूण गणपति , भक्त गणपति, वीर गणपति, शक्ति गणपति, द्विजगणपति, सिद्ध गणपति, उच्चिष्ठ गणपति , क्षिप्र गणपति , हेरम्ब् गणपति, लक्ष्मी गणपति ,महागणपति, विजय गणेश, नृतगणपति , उर्ध्व गणपति, एकाक्षर गणपति , वरगणपति, त्रयाक्षर गणपति, क्षिप्र प्रसाद गणपति, हारिद्र गणपति, एकदन्त गणपति, सुष्टि गणपति, उद्दण्ड गणपति, रणमोचक, धंधी गणपति, द्विमुखी गणपति , सिंह गणपति, योग गणपति, दुर्गा गणपति और संकट हरण गणपति।

बौद्ध धर्म में गणपति – छठी शताब्दी ईसा पूर्व में जन भारतीय समाज वैदिक धारा की विभिन्न कथाओं एवं कर्मकाण्डों में लिप्त था, तब महात्मा बुद्ध ने अपने ज्ञान-दीप से समाज को प्रकाशित करने का कार्य किया महामान बौद्ध धर्म में इस हिन्दु देवता को सर्वाधिक उदारता के साथ ग्रहण किया गया है।

विदेशों में गणपति का प्रसार मुख्यत: इसी सम्प्रदाय द्वारा किया गया है। परम्परानुसार गणपति हद्या मंत्र नमों भगवते आर्य गणपति हद्याय राजग्रह में स्वंय महात्मा बुद्ध द्वारा अपने प्रिय शिष्य आनंद के लिए उदघाटित किया गया था।

निष्कर्ष – इस प्रकार मध्यकालीन साहित्य के विवरण से यह स्पष्ट है कि प्राचीन साहित्य की तरह मध्यकालीन भारतीय साहित्य में भी गणपति जी को विशिष्ट स्थान प्राप्त है। उपर्युक्त वैदिक प्रमाणों से स्पष्ट सिद्ध होता है कि गणेश जी वैद्धिक देवता है। वेदों और उपनिसष, पुराणों आदि में गणेश जी के तत्त पुरूष, एकदन्त, हस्तमुख, वक्रतुण्ड, दंति, कराट, आदि अनेक नाम आयें है। जो गणेश जी के ही पर्यावाचक नाम है। और वे सभी नाम गणेश जी के स्वरूप व महत्व को व्यक्त करते है। एवं भक्तों के लिए शुभ और लाभप्रद है। गणेश विध्नों को नाश करते है। और मनोकामनाओं की पूर्ति करते है। अत: गणेश घर-घर के देवता है। जन-जन के आस्था के प्रतीक गणेश लोक कल्याणकारी गण देवता है। मांगलिक कार्य के सकुशल एवं निर्विध्न सम्पन्न होने हेतु आमंत्रण-पत्र का शुभारम्भ ही गणेश के चित्र या उनके ध्यान मंत्र से किया जाता है। इस कारण इस विषय का चयन करके साहित्य सामग्री से अभिभूत और अनुप्रमाणित हो सर्व विध्न विनाशक, विमल, बुद्धि प्रदायक सर्वसिद्धी सदन गजवदन भगवान गणपति की कृपानुकम्पा और इन्हीं के प्रेरणा से ही पूर्ण मध्यकालीन साहित्य में गणपति में लिखकर में आनंद का अनुभव करती हूँ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. बनर्जी जे. एन. डी. एच. आई. पृ. 359
2. गेटी गणेश पृ. 261
3. गेटी गणेश पृ. 261
4. साधु सुदर्शन, हिन्द, देववाद में प्रतीकात्मकता भवन जनरल 8,1971
5. एम0बी0 श्री दन्त शर्मा बल्लमेश्वर भवन जे0 अगस्त 25,1968
6. ऋियाऋमद्यौति।
7. विष्णु धर्मेत्तर पुराण।
8. विष्णु धर्मोत्तर पुराण 3-11-13
9. खड्गखटेधुन: शक्ति शोमिचारूचतुर्मजम्। उपा0 12-35
10. गणेश पुराण उपा0 21/31
11. गणेश पुराण आ0 (65-/6,9-11)
12. भण्डारकर , वैष्णिविज्म , शैविज्म एण्ड माइनर रीलिजियस सिस्टम पु. 148
13. यदुवंशी , शैवमत पृ. 50
14. ऐलिस गेठी, गणेश पृष्ठ 23
15. मिश्र, नेपालीज , बुद्धिस्ट लिटरेचर पृष्ट 89
16. भट्टाचार्य इण्डियन बुद्धिस्ट आइकोनोग्राफी पृ. 157
17. भट्टशाली आईकोनोंग्राफी ऑफ बुद्धिस्ट एथ ब्रह्मनिकल स्कल्पचर्स इन ढाका म्यूजियम कलक 23 (अ.स.)

****

रीवा राज्य के कलचुरि

सुभाष कुमार तिवारी *

प्रस्तावना – सोलहवीं शताब्दी के अन्त में आए हुए कलचुरि परिवार को उनकी वीरता के कारण शीघ्र ही राज्य में सम्मान पूर्ण स्थान प्राप्त हो गया। रीवा राज्य के तत्कालीन प्रधान शत्रु सेंगर ठाकुर थे, जिनका अधिकार क्षेत्र मनगवाँ और उसके आस–पास तक था। इसलिए उनसे राज्य की रक्षा के लिए कल्चुरियों को रहने के लिए राज्य की इसी सीमा पर विभिन्न स्थान दिये गए।

पटना शाखा – नीलकंठ देव तो अपने जीवन काल में भोलगढ़ में ही रहे। उनके बड़े पुत्र हिम्मतराय की संतान को जोन्ही तथा कुछ अन्य गाँव दिए गए, पर उन्होंने अपने अन्य भाईयों के निकट पटना गाँव में ही रहने का निर्णय किया, बाद में यह गाँव उनके वंशजों की सेवा के बदले उन्हें मिल गया। हिम्मतराय के द्वितीय पुत्र जोरावर सिंह को उनकी युद्ध सेवा के लिए रामनई गाँव प्राप्त हुआ था। कुछ पीढ़ियों तक घटना में रहने के पश्चात् उनके वंशज विशेसर सिंह ने पटना छोड़कर रामनई में रहने का निश्चय किया, किन्तु उनके दत्तक पुत्र नरहर सिंह और उनकी पत्नी स्वर्गवास के पश्चात् रीवा नरेश महाराज व्यंकटरमण सिंह ने उनकी पत्नी के दत्तक पुत्र रंगदेव सिंह को उनका उत्तराधिकारी स्वीकार नहीं किया। फलत: रामनई की समस्त सम्पत्ति राज्य में सम्मिलित कर ली गई। तब रंगदेव सिंह और उनके वंशज रामनई छोड़कर हनुमानपुर गाँव में रहने लगे। सन् 1796 में हुई नैकहाई की लड़ाई में इस शाखा के लोगों ने बड़ी वीरता दिखाई। बहादुर सिंह ने ही सर्वप्रथम युद्ध करने का बीड़ा उठाया था। अजीत फतेह में निम्न वीरों का उल्लेख है– श्याम साहि, बहादुर सिंह, अभिमान सिंह।

रायपुर शाखा – नीलकंठ देव के द्वितीय पुत्र साहेबराय के वंशज रायपुर ग्राम में रहने लगे। इस परिवार की काफी वृद्धि हुई। इस ग्राम का नाम रायपुर होने के संबंध में यह प्रश्न उठता है कि क्या यह नाम रत्नपुर की दूसरी शाखा रायपुर के नाम से संबंधित है। इस संबंध में स्पष्ट कुछ नहीं कहा जा सकता है किन्तु किवदन्ती के अनुसार कल्चुरियों के आने से पहले से ही ग्राम के पुराने वासी रायजादा लोगों के कारण इस ग्राम का नाम रायपुर रहा। अजीत फतेह में इस शाखा के निम्न वीरों का उल्लेख है– कलन्दर सिंह, संग्राम सिंह, मेहरबान सिंह, उम्मेद सिंह।

खुझ शाखा – नीलकंठ देव के चतुर्थ पुत्र चिन्तामणिराय की संतान रायपुर के निकट ही खुझ ग्राम में बसी। इस परिवार में अधिक वृद्धि तो नहीं हुई किन्तु इसका इतिहास भी वीरता के लिए प्रसिद्ध है। अजीत फतेह में इस शाखा के निम्न वीरों का उल्लेख है– खुमान सिंह।

डिहिया शाखा – नीलकंठ देव के तृतीय पुत्र हिमंचल शाह का परिवार रीवा से 6 मील दूर वर्तमान रीवा–शहडोल राजमार्ग पर डिहिया ग्राम में बसा। इस वंश की अच्छी वृद्धि हुई और तीनों ग्राम के परिवार से इनका बराबर संबंध बना रहा और अब भी प्राय: वैसा ही है। अजीत फतेह में इस शाखा के निम्न वीरों का उल्लेख है– हरिवंश राय, भगवान सिंह, वीर सिंह, रक्षपाल सिंह, खेत सिंह, मणेश सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, सुजान सिंह।

भाईयों का परिवार–रायपुर में एक कल्चुरि परिवार और है जिसे भाईयों का परिवार कहते है। यद्यपि ये नीलकंठ देव के वंशज नहीं हैं पर इनका सम्मान परिवार के बीच कम नहीं है। इनका प्रमाणिक इतिहास तो प्राप्त नहीं है पर ऐसा जान पड़ता है कि नीलकंठ देव के साथ जो और कल्चुरि रत्नपुर से आए उन्हीं के ये वंशज है। इन्हें भाई का दर्जा मिला और भाई वाले काम में पीछे भी कभी नहीं रहे। युद्धों में सदा साथ रहे और वीरता के लिए विख्यात रहे हैं। सैनिक के रूप में इनकी प्रतिष्ठा सदा से है। इस वंश के लोग वर्तमान समय में भी भाई ही कहे जाते हैं और कृषि तथा शिक्षा के क्षेत्र में उन्नत अवस्था में हैं।

बावनी या सरयूपार के कल्चुरि – उक्त परिवारों के अतिरिक्त रायपुर और डिहिया में एक तीसरा कल्चुरि परिवार और भी है, जिन्हें बावनी कहते हैं। ऐसा जान पड़ता है कि ये इस गाँव में उक्त दोनों परिवारों के पश्चात् आए। पूर्व चर्चित पण्डित गया प्रसाद त्रिपाठी के लेख के अनुसार ये लोग उस वंश के हैं, जो संवत् 1313 वि. में रत्नपुर से असंतुष्ट होकर उत्तर की ओर सरयूपार में चले गए थे और वहाँ चेरु जाति के लोगों को हरा कर वहीं बस गये थे। यह बताया गया है कि महिष्मती से आरम्भ हुए कल्चुरि वंश से बावनवी पीढ़ी में भूपति देव हुए, उन्हीं के वंशज होने के कारण ये अपने को बावनी कहने लगे। यह बात असंदिग्ध है कि रायपुर ग्राम में यह परिवार नीलकंठ देव के वंशजों के पश्चात् आकर बसा है। ये लोग युद्ध में अन्य कल्चुरि परिवारों के साथ वीरता पूर्वक लड़ते रहे हैं, और रीवा राज्य की सेना में इस परिवार के सैनिक अपेक्षाकृत अन्य कल्चुरि परिवारों की तुलना से अधिक संख्या में रहे हैं क्योंकि सैनिक सेवा ही इनका प्रधान पेशा रहा है। सम्प्रति यह परिवार पीछे लिखे चार घर से प्राय: घुल मिल गया है और इस परिवार ने कृषि, शिक्षा आदि कार्यो में अच्छी प्रगति की है। रीवा राज्य में आए हुए कल्चुरि परिवारों ने गत तीन सौ वर्षो में इस राज्य में धर्म, विद्या और कला के संबंध में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। यहाँ आने पर 'कल्चुरि' वर्ण विपर्यय से कर्चुलि और स्वर लोप से कर्चुली हो गया। अत: अब ये कर्चुली कहलाते हैं। नीलकंठ देव जिस समय रत्नपुर छोड़कर रीवा आए, उत्तर भारत में वैष्णव धर्म का बोलबाला था। रीवा नरेश भी वैष्णव थे। स्वभावत: इसका प्रभाव नवागतों पर भी पड़ा और ये भी धीरे–धीरे वैष्णव हो गए। अस्तु सम्पर्क के प्रभाव से ये लोग प्रधान रूप से विष्णु के उपासक और गौण रूप से शैव्य हो गए जैसा कि यहाँ इनके रायपुर, पटना आदि में बनाये मन्दिरों से ज्ञात होता है।

* शोधार्थी (इतिहास) श्री गुरू सदन वार्ड नं. 13 घरौला, शहडोल (म.प्र.) भारत

अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी का काल इस राज्य का असुरक्षा काल था। बाहर से शत्रुओं के आक्रमण होते रहते थे और राज्य के भीतर भी अशान्ति रही आती थी। इसीलिए कल्चुरि या कर्चुली वीरों को भी जो इस राज्य के अंग बन चुके थे, इनमें व्यस्त रहना पड़ता था। इस प्रकार के युद्धों में रीवा के इतिहास में बहुचर्चित युद्ध 'नैकहाई का युद्ध' था।[1] महाराज अजीत सिंह के शासन काल में सन् 1796 में बाजीराव पेशवा के पौत्र अली बहादुर के सेनापति नायक यशवन्तराव ने रीवा पर चढ़ाई की।[2] शत्रु का सामना करने के लिए मंत्रणा आरम्भ हुई। राज्य की सैनिक स्थिति देखते हुए महाराज के सरदारों ने शत्रु से सन्धि का निर्णय लिया। उनकी महारानी कुन्दन कुँवरि को यह निर्णय अनुचित लगा और उन्होंने सरदारों को रण निमंत्रण देकर ड्योढ़ी में बुलवाया और उनके पास पान का बीड़ा और सिन्दूर की डिबिया भेजी जिसका आशय यह था, या तो बीड़ा उठाकर शत्रु से युद्ध करो अथवा सिन्दूर लगाकर जनाने खाने में रहो। इस वृतान्त को रायपुर कर्चुलियान ग्राम के सुप्रसिद्ध कवि स्व. श्री शेषमणि शर्मा 'मणि रायपुरी ने अपने खण्ड काव्य ''द्वितीया' में बहुत ही खूबसूरती से इस प्रकार वर्णित किया है–

अपनी बांदी से रानी ने, ज्यों ही यह सारा हाल सुना।
'कुन्दन कुँवरि नाम जिनका, क्षत्राणि ने निज शीश धुना।।
सरदार वीर सामंतों को, अपनी ड्योढ़ी पर बुलवाया।
सबके हाथों में एक–एक, बीड़ा फिर उसने भिजवाया।।
बांदी से गरज कहा उसने, मेरा संदेशा कह देना।
यदि हो कुछ भी पुरूषत्त्व शेष, तो रण का यह बीड़ा लेना।।
अन्यथा साथ में भेज रही, चूड़ियाँ और सुन्दर सारी।
मैं रण क्षेत्र में जाऊँगी, तुम सब कोई बनना नारी।।

कर्चुली वीर इस अपमान को कैसे सह सकते थे। पटना के सरदार बहादुर सिंह ने आगे आकर युद्ध का बीड़ा उठाया। सेना के एक प्रधान भाग के सेनापति होकर इन्होंने शत्रु पर सामने से धावा किया और बहादुरी के साथ लड़कर, सब के सब वीरगति को प्राप्त हुए। दूसरा दल रायपुर के कलन्दर सिंह कर्चुली के सेनापतित्त्व में पीछे से चोरहटा ग्राम की ओर से गया। उसने सीधे नायक के खेमें पर आक्रमण करके उसे मार डाला। इस युद्ध ने कर्चुली वीरों की धाक राज्य में बहुत अधिक जमा दी। ये शूरवीर ही नहीं प्रशासनिक कार्य में भी दक्ष थे। सारे देश के साथ रीवा राज्य में भी शान्ति का युग आया और उन्नीसवीं शताब्दी के चौथे चरण में राज्य में शिक्षा और सुदृढ़ शासन का काल आरम्भ हुआ। कर्चुलियों में अनेक विद्वान चतुर और योग्य प्रशासक हुये।

सन् 1875 में महाराज रघुराज सिंह ने अपने राज्य का प्रबन्ध ब्रिटिश सरकार को सौंप दिया। सन् 1881 में राज्य के प्रबन्धक सुपरिन्टेन्डेण्ट ने राज्य शासन में सहायता देने के लिए आठ सदस्यों की एक कौन्सिल बनाई। इसमें रायपुर के कर्चुलियों के प्रतिनिधि स्वरूप दो सदस्य सरदार नरहर सिंह और सरदार दल प्रताप सिंह लिए गए। अपने पंचवर्षीय प्रतिवेदन में तत्कालीन सुपरिन्टेन्डेण्ट मेजर डी. डब्लू. के बारे में इन दोनों सदस्यों की योग्यता की बड़ी प्रशंसा की है। इस परिवार में समय–समय पर अनेक संस्कृत के विद्वान ज्योतिषी और कवि हुए हैं। बीसवीं शताब्दी में जब शिक्षा के साधन बढ़े तो इस परिवार ने उसका अधिकतम लाभ उठाया। परिणामस्वरूप कर्चुली परिवार स्नातकों, वकीलों, डाक्टरों तथा इन्जीनियरों से भरा हुआ, इस क्षेत्र में अपना गौरवपूर्ण स्थान बनाए हुए है।

मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश (सेवा. नि.) न्यायमूर्ति गुरु प्रसन्न सिंह इसी परिवार के हैं, जिससे कर्चुली परिवार ही नहीं सारा समाज गौरवान्वित है। रीवा नरेश के दरबार का सबसे बड़ा राजकीय सम्मान जमातदार राज्य के कलचुरि परिवार के चार सदस्यों को प्राप्त था। पटना घराने के नरहर सिंह और रायपुर घराने के संग्राम सिंह, दलथम्मन सिंह और दलबीर सिंह। इस सम्मान से विभूषित सरदारों को रीवा नरेश दरबार में आने पर खड़े होकर सम्मानित करते थे और सरदार श्रीमान् को स्वर्ण मुद्रा में भेंट के रूप में देते थे। इनके वंशज रीवा राज्य की समाप्ति तक इस सम्मान से सम्मानित रहे। जिसमें अन्तिम इन्द्रदेव सिंह, बटुक प्रताप सिंह, यज्ञ प्रताप सिंह और कुशध्वज सिंह थे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गुरू रामप्यारे अग्निहोत्री – रीवा राज्य का इतिहास, पृ. 69, 71
2. अजीत फतेह या नायक रायसा – दुर्गा दास।

****

A Sociological Study On Increasing Juvenile Crimes Rates In Kashmir (Jammu And Kashmir)

Saima Mehraj * Dr. J.K. Patel **

Abstract - Jammu and Kashmir is the northern most State of India, The paper focuses on the condition of juvenile delinquents in India from the standpoint of the provisions guaranteed to them by the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2000, amended in 2006 and 2011. Many of the issues addressed provide for the similar challenges in many South-Asian countries. The paper analyzes the upper age limit of the Indian juvenile justice system and the gap between theory and practice by looking at the data for 200 juvenile court case files from the Kashmir province juvenile courts and in depth interviews of 400 children (200 Juveniles in Conflict with Law and 200 Children in Need of Care and Protection). The special focus of the paper are the stone-pelting riots, The paper concludes with some recommendations for the Government of India in order to facilitate child-friendly system for Juveniles in Conflict with Law and Children in Need of Care and Protection.
Key word - Delinquents', Child rights, stone pelting, positive youth development, juvenile**.**

मानव सभ्यता में सबसे महत्वपूर्ण कार्य था खेती करना। खेती ने मानव जीवन को ना सिर्फ स्थायित्व प्रदान किया बल्कि सामाजिक संरचना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सामाजिक संरचना को बनाए रखने में खेती का अद्धितीय स्थान है, जो वर्षा और भूमि जल की उपलब्धता पर निर्भर है। अप्रत्यक्ष रूप से मानव के स्थयित्व एवं सामाजिक संरचना की निरंतरता में पानी ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। पानी के लिए ऐसी विकसित तकनीक नव पाषण काल (भारत में आज से चार हजार वर्ष पूर्व का समय जब मानव ने खेती एवं पशुपालन का कार्य आरंभ किया में) में नहीं थी, कि पृथ्वी के अंदर का जल आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके। खेती के संदर्भ में उगाई जाने वाली फसलों की जड़ों में भी जमीन की सतह से कुछ ही भीतर तक पानी प्राप्त करने की क्षमता होती है। यही कारण है, कि पानी को गहराई से प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते है। इस तरह (आधुनिक) के तकनीक प्रयास उस समय उपलब्ध नहीं थे, इसलिए पानी के प्रति संवेदना उत्पन्न करने के लिए पानी और खेती से जुड़े कई मुहावरे एवं लोकोक्ति प्रचलित हो गए, ताकि लोग पानी के उपयोग के प्रति संवेदशील हो सके। किसी भी समाज की महत्वपूर्ण इकाई परिवार है और भारतीय समाज में पुत्र को अत्यधिक महत्व दिया गया है और उसी से मोक्ष प्राप्त होता है। इसलिए समाज में पानी के महत्व को पुत्र के साथ जोड़कर समझाने का प्रयास किया है।

'दस कुओं के बराबर एक तालाब, दस तालाब के बराबर एक झील,दस झीलों के बराबर एक पुत्र पानी की आवश्यकता में ही समाज की निरंतरता जुडी है। पानी की उपलब्धता के अनुक्रमानुपाती समाज की स्थिरता होती है। जब भी इस प्राकृतिक सामाजिक सूत्र में असंतुलन होगा, समाज को हानि का सामना करना पड़ेगा, इसलिए सामाजिक निंरतरता के लिए भी एक आवश्यक तत्व है। परन्तु समाज में आरंभ से ही तकनीकी का विकास नहीं हुआ था, ऐसी स्थिति में खेती आधारित समाज का अस्तित्व बचा रहे, इसके लिए पानी के प्रति लोगों को संवेदनशील एवं गंभीर बनाने के लिए तरह तरह की लोकोक्तियाँ ग्रामीण समाज में प्रचलित हो गई। दस धान, उखेरा। तीनों पानी के चेरा (घाघ 2001) किस फसल को पानी चाहिए और किसको ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं है, इस तथ्य को मुहावरों के जोड़ देने के कारण, पानी के प्रति एक सहज चेतना जाग्रत करना सहज था। मनुष्य की जैविक आवश्यकताओं

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

(मैलानोवास्की) में उपापचय की पूर्ति भोजन से ही करनी थी। मनुष्य के लिए यह आसान नहीं था, कि वह प्राकृतिक अवयवों का मूल रूप से उपयोग कर सके इसके लिए संस्कृति के सहारे उसने अपने स्थायित्व के लिए जिस तरह के भोजन को प्राथमिकता दी, उसे वह स्वंय उगाता था और जो पूरी तरह पानी की उपलब्धता पर निर्भर था। इसलिए संस्कृति एवं सामाजिक सरंचना के निर्माण में पानी की आवश्यकता को कम करे नहीं आका जा सकता।

आज की अपेक्षा पूर्व में ग्रामीण संस्कृति की निरंतरता के लिए पानी का होना पूरी तरह प्रकृति पर आधारित था इसलिए पानी को भी उपेक्षित दृष्टि से नहीं देखा गया। पीने के पानी से ज्यादा महत्वपूर्ण यह था, कि खेती के लिए पानी मिल गया है या नहीं, इस प्रक्रिया ने मनुष्य और समाज दोनों को चिंतनशील बना दिया और इसी के परिणामस्वरुप ग्रामीण संस्कृति का किसान एक प्राकृतिक वैज्ञानिक भी बनने को अग्रसर हो गया ।

पानी बरसे आधे पूस, आधा गल्ला आधा भूस ।

इस प्रकार ग्रामीण संस्कृति में पानी के बरसने की अवधि से यह गणना तक होने लगी कि खेती करने वाले को कितना अनाज प्राप्त होगा, पर संस्कृति में उत्पन्न हुई इस तरह की वैज्ञानिकता का ह्रास भी नई तकनीकी के आ जाने से होने लगा। इस नई तकनीक के द्वारा किसान भूगर्भ जल का उपयोग खेती के लिए करने लगा, जिससे भू-गर्भ जल का दोहन बढ़ गया और एक पर्यावरणीय असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई। पानी को अत्यधिक दोहन का शिकार होना पड़ा, पानी की कृत्रिम तरह से उपलब्धता बढ़ जाने के कारण स्वतंत्रता के समय खेती की जाने वाली जमीन 19.5 लाख हेक्टेयर थी, जो 1990-2000 में पंचानवे लाख हेक्टेयर हो गई। परंतु इस कारण पानी की समस्या से हम उत्तरोत्तर ज्यादा ग्रस्त होते चले गए।

देश की स्वतंत्रता के समय प्रति व्यक्ति वार्षिक जल की उपलब्धता पांच हजार एक सौक्यूबिक मीटर थी, जो वर्ष 2000 में घटकर बाईस सौ हो गई और वर्ष 2017 तक पानी एक दबाव की स्थिति में आ जायेगा और प्रति व्यक्ति वार्षिक उपलब्धता सोलह वर्ष क्यूबिक मीटर हो जावेगी (यू.एन.रिपोर्ट2007) यही कारण है, कि वर्ष 2005-2015 के दशक को पानी के प्रति समर्पित कया गया है एवं वर्ष 2007 को पानी कमी से निपटने का वर्ष मनाया गया। (यू.एन.रिपोर्ट2007) पानी और समाज के बीच उत्पन्न हो रहे असंतुलन के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य समस्या से आर्थिक पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। जिससे परंपरागत संस्कृति के वाहक समूह में गरीबी बढ़ी ही है।

भारतीय संस्कृति में अनेकता में एकता की विशेषता को प्रस्तुत किया गया है और यदि समाज शास्त्रीय विधि शास्त्रों के अंतर्गत विधि का समाज पर और समाज का विधि पर प्रभाव देखें, तो भारतीय संविधान में स्पष्ट है कि किसी भी तरह का भेदभाव नहीं हो सकता (अनुच्छेद 15) लेकिन पानी के उपयोग स्तर पर समाज पर विधि का प्रभाव काफी देर से हो सका। अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत पानी के अधिकार को सुनिश्चित किया गया है। पर स्वच्छ पानी आज भी समाज की एक बड़ी समस्या है। यूँ तो पानी से इकाई स्तर पर किसी व्यक्ति विशेष को ही हानि होती है। परंतु व्यक्ति किसी न किसी संस्कृति समाज का सदस्य होता है। जो अंतत: उस पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए पानी का विश्लेषण संस्कृति एवं समाज पर पड़ने वाले प्रभाव के संदर्भ में भी किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. टायलर ई.वी.,1871 प्रिमिटिव कल्चर, मैलानोवस्की बी. के., 1944, ए, साइंटिफिक थ्योरी ऑफ कल्चर एंड अदर एसेज, यू.एन. रिपोर्ट, 2007 अंक मार्च विधि भारती जुलाई - सितंबर 2012

****

अनूपपुर जिले की अनुसूचित जाति का मानव संसाधन के रूप में विश्लेषण

डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा *

शोध सारांश – मानव स्वयं एक आर्थिक संसाधन है, जब क्षेत्र के मुख्य जातियों का विकास होगा तो उस क्षेत्र का भी विकास आवश्यक होगा और देश का भी तीव्र गति से आर्थिक विकास होगा। मनुष्यों में संसाधन उत्पन्न करने की क्षमता है इसलिए उसे संसाधन का जनक भी कहा गया है।

2001 में अनुसूचित जाति का जिले की कुल जनसंख्या का 7.3प्रतिशत हो गया जबकि 1991 में 7.4प्रतिशत था। इस प्रकार जिले में 0.1प्रतिशत की कमी हुई। 2001 की जनगणना के अनुसार 60.29प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में और 39.51प्रतिशत लोग शहरी क्षेत्रों में पाए जाते है। बिजुरी राजस्व निरीक्षक मण्डल में अनुसूचित जातियों की संख्या 11.16प्रतिशत है जबकि खमरौध राजस्व निरीक्षक मण्डल में 1.95प्रतिशत अनुसूचित जातियों की संख्या है। 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में कुल ग्रामीण जनसंख्या का 9.19प्रतिशत अनूसुचित जाति के लोग निवास करते हैं। जिसमें 50.38प्रतिशत पुरूष एवं 49.62प्रतिशत स्त्रियों की संख्या है।

1991 में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 15103 थी जो अनूपपुर के नगरीय क्षेत्र में निवास करती थी और जिले की कुल जनसंख्या का मात्र 4.32प्रतिशत थी, जिसमें 53.65प्रतिशत पुरूष एवं 46.35प्रतिशत स्त्रियाँ थी। 2001 में अनूपपुर जिले में अभूतपूर्व परिवर्तन दिखाई देने लगा। अनूपपुर जिले में नगरों का उदय हुआ और नगरीय जनसंख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। तथा अनुसूचित जातियों की संख्या बढ़कर 24408 हो गई जो जिले की नगरीय जनसंख्या का 11.89प्रतिशत है। जिसमें 51.87प्रतिशत पुरूष एवं 48.13प्रतिशत स्त्रियाँ है।

प्रस्तावना – जातीय संरचना से तात्पर्य जनसंख्या के ऐसे समूह से है, जिसमें विभिन्न जाति वर्ग के लोग आते है, जिसमें भारत की विभिन्न जातियाँ आती हैं। भूगोल में जातीय संख्या एवं संरचना का अध्ययन इसलिए आवश्यक है, क्योंकि विभिन्न जातियों में जाति वर्ग की पहचान एवं पृथक विचारधारा तथा रीति रिवाज होते हैं। जाति का अध्ययन देश के संदर्भ में अच्छे से किया जा सकता है लेकिन छोटी सी इकाई के संदर्भ में किया जाना कठिन होता है।

अध्ययन क्षेत्र अनूपपुर जिला जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है। यहां की सम्पूर्ण जनसंख्या में जनजातियों का प्रतिशत ज्यादा है तथा अन्य जाति की संख्या कम है। इन जन जातियों का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विकास काफी पिछड़ी अवस्था में है साथ ही जिले का भी आर्थिक विकास काफी पिछड़ा है। शासन स्तर पर किए जा रहे कार्यो से अब इसमें सुधार हो रहा है।जिले में अनुसूचित जाति का पृथक से अध्ययन इसलिए आवश्यक है, क्योंकि जिले में अनुसूचित जाति का सामाजिक स्तर प्राचीन समय से निम्न है।

अध्ययन क्षेत्र –जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्व में स्थित वनाच्छादित एवं विषम धरातल वाला पहाड़ी क्षेत्र है। इसका भौगोलिक विस्तार $22^0$38'30' उत्तरी अक्षांश से 23.2530 उत्तरी अक्षांश तथा $81^0$7'30' पूर्वी देशांतर से $82^0$12'01' पूर्वी देशांतर के मध्य है। राजनैतिक दृष्टि से अनूपपुर जिला 5 जिलों से घिरा है। इसके उत्तर में शहडोल, पूर्व में कोरिया, दक्षिण-पूर्व में बिलासपुर, दक्षिण-पश्चिम में डिन्डोरी एवं उत्तर-पश्चिम में उमरिया जिला स्थित है। जिले की उत्तर दक्षिण अधिकतम लम्बाई 70 किमी. तथा पूर्व पश्चिम अधिकतम चौड़ाई 80 किमी. है। जिले का वर्तमान कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3746.71 वर्ग किमी है। अनूपपुर जिले को चार तहसील (अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, पुष्पराजगढ़) एवं 9 राजस्व निरीक्षक मण्डल (अनूपपुर, फुनगा, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, भेजरी, खमरौध, गिरारी, दमेहरी) में बांटा गया है। 2011 के जनगणनानुसार अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या 749237 व्यक्ति है, जनसंख्या की दृष्टि से अनूपपुर मध्यप्रदेश का 45वां जिला है। जिले की स्थिति मानचित्र क्रमांक – 1 से स्पष्ट होता है।

शोध विधि –प्रस्तुत शोधपत्र में वर्ष 1991 से 2011 तक की जनसंख्या का विवेचन किया गया है। वर्ष 2011 तक की ग्रामीण, नगरीय एवं कुल जनसंख्या का अन्तराल, वृद्धि दर को राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर किया गया है। इस अध्ययन में द्धितीयक आंकड़ों का प्रयोग किया गया है, जिन्हें जिला सांख्यिकीय पत्रिका, जिला जनगणना पुस्तिका एवं सी.डी. तथा जनसंख्या सारणी, मध्यप्रदेश और भारत की जनगणना से प्राप्त किया है। मानचित्रण में वर्णमात्री विधि का प्रयोग किया गया है।

ग्रामीण एवं नगरीय वितरण –अध्ययनक्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय दोनों क्षेत्रों में अनुसूचित जातियाँ पायी जाती है। अध्ययन की सुविधा की दृष्टि से इन्हें अलग-अलग (ग्रामीण एवं नगरीय) कर अध्ययन किया गया है।

ग्रामीण वितरण –अनूपपुर जिले की अनुसूचित जातियों के वितरण में क्षेत्रीय विभिन्नताएँ होना आवश्यक है, जब हम जनसंख्या के अध्ययनमें विवरण का अध्ययन करते हैं तो उस समय स्पष्ट हो जाता है कि जनसंख्या सभी स्थानों में एक समान न पायी जाकर अलग-अलग स्थानों में अलग-अलग पायी जाती है जिसका मुख्य कारण भौतिक, सामाजिक, एवं सांस्कृतिक कारण हो सकता है। अध्ययन के लिए जिले की अनुसूचित जाति जनसंख्या के वितरण को तीन भागों में बाँट कर अध्ययन किया गया है-

1. **प्रथम श्रेणी –** इस श्रेणी के अन्तर्गत वे राजस्व निरीक्षक मण्डल के क्षेत्र आते है, जहाँ अनुसूचित जातियों की संख्या 10प्रतिशत या उससे अधिक

* डागा गर्ल्स हॉस्टल के पीछे, आर.डी.ए. कालोनी के पास, कांदुल रोड, बेरियाखुर्द, जिला - रायपुर (छ.ग.) भारत

पायी जाती है। इस श्रेणी के राजस्व निरीक्षक मण्डलों में बिजुरी राजस्व निरीक्षक मण्डल प्रथम स्थान पर है जहाँ 15.42 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति के रहते हैं। इसके अतिरिक्त भेजरी, फुनगा, कोतमा राजस्व निरीक्षक मण्डल में क्रमश प्रतिशत 13.47 प्रतिशत, 11.97 प्रतिशत, 11.72 प्रतिशत अनुसूचित जाति की जनसंख्या निवास करती है। बिजुरी राजस्व निरीक्षक मण्डल में अनूपपुर जिले की सर्वाधिक प्रतिशत अनुसूचित जाति की जनसंख्या निवास करती है।

2. द्वितीय श्रेणी प्रतिशत – इस श्रेणी में उन क्षेत्रों को रखा गया है जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 5प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक है जिले में इस तरह के राजस्व निरीक्षक मण्डलों में जैतहरी, गिरारी और अनूपपुर राजस्व निरीक्षक मण्डल आते हैं। जैतहरी राजस्व निरीक्षक मण्डल में 7.53 प्रतिशत, गिरारी में 7.08 प्रतिशत और अनूपपुर राजस्व निरीक्षक मण्डल में 6.25 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं। इन क्षेत्रों में मध्यम अनुपात में अनुसूचित जाति के लोग पाए जाते हैं।

3. तृतीय श्रेणी प्रतिशत – इस श्रेणी में उन राजस्व निरीक्षक मण्डलों को रखा गया है। जिनमें अनुसूचित जातियों की संख्या 5प्रतिशत से कम पायी गई है। जिले में इस श्रेणी के राजस्व निरीक्षक मण्डलों में दमेहरी और खमरौध राजस्व निरीक्षक मण्डल आते हैं। इन राजस्व निरीक्षक मंडलों में अल्प मात्रा में अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं। दमेहरी निरीक्षक मण्डलों में 4.45 प्रतिशत और खमरौध राजस्व निरीक्षक मण्डल में 2.61 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति के रहते हैं। इन क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों का अनुपात अपेक्षाकृत कम पाया जाता है। खमरौध राजस्व निरीक्षक मण्डल में सबसे कम अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं।अनूपपुर जिले में अनुसूचित जातियों का राजस्व निरीक्षक मण्डलावार ग्रामीण वितरण सारणी क्रमांक 1 एवं 2 द्वारा व्यक्त किया गया है।

(मानचित्र देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक –1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक–2

जिला अनूपपुर – अनुसूचित जातियों का ग्रामवार वितरण(2011)

जनसंख्या की श्रेणी	गाँवों की संख्या	प्रतिशत
निरंक	8	1.33
0.5	32	5.32
6.15	81	13.48
16.25	122	20.30
26.35	98	16.31
36.50	112	18.64
51 से अधिक	148	24.63
कुल	601	100

स्त्रोत – प्रतिशत जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल, मध्यप्रदेश (2011)

अनूपपुर जिले की अनुसूचित जाति की जनसंख्या का ग्रामवार अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि 2011 की जनगणना के अनुसार अनूपपुर जिले के चार तहसीलों का विभाजन 601 ग्रामों में हुआ है। जिले के 8 गाँव ऐसे है, जहाँ की आबादी निरंक है, तथा 32 ग्रामों में जिले की 5.32प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, इसके अतिरिक्त 81 गाँवों में जिले की 13.48 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, जिले के 122 ग्रामों में 20.30 प्रतिशत जनसंख्या है, और इन गाँवों में 16 प्रतिशत से लेकर 25 प्रतिशत तक अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। 98 गाँवों में जिले की 16.31 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है तथा इन गांवों में 26प्रतिशत से 35 प्रतिशत तक अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। 112 गाँवों में जिले की 18.64 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है तथा इन गाँवों में 36प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। 148 गाँवों में जिले की 24.63 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है और इन गाँवों में अनुसूचित जाति की जनसंख्या लगभग 50 प्रतिशत से अधिक है।

नगरीय वितरण – यह स्पष्ट है कि अनूपपुर जिले में नगरों का अभाव है। शत प्रतिशत नगरीय अनुसूचित जाति की जनसंख्या अति अल्प मात्रा में पायी जाती है। जिले के नगरीय वितरण में दृष्टि डालने से स्पष्ट होता है कि 2001 तक अनुसूचित जाति की 9.78 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती थी जिसमें 52.25 प्रतिशत पुरूष एवं 47.75 प्रतिशत स्त्रियाँ है। 2011 की जनगणना के अनुसार 24408 जनसंख्या है जिसमें 12661 पुरूष एवं 11747 स्त्रियाँ है। अर्थात् कुल नगरों में 11.89 प्रतिशत जनसंख्या है। जिसमें 51.87 प्रतिशत पुरूष और 48.13 प्रतिशत स्त्रियाँ है।जिले की नगरीय अनुसूचित जाति की जनसंख्या में विभिन्नता को देखते हुये नगरीय अनुसूचित जाति की जनसंख्या को तीन श्रेणियों में बांट कर अध्ययन किया गया है–

1. प्रथम श्रेणी – इस श्रेणी में उन नगरों को रखा गया है जिनकी जनसंख्या 20 प्रतिशत से अधिक है। जिले में इस श्रेणी वाले नगरों में मुख्य रूप से बदरा एवं देवरी के नगरीय क्षेत्र आते हैं। जहाँ मुख्य रूप से अनुसूचित जाति की जनसंख्या निवास करती है। बदरा में 29.32 एवं देवरी में 25.57प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं।

2. द्वितीय श्रेणी – इस श्रेणी में उन नगरों को रख कर अध्ययन किया गया है, जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 10 से 20प्रतिशत के बीच है जिले में इस श्रेणी वाले नगरों में अनूपपुर जिले के बिजुरी राजस्व निरीक्षक मण्डल का बिजुरी, डोला, बनगवाँ, डुमर कछार नगरीय क्षेत्र, अनूपपुर राजस्व निरीक्षक मण्डल का केल्होरी नगरीय क्षेत्र और फुनगा राजस्व निरीक्षक मण्डल का अमलाई पार्ट और पासन नगरीय क्षेत्र आते हैं, जहां अमलाई पार्ट में 18.41, डुमर कछार में 13.47, बनगवाँ में 13.22, बिजुरी में 13.20, पासन में 12.77 एवं केल्होरी में 11.86प्रतिशत अनुसूचित जाति की जनसंख्या निवास करती है।

3. तृतीय श्रेणी – इस श्रेणी में उन नगरों को सम्मिलित किया गया है जिनकी अनुसूचित जाति की जनसंख्या 10 प्रतिशत से भी कम है जिले में इस प्रकार के नगरों में कोतमा राजस्व निरीक्षक मण्डल का कोतमा नगरीय क्षेत्र, बिजुरी का डोला नगरीय क्षेत्र, अनूपपुर का देवहरा एवं अनूपपुर नगरीय क्षेत्र, भेजरी का अमरकंटक नगरीय क्षेत्र और जैतहरी राजस्व निरीक्षक मण्डल का जैतहरी नगरीय क्षेत्र आता है, जहाँ कोतमा में 8.63, अनूपपुर में 8.43, डोला में 8.10, देवहरा में 7.83, जैतहरी में 7.34 और अमरकंटक में 6.17प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं।

सारणी क्रमांक–3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

कार्यशील मानव संसाधन में अनुपात – अनूपपुर जिले की अनुसूचित जातियों का अध्ययन के साथ–साथ कार्यशील जनसंख्या में अनुपात का अध्ययन करना आवश्यक है। कार्यशील जनसंख्या के अध्ययन से अनूपपुर जिले की अनुसूचित जाति की आबादी में समाजिक जीवन स्तर स्पष्ट हो जायेगा। मूलत प्रतिशत अनुसूचित जातियों के व्यवसाय परंपरागत होते हैं, और वे उस व्यवसाय को करके अपना जीवन यापन करते हैं।

साधारणत प्रतिशत आधुनिक समाज में सभी परंपरागत जातिगत व्यवसाय के अतिरिक्त थोड़ा बहुत खेती का कार्य होता है। वर्तमान में परंपरागत जातिगत व्यवसाय बहुत कम पाया जाता है। परंपरागत जातिगत व्यवसायों में चमारों का चमडे क़ा काम, कुम्हारों का मिट्टी के बर्तन बनाने का काम एवं बसारो का बांस की टोकनी बनाने का काम दिखाई देता है।किसी क्षेत्र या समाज के स्तर का संबंध उस क्षेत्र के कार्यशील जनसंख्या से होता है, जिस समाज या जाति में लोग अधिक कार्यशील होते है। उस समाज का अर्थिक एवं समाजिक स्तर अच्छा होता है। सामाजिक स्तर को जानने के लिए अनुसूचित जाति कार्यशील जनसंख्या के अनुपात का अध्ययन आवश्यक हो जाता है।

अनूपपुर जिले की अनुसूचित जातियों में 47.86 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या है, जिसमें 78.35 प्रतिशत पुरूष एवं 21.65 प्रतिशत स्त्रियाँ है। तथा अकार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत 52.14 प्रतिशत है। जिसमें 50.87 प्रतिशत पुरूष एवं 49.13 प्रतिशत स्त्रियाँ है। राजस्व निरीक्षक मण्डलानुसार कार्यशील जनसंख्या में 38.45 प्रतिशत काश्तकार हैं जिसमें काश्तकारों का प्रतिशत क्रमश:प्रतिशत अनूपपुर 35.31, फुनगा 25.77, कोतमा 30.68, बिजुरी 19.25, जैतहरी 25.96, खमरौध 41.25, गिरारी 37.46, दमेहरी 31.89 और भेजरी में 39.88 है। खेतिहर मजदूरों का प्रतिशत 35.37प्रतिशत है 2011 के आधार पर खेतिहर मजदूरों का प्रतिशत क्रमशप्रतिशत अनूपपुर 24.57, फुनगा 19.78, कोतमा 22.35, बिजुरी 24.59, जैतहरी 17.35, खमरौध 30.84, गिरारी 33.22, दमेहरी 38.40 और भेजरी में 33.53 है। पारिवारिक उद्योगों में जिले की अनुसूचित जाति की जनसंख्या का 2.78प्रतिशत कुल कार्यशील जनजाति जनसंख्या है। जिले में इसके अन्तर्गत राजस्व निरीक्षक मण्डलावार प्रतिशत अनूपपुर 2.75, फुनगा 1.59, कोतमा 1.47, बिजुरी 1.08, जैतहरी 2.69, खमरौध 0.97, गिरारी 1.75, दमेहरी 1.98 और भेजरी में 1.77 है। अन्य कार्यो में जिले की अनुसूचित जाति जनसंख्या का 23.40 प्रतिशत कार्य करती है जिसमें अनूपपुर 37.37प्रतिशत, फुनगा 52.86 प्रतिशत, कोतमा 45.50प्रतिशत, बिजुरी 55.08 प्रतिशत, जैतहरी 54.00 प्रतिशत, खमरौध 26.94 प्रतिशत, गिरारी 27.57 प्रतिशत, दमेहरी 27.73 प्रतिशत और भेजरी में 24.82 प्रतिशत है।

अध्ययन क्षेत्र में अनुसूचित जाति की कार्यशील जनसंख्या का अनुपात अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या का 2.35 प्रतिशत है। इसी प्रकार कोतमा में अनूपपुर 2.54 प्रतिशत, फुनगा 2.12 प्रतिशत, कोतमा 2.38 प्रतिशत, बिजुरी 1.97 प्रतिशत, जैतहरी 2.49 प्रतिशत, खमरौध 1.97 प्रतिशत गिरारी 1.59 प्रतिशत दमेहरी 1.72 प्रतिशत और भेजरी में 1.96 प्रतिशत कार्यशील मानव संसाधन में अनुपात है।

सारणी क्रमांक –4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

निष्कर्ष – अनूपपुर जिले की अनुसूचित जाति जनसंख्या का मानव संसाधन के रूप में विकसित नहीं हो पायी है। जिले में अनुसूचित जाति का बहुत छोटा अंश मानव संसाधन के रूप में विकसित है। उनमें से अधिकांश अपने पारंपरिक व्यवसाय में लगे हुए हैं। महिला अनुसूचित जाति संसाधन के रूप में अपना योगदान देती है। अशिक्षा यहाँ के मुख्य जातियों को अपने पारम्परिक व्यवसायों से दूर कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से नौकरियों के लिए सस्ते श्रमिक शहर की ओर जाते हैं और शहरों में निर्माण कार्य में विशेष योगदान देते है।अनुसूचित जाति के लोग ज्यादा शिक्षित नहीं हैं। जिस कारण इन्हें ऊँचे पद पर काम नहीं मिलता है परन्तु अब शासन द्वारा अनुसूचित जाति को आरक्षण प्रदान किया गया है। जिससे वह सरकारी नौकरियाँ प्राप्त कर रहे हैं और देश के विकास में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अनपढ़ व अकुशल श्रमिक जनसंख्या का प्रतिशत अधिक है और वे अपनी अजीविका चलाने के लिए मजदूरी करते हैं यह खेतों में, घर बनाने का, लोहे का इत्यादि कार्यों में संलग्न होते हैं।

अनुसूचित जाति का अल्प भाग जिले में मानव संसाधन के रूप में है। जिसका प्रतिशत कुल जनसंख्या से 9.93 प्रतिशत है। कुल अनुसूचित जाति में काश्तकार 38.45 प्रतिशत, खेतिहर मजदूर 35.37 प्रतिशत, पारिवारिक उद्योगों में 2.78 प्रतिशत, और अन्य कार्यो में 23.40 प्रतिशत जनसंख्या संलग्न है। संसाधन के रूप में अनुसूचित जाति जिले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु अशिक्षा के कारण इनका गुण समाज में सर्वोच्च स्थान नहीं पा रहा है, और मानव संसाधन के रूप में पूर्ण रूपेण विकसित एवं परिवर्तन नहीं हो पा रहे हैं।अनूपपुर जिले के अनुसूचित जाति के अवलोकन से पाया गया कि जिले में इनकी संख्या अधिक नहीं हैं फिर भी इनका स्तर अच्छा नहीं हैं जबकि जनसंख्या संसाधन के रूप में क्षेत्रीय विकास में अपकी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चान्दना, आर. सी., 1999, जनसंख्या भूगोल, कल्याणी पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
2. मौर्य एस. डी., 2005, जनसंख्या भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, पब्लिशर्स एन्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, इलाहाबाद, पृ. 92–104.
3. डॉ. चतुर्भुज मामोरिया एवं डॉ. बी. एल. शर्मा, 'संसाधन भूगोल' साहित्य भवन आगरा 1990, पृ. 36
4. डॉ. एस. डी. कौशिक एवं डॉ. अल्का गौतम, 'संसाधन भूगोल' रस्तोगी पब्लिकेशन मेरठ 1999, पृ. 196–200
5. करन महेश्वर प्रसाद, 'संसाधन भूगोल' किताब घर कानपुर 1991, पृ. 175–177



स्त्रोत : स्थलाकृतिक मानचित्र, भारत

मानचित्र क्रमांक :- 1

सारणी क्रमांक –1

जिला अनूपपुर : अनुसूचित जातियों का ग्रामीण वितरण–2011

राजस्व निरीक्षक मण्डल	अनुसूचित जाति जनसंख्या	अनुसूचित जाति	पुरूष जनसंख्या	पुरूष प्रतिशत	स्त्री जनसंख्या	स्त्री प्रतिशत
अनुपपुर	3366	6.25	1712	50.86	1654	49.14
फुनगा	7304	11.97	3685	50.45	3619	49.55
कोतमा	6512	11.72	3271	50.29	3241	49.77
बिजुरी	10412	15.42	5192	49.87	5220	50.13
जैतहरी	6354	7.53	3205	50.44	3149	49.56
खमरौध	1311	2.61	679	51.79	632	48.21
गिरारी	3512	7.08	1805	51.40	1707	48.60
देमहरी	2559	4.45	1309	51.15	1250	48.85
भेजरी	8647	13.47	4322	49.98	4325	50.02
कुल	49977	9.19	25180	50.38	24797	49.62

स्त्रोत – प्रतिशत जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल, मध्यप्रदेश (2011)



आरेख क्र 1

सारणी क्रमांक–3

जिला अनूपपुर : अनुसूचित जाति जनसंख्या का नगरीय वितरण–2011

नगर का नाम	अनुसूचित जाति जनसंख्या	अनुसूचित जाति	पुरूष जनसंख्या	पुरूष प्रतिशत	स्त्री जनसंख्या	स्त्री प्रतिशत
कोतमा	2564	8.63	1330	51.87	1234	48.13
बिजुरी	4315	13.20	2207	51.15	2108	48.85
डोला	751	8.10	389	51.80	362	48.20
बनगवाँ	2759	13.22	1448	52.48	1311	47.52
डूमर कछार	1277	13.47	675	52.86	602	47.14
जैतहरी	616	7.34	330	53.57	286	46.43
अमरकंटक	519	6.17	297	57.23	222	42.77
अनूपपुर	1678	8.43	895	53.34	783	46.66
केल्होरी	1043	11.86	545	52.25	498	47.75
देवरी	1311	25.57	683	52.10	628	47.90
देवहरा	758	7.83	404	53.30	354	46.70
पासन	3632	12.77	1837	50.58	1795	49.42
अमलाई पार्ट	1782	18.41	904	50.73	878	49.27
बदरा	1403	29.32	717	51.10	686	48.90
कुल	24408	11.89	12661	51.87	11747	48.13

स्त्रोत – प्रतिशत जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल, मध्यप्रदेश (2011)



आरेख क्र 2

सारणी क्रमांक –4

जिला अनूपपुर – अनुसूचित जातियों की कार्यशील जनसंख्या एवं अनुपात –2011

राजस्व निरीक्षक मण्डल	काश्तकार	खेतिहर मजदूर	मुख्य पारिवारिक उद्योग	अन्य कार्य	अनुपात
अनूपपुर	35.31	24.57	2.75	37.37	2.54
फुनगा	25.77	19.78	1.59	52.86	2.12
कोतमा	30.68	22.35	1.47	45.50	2.38
बिजुरी	19.25	24.59	1.08	55.08	1.97
जैतहरी	25.96	17.35	2.69	54.00	2.49
खमरौध	41.25	30.84	0.97	26.94	1.97
गिरारी	37.46	33.22	1.75	27.57	1.59
दमेहरी	31.89	38.40	1.98	27.73	1.72
भेजरी	39.88	33.53	1.77	24.82	1.96
कुल	38.45	35.37	2.78	23.40	2.35

स्त्रोत – प्रतिशत जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल, मध्यप्रदेश (2011)



आरेख क्र 3

****

बहुस्तरीय नियोजन एवं ग्रामीण विकास बलरामपुर-रामानुजगंज जिला (छ.ग.) के विशेष संदर्भ में

प्रेमचन्द यादव * डॉ. काजल मोईत्रा **

शोध सारांश – छत्तीसगढ़ के नवोदित जिला बलरामपुर-रामानुजगंज है। बलरामपुर-रामानुगंज जिला छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है। जो उत्तर में उत्तर प्रदेश, उत्तर पूर्व में झारखण्ड, दक्षिण-पूर्व में जशपुर और पश्चिम में सूरजपुर तथा दक्षिण में मातृ जिला सरगुजा से घिरा हुआ है। आर्थिक विकास की प्रक्रिया में अभिवृद्धि करने के लिए नियोजन का महत्व तथा भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। विशेषकर विकासशील देशों में जहाँ अनेक कारणों से आर्थिक विकास की गति को उच्चतम स्थान पर पहुंच रहा है। भारतीय नियोजन में तीव्र आर्थिक विकास एवं वितरण का न्याय दोनों ही नियोजन प्रक्रिया को जटिलता प्रदान करते है। जिससे देश को आर्थिक रूप से विकसित देशों की गिनती में आता है। इसी संदर्भ में शोधकर्ता द्वारा बलरामपुर-रामानुगंज जिले को चुना है। इस जिले के रामानुगंज के बहुस्तरीय नियोजन से ग्रामीण विकास के बारे में अध्ययन किया। जिसमें पाया कि विभिन्न प्रकार के बहुस्तरीय कार्यों से ग्रामीणों का विकास हो रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं का पुरा लाभ उठा रहे है। चाहे वो मनरेगा हो या कृषि कार्य के अंतर्गत कृषि ऋण एवं विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ।

प्रस्तावना – बलरामपुर-रामानुगंज जिला छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है। जो उत्तर में उत्तर प्रदेश, उत्तर पूर्व में झारखण्ड, दक्षिण-पूर्व में जशपुर और पष्चिम में सूरजपुर तथा दक्षिण में मातृ जिला सरगुजा से घिरा हुआ है। बलरामपुर जिला 23^0-$23^0$51' उत्तरी अंक्षाश एवं $82^0$44'-8401' पूर्वी देशान्तर के बीच फैला हुआ है, इस जिले का कुल क्षेत्रफल 7139 कि.मी. है जबकि यहाँ की कुल जनसंख्या 730491 है। किसी भी क्षेत्र की भू-गर्भिक संरचना का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव वहाँ के धरातलीय स्वरुप मिट्टियों के प्रकार वनस्पति और भूमिगत जल इत्यादि पर पड़ता है। इसलिए किसी भी भौतिक लक्षण उसकी संरचना में घनिष्ठ सम्बध होता है। इस कारण भूगर्भिक संरचना का प्रभाव क्षेत्र विशेष के जल संसाधन कृषि प्रतिरुप तथा मानव अधिवास में स्पष्ट रुप से दिखाई देता है। जनजतीय बहुल इस जनपद में शिक्षा एवं नगरीकरण का स्तर सामान्य है, जहाँ साक्षरता दर 57.98 प्रतिशत, वहीं नगरीय केन्द्र राजपुर, कुसमी, बलरामपुर, रामानुजगंज, वाड्रफनगर में विकास के सामान्य लक्षण दिखाई देते है।

नियोजन संकल्पना की वास्तविक रूपरेखा का उदय कब हुआ, इस सन्दर्भ में निश्चित एवं प्रमाणित रूप से कुछ कहना कठिन प्रतीत होता है, फिर भी ऐसा विश्वास किया जाता है कि प्राचीन काल में क्षेत्र में विद्यमान संसाधनों को आर्थिक विकास हेतु क्षेत्रीय नियोजन आम तौर पर एक उपागम के रूप में अपनाया जाता था। भारतीय सन्दर्भ में समन्वित ग्रामीण क्षेत्रीय विकास की अवधारणा वर्तमान शताब्दी के सातवें दशक की देन है।

आज जिस प्रकार के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक माहौल में हम है, उसमें नियोजन उपक्रम का एक अभीष्ठ जीवन साथी बन चुका है। यदि सामूहिक प्रयासों को प्रभावशाली बनाना है, तो कार्यरत व्यक्तियों को यह जानना आवश्यक है कि उनसे क्या अपेक्षित है ओर इसे केवल नियोजन की मदद से ही जाना जा सकता है। इसीलिए तो कहा जाता है कि प्रभावशाली प्रबन्ध के लिए नियोजन उपक्रम की समस्त क्रियाओं में आवश्यक है। लक्ष्य निर्धारण एवं उस तक पहुँचने तक का मार्ग निश्चित किए बिना संगठन, अभिप्रेरणा, समन्वय तथा नियंत्रण का कोई भी महत्व नहीं रह पायेगा।

नियोजन का महत्व – व्यवसायिक क्षेत्र में अनेक परिवर्तन आते रहते है जो उपक्रम के लिए विकास एवं प्रगति का मार्ग ही नही खोलते है वरन अनेक जोखिमों एवं अनिश्चितताओं को भी उत्पन्न कर देते है। प्रतिस्पर्द्धा, प्रौद्योगिकी, सरकारी नीति, आर्थिक क्रियाओं, श्रम पूर्ति, कच्चा माल तथा सामाजिक मूल्यों एवं मान्यताओं में होने वाले परिवर्तनों के कारण आधुनिक व्यवसाय का स्वरूप अत्यंत जटिल हो गया है। ऐसे परिवर्तनशील वातावरण में नियोजन के आधार पर ही व्यवसायिक सफलता की आषा की जा सकती है।

शोध का उद्देश्य –शोध शीर्षक 'बहुस्तरीय नियोजन एवं ग्रामीण विकास बलरामपुर-रामानुजगंज जिला छ.ग. के विशेष सन्दर्भ में' स्थानीय संसाधन एवं मानव शक्ति के आधार पर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु बहुस्तरीय उपागम को आधार बनाया गया है। विश्लेषण के लिए सामाजिक विज्ञान एवं भूगोल में प्रचलित गुणात्मक एवं मात्रात्मक प्रविधियों का प्रयोग करते हुए अध्ययन क्षेत्र के वर्तमान एवं भावी विकास क्षमता का मूल्यांकन किया गया है। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य इस प्रकार है-

1. स्थानीय या पंचायत स्तर पर बहुस्तरीय नियोजन को बढ़ावा देना।
2. अध्ययन क्षेत्र में उपस्थित मूलभूत समस्याओं का अध्ययन कर ग्रामीण नियोजन के महत्ता को स्पष्ट करना।
3. गाँधीवादी ग्रामीण नियोजन को ग्राम स्तर पर स्थायित्व प्रदान करना।
4. जिले में पाये जाने वाले प्राकृतिक संसाधनों की खोज करके उच्च तकनीक एवं प्रशिक्षण द्वारा अधिकतम लाभ प्रदान करना।
5. वृद्धि जनक केन्द्रों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास की महत्ता को स्पष्ट करना।

शोध की परिकल्पना – हम किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पहले उसका लक्ष्य निर्धारित करते है। वैज्ञानिक प्राक्कलपना के द्वारा सामाजिक अनुसंधान का लक्ष्य, क्षेत्र और सम्बन्धित तथ्यों आदि को निश्चित करता है। प्रस्तुत शोध निम्नलिखित परिकल्पनाओं पर आधारित है-

1. ग्रामीण एवं जनजतीय बहुल जिला होने के कारण विकास की स्थिति निम्न है। अत: यहाँ ग्रामीण नियोजन बहुस्तर पर आवश्यक है।

* शोधार्थी (भूगोल) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एसोसिएट प्राध्यापक (भूगोल) डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.) भारत

2. इस जिले में परिवहन एवं संचार का माध्यम विरल है। अत: बहुस्तरीय अध्ययन कर पिछड़े हुए ग्राम में कच्ची एवं पक्के सड़क मार्ग का जाल निर्मित करने होंगे।
3. कृषि का विकास हुआ है किन्तु कृषि पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना अति आवश्यक है।
4. वनों की सघनता तो उपलब्ध है, लेकिन सम्बन्धित बड़े उद्योगों का अभाव है।
5. वृद्धि जनक केन्द्रों का वितरण प्रतिरूप अत्यंत विरल है। अत: इस जिले में प्रमुख तहसील एवं नगरों में वृद्धि के रूप में विकसित कर आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है।

ग्रामीण विकास – आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति किसी भी नियोजन प्रक्रिया के दो महत्वपूर्ण लक्ष्य होते है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति भू-क्षेत्रीय संसाधन, सर्वेक्षण एवं सेवाओं के वैज्ञानिक नियोजन से की जा सकती है। समन्वित क्षेत्रीय विकास का दर्शन नियोजित आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। इस उपागम को लागू करने के लिए तकनीकी सुधारों एवं नवीन प्रवर्तनों की आवश्यकता होती है। इसके अन्तर्गत भू-मानव संबंध, विभिन्न वर्गो के मध्य सामाजिक संबंध, संसाधनों और आय का वितरण सम्मिलित है। समन्वित उपागम में संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक अवरोधों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए, जो विकास के मार्ग एवं गति को रोकते है। अनेक वृद्धि बिन्दुओं से बहुमुखी प्रभाव वाली विकास की तरंगे निकलनी चाहिए, जो अपने संलग्न क्षेत्र को विकसित एवं प्रकाशित कर सके।

इस संकल्पना में निहित तत्व कृषि एवं संयुक्त प्रखण्ड, लघु, कुटीर एवं गृह उद्योग समाजिक सुविधाए जैसे- स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार विद्युत एवं बैंक सम्मिलित है। इसके अन्तर्गत विकास दर को गति प्रदान करने वाले संस्थागत परिवर्तन भी सम्मिलित है। इस उपागम के द्वारा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों की क्षमता का पूर्णतम उपयोग कर अधिकतम उत्पादन प्राप्त किया जा सकेगा। कृषि एवं उद्योग का घनिष्ठ संबंध है, यह संबंध कच्चे पदार्थो की आपूर्ति का ही नहीं वरन् यह उपभोग, बाजारों, श्रम आदि से भी संबधित है। यह पारस्परिक अन्तनिर्भरता एवं उत्पादकता तभी संभव है जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और अनेक सामाजिक सुविधाओं का एक न्यूनतम स्तर ग्रामीण जनसंख्या के लिए उपलब्ध हो।

विगत पंचवर्षीय योजनाओं में कुछ इस प्रकार के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, जैसे- बरोजगारी एवं अर्द्धबेरोजगारी को दूर करना, सामाजिक निर्धनतम व्यक्तियों का जीवन स्तर समुन्नत करना, लोगों को आधारभूत सुविधायें जैसे- स्वच्छता, पेयजल, प्रौढ़ एवं प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, ग्रामीण सड़के, भवन, परिवहन एवं संचार की सुविधाए प्रदान करना।

ग्रामीण विकास योजना के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए चार क्षेत्रों पर विशेष बल देना है। यथा- कृषि, कुटीर एवं लघु उद्योग, समन्वित ग्रामीण विकास के लिए भूक्षेत्रीय नियोजन और न्यूनतम आवश्यकताओं का प्रावधान। समन्वित क्षेत्रीय विकास की योजना के अन्तर्गत इन सभी पक्षों को सम्मिलित किया गया है। समन्वित ग्रामीण विकास के इस बिन्दु पर बहुस्तरीय आर्थिक विकास योजना परिवार एवं ग्राम से लेकर तहसील स्तर तक बनायी जानी चाहिए। इसके बाद इस योजना का उचित क्रियान्वयन एवं जन सहभागिता का विकास करना महत्वपूर्ण पक्ष बन जाते है। पंचायतीराज एवं बहुस्तरीय तथा अनुशासनिक तंत्र को भी पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक क्रियान्वित किया जाना चाहिए, जिससे कि सामाजिक आर्थिक विकास के लिए वांछित लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

ग्रामीण विकास का तात्पर्य ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में संरचनात्मक परिवर्तन से लगया जाता है, जो ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले निम्न आय वर्ग के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए किए जाते है। इससे एक ओर तो देश के आर्थिक विकास में अवरोध उत्पन्न करने वाले तत्वों जैसे अत्यधिक गरीबी, अत्याचार, अत्यन्त निम्न उत्पादकता एवं ग्रामीण समाज का शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति दिलाई जाती है। तो दूसरी ओर उनके विकास की प्रक्रिया को तीव्र करने एवं स्वत: सम्प्रेषणीय बनाने के लिए उन्हें बुनियादी सेवाएँ प्रदान की जाती है तथा आधारभूत ढाँचे को सुधारा जाता है। जैसे सिंचाई हेतु पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, उचित दामों में उर्वरकों और कीटनाशकों को उपलब्ध कराना, यातायात एवं भण्डारण सुविधाओं का विकास करना, सरकारी खरीद मूल्य कृषकों के अनुकूल होना, कृषि ऋण, कृषि बीमा और अनुदानों को आसानी से सुलभ कराना और इसके साथ यह भी आवश्यक है कि कृषि अनुपूरक व्यवसायों जैसे पशुपालन, मत्स्य पालन का विकास हो। भारत जैसे देश के लिए ग्रामीण विकास का महत्व और भी बढ़ जाता है जहाँ देश का 60 प्रतिशत आबादी लगभग 115 मिलियन परिवार कृषि क्षेत्र में नियोजित है और यह भारतवर्ष का सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला क्षेत्र है।

संयुक्त प्रशिक्षण, भूमि व आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से जमीनी स्तर की महिलाओं का विकास किया गया, साथ ही गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् महिलाओं के लिए प्रेरक प्रयास किए गए व कुछ स्थान आरक्षित किए गए हैं।

- राजनैतिक भागीदारी को बढ़ावा दिया गया तथा पंचायती राज अधिनियम 1993 के तहत् स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।
- राष्ट्रीय साक्षरता मिशन व महिला समाख्या के माध्यम से महिलाओं को औपचारिक शिक्षा प्रदान की गयी।

ग्रामीण विकास कार्यक्रम – गाँवों के विकास के लिए सरकार ने अनेक कार्यक्रम एवं परियोजनाएँ क्रियान्वित की। सन् 1952 में सामुदायिक विकास परियोजना प्रारंभ की गई। 1953 में राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम, 1957 में ग्रामीण आवासीय परियोजना, बहुउद्देशीय अनुसूचित जनजाति विकास खण्ड कार्यक्रम 1957, पैकेज कार्यक्रम 1960, गहन जिला कृषि कार्यक्रम 1960, व्यावहारिक आहार कार्यक्रम 1962, ग्रामीण उद्योग परियोजना 1962, गहन कृषि 1964, कृषक प्रशिक्षण एवं शिक्षा कार्यक्रम 1966, ग्रामीण जनशक्ति कार्यक्रम 1969, सूखा क्षेत्र पीड़ित कार्यक्रम 1970, ग्रामीण रोजगार नकदी योजना 1971, जनजाति क्षेत्र विकास कार्यक्रम 1972, ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम 1972, सम्पूर्ण ग्रामीण विकास कार्यक्रम 1979, अन्त्योदय कार्यक्रम 1979, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम 1979, स्वरोजगार हेतु ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्राइसेम) 1979, राष्ट्रीय रोजगार कार्यक्रम 1981, बीस सूत्रीय कार्यक्रम 1982, ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम 1983, ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम 1983, आदि योजनाएँ प्रारंभ की गई।

अन्य योजनाएँ – ग्रामीण विकास के सन्दर्भ में क्रियान्वित उपर्युक्त परियोजनाओं के अलावा इंदिरा आवास योजना, ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, फसल-बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा कोष, सामूहिक बीमा योजना,

जवाहर रोजगार, पर्यावरण सुधार परियोजनाओं का कार्यक्रम, जलधारा एवं कुटीर ज्योति कार्यक्रम आदि प्रारम्भ किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में समय-समय पर इन परियोजनाओं, कार्यक्रम तथा योजनाओं ने भारी योगदान दिया है। इन कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी तथा गतिमान बनाने के लिए इन्हें पंचायती राज व्यवस्था से जोड़ने की योजना है। देश के अधिकांश गांव वैज्ञानिक, तकनीकी एवं औद्योगिक प्रगति का समुचित लाभ नहीं उठा पाए हैं। आठवीं योजना (1992-97) में ग्रामीण विकास की गति को तीव्र करने के लिए विकास कार्यक्रमों को जिला विकास खण्ड एवं ग्राम स्तर तक ले जाने का प्रयास किया गया किन्तु फिर भी जन सहयोग के अभाव में लक्ष्य तक नहीं पहुंचा जा सकता है।

सामुदायिक विकास परियोजना – ग्रामीण विकास में सामुदायिक विकास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वस्तुत: परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्य-ग्रामीण जनता में प्रगतिशील दृष्टिकोण का विकास करना, सहकारी ढंग से कार्य करने की आदत विकसित करना, उत्पादन तथा रोजगार में वृद्धि के उद्देश्य की पूर्ति के लिए गांवों में शिक्षा का प्रसार, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग, गृह-निर्माण, वृक्षारोपण, भूमि सुधार, ग्रामीण विकास, ग्रामीण सड़कों के निर्माण आदि कार्यो पर बहुउद्देशीय कार्यक्रम है, जो ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक एवं नैतिक उत्थान को प्रेरित करता है।

लघु एवं कुटीर उद्योग – पंचवर्षीय योजनाओं के 58 वर्षो तथा आजादी के 60 वर्षो में देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के आधारभूत उद्योगों के साथ ही लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास पर भी पर्याप्त ध्यान दिया गया। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए औद्योगिक नीतियों में समय-समय पर परिवर्तन किया गया। ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार हैं, इस बात को दृष्टिगत रखते हुए लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास पर समुचित ध्यान दिया गया। इन उद्योगों को करों में छूट, तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता तथा विपणन आदि की पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान की गई। देश में सैकड़ों वस्तुओं को लघु एवं कुटीर उद्योगों के लिए सुरक्षित कर दिया तथा इन उद्योगों के क्षेत्र में सहकारिता को भी बढ़ावा दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक लोग इसमें संलग्न होकर रोजगार के असंख्य अवसर प्राप्त कर सके।

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम –स्वतंत्रता के बाद गरीबी उन्मूलन ओर कल्याण कार्यक्रम आम तौर पर हमारे ग्रामीण विकास प्रयासों की रीढ़ की हड्डी रहे हैं। ग्रामीण गरीबी उन्मूलन प्रयत्नों को और सुव्यवस्थित करने तथा लघु उद्योगों के विकास तथा विस्तार में स्वरोजगार जुटाने की ओर अधिक ध्यान देने के उद्देश्य से दो अक्टूबर, 1980 से सम्पूर्ण देश में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीबी की रेखा से नीचे जीवन निर्वाह कर रहे चयनित ग्रामीण गरीब परिवारों को उत्पादक परिसम्पत्तियाँ और कच्चा माल मुहैया कराकर आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे अपने कारोबार से आय कमाकर गरीबी की रेखा को पार कर सके। अपेक्षित परिसम्पत्तियाँ सरकार द्वारा वित्तीय सहायता और वित्तीय संस्थाओं द्वारा ऋण मुहैया कराई जाती है। समन्वित ग्रामीण विकास एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है, जिसका वित्त पोषण केन्द्र और राज्यों द्वारा 50:50 के अनुपात में किया जाता है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय केन्द्रीय हिस्से की निधियों को जारी करने, नीति निर्माण, समग्र मार्गदर्शन, निगरानी और कार्यक्रम के मूल्यांकन के लिए उत्तरदायी है।

वस्तुत: समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम का उद्देश्य उत्पादक परिसम्पत्तियों के आधार पर ऋण प्राप्त करके स्थायी आधार पर स्वरोजगार प्रदान करना एवं चिन्हित गरीब परिवारों को अपनी आय में वृद्धि करने और गरीबी रेखा से ऊपर आने में सहायता करना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायता प्रदान किए गए परिवारों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवारों के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जाता है। इसमें 40 प्रतिशत महिलाओं के लिए और 3 प्रतिशत विकलांगों के लिए आरक्षित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत गरीबी की रेखा को परिभाषित करने के लिए वार्षिक पारिवारिक सीमान्त आय को 1984-85 में 6,400 रूपए निर्धारित किया गया, जिसे 1991-92 की कीमतों के आधार पर 11,000 रूपये वार्षिक कर दिया गया।

बलरामलपुर-रामानुजगंज के विभिन्न सामाजिक एवं बहुल आदिवासियों को वस्तुत: समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम से ग्रामीण गरीब परिवारों को निश्चित ही लाभ हुआ है परन्तु इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कुछ कमियाँ होने के कारण ग्रामीण विकास में अपेक्षित योगदान प्राप्त नहीं हो सका है। इस कार्यक्रम में ऋण और अनुदान के आधार पर मिलने वाली परिसम्पत्तियाँ सही व्यक्तियों को नहीं पहुंचती हैं। यही इनके विकास में बाधक है। अत: ग्रामीण विकास के लिए समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

निष्कर्ष– भारत सरकार का ग्रामीण विकास मंत्रालय ऐसी अनेक योजनाएँ कार्यान्वित कर रहा है। जिनका उद्देश्य ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इन योजनाओं का उद्देश्य गरीबी का पूर्ण रूप से उन्मूलन तथा तीव्र सामाजिक-आर्थिक विकास करना है। तदानुसार समाज के अत्यन्त उपेक्षित लोगों पर केन्द्रित बहुआयामी नीति के माध्यम से ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चतुर्दिक आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन लाना है। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल, ग्रामीण बेघर लोगों का घर तथा सभी ग्रामों को ग्रामीण सड़कों से जोड़ने को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

हमने पाया कि रामानुजगंज में ग्रामीण विकास कार्यक्रम का मूल उद्देश्य गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की आवष्कतानुसार उपयुक्त रोजगार का अवसर उपलब्ध कराकर उनके आर्थिक जीवन में सुधार लाना और ग्रामीण विकास को योजनाबद्ध तरीके से विकास के पथ पर अग्रसरित करना है। इस कार्यक्रम की उपयोगिता केवल ग्रामीण विकास के सन्दर्भ में ही महत्वपूर्ण नहीं है, वरन् देश के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने में भी इसका विशेष महत्व है। ग्रामीण विकास कार्यक्रम में ग्रामीण समुदाय की शक्ति बढ़ाने का प्रयास चयनित परिवारों को उत्पादक साधन मुहैया कराकर किया जाता है। कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के साधन हीन परिवारों को स्वत: रोजगार के उत्पादक कार्य उपलब्ध कराना है। परिवारों के चयन के लिए गरीबी रेखा को आधार माना गया है। हमारे ग्रामीण क्षेत्र का अध्ययन करने पर मालूम होता है कि सरकार को कार्यक्रम में अधिकाधिक परिवारों को लाभान्वित करने के अपने लक्ष्य के स्थान पर परियोजना को कार्यन्वित करने वाले परिवारों को पर्याप्त मात्रा में सहयता देनी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कपुर सुदर्शन कुमार (1974): भारतीय कृषि अर्थव्यस्था, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ, आकादमी जयपुर।
2. कमलेश एस. आर. (1996): कृषि भूगोल, वसुन्धरा प्रकाशन गोरखपुर।
3. पाण्डेय, जगत नारायण, कमलेश, एस. आर. (1999): कृषि भूगोल

वसुन्धरा प्रकाशन गोरखपुर।
4. शर्मा बी.एल. (1987): कृषि भूगोल साहित्य भवन आगरा।
5. सिंह ब्रजभूषण (1979): कृषि भूगोल तारा प्रकाशन वाराणसी।
6. सायमन्स, एल. (1968): कृषि भूगोल अनुवादक श्याम सुन्दर कटारे, हिन्दी संस्करण, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ आकादमी भोपाल।
7. डॉ. मामोरिया चतुर्भूज भारत का भूगोल साहित्य भवन पब्लिकेशन हास्पिटल रोड आगरा।



****

रायगढ़ जिले में अनुसूचित जनजातीय जीवन पर शिक्षा का प्रभाव

डॉ. काजल मोइत्रा * सत्यप्रकाश खडबन्धें **

शोध सारांश –शिक्षा के फलस्वरूप आदिवासी जगत में अनगनित परिवर्तनों का अनुभव होने लगा है। शिक्षा अपने साथ कुछ विशेष और नवीन सामाजिक जीवन का निर्माण करता है, जो अधिकतर परम्परागत आदिवासी रीति रिवाजों और मूल्यों से मेल नहीं खाते है और कहीं कहीं बिलकुल ही विरूध्द रहते है। शिक्षा के फलस्वरूप कुछ जनजातियों का जीवन स्तर ऊॅचा उठा है, कुप्रथाओं के प्रभाव में कमी आई व्यक्तिगत स्वतंत्रता में वृद्धि हुई है। सामाजिक, राजनैतिक चेतना बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर इस तथ्य को भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता है कि शिक्षा ने नगरीय मनोवृत्तियों को बढ़ावा देकर व्यक्तिवादी लाभ की भावना अनावश्यक प्रतिस्पर्धा, औपचारिक संबधों तथा भौतिकवादी जीवन शैली के प्रति आर्कषण पैदा कर जनजातीय समाज में अनेक समस्याओं को भी उत्पन्न किया है। परम्परा तथा आधुनिकता का संघर्ष हो रहा है। सम्पर्क तथा मिश्रण से आदिवासी समाज एक नया रूप ले रहा है। शहरी सभ्यता के सम्पर्क से वे लोग अपनी भाषा से ज्यादा बाहरी भाषा को अपनाने लगे है।

प्रस्तावना – शिक्षा अपने चारों ओर की चीजों की सीखनें की एक प्रक्रिया है, यह हमें किसी भी वस्तु या परिस्थिति को आसानी से समझने, किसी भी तरह की समस्या से निपटने और पूरे जीवनभर विभिन्न आयामों में सन्तुलन बनाये रखने में मदद करती है। शिक्षा सभी मनुष्यों का सबसे पहला और आवश्यक अधिकार है। शिक्षा हमें अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने और बढ़ने की लिए प्रेरित करती है।शिक्षा हमारे ज्ञान, कुशलता आत्मशिला और व्यक्तित्व में सुधार करती है, और समाज के बदलते परिवेश में रहना सिखाती है। शिक्षा सामाजिक विकास, आर्थिक वृद्धि और तकनीकी उन्नति का रास्ता है।

अध्ययन क्षेत्र – अध्ययन क्षेत्र रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ का पूर्वी जिला है, जिसकी सीमाएँ पूर्व में उड़िसा प्रांत उत्तर पूर्व में झारखण्ड गुमला जिले से लगती है। जिसका अक्षांश 21'55'' से 22'48'' डिग्री उत्तर की ओर तथा देशांश 84'52'' से 84'48'8 पूर्व की ओर है। जिले का कुल क्षेत्रफल 683635 वर्ग किमी. फैला हुआ है।

अध्ययन का उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य रायगढ़ जिले के अनुसूचित जनजाति शिक्षा स्तर को प्रकाश में लाना है, जिसके आधार पर जनजातीय विकास की दिशा को सुनिश्चित किया जा सके।

विधि तंत्र – प्रस्तुत अध्ययन विश्लेषणात्मक विधि तंत्र का उपयोग किया गया है। आकड़ों का समग्र संकलन द्वितीयक आकड़ों पर आधारित है।

विश्लेषण एवं व्याख्या – (सारणी देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

शिक्षा रायगढ़ जिले के अनुसूचित जनजाति समाज में परिवर्तन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक रहा है। शिक्षा में लोगों के जीवन स्तर उठने लगा किन्तु इनके साथ ही पराम्परागत जनजाति संस्कृति ह्यस के लक्षण परिलक्षित होने लगे शिक्षा के कारण यहॉ जनजाति समाज में कई परिवर्तन देखने को मिले जैसे सांस्कृतिक अस्थिरता उनके राजनैतिक एवं सामाजिक सरंचना बदलाव एवं सामाजिक मूल्यों के रूप में देखा जा सकता है। यह प्रभाव अनेक क्षेत्रों में रचनात्मक है, वहीं इसके फलस्वरूप आदिवासियों का जीवन स्तर ऊॅचा उठा है, एवं रूढ़ियों के प्रभाव में कमी आई है। सामाजिक एवं राजनैतिक जागरूकता बढ़ी है, वैयक्तित्व स्वतंत्रता में वृद्धि हुई है तथा जनजाति पर आधारित आसमानताकारी संस्तरण टूट रहा है, शिक्षा ने नगरीय मनोवृत्तियों को बढ़ावा देकर व्यक्तिवादिता, लाभ की भावना, अनावश्यक प्रतियोगिता, घनी बस्तियों, औपचारिक सम्बन्धों तथा भौतिकवाद के प्रति आर्कषण पैदा कर जनजातीय समाज में जटिल समस्याओं को भी जन्म दिया है।

तालिका – 1 अनुसूचित जनजाति साक्षर जनसंख्या (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

यद्यपि शिक्षा के फलस्वरूप जनजाति जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। शिक्षा से जनजातीय समाज में व्यापक परिवर्तन हुए है जो निम्न हैं–

1. **कुरीतियों का विरोध –** शिक्षा के प्रसार के साथ ही समाजों में व्याप्त कुरीतियों का विरोध होने लगा, जिसका परिणाम है कि आज अनेक कुरीतियों समाप्त हो चुकी है जैसे – सती प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा आदि।

2. **जनचेनता का विकास –** सामाजिक परिवर्तन के द्वारा समाज में जनचेतना का विकास होता है, समाज में रहने वाले सभी व्यक्ति साामाजिक समस्याओं के प्रति अपने विरोध का दर्ज कराते है, तथा विभिन्न समस्याओं पर अपने विचार रखते हैं।

3. **तकनीकी ज्ञान का विकास –** शिक्षा के द्वारा तकनीकी ज्ञान का विकास अत्यंत ही तेजी से हुआ है, केवल तकनीकी ज्ञान ही सभी प्रकार के ज्ञान का विकास शिक्षा के माध्यम से हुआ है।

4. **जाति बंधन की समाप्ति –** शिक्षा के द्वारा सभी लोगों के विचारों में व्यापक परिवर्तन आया है, तथा लोग जाति–पाति के बंधन को भूलकर कर योग्यता को आधार मानने लगे है। रोजगार, उद्योग, विवाह इत्यदि में जाति बंधन की समाप्ति के साथ ही विभिन्न वर्गो का उदय होने लगा।

5. **छुआछुत की समाप्ति –** छुआछुत की भावना व्यापक रूप में जनमानस में थी लेकिन शिक्षा के प्रचार प्रसार के द्वारा सभी व्यक्तियों में समानता का भाव जागृत होने लगी, सभी लोग एक साथ शिक्षा प्राप्त करने लगे तथा समाज में व्याप्त सामाजिक बुराई धीरे धीरे समाप्त होने लगी।

* एसोसिएट प्राध्यापक (भूगोल) डॉ. सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) डॉ. सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

6. तर्क का विकास – शिक्षा के द्वारा तार्किक दृष्टि का विकास आम जनता में हुआ है, पुरातन रीतियॉ तथा कुरीतियों को जैसे ही अपनाने के बजाए उसे तर्क की कसौटी में कसी जाती है। यह तार्किक दृष्टिकोण सामाजिक परिवर्तन में सहायक होती है।

निष्कर्ष – उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि आज शिक्षा फलस्वरूप जनजातीय जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है, शिक्षा में व्यक्तियों के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। शिक्षा ने जनजातीय जीवन के विभिन्न पक्षों को प्रभावित कर जनजाति समुदाय में महत्वपूर्ण संरचनात्मक तथा संस्थात्मक परिवर्तन उत्पन्न किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जनगणना 2011
2. जिला कलेक्टर संख्यिकी विभाग।
3. रायगढ़ जिला प्रोफाइल।
4. पण्डा बी. पी. (2004) जनसंख्या भूगोल हिन्दी साहित्य ग्रंथ अकादमी मध्यप्रदेश।



तालिका – 1 अनुसूचित जनजाति साक्षर जनसंख्या

कंवर
उॅराव
गोंड
भैंना
कमार
कोरवा
नगेरिया
मंझवार पारधि
खारीया
गांडाबा

क्र.	जिला / तहसील	कुल संख्या	कुल साक्षर	पुरूष	स्त्री
1	2	3	4	5	6
जिला रायगढ़		**505609**	**257995**	**151392**	**106603**
1	धरमजयगढ़	136915	64270	38387	25883
2	लैलूंगा	82923	41495	24330	17165
3	घरघोड़ा	46718	22116	13083	9033
4	तमनार	47818	27472	16089	11383
5	रायगढ़	56498	24582	14246	10336
6	पुसौर	28775	17552	10045	7507
7	खरसिया	44105	26521	15519	11002
8	सारंगढ़	31402	17190	10036	7154
9	बरमकेला	30455	16797	9657	7140

2011 जनगणना


रायगढ़ जिला : अनुसूचित जनजाति साक्षर जनसंख्या
600000
500000
400000
300000
200000
100000
0
जिला रायगढ़
धरमजयगढ़
तैलूंगा
घरघोड़ा
तमनार
रायगढ़
पुसौर
खरसिया
सारंगढ़
बरमकेला
कुल संख्या
कुल साक्षर
पुरुष
स्त्री

****

स्वस्थ मृदा से स्वस्थ भारत का विकल्प - जैविक कृषि

डॉ. सुखचैन सिंह धुर्वे *

शोध सारांश – सिन्धु घाटी की सभ्यता हो या नील नदी की सभ्यता, हमें आलोकित करती हैं कि स्वस्थ एवं उर्वर मृदा की बुनियाद पर मानव सभ्यता अपने शिखर को स्पर्श करती है। स्वस्थ मृदा किसी देश की अमूल्य सम्पदा होती है। यह मृदा देश की जनसंख्या के लिए भोजन का आधार है। कहा जाता है- 'स्वास्थ्य ही धन है।' (Health is Wealth)। स्वस्थ मानव संसाधन देश की उन्नति के लिये अनिवार्य है।उत्तम मानव स्वास्थ्य स्वस्थ भोजन पर निर्भर है तथा स्वस्थ भोजन स्वस्थ मृदा पर। हमारे देश की बढ़ती जनसंख्या की खाद्य आपूर्ति हेतु खाद्यान्न उत्पादन के लिए हरित क्रान्ति अच्छा कदम साबित हुई किन्तु इस क्रान्ति में रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों का बेतहाशा प्रयोग, एक ही किस्म के फसलों की खेती आदि ने खेतों की मृदा को विषाक्त करने पर तुला है। इसका परिणाम हमारा गिरता स्वास्थ्य है, जो हमारे देश के लिए चिन्ता का विषय है। सम्पोषित विकास की अवधारणा के अनुसार मृदा संसाधन के संरक्षण द्धारा स्वस्थ नागरिकों के निर्माण हेतु जैविक कृषि एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिये सरकार के साथ कृषकों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों का ईमानदारी से सहयोग चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मानव को माटी का खिलौना भी कहा जाता है। अत: माटी के इस मानव को स्वस्थ रहना है, तो अपनी माटी(मृदा) को भी स्वस्थ रखने की जरूरत है। नगरीय प्रदूषण को रोकते हुये रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों का अत्यल्प प्रयोग कर जैविक खेती से मृदा को निरोग व नैसर्गिक रखा जा सकता है।

प्रस्तावना – मृदा मानव का मूलभूत संसाधन है। मनुष्य की सभी बुनियादी आवश्यकताएँ यथा-भोजन, वस्त्र और मकान आदि मिट्टी से ही पूर्ण होती हैं। पृथ्वी तल पर पाया जाने वाला जीवन मिट्टी पर निर्भर करता है। समस्त प्राणियों का भोजन मिट्टी से ही प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्राप्त होता है। यदि यह कहा जाए कि मानव मिट्टी का संतान है, तो अतिशयोक्ति न होगा। विलकाक्स (Wilcox) ने कहा है-'मानव सभ्यता का इतिहास मिट्टी का इतिहास है और प्रत्येक व्यक्ति की शिक्षा मिट्टी से ही प्रारंभ होती है।' व्हाइट एवं रेनर ने भी कहा है कि-'पृथ्वी तल पर यदि मिट्टी न होती तो यहाँ जीवन कदापि संभव न था।'

मृदा वास्तव में जीवमण्डल या जीवन परत का हृदय (क्रोड) है क्योंकि यह उस मण्डल का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें पौधों के पोषक तत्वों का उत्पादन तथा रख रखाव होता है तथा ये पोषक तत्व पौधों को उनकी जड़ों के माध्यम से प्राप्त होते हैं तथा सूक्ष्म जीव भी इन पोषक तत्वों को अपने निर्वाह के लिए प्राप्त करते हैं। इस तरह मृदा तंत्र जीवमण्डल में ऊर्जा के स्थानान्तरण मार्ग तथा पोषक तत्वों के गमन, संचरण तथा चक्रण के लिए आवश्यक होता है। मृदा विभिन्न प्रजातियों तथा किस्मों के जीवित जीवों (पौधों, मानव तथा जन्तुओं) के लिए अनुकूल आदर्श पर्यावरणीय दशाएँ, आवश्यक पोषक तत्व एवं आवास प्रदान करती है। मानव भी अपने भोजन के लिये पूर्णत: पौधों व जन्तुओं पर आश्रित है। स्वस्थ भोजन के लिये आवश्यक है कि पौधे व जन्तु भी स्वस्थ हों किन्तु इनकी स्वस्थता मृदा की गुणवत्ता पर निर्भर होती है। भोजन प्राप्ति के लिए हम मृदा पर कृषि करते हैं। कृषि निर्भर है, मृदा पर और कृषि पर निर्भर है, हमारा भोजन तथा भोजन हमारे स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण स्तम्भ है। बढ़ती आबादी के भरण पोषण हेतु की जाने वाली रासायनिक कृषि से मृदा के गिरते स्वास्थ्य एवं कुपोषण ने कृषि, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खड़ी की हैं। इनका निदान कृषि की उन्नत तकनीकों के साथ हमें जैविक खेती को अपनाने में होगा तब असल मायने में भारत स्वस्थ देश बनेगा।

उद्देश्य – शोध अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं -

1. हमारे जीवन में मृदा की महत्ता का अध्ययन करना।
2. जीवनदायिनी मृदा में हमारी गतिविधियों से बढ़ते प्रदूषण का अध्ययन करना।
3. इस प्रदूषित या अस्वस्थ मृदा से उत्पादित गुणवत्ताहीन भोज्य पदाथों का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।
4. स्वस्थ भारत के लिये स्वस्थ मृदा हेतु विकल्प के रूप में जैविक कृषि की सम्भावनाओं का अध्ययन करना।

विधि तंत्र – प्रस्तुत शोध पत्र की विषयवस्तु एवं शीर्षक से सम्बन्धित तथ्य विभिन्न प्रकार की प्रकाशित पत्रिकाओं, समाचार पत्रों व सन्दर्भ ग्रन्थों से संग्रहीत की गयी हैं। कुछ सामग्री इन्टरनेट, निरीक्षण विधि से क्षेत्र अध्ययन व किसानों से वार्तालाप द्धारा संग्रह की गयी है। शोध पत्र के शीर्षक का चयन क्षेत्र भ्रमण के आधार पर किया गया है।

मृदा एवं उसका स्वास्थ्य – पृथ्वी के धरातल की ऊपरी परत जिस पर वनस्पति ऊगती है, मृदा (मिट्टी) कहलाती है। दूसरे शब्दों में-'सामान्य रूप से शैलों के विघटन व विनियोजन से प्राप्त ढीले व असंगठित भूपदाथों को मृदा कहते हैं।'धरती माँ एवं इस देश की मृदा की हमारे राष्ट्रगीत *'सुजलाम् सुफलाम्, शस्य श्यामलाम्'* के अन्तर्गत वन्दना की गयी है। यह मृदा हमें जीवन का आधार देती है। स्वस्थ मृदा के आधार पर हम सौ वर्ष तक स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। मिट्टी यदि स्वस्थ होती है, तो स्वस्थ फसलों या खाद्यानों के रूप में सोना, हीरा व मोती उगलती है। आज का आर्थिक मानव गहन व व्यापारिक खेती में अंधाधुन्ध रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के प्रयोग तथा औद्योगीकरण व नगरीकरण से जीवनदायिनी मृदा के स्वास्थ्य

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय, बरही, जिला - कटनी (म.प्र.) भारत

पर कुठाराघात किया है। दिनोंदिन मृदा प्रदूषित हो रही है। यह हमारे देश की एक गंभीर समस्या है। जब 'प्राकृतिक स्रोतों या मानव जनित स्रोतों अथवा दोनों से मृदा की गुणवत्ता का ह्रास होता है, उसे मृदा प्रदूषण कहते हैं।' इस प्रदूषण के कारक हैं– (1) मृदा का अपरदन, (2) मृदा में रहने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवों की कमी, (3) मृदा में रोगजनक सूक्ष्म जीवों की वृद्धि, (4) मृदा में नमी की कमी या वृद्धि, (5) मृदा में ह्यूमस की कमी तथा (6) मृदा में विभिन्न प्रकार के प्रदूषकों का प्रवेश व सांद्रण। वन विनाश, रासायनिक खेती, औद्योगिक व नगरीय अपशिष्ट से मृदा में प्रदूषकों के प्रवेश ने मृदा की मृदुता व शुचिता का ह्रास किया है। हरित क्रान्ति से मृदा की उपज क्षमता में कमी आई है, जैवविविधता का नाश हुआ है, मिट्टी की क्षारीयता वढ़ी है। इस तरह स्वस्थ मृदा रोग ग्रस्त हो चुकी है। भारत सरकार के वन मंत्रालय का अनुमान है कि देश के कुल क्षेत्रफल के लगभग 47 प्रतिशत भूमि पर कृषि होती है, जिसके लगभग 56–57 प्रतिशत भाग की उर्वरा शक्ति बहुत ही कम हो गयी है। मानवीय गतिविधियों के कारण देश की कुल भूमि का लगभग 57 प्रतिशत भाग क्षरित हो चुका है। 'रचना पत्रिका' जनवरी - अप्रैल 1999 में प्रकाशित लेख के अनुसार अनुमान है कि देश की 17.5 करोड़ हेक्टेयर भूमि प्रदूषण से ग्रस्त है, जो कि देश के क्षेत्रफल का लगभग 53 प्रतिशत है। ये तथ्य मृदा प्रदूषण की भयावहता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हैं।

अस्वस्थ या प्रदूषित मृदा एवं मानव स्वास्थ्य – प्रदूषित मृदा पौधों, जन्तुओं और सूक्ष्म जीवों के साथ मानव को भी प्रभावित करती है। इससे कृषि पारिस्थितिकी एवं जैवविविधता का नाश होता है। मिट्टी प्रदूषण लोगों के बीमार होने का एक बहुत बड़ा कारण है। प्रदूषित मिट्टी में पैदा होने वाली फसलें और पौधे प्रदूषकों को अधिक अवशोषित करते हैं और भोजन श्रृंखला के द्वारा मानव जाति को स्थानान्तरित कर देते हैं, इसके परिणाम स्वरूप छोटे एवं भयंकर रोगों में वृद्धि हो सकती है। इस तरह की मिट्टी से लम्बे समय तक सम्पर्क में रहने से मानव शरीर की आनुवांशिक बनावट प्रभावित हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप जन्मजात बीमारियाँ और लम्बे अवधि के लिए स्वास्थ्य समस्या बन सकती हैं। वास्तव में ऐसी मृदा काफी हद तक पशुधन को भी बीमार कर सकती है और इसके कारण खाद्य विषाक्तता हो सकती है। जल भराव क्षेत्रों से उत्सर्जित होने वाली विषाक्त गैसें पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं, मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है और इसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

कृषि रसायन तथा इनसे दूषित मृदा मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालते हैं। इनसे होने वाली कुछ प्रमुख बीमारियाँ हैं – अपच, विविध चर्मरोग, प्रजनन तंत्र का विकार, कैंसर, बाँझपन, यादाश्त का घटना, सिरदर्द, चक्कर आना, उबकाई, दृष्टिदोष, श्वांस रोग तथा तंत्रिका तंत्र का नाश आदि। मृदा में रासायनिक खादों के प्रयोग से खाद्यानों में सीसा, ताँबा, जस्ता आदि की मात्रा बढ़ने से यकृत सम्बन्धी रोग तथा जलभराव से मलेरिया, डेंगू आदि रोग बढ़ रहे हैं। डी.डी.टी. और कीटनाशक दवाओं का दुधारू जानवरों के दूध में पाया जाना मानव स्वास्थ्य के लिए घातक संकेत है। आधुनिक कृषि के अन्तर्गत प्रयोग किया जाने वाला यूरिया उर्वरक हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरा है जैसे –

1. यूरिया के प्रयोग से निकलने वाली गैस (नाइट्रस आक्साइड) से ओजोन परत के ह्रास से अल्ट्रा वायलट किरणों द्वारा मनुष्यों में त्वचा कैन्सर हो जाता है।
2. यूरिया का अवशेष प्रभाव श्वसन तंत्र व आहार तंत्र को प्रभावित करता है। फसल उत्पादों में नाइट्रोजन मुख्यत: नाइट्रेट के अत्यधिक संचय से ब्ल्यू बेबी सिन्ड्रोम नामक बीमारी हो जाती है। यह बीमारी धान उगाने वाले क्षेत्रों में अत्यधिक प्रचलित है।
3. यूरिया सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से सतही व भूमिगत जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। ऐसे दूषित जल का पेयजल के रूप में उपयोग व सिंचाई से उत्पादित खाद्यानों के उपयोग से विविध रोगों का खतरा बढ़ रहा है। दूषित जल व मृदा के सम्पर्क से बच्चों व किसानों को त्वचा रोगों का खतरा बना रहता है।

स्वस्थ मृदा से स्वस्थ भारत का विकल्प – जैविक कृषि – जैविक कृषि एक सम्पोषित कृषि है। इस कृषि में उत्पादन के साथ मृदा, मानव व पर्यावरण की सुरक्षा मुख्य लक्ष्य है। जैविक कृषि, कृषि की वह विधि है, जिसमें संश्लेषित (रासायनिक) उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग नहीं या न्यूनतम प्रयोग किया जाता है। इस कृषि में मृदा की शुचिता का संरक्षण किया जाता है। मृदा की उर्वरा शक्ति को बचाए रखने के लिए फसल चक्र, हरी खाद तथा कम्पोस्ट आदि का प्रयोग किया जाता है तथा प्राकृतिक कृषि के सिद्धान्तों का पालन करते हए रोगों एवं कीटों से फसल की रक्षा की जाती है। यह कृषि कुछ महत्वपूर्ण सिद्धान्तों पर आधारित है वे इस तरह हैं –

जैविक खेती के सिद्धान्त – जैविक खेती के लिए कुछ तय नियम बन चुके हैं। सन् 1972 में गठित आर्गेनिक कृषि आन्दोलन के अन्तर्राष्ट्रीय महासंघ (आईएफओएएम) के मानकों के आधार पर जैविक खेती के चार मुख्य सिद्धान्त हैं।

1. **स्वास्थ्य** – जैविक खेती से मिट्टी, पौधों, पशु, इंसान और पृथ्वी के स्वास्थ्य का संरक्षण और वृद्धि होनी चाहिए।
2. **पर्यावरण** – जैविक खेती पारिस्थितिक तंत्र और चक्रों पर आधारित होनी चाहिए, उनके साथ सामंजस्य में काम करनी चाहिये और उन्हें संरक्षण देने वाली होनी चाहिए।
3. **ईमानदारी** – जैविक खेती सामान्य पर्यावरण और जीवन के अवसरों के बीच स्वस्थ सम्बन्ध बनाने और उनमें ईमानदारी सुनिश्चित करने वाली होनी चाहिए।
4. **देखभाल** – खेती सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ऐसे व्यवस्थित की जानी चाहिए कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों एवं पर्यावरण का स्वास्थ्य व हित सुरक्षित रख सकें।

जैविक खेती के तकनीक – जैविक या सावयविक खेती में अनेक ऐसे तरीके अपनाए जाते हैं, जिनसे मृदा की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और फसल के शत्रु, खरपतवार, रोगों तथा कीटों आदि से उनकी रक्षा होती रहती है। जैविक खेती में इन तकनीकों की अहम भूमिका होती है।

1. **फसल चक्र –** फसल चक्र का अर्थ है, एक ही खेत में विभिन्न मौसमों में भिन्न फसलों को उगाने का क्रम। इस चक्र में दलहनी फसलों का समावेश मृदा की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में सहायक होता है।
2. **गहरी जुताई** – गर्मियों में खेत की गहरी जुताई से खरपतवार के बीज, कीटों के लार्वा, अण्डे आदि नष्ट हो जाते हैं।
3. **स्वच्छ खेत –** खेत को खरपतवार से प्राकृतिक तरीके से मुक्त रखने, रोगग्रस्त व सूखे पौधों को तुरन्त हटा देने तथा जैविक कीटनाशकों के प्रयोग द्वारा रोगों व कीटों से फसल व खेत की सुरक्षा होती है।
4. **बुवाई का समय**– फसलों के बोने के समय में परिवर्तन से रोगों व कीटों से फसल की रक्षा संभव है।
5. **सही किस्म –** स्थान और परिस्थिति के अनुरूप रोग और कीट प्रतिरोधी

किस्मों के फसलों का चुनाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

6. **जाल फसल (ट्रैप क्रॉप)–** एक ट्रैप फसल नजदीक उग्ग रही फसल से कीड़े आकर्षित करती है और कीटनाशकों के उपयोग के बिना मुख्य फसल को कीटों द्धारा नाश से बचाती है।
7. **फेरोमोन और प्रकाश ट्रैप –** फसल को कीटों से बचाने के लिए फेरोमोन ट्रैप को गंधपाश भी कहते हैं।फेरोमोन एक प्रकार की विशेष गंध है जो मादा पतंगा छोड़ती है। इस गंध से नर पतंगे आकर्षित होते हैं। नर कीट इस गंध से आकर्षित होकर फंदे की तरह बने डिब्बे में बन्द होकर नष्ट हो जाते हैं। प्रकाश ट्रैप में सौ या दो सौ वॉट का बल्ब लगा रहता है।इसकी रोशनी से फसलों को हानि पहुँचाने वाले कीट आकर्षित होकर आते हैं और ट्रैप में नीचे की ओर लगे डिब्बे के नीचे बंधे कपड़े में इकट्ठा होकर नष्ट हो जाते हैं।
8. **सुरक्षा फसल –** मिट्टी में सुधार के तीन तरीके हैं–सुरक्षा फसलों को उगाना, आसानी से सड़ने वाली वानस्पतिक सामग्री का प्रयोग और जैविक मिट्टी शोधन (जैसे खाद, घास तथा फसल अवशेष आदि मिलाना)।

जैविक खेती पद्धति का केन्द्र बिन्दु मृदा को स्वस्थ व जीवित रखते हुए मृदा में उपस्थित लाभकारी जीवाणुओं की जैविक क्रियाओं को बढ़ावा एवं प्रोत्साहन देना है। इसके अन्तर्गत जैविक खादों के संतुलित प्रयोग से मृदा की भौतिक, रासायनिक व जैविक सेरचना में गुणोत्तर वृद्धि होती है। इस तरह जैविक कृषि के सिद्धान्त व तकनीक मृदा, पौधों एवं पर्यावरण के स्वास्थ्य की सुरक्षा के पोषक हैं।

जैविक कृषि और मानव स्वास्थ्य – जिस तरह स्वस्थ माँ से स्वस्थ शिशु की कल्पना की जाती है, ठीक उसी भाँति स्वस्थ मृदा से ही स्वस्थ मानव का निर्माण हो सकता है और स्वस्थ मृदा की कल्पना जैविक कृषि से सच हो सकती है। जैविक कृषि पौधे, पृथ्वी, मृदा और मानव के स्वास्थ्य की संरक्षक और संवर्धक होती है। इस प्रणाली से प्राप्त कृषि उत्पादों जैसे– अनाज, सब्जी, फलों आदि के सेवन से देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा व संवर्धन किया जा सकता है। इस कृषि से भूगर्भिक व सतही जल स्रोत दूषित होने से बच सकते हैं और हमें पेयजल व सिंचाई हेतु शुद्ध जल उपलब्ध हो सकता है। इससे हम दूषित जल पीने से होने वाले रोगों तथा दूषित पानी की सिंचाई से प्रदूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से हाने वाले रोगों से बच सकते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से जैविक उत्पाद सर्वश्रेष्ठ होते हैं एवं इनके प्रयोग से कई प्रकार के रोगों से बचा जा सकता है। इन उत्पादों से उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट व पोषक मूल्यों के साथ स्वस्थ आहार मिलता है। जैविक खेती में यूरिया का प्रयोग नहीं या न्यूनतम कर ओजोन क्षरण को कम करके अल्ट्रा वायलट किरणों से होने वाले रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है। इस कृषि से मृदा की मृदुता की रक्षा कर दूषित मृदा के सम्पर्क से होने वाले त्वचा रोगों से बचा जा सकता है। जैविक खेती अपनाकर रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले रोगों जैसे–आहार व प्रजनन तंत्र के विकार, कैन्सर, बाँझपन, दृष्टि दोष, श्वांस रोग, तंत्रिका तंत्र का नाश आदि रोगों से बचा जा सकता है।

जैविक खेती से उत्पन्न खाद्य पदार्थों में रासायनिक अवशेष न होने से एक ओर तो कई बीमारियों से बचाव होता है, तो दूसरी ओर इन उत्पादों के कई प्राकृतिक पोषक तत्व भी नष्ट होने से बच जाते हैं।इस खेती से उपलब्ध पशुचारे से पशुओं का दूध बढ़ता है तो वहीं उन्हें बीमारियों की सम्भावना कम रहती है। इसका लाभ पशु पालकों के अलावा दूध उपभोक्ताओं को शुद्ध दूध के रूप में मिलता है। इस खेती से किसानों के खेतों की अमूल्य मृदा की नैसर्गिकता बनी रहती है। जैविक खेती का उद्देश्य मृदा संरक्षण के साथ भुखमरी, भूख व दूषित खाद्य उत्पाद जनित रोगों और कुपोषण आदि से वचाने के लिए उच्च पोषक गुणवत्ता युक्त एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य पदार्थों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराना है, जिससे मानव स्वास्थ्य उत्तम बना रहे और स्वस्थ देश का निर्माण हो सके।

निष्कर्ष – स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दिशा में सन् 1983, सन् 2002 तथा सन् 2014 में नीतियाँ निर्धारित की गईं। 'सबका स्वास्थ्य' इन नीतियों का लक्ष्य रहा है। स्वस्थ राष्ट्र हेतु वांछित परिणामों के अनुपात में हर वर्ष बजटीय खर्च को बढ़ाने की माँग खड़ी कर भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के नीति निर्माताओं के लिए बड़ी चुनौतियाँ प्रस्तुत की है। स्वास्थ्य के लिए धन की व्यवस्था करना, स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का प्रमुख घटक है। भारत सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिये प्रति वर्ष करोड़ों रुपये व्यय करती है, किन्तु परिणाम संतोषजनक नहीं रहते हैं। सरकार रोगियों के उपचार पर अधिक व्यय करती है किन्तु रोगोत्पादक कारकों की रोकथाम भी निहायत जरूरी है। मानव को अधिकतर रोग दूषित पेयजल व दूषित खाद्य पदार्थों से होते है। अन्य कारकों के अलावा आधुनिक कृषि पद्धति से जल व खाद्य पदार्थ रोगोत्पादक तत्वों से ग्रसित हो जाते हैं। यह सर्वविदित है कि स्वास्थ्य का सम्बन्ध आहार से, आहार का सम्बन्ध कृषि से तथा कृषि का सम्बन्ध मृदा से है। अत: हमारे स्वास्थ्य व आहार की बुनियाद हमारी मृदा है। 'किसी राष्ट्र की मृदा उसकी अनमोल संपदा होती है, जिससे वहाँ की संस्कृति व सभ्यता निर्मित होती है।' अत: देश के नीति निर्माताओं के लिये आवश्यक है कि 'सबके लिये स्वास्थ्य' का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु स्वास्थ्य की बुनियाद मृदा का संरक्षण किया जाय और इसका अच्छा विकल्प जैविक खेती हो सकती है। रासायनिक खेती को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। जैविक कृषि से उत्पादन में 25–30 प्रतिशत की वृद्धि होती है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा, उच्च पोषक गुणवतता युक्त खाद्य पदार्थों का उत्पादन व उपभोग होगा । नागरिकों का स्वास्थ्य उत्तम व उन्नत होगा, जिससे देश स्वस्थ व समृद्ध होगा।

सुझाव – मृदा संरक्षण हेतु निम्नलिखित कदम सार्थक हो सकते हैं –

1. शासन द्धारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर कम दामों पर जैविक खादों की उचित समय पर पर्याप्त आपूर्ति की जानी चाहिए।
2. किसानों को अनिवार्य रूप से जैविक कृषि तकनीक का नि:शुल्क प्रशिक्षण आवश्यक है।
3. जैविक कृषि उत्पादों की अधिक कीमत व गुणवत्ता के बारे में किसानों को अवगत कराने चाहिए।
4. इस कृषि से प्राप्त उत्पादों को खरीदने की उचित व्यवस्था के साथ सम्बन्धित किसानों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।
5. रासायनिक उर्वरकों व कीटनाश्कों के उत्पादन को हतोत्साहित करना आवश्यक है।
6. रासायनिक खेती के उत्पादों के उपभोग से होने वाले रोगों की जानकारी के प्रचार–प्रसार की आवश्यकता है।
7. रासायनिक खेती से किसान व खेत की मृदा को होने वाली हानियों से किसानों को अवगत कराना चाहिए।
8. जैविक कृषि उत्पादों के उपभोग से स्वास्थ्यगत लाभों को आम नागरिक को बताकर इन उत्पादों के उपभोग को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सविन्द्र सिंह, पर्यावरण भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन इलाहाबाद, संस्करण 2011
2. पाण्डे, चन्द्रमोहन, औषधीय कृषि तकनीकी, डिस्कवरी पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि. नई दिल्ली, संस्करण 2011, पृ. 218,219
3. 'विज्ञान प्रगति' पत्रिका, अंक 1, जनवरी 2016, राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवे सूचना स्रोत संस्थान, नई दिल्ली।
4. 'योजना' पत्रिका अंक 2,फरवरी 2016 एवं अंक 4,अप्रैल 2016, सूचना भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली।
5. 'साइन्स इण्डिया' राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका, अंक 2,3 जनवरी-फरवरी 2016, विज्ञान सदन 105,आराधना नगर भोपाल।
6. 'कुरूक्षेत्र' पत्रिका अंक 11, सितम्बर 2015 एवं अंक 5, मार्च 2015, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली।
7. 'रचना' पत्रिका, अंक 12, मई-जून 1998 एवं अंक 18, जनवरी-अप्रैल 1999,पृ.39, म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
8. 'पत्रिका' समाचार पत्र, जबलपुर संस्करण, 22.07.2011 पृ.11, 01.08.2016 पृ.12, 21.10.2016,पृ.06
9. 'दैनिक भास्कर' समाचार पत्र, जबलपुर संस्करण,06.05.2016, पृ.11
10. www.organicfarming.hindi.article.

****

कबीर धाम जिले के पण्डरिया तहसील में कृषि भूमि उपयोग का वितरण प्रतिरुप

डॉ. काजल मोइत्रा * बद्री सिंह चौहान **

शोध सारांश – जो भूमि हमें उपलब्ध है। उसका उपयोग कृषि,चारागाह,वन,भवनों,बॉधों एवं सड़कों के निर्माण,पार्क,खेल के मैदान आदि अनेक कार्यो के लिए किया जाता है। भू–उपयोग संबंधी अभिलेख भू–राजस्व विभाग रखता है। यहां यह जानना आवश्यक है कि प्रतिवेदन (Reporting) क्षेत्र तथा भौगोलिक क्षेत्र में अंतर होता है। भू–उपयोग संवर्गो का योग कुल प्रतिवेदन क्षेत्र के बराबर होता है। दूसरी ओर भारत की प्रशासनिक ईकाइयो के भौगोलिक क्षेत्र कि जानकारी भारतीय पत्रों के अनुसार रिपोर्टिंग क्षेत्र पर आधारित है, जो कि कम या अधिक हो सकता है। कुल भौगोलिक क्षेत्र भारतीय सर्वोक्षण विभाग के सर्वेक्षण पर आधारित तथा यह स्थायी है।

प्रस्तावना – कृषि जीवन निर्वाह् का सबसे बडा माध्यम है। मानवीय अर्थव्यवस्थाओं में कृषि का विशेष महत्व है। जीविकोपार्जन कि प्रक्रिया में आखेट,पशुपालन एवं वन्य संसाधनों पर दीर्घकाल तक निर्भरता के उपरांत मनुष्य धीरे–धीरे कृषि विधियों को अपनाने लगा और कालांतर में वह इन्ही के द्धारा जीविकोपार्जन करने लगा। आज मानव के भरण–पोषण में कृषि का प्रमुख योगदान है, इसी पर आधारित अन्य व्यवसाय भी मानवीय क्रियाओं से जुड़कर उसकी आधुनिक सभ्यता के प्रतिक बन गऐ है।

कृषि के प्रचलन में मनुष्य कि विभिन्न आवश्यकताओं कि पूर्ति की। कृषि कार्य के लिए उसके यायावर जीवन में स्थायित्व आया। उसे गृह निर्माण करना पडा तथा कृषि में पशु शक्ति का सहारा लेना पडा। इस प्रकार धीरे–धीरे सभ्यता का विकास हुआ एवं मनुष्य पशुचारण युग से वर्तमान अंतिरिक्ष्य युग में प्रवेश किया।

कृषि का श्री गणेश भी मानव सभ्यता कि भाँति ही अति प्राचीन प्रतीत होता है। यद्यपि यह कहना कठिन है। कि कृषि का सुव्यवस्थित कार्य कब प्रारंभ हुआ, किन्तु इतना तो संभव है कि आखेट,वन, क्रिया कलाप एवं पशुपालन के उपरान्त ही कृषि कार्य प्रारंभ हुआ होगा, पहले अव्यवस्थित रूप में और तत्पश्चात् धीरे–धीरे सुव्यवस्थित रूप में।

अध्ययन क्षेत्र – छत्तीसगढ राज्य में छाया वृष्टि क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली कबीरधाम(कवर्धा) जिले के पण्डरिया तहसील मे कृषि भूमि उपयोग का प्रतिरूप के संदर्भ में हैं। पण्डरिया तहसील मे 85 प्रतिशत् जनसंख्या कृषि कार्यो पर निर्भर है। अत: हम पंण्डरिया तहसील में कृषि भूमि उपयोग का विश्लेषण करेगें। **(चित्र देखें अन्तिम पृष्ठ पर)**

पण्डरिया तहसील का भौगोलिक विस्तार 22013 उत्तर से 21082 उत्तरीय अक्षांश 81024 पूर्व से 81040 पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 884.23 वर्ग किलोमीटर पर फैला है। पण्डरिया तहसील में पटवारी हलको कि संख्या 59 है। एवं 117 पंचायत जिसमें 287 गॉव एवं 2 नगरपंचायत है। समुद्र तल से इसकी ऊँचाई 348 मीटर है। कबीरधाम जिले में 4 तहसील है। क्षेत्रफल की दृष्टि से पण्डरिया तहसील दूसरे स्थान पर है। पण्डरिया तहसील निम्न जिलों के तहसील की सीमाओं को स्पर्श करती है जिसमे उत्तर में मध्यप्रदेश के डिडौरी जिला, दक्षिण में बेमेतरा तहसील तथा पूर्व में लोरमी तहसील तथा दक्षिण पूर्व में मुंगेली तहसील एवं पश्चिम में बोडला दक्षिण–पष्चिम मे कवर्धा आदि तहसीलो को स्पर्श करती है। पण्डरिया तहसील के उत्तर भाग में मैकल पर्वत श्रेणी का विस्तार है। जहां से नर्मदा एवं सोन नदी का उद्गम स्थल है। नर्मदा नदी दक्षिण भारत में नर्मदा अपवाह् तंत्र की रचना करती है।

विधि तंत्र – प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र में पण्डरिया तहसील के कृषि भूमि उपयोग प्रतिरूप लिए राजस्व विभाग से भू–पत्र द्धारा क्षेत्रीकरण किया गया है। कृषि भूमि उपयोग के लिए प्राथमिक एवं द्धितीयक स्त्रोतों का उपयोग किया गया है। प्राथमिक स्त्रोत में साक्षात्कार प्रश्नावलियॉ,क्षेत्र भ्रमण से एकत्रित किये गये। द्धितीयक स्त्रोंतो में जिला मुख्यालय कृषि विभाग एवं विकासखण्ड,तहसीलो व राजस्वविभाग तथा ग्राम सेवक एवं सांख्यांकिक पुस्तको से प्राप्त किया गया है।

कृषि भूमि उपयोग – कबीरधाम जिले के पण्डरिया तहसील में कृषि भूमि उपयोग का प्रतिरूप इसे निम्न भागों में बॉटा गया है। कुल भौगोलिक क्षेत्र 89019.205 हेक्टेयर है। जिसमे सम्पूर्ण फसलों का क्षेत्रफल 783116.196 या 87.96 प्रतिशत् है। जहां वन का क्षेत्रफल10703.09 हेक्टेयर कृषि के लिए उपर्युक्त भूमि 56526.233 हेक्टेयर, कृषि योग्य पडति भूमि 2823.433 हेक्टेयर चारागाह 8343.472 पडति भूमि 10623.058 हेक्टेयर के रूप में मिलता है। जिसे सम्पूर्ण फसलों का का क्षेत्रफल में इसकी प्रतिशत् मात्रा को तालिका क्रमांक 1.1 में दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक 1.1

पंण्डरिया तहसील में कृषि भूमि का वितरण प्रतिरूप

क्रमांक	विवरण	ईकाइ हेक्टेयर में	प्रतिशत
1	कृषि के उपर्युक्त भूमि	56526.233	72.17%
2	कृषि योग्य पडति भूमि	2823.472	3.61%
3	चारागाह भूमि	8343.472	10.65%
4	पडती भूमि (अ) वर्तमान पडती भूमि (ब) अन्य पडती भूमि	10623.058 7108.758 3515	 13.58%
योग	फसलो का कुल क्षेत्र	78316.196	100%

* एसोसिएट प्राध्यापक (भूगोल) डॉ. सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) डॉ. सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

स्त्रोत – कृषि विभाग कार्यालय, विकासखण्ड पंण्डरिया।

मानवीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन समय से वर्तमान समय तक प्राथमिक स्वरूप बदलता रहा है। कृषि का आधुनिक विकास व्यापारिक रूप में दिखने लगा है। तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या के परिणामस्वरूप मानव ने वनो को काट कर उसे कृषि योग्य भूमि में परिवर्तित कर लिया। समय के साथ साथ नदी धाटि के अतिरिक्त मरू भूमि पठारी भागो तथा पर्वती ढालों पर भी कृषि कार्य फैलता गया। वर्तमान समय में कृषि भूमि के फैले क्षेत्र के परिणाम स्वरूप जंगलो का बढी मात्रा में ह्रास हुआ है, क्योंकि मानव द्वारा जंगलो को काट कर या नष्टकर कृषि योग्य भूमि का निर्माण किया गया है।

तालिका क्रमांक 1.2

पण्डरिया तहसील में खरीफ एवं रबी फसलों का क्षेत्र

क्र.	विवरण	ईकाइ हेक्टेयर में	प्रतिशत्
1	खरीफ फसलों का क्षेत्रफल	45981.196	58.71
2	रबी फसलों का क्षेत्रफल	32335	41.29
योग	सम्पूर्ण फसलों का क्षेत्रफल	78316.196	100

स्त्रोत – कृषि विभाग कार्यालय, विकासखण्ड पंण्डरिया।

निष्कर्ष – उपरोक्त शोध विवरणों के अनुसार कृषि भूमि उपयोग का सिद्धांत इस संदर्भ पर निर्भर है। कि भूमि के निश्चित क्षेत्र से किन विधियों द्वारा अधिक उत्पादन प्राप्त किया जाए और कृषि कार्य में प्रयुक्त लागत अपेक्षाकृत निम्नतम हो जिससे उत्पादन के अधिकतम लाभ सुलभ हो सके ऐसा संभव होने के लिए निम्न पक्षों में से एक या अधिक का होना आवश्यक है।

1. उन्नत बिजों एवं नविन तकनिकों का प्रयोग करना।
2. मृदा कि रासायनिक तत्वों का जांच कराकर उन्हीं फसलों का चुनाव करना जिससे अधिक उत्पादन प्राप्त हों
3. उस क्षेत्र में भूमि के प्रकार परिवहन प्रणाली श्रमिक संसाधन एवं बाजार कि प्रक्रिया के विस्तार पर अधिक जोर देना चाहिए।
4. उस निश्चित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित कराना।
5. खादों का उचित एवं संतुलित प्रयोग कर कृषि औजारों कि कुशलता बढ़ाकर फसलों कि उचित अनुकुलता को निर्धारित कर अधिकतम कृषि उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।
6. उस निश्चित क्षेत्र में मिश्रित फसलों तथा द्विफसलीय क्षेत्र में वृद्धि करना ताकि अधिकतम कृषि उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. तिवारी, आर.सी एवं सिंह,बी.एस (2000) – 'कृषि भूगोंल' 'प्रयाग पुस्तक भवन इलाहाबाद'।
2. यादव, चन्द्रशेखर (2012) – 'कृषि भूगोल' विश्वभारती पब्लिकेशन नई दिल्ली।
3. यादव, जिलाल (2012) – 'कृषि भूगोल' रावत प्रकाशन नई दिल्ली।
4. खुल्लर, डी.आर (2015) – 'भूगोल' न्यू सरस्वती हाउस नई दिल्ली।
5. पटेल, डी.सी (2015) – 'छत्तीसगढ'– प्राकृतिक भाग–1 मुस्कान आफसेट बिलासपुर।
6. डॉ. अल्का गौतम (2008) – 'भारत का वृहद भूगोल' सारदा पुस्तक भवन इलाहाबाद।



****

अपराधी बालकों की आर्थिक स्थिति तथा शिक्षा की समस्याओं का अध्ययन

अंतिमबाला पाण्ड्रेय *

प्रस्तावना – प्रत्येक समाज और समुदाय अपने अंदर शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ सामाजिक तथा नैतिक मापदण्ड और मूल्य निर्धारित करता है। इनका ठीक प्रकार पालन करने के लिए वह कानून, आचार संहिता तथा विधान तैयार करता है। निर्धारित मूल्यों और मान्यताओं के विरूद्ध जो भी कार्य किया जाता है उसे समाज विरोधी व्यवहार अथवा अपराध माना जाता है। इस व्यवहार के फलस्वरूप या तो समाज में सम्मिलित सदस्यों या सम्पत्ति को हानि पहुँचती है, समाज इस प्रकार के समाज विरोधी तत्वों और अपराधियों से बचने के लिये कानून की शरण लेता है और प्राय: ऐसे व्यक्ति बंदीगृह की सिखियों के अंदर रखे जाते है इस प्रकार समाज विरोधी व्यवहार और अपराधी प्रवृत्ति वयस्कों में नहीं पायी जाती बल्कि छोटे बच्चों और किशोर भी इस सामाजिक बुराई का शिकार होते हुए दिखाई देते है। इन अल्प वयस्क किशोरों और बालकों को किशोर अपराधी या बाल अपराधी के नाम से संबोधित किया जाता है। इस प्रकार बाल अपराधी निश्चित रूप से अल्प वयस्क अधिकारी होते है। वे कानुन का उल्लधन करते है और चोरी करना, जुआ खेलना, धोखा देना, जेब काटना, हत्या करना, डाका डालना सम्पत्ति को आग लगाना अथवा किसी ओर तरह से हानि पहुँचाना, मारपीट करना, शराब आदि मादक द्रव्यों का सेवन करना, भीख मांगना, अपहरण बलात्कार और अन्य यौन संबंधी अपराध करना आदि समाज विरोधी कामों में फँसे हुए पाए जाते है।

अपराधी बालक व आर्थिक स्थिति – कई बार बालक आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के बावजूद भी इस प्रकार का व्यवहार करता है वातावरण या उसका माहौल उसे इस प्रकार बना देता हैं। वास्तव में देखा जाए तो परिवार पास –पड़ोस ,सामाजिक परिवेश में व्याप्त प्रतिकूल परिस्थितियाँ तथा समाज विरोधी कार्यो की छाप बालक पर अवश्य पड़ती है व जाने –अनजाने अपने परिवेश से ही ये सभी बाते ग्रहण कर लेता है। कुछ निम्न प्रकार की पारिवारिक परिस्थितियों को बाल अपराध के लिए अधिक उत्तरदायी ठहराया जा सकता है –

1. अरूचिकर और रूखा घरेलू वातावरण
2. बालकों को पर्याप्त स्वतंत्रता प्रदान न करना।
3. घरेलू लड़ाई –झगड़े और अशान्ति
4. माता पिता का बालकों पर उचित नियंत्रण न होना।

कारण – काफी समय से मनोवैज्ञानिक यह जानने का प्रयत्न कर रहे है कि बाल अपराध के मूल में क्या कारण होते है। उन्होंने अपने विचार से विभिन्न कारणों को उत्तरदायी ठहराया है जो निम्न है –

1. वंशानुकरण संबंधी कारण – वंशानुक्रमवादियों ने बाल अपराध के लिये वंशानुक्रम को उत्तरदायी ठहराया है। इनमें से हेनरी, मॉडस्ले, ट्रेडगोल्ड, और डगडेल जैसे वंशानुक्रमवादियों ने यह मत व्यक्त किया है कि बाल अपराध संबंधी विशेषताएँ व प्रवृतियाँ ऐसा बालक अपने माँ–बाप से विरासत में प्राप्त करता है। बाद में मनोवैज्ञानिकों जैसे विलियम हेले , साईरल बर्ट, कानरैड तथा जौन्स, विगफिल्ड तथा सेन्डी इत्यादी ने परीक्षणों के आधार पर इस बात का खण्डन करते हुए यह निष्कर्ष निकाला कि बाल अपराध वंशानुगत नहीं होता और इसलिए वंशानुक्रम को बाल–अपराध को बाल अपराध प्रवृति के लिये उत्तरदायी ठहराया नहीं जा सकता।

2. शरीर रचना और शरीर विज्ञान संबंधी कारण – कुछ मनोवैज्ञानिकों ने शारीरिक रचना संबंधी दोषों को ओर शारीरिक अस्वस्थता इत्यादि को बाल अपराधी व्यवहार के लिए उत्तरदायी ठहराया है। इस बारे में प्रो. उदय शंकर अपने अध्ययनों द्वारा निष्कर्ष निकालते हुए लिखते है –

शारीरिक अस्वस्थता अथवा कमजोरी , बहुत छोटा या बहुत लम्बा कद डील या डौल शारीरिक अंग प्रत्यंगों में कोई गम्भीर दोष अथवा खराबी बच्चे में प्राय: हीन भावना को जन्म देती है। फलस्वरूप अपनी कमियों की क्षतिपूर्ति के लिए वह अधिक आक्रमक हो उठता है और इस तरह धीरे–धीरे उसमें अपराध मनोवृति घर करने लगती है। ऊपर से देखने पर इस प्रकार की बात ठीक लगती है। लेकिन सदैव ऐसा नहीं होता है अभी तक इस प्रकार के वैज्ञानिक प्रमाण उपस्थित नहीं हुए है कि अपराध प्रवृति के लिए शारीरिक न्यूनताएँ अथवा शरीर रचना संबंधी दोष उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।

बौद्धिक कारण – बाल अपराधी व्यवहार के लिए बौद्धिक न्यूनताओं को दोषी ठहराया जाए अथवा नहीं इस विषय पर मनोवैज्ञानिकों में काफी मतभेद है। लाम्ब्रोसो और गोडार्ड आदि मनोवैज्ञानिक इस मत के है कि बुद्धि संबंधी न्युनताएँ और दोष ही पूरी तरह से बाल अपराध के लिए उत्तरदायी है। उनके अनुसार मानसिक रूप से विकसित व्यक्ति ही अपराध करते है लेकिन बर्ट, हीले, ब्रोनर, और मैरिल आदि मनोवैज्ञानिक बाल अपराधियों को मंदबुद्धि अथवा बौद्धिक न्युनता दोषों में स्थायी संबंध ढूढ़ना भूल ही है। अधिक बुद्धिमान व्यक्ति सदैव अच्छा व्यवहार करते है। इस बात की कोई गारंटी नहीं प्राय: यह भी देखा जाता है बहुत से समाज विरोधी संगठनों चोर , डाकू , लुटेरे, तथा तस्करों के नेता कोई न कोई बुद्धिमान व्यक्ति भी होते है दूसरी ओर यह कहना कि मूर्ख अथवा कम बुद्धिलब्धि वाले होते है अपराध नहीं कर सकते यह भी गलत है जहां कम बुद्धि का होना एक परिस्थिति में अपराध करने में बाधक सिद्ध हो सकता है। वही दूसरी परिस्थिति में ऐसा होने से अपराधी बिना कुछ सोचे समझे अपराध कर सकता है। इसलिये बुद्धि संबधी कमियों को किसी भी तरह निश्चित रूप से बाल अपराध के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता।

* शोधार्थी (शिक्षा) पी.जी.वी.टी. कालेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

समाज में विद्यालय का दायित्व – बाल अपराध के क्षेत्र में होने वाली विभिन्न खोजों ने यह सिद्ध किया है कि बाल अपराधी व्यवहार एक अर्जित प्रवृति है । बाल अपराधी –अपराध संबंधी मनोवृति और विशेषताओं को अपने माँ–बाप अथवा पूर्वजों से विरासत में ग्रहण नहीं करते बल्कि प्रतिकूल सामाजिक परिस्थतियाँ और वातावरण उन्हें अपराधी बना देती है, इस संदर्भ में प्रो. उदय शंकर द्वारा निकाला गया निष्कर्ष उल्लेखनीय है । वे लिखते है बाल अपराध इसलिए वंशानुगत नहीं होता यह आर्थिक और सामाजिक परिस्थतियों का परिणाम है और आवश्यक रूप से व्यक्ति पर पड़ने वाले सामाजिक परिस्थितियों का परिणाम है और आवश्यक रूप से व्यक्ति पर पड़ने वाले सामाजिक प्रभाव द्वारा उत्पन्न होता है । समाज विरोधी व्यवहार करने से अधिक महत्वपूर्ण कारण सामाजिक और वातावरणजन्य ही होते है।

रोकथाम संबंधी उपाय – बालकों के माता–पिता को बाल अपराध मनोविज्ञान का कुछ ज्ञान अवश्य कराया जाना चाहिए ताकि वे अपने बच्चों के साथ उचित व्यवहार कर सके तथा उनकी आवश्यकताओं और मूल प्रवृतियों की संतुष्टि के लिए आवश्यक सुविधाएँ तथा अवसर प्रदान कर सके। इस कार्यो के लिये निर्देशन सेवाओं, मनोविज्ञान क्लीनिक और समाज सेवी संगठनों से सहायता प्राप्त की जा सकती है ।

बालकों को बुरी संगति और समाज विरोधी तत्वों से बचाना – मॉ बाप सदस्यों तथा अध्यापकों आदि को बालकों के ऊपर उचित निगरानी रखनी चाहिए ताकि उन्हें किसी भी बुरी संगति में पड़ने से रोका जा सके । कई बार कुछ समाज विरोधी तत्व तथा अपराधी लोग बच्चों को बहला –फुसलाकर उनसे गलत कार्य करवाने का प्रयत्न करते है। एक बार आदत पड़ जाने अथवा पुलिस के हाथ पड़ जाने पर इन अपराधियों द्वारा पूरी तरह शोषण किया जाता है। अत: बालकों को इनके चुंगल में न पड़ने देने के लिए समाज को अपनी ओर से प्रयास करने ही चाहिए साथ में बालकों को भी इनसे दूर रहने के लिए पूरी तरह शिक्षा दी जाना चाहिए।

दोषपूर्ण परिवेश का कोई विकल्प प्रस्तुत करना – कई बार वातावरण में सुधार लाना असंभव हो जाता है तो कई बार पास –पडोस के मित्र –मण्डली में व्याप्त बुराईयों के प्रभाव से बालक को बचाना कठिन हो जाता है ऐसी परिस्थितियों में बालक को उनके मूल परिवेश से निकालकर किसी उपयुक्त परिवेश में रखने का प्रयत्न किया जाता है । शिशु केन्द्र , सुधार गृह, विशिष्ट शिक्षालय तथा गोद लेने वाले घर इस दिशा में काफी उपयोगी सिद्ध हो सकते है ।

शिक्षा की समस्या – विद्यालय के वातावरण को भी स्वस्थ्य और उपयुक्त बनाया जाना चाहिए । शिक्षण विधियों, पाठ्यक्रम, अनुशासन, अध्यापकों के बालकों के साथ किए जाने व्यवहार और विद्यालय में व्याप्त सामाजिक वातावरण को इस प्रकार व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है कि बालकों को बिना किसी संवगात्मक और सामाजिक कुसमायोजन की समस्या का शिकार हुए अपना विकास करने में उपयुक्त अवसर उपलब्ध होते रहे । उन अध्यापकों के दृष्टिकोण में सुधार लाऐ जाने की परम आवश्यकता है, जो बालकों को हर समय डाँटने –फटकारने तथा उनके ऊपर अनुचित अधिकार जताने का प्रयत्न तो करते रहते है परंतु उन्हें या उनकी आवश्यकताओं को समझने का कोई प्रयास नहीं करते । इसके अतिरिक्त अध्यापकों तथा मुख्याध्यापक को वैयक्तिक भेदों तथा बाल अपराध से संबंधित मनोविज्ञान का भी उचित ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए ताकि वे बालकों में अपराधी प्रवृतियों को पनपने न देने के बारे में पूरी–पूरी चेष्ठा कर सके ।

सुधार संबंधी उपाय – बाल अपराध या किशोर अपराध की समस्या किसी भी तरह एक कानूनी वैधानिक समस्या नहीं मानी जानी चाहिए। यह एक शैक्षणिक और मनोवैज्ञानिक समस्या है । इसलिए बाल अपराधियों को अपराध के अनुपात में दंड देकर सुधारने की बात सोचना बहुत बड़ी भूल है वास्तव में ऐसे बालकों को दण्ड देने की आवश्यकता नहीं होती बल्कि उचित व्यवहार, स्वस्थ वातावरण और उपयुक्त शिक्षा दीक्षा की आवश्यकता होती है, इसलिए बाल अपराधियों से निपटने के लिये देश की कानून व्यवस्था में अलग ही उपाय होने चाहिये। विश्व के अधिकांश प्रगतिशील देशों में दण्ड देने के स्थान पर ऐसे बच्चो को सुधारने के कार्यक्रम अपनाए जा रहे है इस दिशा में इंग्लैड द्वारा चिल्ड्रेन एण्ड यंग पर्सन्स एक्ट के अंतर्गत अपनायी गई व्यवस्था विशेष रूप से उल्लेखनीय है कुछ आवश्यक परिवर्तनों के साथ हम भी अपने देश में इसे अपना सकते है । इस व्यवस्था के अंतर्गत कुछ निम्न बाते आती है –

1. बाल अपराधियों से निपटने के लिए विशेष बाल न्यायालय और न्यायाधीशों की नियुक्ति ।
2. बाल अपराधियों को बंदीगृह में न भेज कर प्रशिक्षित समाजिक कार्यकर्ताओं जिन्हें सुधार अधिकारी या परिवीक्षण अधिकारी कहा जाता है – की देखरेख में रखने की व्यवस्था ।
3. बालक के अपराधी व्यवहार को समझने के लिए मनोवैज्ञानिक और मनोविश्लेषणकर्ताओं की सहायता लेना ।
4. विशेष सुधार शिक्षालयों की व्यवस्था करना ।
5. अपराधी बालकों में सुधार लाने के प्रयत्नों को करने के पश्चात इन्हें योग्य व्यक्तियों अथवा सामाजिक संस्थाओं को सौंपना ।
6. रिमाण्ड होम्स की व्यवस्था करना जहां बाल अधिकारियों को अपने मुकदमें की सुनवाई के समय अथवा सुधार शिक्षालयों में भेजने का इंतजार करते समय अथवा किसी योग्य व्यक्ति के सौपे जाने का इन्तजार करते समय ठीक प्रकार से रखा जा सके ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. American Phychiatric Association Diagnostic and Statistical Manual of Mental Deficiency (2nd ed.) DSM-II Washington D.C.1968
2. Telford, C.W. and Sawrey J.M. The Exceptional individual (3rd.ed.) Englewood Cliffs. New Jersey;prentice Hall 1977.
3. Verma, S.C., The young Delinquents ; Lucknow Pustak Kendra 1970.
4. Grossman H.G. (E.D), classification in Mental Retardation, Washington D.C. American Association in Mental deficiency , 1983.
5. Barton , Hall Phychiatric Examination of the school Child , London ` Edward Arnold, 1947.
6. Lermer , J Children with Learning Diabilities , Boston Houghton Miffillin 1976
7. Crow and Crow Alice , Educational Psychology , New Delhi Eurasia Publishing House 1973

****

The Tribals of India

Dr. Mahipal Singh Rao * Dr. Mehzbeen Sadriwala **

Introduction - Tribal studies have been traditionally pioneered by anthropologists over the last hundred years. However, the purpose of the studies were different in those times than what they are conceived now. European Scholars studied the tribes for understanding the evolution of human institutions which were imagined to have originated in the primitive cultures of the tribes. Some of the Westerners were interested in spreading the gospel of their religion. From the methodological point of view, it has been easier to study simpler tribal cultures as compared to the urban complex cultures. The British and Indian civil – servants – turned – anthropologists studied castes and tribes were not meant to be scientific ethnographic studies of tribes but were meant to provide the basic information of Indian cultural groups to facilitate administration by indirect rule.

However, the situation has changed after Independence. The tribes Were designated as Scheduled Tribes with a view to bring them on par with the main stream citizens by providing them with facilities and schemes for educational, economic and political development, by encouraging them to share power and administration. The political forces and the complexities of geographical, historical, economic and other pressures have prompted several non-tribal groups to successfully claim the Scheduled Tribe status thereby increasing their population beyond the normal growth rate. This has created all round problems for the development administration and the real tribal. The genuine concern of the policy planners about development of the tribal is foiled by the problem of pseudo-tribal, who appropriate the facilities meant for the genuine tribal groups.

Beteille (1992) argued that when anthropologists speak of tribes, they mean communities of people who have remained outside of the state and civilization, whether out of choice or necessity, which was the reason of calling them 'non-civilized,' but not uncivilized. In India, 'they all stood more or less outside of Hindu civilization.

Fernandes (1995) writes in his article that the tribes are called Adivasi in Sanskrit and Hindi which literally means the original settlers. The fact that most of them were still live in rural, forest and mountain areas proves that they have been living here from the beginning or from very ancient times. The Government of India, however, do not recognize thetribals as "Indigenous People" and have not signed the ILO Convention 169 of 1989 which restricts the displacement of the tribals, demands adequate rehabilitation and safeguards for the tribal's culture. Several Indian scholars have expressed disagreement with the UN definition of the "Indigenous People"

Singh K.S. (1995) has given a detailed account in his work on Tribalism and Sanskritazation phenomena. Due to long association with the tribal people, the minority non-tribal communities also adopted many social customs and traditions of tribal culture which clearly had distinct advantage over their own tradition and social customs e.g., cross cousins marriage of tribal tradition has been adopted by the non-tribal castes to win over the dowry problems. Tribalism of larger society is the function of upper hand of tribal culture.

Singh A.K. (1997) explains in his article on concept of tribe. He is of view that the colonial period witnessed the transformation of forest dwellers into tribes and the process of transformation of tribes into castes.

All the ethnographers earlier described communities as tribe. But the distinction between tribe and caste did not fully emerge until the census of 1901. D. Hobetson in Punjab was aware of all pervasiveness of caste structures and caste values. And make a distinction between caste and tribe. Occupation was the primary basis of castes, reinforced by status and caste values. A tribe was bound by the notions of 'Common origin, common habitat, common customs and modes of thought'. A tribe particularly a clan was strongly linked with territory. The tribes successively were described in the censuses and ethnographic literature as hill tribes, forest tribes, primitive tribes and backward tribes. It was under the government of India Act of 1935 and the constitution of India that the nomenclature of the Scheduled Tribes fully emerged. Soon after Independence the tribes were somewhat differently defined for administrative reasons. It should be noted that primitiveness and backwardness were the tests applied in preparing the list of Scheduled Tribes in 1950 and 1956. In revising the list in

***Lecturer (English) Shri Guru Govind Government College, Baswara (Raj.) INDIA**
****Asstt. Professor (English) J.R.N.R.Vidyapeeth University (Raj.) INDIA**

1965 other criteria looked for were indications of primitive traits, distinctive culture, geographical isolation, shyness of contact with communities at large and backwardness.
In different language area the tribes started defining themselves locally and nationally as adimjati, adivasi, janajati, etc. Globalization paradoxically has highlighted identity of all groups particularly tribes and galvanized their resistance and consolidation. The basic problem today is to guarantee the rights of tribal people over their resources and to create an apparatus that will ensure their own benefit.

Srivastava (2006) in his article 'A note on the Tribal Situation in India' reveals that the all tribal societies were pre-literate scantily dressed, relatively out off from other societies of the wider world, had few personal effects, lived in similar types of habitations and the values of accumulation, investment, gain, profit and surplus were largely alien to them. Consensus does not exist on the number of communities in India that could actually classified as 'tribal' because of the changes that have occurred (and are occurring) among them, are line of argument is that Indian tribes do not subscribe to their textbook definitions. Aphale and Bairagi (1984) observed that there is high percentage of disparity among the tribals and the general population due to their backwardness, ignorance and poverty. The yields of the tribals are poor because they continue to cultivate land in their traditional primitive manner. Fragmentation of land is another problem in this area. Much of the land is situated on slopes which results in the erosion of soil. Lack of improved seeds, lack of manure and chemical fertilizers, lack of cash resources on easy terms, lack of working livestock, lack of innovation in the methods of cultivation and lack of other supporting enterprises like dairying and transfer of lands from the tribal to non-tribal have disarranged the entire life of the tribal persons. Agriculture is among the most crucial activities of the tribal. Several years ago the tribal people owned most of the land is areas where they predominantly lived and cultivated it. But several factors such as poor economic conditions, poor fertility of land, and increase in population let the tribal people fall the prey to indebtedness. The most convenient way to be relieved of this situation appeared to the tribal people in the form of alienating their lands. The process of alienation started several decades back and it remained unimpeded till very recent times. It needs to be mentioned that despite the healthy enactments with regard to the land restoration referred to above, there have been reported instances of land grabbing by non-tribal. Land alienation over the years has been the single biggest cause of the acute backwardness of the tribal economy. This problem will have to be tackled more deep from all concerns to protect the interests of the tribal.

Approaches and Policies of Government and Constitutional -

Safeguards for Scheduled Tribes - Verrier Elwin (1959) says that keeping the sketchy general background of the tribes in mind we may now pass on to the tribal policies of the colonial Government and the present Independent Government, the exposition of which would automatically justify the usefulness of assigning safeguards to the Scheduled Tribes by the National Government. The approaches of these two administrative machineries show a striking difference in terms of deep motivational principles while the approach adopted by the British Government was fundamentally political being purely guided by their colonial interest, the present Government's attitude prompted by a desire of welfare and an uncompromising concern for the socio-economic upliftment of our tribal folk. This basic difference in attitudes is, thus, an important point to note which should not be lost sight of while assessing the nature of their respective policies towards our tribal brethren.

Sahay (1968) write about their general policy of isolation characterized by non-intervention or limited intervention under dire political need was their often covert and sometimes direct encouragement to the Christian missionary activities, in the tribal areas. It is of course, an undeniable fact that the Christian missionaries had done something for the wellbeing of the tribes, the scope of which was wide. That was an activity of high spirited social service and reforms as a result of which many of the tribal areas had schools, hospitals, etc. The missionaries, therefore, must be deemed as the pioneers who initiated the process of socio-economic transformation in the hitherto stagnant tribal life. Although the "service for the suffering humanity, is considered to be a duty for the Christian missionaries but at the same time it is coupled with the right of conversion".

Shrinivas M. N. (1944) stated that the large-scale conversion of many tribal groups, especially of the States in Eastern India, which had far reaching implications. With the passage of time it became more and more apparent to the people here that the primary goal of the missionaries was conversion and "the opening of schools, hospitals and either welfare agencies (were) only bait in the trap of conversion". Instances are not lacking about their resorting to unfair means of all sorts including material inducement, political favor, etc., for conversion. A careful analysis of the missionary activities thus leads to the conclusion that under the garb of humanitarianism, the obnoxious political motives of the colonial rulers were rampant. It was a sort of intellectual and moral aggression on Indian life strongly patronized by the British Government which aimed gradually, to alienate a chunk of the population from the main national stream by generating a kind of "sentimental and emotional detachment with the rest of the people – a process which could be effectively carried out under the auspices of the policy of Isolation.

Indian Attitudes to the Tribals in Early Post-Independence India Dube (1982) writes that one can very well understand in the contextas to why the British Government's creating the "excluded" and partially excluded" areas and giving separate political representation to the tribes

had invited criticism of the Nationalists who "viewed both these measure as part of a diabolic conspiracy to create a new separatist minority".

However, with the independence of the country, this policy had undergone a qualitative change. Contrasted with the British policy, the present Government of India's foremost concern which molded its policy was securing the welfare and socio-economic upliftment of the tribal people. The polity imbued with a high sense of respect for the tribal cultures and traditions is stoutly opposed to any kind of interference by outside agencies which are likely to contribute to the destruction of the tribal art, culture and so on. This has amply been demonstrated in the five fundamental principles of the tribal development evolved. Government decided to implement a new strategy, i.e., 'Tribal Sub Plan' during the Fifth Five Year Plan to concentrate on their needs in tribal regions.

Gare (1983) writes in research study, the exploitation of tribal in land and forest is major cause of tribal's economic underdevelopment and improvement. The majority of tribal hold small and limited agriculture lands and cultivate through traditional seeds method without irrigation.

The tribal's' forest wealth has been ruined due to excessive cutting of timber by the forest labour co-operative societies. Hence, the tribes today survive on agriculture land and farm labour practices. The tribal's' economic problems are related with unproductive agriculture and hunger. Gaikwad (1990), in his study on 'Role of Minor Forest Produce in Tribal Economy,' noted that the tribal communities in India largely occupy forested regions that for a long period in their history. They lived in isolation but in harmony with the nature. The forests not only provide them food, material to build houses, fuel for cooking, light and warmth, fodder for their cattle, but also satisfy their deep-rooted sentiments. 'Tribal life is connected in a way or the other with forests right from birth to death.

Forests occupy the central position in tribal economy. Tribal life is profoundly affected by whatever happens to the forest. Forest is for them a whole way of life, and hence the development cannot make much headway without the contribution of forestry sector. Minor Forest Produce (MFP) includes all items of forest produce except timber. Collection and sale of (MFP) forms the major economic activity of livelihood for majority of the tribes. Various items of MFP possess the potential of an economic revolution among the tribal. Tribal's collect many items of daily use as well as Minor Food Products items from the forests traditionally, which are necessary for their day-to-day sustenance. During drought and adverse conditions, the tribal households live only on edible products collected from forests. MFP items have a vital role and a viable potential of an economic revolution among the tribes residing in forests. A special drive is necessary for the collection, processing, preservation, storage and marketing of the MFP and their derivatives.

The article written by Gare (1983) found that the Tribal backwardness in the field of Education, Social and Economical life was responsible for continuous exploitation of tribal in various areas. He found that the enrolment rate of Tribal students has risen to 2 percent from 1 – 2 percent through educational program.

References :-

1. Basu, A.R. (1985), Tribal Development Programs and
2. Adminstration, National Book Organization, New Delhi.
3. Behura, N.K. (1995), Tribes in India: Planned development. In
4. Singh, A.K. and Jabbi, M.K. (Eds) Tribals in India: Development,
5. Deprivation and discontent, HarAnand, New Delhi.
6. Beteille, Andre (1992), Society & Politics in India: Essay in a
7. Comparative perspective, Oxford University Press, Delhi.
8. Chaudhury, Bhagirathi (1996), Tribes and Development, Orissa
9. Today, An Annual Survey, Sun Times, Bhuvaneshwar.
10. Chaudhuri, N.C. (1965), The Continent of circle, Bombay.
11. Deogaonkar, S.G. (1982), TheMadias of Bhamragad, Inter- India
12. Publications, New Delhi.
13. Devalle, SBC (1992), Discourses of ethnicity: Culture and protest in Jharkhand, Sage,New Delhi

****

Cultural Clashes In The Novels Of Arun Joshi

Dr. Ajay Bhargava * Batul Attarwala **

Abstract - The present work is aimed to highlight a prominent point in Arun Joshi's fiction that is Cultural Clashes, which deals with Indian culture vs Westernization, the warring culture of East and West and idealism vs pragmatism. Arun Joshi, like Raja Rao, ascertains his deep-rootedness in his cultural traditions. Like Raja Rao who has lived much of his life in abroad, Arun Joshi too holds firmly to an Indian cultural identity and to Indian mode of thinking that shapes his content and coloures his vision. It is his Indian moorings that conditions his response to experience

Cultural Clashes -

1. Indian culture vs Westernization
2. Warring culture of East and West
3. Idealism vs pragmatism

Introduction - Arun Joshi's novels demonstrate that he has been preoccupied with the problem of twentieth century man's dilemma and its results. In an age when religious faith is fast disappearing and man feels culturally uprooted and socially alienated on account of his own misdoings, the message of serious artists like Joshi is most welcome and called for. In fact the gravity of spiritual crisis coupled with material prosperity has created an unusual situation where cynicism has faded the long cherished values of life. For lack of an intuitive discipline implanted in an affirmative attitude to the universe and its happenings, modern man seems convinced of the purposelessness of his existence and its activities. Joshi's protagonists represent a cross-section of humanity and this lends an authentic quality to his creative world.

Modern man is illusioned to think that he is getting his heights in the wake of modernization and industrialization. But, in fact, it is leading our civilization to disaster. Joshi finds man in the contemporary society totally frustrated, separated and alienated because of being detached from his fellow-beings. Arun Joshi's novels are the revelation of human predicament in an indifferent and mysterious universe. The present society is full of exploitations. There is only chaos, confusion and anarchy in social life…Arun Joshi was pained to see the chaotic conditions of the society. He, therefore, took into his hand the task of providing a solution to the society, to escape from the vicious circle of rapid industrialization. Thus, through the struggles of his protagonists he aims to achieve a good society and happy and joyful individuals.

The first person narrative technique most suitably injects the inner cry of a man into the reader's mind. The novelist tries to explore the reasons behind the inner crisis of modern man who is uprooted from his cultural, social and spiritual roots. The Strange Case of Billy Biswas depicts the conflict between modern civilization and primitive life. Billy's experiences are intellectual and psychic and he is a lonely quester. "I sometimes wonder whether civilization is anything more than the making and spending of money. What else the civilized men do?"(The Strange Case of Billy Biswas 96). His irksome attitude towards the so-called elite society is expressed through the imagery of dogs with furred paws and large teeth. The tribal life fills him with a sense of security and complete fulfillment.

Romi, the only link of Billy with the civilization, turns out to be betrayer. Though, Romi tries his best to keep information of Billy a secret, things go beyond his command when through his wife the secrets of Billy's reappearance is disclosed to Billy's father and wife. Billy's father and wife are determined to get him back. His father uses his power. In one of the police confrontation with the tribal Billy is shot dead and only his ashes reach the civilized world. His strange case is disposed of in the manner that a humdrum society knows of disposing its rebel, its true lovers. While the civilized world destroys him, the tribal world seeks to perpetuate the memory of the man-god by offering him a shrine. R. K. Dhawan rightly states: "The clash between the primitive and the modern civilization is a recurrent theme in Arun Joshi.".

In The Foreigner, Sindi shows his irksome behavior towards the materialistic life: In The Strange Case of Billy Biswas, the protagonist feels suffocated in the technically

* Professor & Head (English) Govt. College, Barnagar, Distt. Ujjain (M.P.) INDIA
** Research Scholar, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA

इस संदर्भो में यदि जीवन मूल्य की व्याख्या करते हुए, कविता में अभिव्यंजित सत्यों का परीक्षण किया जावे तो यह स्पष्ट हो जाता है कि इस काव्यधारा में जीवन की प्रत्येक विधा को यथार्थवादी दृष्टि से देखने का प्रयास किया गया है।

कविता में जीवन–मूल्य को अनेक रूपों में स्वीकार किया गया है। कविता के उन्नायकों ने जीवन के सभी संदर्भो की व्याख्या प्रस्तुत की है।

जीवन के संघर्ष भी मानसिक जीवन को प्रभावित करते है।

'अंचल' जी के काव्य में भाव–सत्यों का उन्मेष अधिक हुआ है, जब कवि आत्मस्थ होकर गहरे चिंतन में लीन हो जाता है, तब उजाले का बाहरी आकर्षण ही सब कुछ नहीं होता। अँधेरे में भी शक्ति होती है, तल्लीन कर लेने की, इसलिए कवि हल्के अंधेरे में डूबना चाहता है। जीवन के समूचे आशय को समझने का उपक्रम कवि के आत्म चिंतन का विषय है। यहाँ अंधेरा मन जीवन के वास्तविक अर्थ को गहरी समझ दे रहा है –

कवि किरणों की रंगीन आशाओं के बहाने सहज भाव से शुद्ध अंधेरे को और सामान्य जीवन के दु:खी चेहरे को देखते हुए सोचता है कि हमारी जिन्दगी अधिक मानवीय और सार्थक चिन्तन के व्यापक धरातल पर आधृत होगी –

जीवन बहुत अज्ञेय और अनंत घटनाओं से निर्मित है – 'जीवन मूल्यों का वास्तविक धरातल अन्तर्जीवन ही है।' अंचल जी अपनी तमाम कठिनाइयों के बावजूद भी निरन्तर संघर्ष कर अनुभवों के व्यापक क्षेत्र को लाँघ जाने के लिए जीवंत संघर्ष करना चाहते है। गाँव के गरीबों के पास ठंड से बचने के लिए कपड़े भी नहीं है, जबकि ठंडी से बचने के लिए कपड़ों की बहुत आवश्यकता होती है। उनका शरीर इतना कमजोर है कि वे पैर भी जहाँ रखते है, तो कम्पन के कारण कहीं और पड़ते है। अपने देश के ग्रामीणों का जीवन इसी प्रकार है –

अंचल जी मृत्यु से साक्षात्कार करके जीवन के ठोस सत्य को समझते है। मौत के धंसते हुए काले नाखून व्यक्ति को चोट पहुँचाकर भी खून के रंग जैसे नहीं होते। अर्थात् पूंजीपतियों द्वारा शोषण और हिंसा करने के बाद भी कालापन नहीं जाता। यह भी सच है कि दम और साहस की खोज में घूमने वाली मौत की आँखे व्यक्ति की यथार्थ स्थिति भाँप लेती है –

वस्तुत: अंचल जी के काव्य में ऐसी तमाम कविताएँ दृष्टिगोचर होती है जो जीवन मूल्य के परिप्रेक्ष्य में खरी उतरती हैं या यह कहे कि इस प्रकार की कविताओं में सामाजिक जीवन की वास्तविक व्याख्या है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाश्चात्य काव्य शास्त्र के सिद्धांत– डॉ शांति स्वरूप गुप्त ।
2. तुलसीदल, अरविंद विशेषांक– अगस्त 1970
3. अंचल समग्र– संपादक डॉ देवीप्रसाद कुँवर ।
4. हिन्दी साहित्य का इतिहास– डॉ नगेन्द्र ।
5. छायावादोत्तर हिन्दी काव्य की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि– डॉ कमला प्रसाद पाण्डेय ।

****

हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का योगदान

डॉ. पी. एस. परमार * सुशीला देवी परमार **

प्रस्तावना – साहित्य का इतिहास वह है, जिसमें हम साहित्यिक रचनाओं का अध्ययन ऐतिहासिक दृष्टि से करते हैं। **इतिहास शब्द का शाब्दिक अर्थ है–**ऐसा ही घटित हुआ।[1] अतीत की घटनाओं का विवरण इतिहास है। विस्तृत अर्थ में इतिहास अतीत की प्रत्येक स्थिति, परिस्थिति, घटना, प्रक्रिया एवं प्रवृत्ति की व्याख्या है। संक्षिप्त अर्थ में अतीत के किसी भी तथ्य, तत्व एवं प्रवृत्ति का वर्णन कालक्रम की दृष्टि से करना ही इतिहास है।

इतिहास लेखन के सम्बन्ध में प्राचीन भारतीय मनीषियों के विचार – हमारे प्राचीन मनीषियों ने नैतिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था दिखाई है। वेद व्यास के अनुसार–'इतिहास वह है, जिसके माध्यम से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का उपदेश दिया जा सके।'[2]

पौराणिक मत–'ऋषियों और महापुरूषों के चरित्र का ज्ञान ही इतिहास है। जिसमें घटना की अपेक्षा चरित्र पर बल हो।'[3]

कल्हण के अनुसार–'इतिहास में आध्यात्मिक, नैतिक, चारित्रिक तत्त्वों की अपेक्षा यथार्थ परक वस्तु एवं तथ्यों को महत्व देना चाहिए पर काव्य रूप में सुन्दर होना चाहिए।'[4]

इस प्रकार हमारे प्राचीन मनीषियों ने उसी इतिहासकार को सफल माना है जिसमें सत्यं, शिवं और सुन्दरम के समन्वय की चेष्टा हो।

साहित्य के इतिहास लेखन सम्बन्धी पाश्चात्य एवं भारतीय विचारकों के मत– फ्रैन्च विद्वान तेन के अनुसार– 'किसी भी साहित्य के इतिहास को समझने के लिए उससे सम्बन्धित जातिय परम्पराओं, राष्ट्रीय और सामाजिक वातावरण एवं साामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन, विश्लेषण आवश्यक है।'[5]

हडसन के अनुसार– 'साहित्य के इतिहास में काव्य रचयिता के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को भी महत्व देना चाहिए।'[6]

हेराल्ड पी. सिमन्सन के अनुसार– 'साहित्य के इतिहास–लेखन की समस्या केवल यह नहीं है कि वह किसी कृति में व्यक्त विचारों को पहचाने, बल्कि यह भी कि एक प्रक्रिया के रूप में इतिहास के व्यापकतर संदर्भ में उनका स्थान निर्धारण करें–साहित्य के इतिहास की अपनी कुछ माँगे होती हैं जिनमें प्रमुख है– रचना कब, कहाँ, कैसे और क्यों की गयी। साहित्य का इतिहासकार यह पता लगाने की चेष्टा करता है कि किसी लेखक ने अपने समय और अतीत से क्या प्राप्त किया और बदले में उसने अपने समय तथा परवर्तीकाल को क्या दिया।'[7]

डॉ. सुमनराजे के अनुसार–'साहित्य के इतिहास में मूल्यपरक दृष्टि की आवश्यकता है। एक बात, जो मैं समझती हूँ। सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, जिसकी सबसे बड़ी उपेक्षा की है। वह है–मूल्यों का संयोजन, इसके बिना मानविकी इतिहास लिखा ही नहीं जा सकता और साहित्य का तो बिल्कुल नहीं। साहित्य मानव की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों का कलात्मक संश्लेषण है। इतिहास के सम्बन्ध में मूल्यों की उपेक्षा किसी हद तक खतरनाक हो सकती है।'[8]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार– 'प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है। तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्ति के परिवर्तन के साथ–साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। आदि से अंत तक इन्हीं चित्तवृत्तियों की परम्परा को परखते हुए साहित्य परम्परा के साथ उनका सामंजस्य दिखाना ही साहित्य का इतिहास कहलाता है। जनता की चित्तवृत्ति बहुत कुछ राजनीतिक, सामाजिक, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक परिस्थिति के अनुसार होती है।'[9]

डॉ. नगेन्द्र के अनुसार– 'युगचेतना और साहित्य चेतना के समन्वय पर आधृत साहित्य के इतिहास के संश्लिष्ट स्वरूप को ही हमें स्वीकार करना चाहिये।'[10]

इस प्रकार भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार साहित्य के इतिहास का लक्ष्य सदा अतीत की व्याख्या करते हुए विवेच्य वस्तु के विकास क्रम को स्पष्ट करना होता है।

हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन के स्त्रोत – हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन के स्त्रोतों को दो भागों में विभाजित किया गया है –

1. **अन्त:साक्ष्य –** इसके अन्तर्गत उपलब्ध सामग्री को तीन रूपों में बाँटा जा सकता है– (अ) भक्त एवं संत व्यक्तियों से सम्बद्ध आधार भूत ग्रंथ। (ब) कवियों विषयक काव्य संग्रह। (स) साहित्यकारों की प्रकाशित व अप्रकाशित रचनाएँ तथा कवियों के परिचय से सम्बद्ध पुस्तकें।
2. **बाह्य साक्ष्य–** इसके अन्तर्गत प्राप्त सामग्री को चार भागों में बाँटा गया है– (अ) साहित्यिक सामग्री (ब) प्राचीन ऐतिहासिक स्थान, शिलालेख, वंशावलियाँ व प्रामाणिक उल्लेख (स) जन–श्रुतियाँ (द) विभिन्न युगों की आंतरिक व बाह्य परिस्थितियों की ज्ञापक सामग्री।

हिन्दी साहित्य के विविध इतिहास ग्रंथ – 19 वीं शती के पूर्व के विभिन्न कवियों, लेखकों द्वारा परिचयात्मक ग्रंथ– गोकुलदासकृत– **चौरासी वैष्णवन की वार्ता**ब **दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता**, नाभादासकृत–**भक्तमाल**, ध्रुवदासकृत– **भक्त नामावली**, मातादीन मिश्रकृत– **कवित्त रत्नाकर** इनके अलावा तुलसीकृत– **कवि माला** (75 कवियों की कविताएँ) कालिदास त्रिवेदीकृत–**कालिदास हजारा** (292 कवियों की एक हजार कविताओं का संग्रह), अधमकृत– **सतबानी संग्रह**,

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

बलदेवकृत- **सत्कविगिरा विलास**, सरदार कविकृत- **श्रृंगार संग्रह**, वेणीमाधोदासकृत-**मूल गोसाईं चरित्र,** सूदनकृत-**कवि नामावली**, देवीप्रसाद मुंसिफकृत- **कविरत्न माला** आदि।

हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रंथ कालक्रमानुसार -

1. **हिन्दी का प्रथम इतिहास ग्रंथ-फ्रेंच विद्वान गार्सा -द- तासी** का है। इनकी पुस्तक का नाम है- **इस्तवार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी**-11 प्रथम भाग 1839, द्वितीय भाग 1847 में प्रकाशित हुआ। दूसरा संस्करण 1871 में प्रकाशित हुआ । जिसमें तीन खण्ड है। इसमें 72 कवियों के परिचय के साथ ही कवियों को अंग्रेजी वर्णक्रम के अनुसार प्रस्तुत किया गया है। इसमें कवियों को कालक्रम के अनुसार नहीं रखा गया है लेकिन इस इतिहास ग्रंथ का ऐतिहासिक महत्व है।

2. **हिन्दी का दूसरा इतिहास** ग्रंथ उर्दू में मौलवी करीमुद्दीन ने '**तज्किारां एं शुअरां एं हिन्दी'** जो सन् 1848 में प्रकाशित हुआ। इसमें कालक्रम का ध्यान रखा गया है, पर हिन्दी कवियों का नाम गार्सा -द- तासी की अकारादि शैली के अनुसार है। इसका भी ऐतिहासिक महत्व ज्यादा है।[12]

3. **हिन्दी का तीसरा इतिहास ग्रंथ-** महेशचन्द्र शुक्ल का है। जिसका नाम **भाषा काव्य-संग्रह** है। जो 1873 ई. में प्रकाशित हुआ है।[13]

4. **हिन्दी का चौथा इतिहास ग्रंथ -** शिवसिंह सेंगर का है। जिसका नाम **शिवसिंह सरोज** है, जो सन् 1883 में प्रकाशित हुआ है। जिसमें एक हजार कवियों के जीवन चरित्र का उल्लेख किया गया है।[14]

5. **हिन्दी का पांचवाँ इतिहास ग्रंथ -** जॉर्ज अब्राहिम ग्रियर्सन का है जिसका नाम '**द मॉडर्न वर्नाक्युलर लिट्रेचर ऑफ हिन्दुस्तान' है।** जो सन् 1889 में एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की पत्रिका के विशेषांक के रूप में लिखा गया था। यह वैज्ञानिक ढंग से हिन्दी साहित्य के इतिहास लिखने का प्रथम प्रयास था। जिसमें 952 कवियों का परिचय कालक्रमानुसार दिया गया है।[15]

6. **हिन्दी का छटवाँ इतिहास ग्रंथ -** डॉ. श्यामसुन्दर दास का है। जिसका नाम- **हिन्दी कोविद रत्नमाला** है। जो सन् 1909-सन् 1914 में प्रकाशित हुआ है।

7. **हिन्दी का सातवाँ इतिहास ग्रंथ-** मिश्रबंधुओं का **हिन्दी नवरत्न** सन् 1910 ई.तथा **-'मिश्रबंधु विनोद'** है। **मिश्र बन्धु विनोद** चार भागों में विभाजित है। प्रथम तीन भाग सन् 1913 ईसवी में **हिन्दी ग्रंथ प्रसारक मण्डली** द्वारा प्रकाशित हुआ। चतुर्थ भाग सन् 1934 ईसवी में प्रकाशित हुआ है। जिसमें लगभग पांच हजार कवियों का परिचय दिया गया है। और जिसमें काल विभाजन का प्रयास मात्र किया गया है। (मिश्रबन्धुओं के नाम-गणेश बिहारी मिश्र, श्याम बिहारी मिश्र- एम.ए. तथा शुखदेव बिहारी मिश्र -बी.ए. है।)[16]

8. **हिन्दी का आठवाँ इतिहास ग्रंथ -** पंडित रामनरेश त्रिपाठी का है। जिसका नाम **कविता कौमुदी** है। जो सन् 1917 ई. में प्रकाशित हुआ है।[17]

9. **हिन्दी का नवाँ इतिहास ग्रंथ-** विदेशी इडविन ग्रीब्स का है। जिसका नाम **ए स्केच ऑफ हिन्दी लिटरेचर** सन् 1918 ई. है। इसका केवल ऐतिहासिक महत्व है। यह प्राय: ग्रियर्सन के ग्रंथ पर ही आधारित है। इसमें कोई मौलिकता या नवीनता नहीं दिखाईदेती है।[18]

10. **हिन्दी का दसवाँ इतिहास ग्रंथ-** एफ.ई.के. का है। जिसका नाम- **ए हिस्ट्री ऑफ हिन्दी लिटरेचर** है। जो सन् 1920 ई. में प्रकाशित हुआ है।

11. **हिन्दी का ग्यारहवाँ इतिहास ग्रंथ-** वियोगी हरि का है। जिसका नाम- **ब्रजमाधुरी सार** है। जो सन् 1923 ई. में प्रकाशित हुआ है।

12. **हिन्दी का बारहवाँ इतिहास ग्रंथ-** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का है। जिसका नाम **हिन्दी साहित्य विमर्श** है। जो सन् 1923 ई. में प्रकाशित हुआ है।

13. **हिन्दी का तेरहवाँ इतिहास ग्रंथ-** गंगाप्रसाद अखोरी का है। जिसका नाम **हिन्दी का मुसलमान कवि** है। जो सन् 1926 ई. में प्रकाशित हुआ है।

14. **हिन्दी का चौदहवाँ इतिहास ग्रंथ-** गौरीशंकर द्विवेदी का है। जिसका नाम **सुकवि सरोज** है। जो सन् 1927 ई. में प्रकाशित हुआ है।

15. **हिन्दी का पन्द्रहवाँ इतिहास ग्रंथ- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल** का है। जिसका नाम **हिन्दी साहित्य का इतिहास** है। जो सन् 1929 ई. में लिखा गया है। जो मूलत: नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित '**हिन्दी शब्द सागर'** की भूमिका के रूप में लिखा गया था। बाद में यह स्वतंत्र ग्रंथ के रूप में प्रकाशित हुआ। यह हिन्दी साहित्य का पहलाइतिहास ग्रंथ है जिसमें सूक्ष्म व्यापक दृष्टि, विकसित दृष्टिकोण, स्पष्टविवेचन-विश्लेषण और प्रामाणिक निष्कर्ष दिये गये है। इसमें हिन्दी साहित्य के 900 वर्षों के इतिहास को चार सुस्पष्ट कालखण्डों में विभक्त किया गया है-[19]

1. **वीरगाथा काल या आदिकाल संवत् 1050 से संवत् 1375 तक।**
2. **भक्तिकाल या पूर्व मध्यकाल संवत् 1375 से संवत् 1700 तक।**
3. **रीतिकाल या उत्तरमध्यकाल संवत् 1700 से संवत् 1900 तक।**
4. **आधुनिक काल या गद्य काल संवत् 1900 से निरन्तर।**

इसमें आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने चुने हुए 1000 कवियों का परिचय इनके काव्य का उदाहरण सारगर्भित रूप में दिया है। इसमें कवियों एवं साहित्यकारों के जीवन चरित्र सम्बन्धी इतिवृत के स्थान पर उनकी रचनाओं के साहित्य मूल्यांकन पर जोर देते हुए विभिन्न काव्य धाराओं युगीन प्रवृत्तियों के निर्धारण में इनको असाधारण सफलता मिली है।[20]

आचार्य रामचन्द्र शुक्लजी को इतिहास ग्रंथ लिखते समय बहुत-कुछ कल्पना तथा अनुमान का सहारा लेना पड़ा। वीरगाथा काल की अनेक रचनाएँ जो उन्होंने गिनाई, अस्तित्व में नहीं है, कुछ अप्रमाणिक भी है। शुक्लजी का भक्तिकाल को पराजित मनोवृत्ति का परिणाम मानना, संत मत में ऐकेश्वरवाद (इस्लाम) का प्रभाव देखना, प्रेमाख्यान काव्य को सूफी, मसनवी की छाप मानना आदि अनुमानाश्रित है। रीतिकाल में रीतिमुक्त प्रेममार्गी कवियों, वीररसात्मक काव्यों, नीति व वैराग्य सम्बन्धी मुक्तकों के साथ शुक्लजी ठीक से न्याय नहीं कर पाए हैं। **आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने स्वयं स्वीकार किया है कि-'कवियों के परियात्मक विवरण मैंने प्राय: मिश्र बन्धु विनोद से ही लिए है।'**[21]

सन् 1938 ई. में **रामकुमार वर्मा** का ग्रन्थ **'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास'** प्रकाशित हुआ। इसमें भक्तिकाल तक के साहित्य की आलोचना की गई है। पर कोई नवीनता विशेष नहीं, अधिकांशत: शुक्लजी का ही पिष्टपेषण हुआ है। इसमें सन् 693 ई. से सन् 1693 ई. तक की कालावधि का इतिहास लिखा गया है। यह सात प्रकरणों में विभाजित है। युगों व धाराओं के नामकरण का सरलीकरण किया गया है, जैसे निर्गुण ज्ञानाश्रयी शाखा को संतकाव्य तथा प्रेमाश्रयी शाखा को सूफी काव्य। आदिकाल का नामकरण चारण काल किया गया है।

सन् 1940 ई. में हजारीप्रसाद द्विवेदी की पुस्तक **'हिन्दी साहित्य की भूमिका'** प्रकाशित हुई। क्रम, पद्धति की दृष्टि से देखा जाए तो यह इतिहास-ग्रन्थ नहीं है, पर कुछ लेख इतिहास- लेखन के लिये नयी दृष्टि, नयी सामग्री और नयी व्याख्या प्रदान करते हैं। यह ग्रंथ हिन्दी साहित्य का महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है। साहित्य में क्रांतिकारी कदम इसमें उठाया गया है। इसमें

कुछ प्रवृत्तियों के उद्गम को खोजने का प्रयास किया गया है, पर साहित्य की पूरी गतिविधि का पता इस पुस्तक में नहीं चलता। इस पुस्तक के कुछ निष्कर्ष काफी महत्त्वपूर्ण है जैसे–

1. इस्लाम न आया होता तो भी भक्ति साहित्य का बारह आना वैसा ही होता जैसा आज है।
2. हिन्दी–संतकाव्य पूर्ववर्ती सिद्धों व नाथपंथियों के साहित्य का सहज विकसित रूप है।
3. प्रेमाख्यान काव्य की कथावस्तु, कथानक रूढियाँ, रचना–शैली, छंद योजना आदि संस्कृत, प्राकृत व अपभ्रंश की काव्य परम्पराओं पर आश्रित है।

इसी इतिहास लेखन की परम्परा में डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी के दो इतिहास ग्रन्थ प्रकाशित हुए– **हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास। सन् 1952 ई.**, **हिन्दी साहित्य का आदिकाल– सन् 1952 ई.22** हजारीप्रसाद द्विवेदी पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने शुक्लजी की अनेक धारणाओं और स्थापनाओं को चुनौती देते हुए उन्हें सबल प्रमाण देकर खण्डित किया है। उन्होंने युग रूचिवादी एकांगी दृष्टिकोण के समानान्तर अपने परम्परागत दृष्टिकोण को स्थापित करके व्यापक संतुलित इतिहास–दर्शन की भूमिका तैयार की है। **आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी** ने परम्परा पर बल दिया है, यही कारण है कि **आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी** ने इतिहास की रूपरेखा, कालविभाजन, पद्धति व काव्यधारा का नियोजन इतिहास के अनुरूप ही किया है।

इस प्रकार हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन में अनेक विद्धानों ने हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन का कार्य किया। लेकिन इस क्षेत्र में **आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी** का योगदान सराहनीय और अमिट है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास– सं. डॉ. नगेन्द्र– पृष्ठ क्र. 21
2. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 9
3. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 9
4. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 9
5. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 10
6. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 10
7. स्ट्रेटेजीज इन क्रिटिसिज्म–हेराल्ड पी. सिमन्सन–पृष्ठ क्र. 12
8. साहित्येतिहास : संरचना और स्वरूप (हाशिये पर)–डॉ. सुमन राजे–पृष्ठ क्र. 5
9. हिन्दी साहित्य का इतिहास– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल– पृष्ठ क्र. 3
10. हिन्दी साहित्य का इतिहास– सं. डॉ. नगेन्द्र– पृष्ठ क्र. 42
11. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास– प्रो. वशिष्ट अनूप– पृष्ठ क्र. 2
12. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 12
13. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 12
14. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 12
15. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास–डॉ. कुसुम राय–पृष्ठ क्र. 13
16. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास– प्रो. वशिष्ट अनूप– पृष्ठ क्र. 2, 3
17. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास– प्रो. वशिष्ट अनूप– पृष्ठ क्र. 3
18. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास– प्रो. वशिष्ट अनूप– पृष्ठ क्र. 4
19. हिन्दी साहित्य का इतिहास– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल– पृष्ठ क्र. 1
20. हिन्दी साहित्य का इतिहास– पूरनचन्द टण्डन, डॉ. विनीता कुमारी– पृष्ठ क्र. 19
21. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास–प्रो. वशिष्ठ अनूप–पृष्ठ क्र. 3
22. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास–प्रो. वशिष्ठ अनूप–पृष्ठ क्र. 5
23. हिन्दी साहित्य का इतिहास आचार्य रामचन्द्र शुक्ल।
24. हिन्दी साहित्य का इतिहास सम्पादक डॉ. नगेन्द्र।
25. हिन्दी साहित्य विमर्श पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी।
26. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास डॉ. रामकुमार वर्मा।
27. हिन्दी साहित्य की भूमिका डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी।
28. आधुनिक हिन्दी साहित्य डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय।
29. हिन्दी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास डॉ. कुसुम राय।
30. साहित्येतिहास : संरचना और स्वरूप (हाशिये पर) डॉ. सुमन राजे।
31. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास प्रो. वशिष्ठ अनूप।
32. हिन्दी साहित्य का सुगम इतिहास डॉ. हरेराम पाठक।
33. हिन्दी साहित्य का इतिहास विजयेन्द्र स्नातक।
34. हिन्दी साहित्य का इतिहास पूरनचन्द टण्डन ।डॉ. विनीता कुमारी ।
35. स्ट्रेटेजीज इन क्रिटिसिज्म हेराल्ड पी. सिमन्सन।
36. हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी।
37. हिन्दी साहित्य का आदिकाल डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी।

****

मालवी बोली का तुलनात्मक व्याकरण

अशोक बैरागी *

प्रस्तावना –किसी भी भाषा का अपना एक व्याकरण होता है, जो नियम क्रम पर आधारित होता है। भाषा की नियमावली को उसका व्याकरण कहा जाता है। हिन्दी भाषा या इससे मिलती जुलती भाषा या बोलियों के व्याकरण में ध्वनि, वर्तनी, विराम चिह्न, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय, शब्द रचना, संरचना, रस, अलंकार एवं छंद आदि भेद प्रयुक्त होते है। चूँकि मालवी हिन्दी भाषा के समान राजस्थानी भाषा की एक बोली के रूप में प्रचलित है, तो इसका व्याकरण भी हिन्दी के व्याकरण से मिलता जुलता ही होगा, लेकिन मालवी बोली के ऊपर अन्य भाषा बोलियों के प्रभाव एवं अपनी मौलिकता के कारण कुछ परिवर्तन हुआ है। मालवी के व्याकरण पर भी यह परिवर्तन दिखाई देता है। मालवी बोली के व्याकरण की तुलना हिन्दी और अन्य भाषा बोलियों के साथ करने पर हमें इनके साथ मालवी की समानता और भिन्नता दिखाई देती है।

प्राचीन काल से ही मालवी हमें अनेक भाषा बोलियों के साथ अपना तालमेल बिठाती दिखाई देती है। चाहे वह संस्कृत हो, पालि हो, प्राकृत हो या अपभ्रंश से होती हुई हिन्दी हो। **'हिन्दी की अनेक बोलियों में प्रचलित शब्द 'मोर' (मयूर) का अशोक के शिलालेखों में पाया जाना जन–भाषा की प्राचीन, सजीव परम्परा के उद्घाटन में विशेष महत्व रखता है।'**[1] इस तरह मालवी के शब्दों की तुलना हम संस्कृत एवं पालि से करें तो बहुत समानता दिखाई देती है–

पालि	संस्कृत	मालवी
अग्गि	अग्नि	आगि
पियु	प्रिय	पिय
रूक्खो	रूक्ष	रूखो
ओट्ठ	ओष्ठ	होंठ
रूक्ख	वृक्ष	रूंखड़ो/रूंख
खीर	क्षीर	खीर
लोण	लवण	लूण

'छन्दस की वैदिक भाषा ने तत्कालीन देशी भाषा से संस्कृत का रूप ग्रहण किया। फिर संस्कृत ही समय–समय पर देशी भाषा के सहयोग से प्राकृत में ढली। अवसर आने पर प्राकृत को भी अपनी आन्तरिक रूढ़ि दूर करने के लिये लोकभाषा की सहायता लेनी पड़ी। फलत: भारतीय आर्य भाषा की अपभ्रंश अवस्था उत्पन्न हुई, जिसने आगे चलकर गुजराती, राजस्थानी, पंजाबी, ब्रज, अवधी, आदि का रूप धारण किया।'[2] मालवी के व्याकरण के विकास के बीज हमें यही प्राप्त होते हैं। आधुनिक देशी बोलियों के मिश्रण का आभास हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण के रचना काल से अवश्य मिलने लगता है। उनकी 'देशी नाममाला' में अनेक ऐसे शब्दों का संग्रह है, जो प्राकृत ही नहीं संस्कृत साहित्य में भी अप्रयुक्त हैं। ऐसे शब्दों का प्रयोग बोलचाल की भाषा में होता रहा होगा, यह सहज ही सोचा जा सकता है। हेमचन्द्र की 'देशी नाममाला' में आये हुए कुछ शब्द यहाँ द्रष्टव्य है, जो किंचित् ध्वनि परिवर्तन के साथ आज भी मालवी में प्रचलित है–

उक्खली (औखली)	गग्गरी (गागरी)
उड़िढो (उड़दा)	गुत्ती (गाँती)
छिण्णालों (छिनाल)	औड्डणं (औढणी)
जोवारी (धान्य)	औसरिया (ओसारी)
झाड़ (लतागहनम्)	उंबी (बक्क गोधूम)

अपभ्रंश या हिन्दी भाषा में जहाँ उकार बहुल प्रवृत्ति परिलक्षित होती है, प्रचलित मालवी में ओकार बहुल शब्दों का ही अधिक्य है।

1. सर्वाधिक रूप से प्रचलित 'ड' का प्रयोग मालवी में 'ड' के रूप में होता है।
2. शब्द के अन्त में 'ड' अथवा 'ड़' जोड़कर तद्भव शब्दों को देशी प्रभाव में अनुकूल बनाने की प्रवृत्ति भी उल्लेखनीय है– गौरी–गोरड़ी, रात–रातड़ी आदि।
3. 'श' 'ष' के स्थान पर प्राय: 'स' का ही प्रयोग होता है।
4. 'न' के स्थान पर 'ण' का प्रयोग भी दिखाई देता है।
5. वर्ण, विपर्यय का भी एकाध उदाहरण मिल जाता है।
   ल–न लीम्ब–निम्ब
   लीमड़ी–नीमड़ी
   द–ध दुद्–दूध
6. निर्विभक्तिक पदों में परसर्गों का प्रयोग– तणे, केर, केरा।
7. सर्वनाम में महारा (म्हारा) एवं 'हउं' का प्रचलन।
8. जो, सो, किं, काइं, क्यां, (क्या), के (अथवा) ज् (निश्चयबोधिक) आदि का प्रयोग अपभ्रंश और मालवी में समान रूप से पाया जाता है।
9. नकारात्मकता का द्योतक शब्द 'ण' मालवी में 'नी' 'नई' के रूप में प्रचलित है।
10. संख्या–सूचक कुछ शब्दों का स्वरूप और उच्चारण भी समान है–
    सउ (100) बत्तीसड़ा (32) दुइ/दोई (2)
11. संयुक्त व्यंजनों में सरलता लाने की दृष्टि से किया गया क्षतिपूरक दीर्घीकरण भी वैसा ही है–
    नीसासा–निस्सास ऊसास–उस्सास
    नीसरया–निस्सरइ विसरयो–विस्सरइ

मालवी में बहुधा हिन्दी की प्रचलित नागरी वर्णमाला का उपयोग होता है, परन्तु उसके कुछ अक्षर न्यूनाधिक हो गए हैं। स, श, ष के स्थान पर मालवी में 'स' का उपयोग होता है। मंदसौर क्षेत्र में 'ष' का प्रयोग होता है। रजवाड़ी और सौंधवाड़ी में 'स' का 'ह' भी हो जाता है। हिन्दी के समान मालवी में भी 'ऋ' का उच्चारण 'रि' ही होता है। आदर्श ग्राम्य मालवी में 'ळ'

* शोधार्थी (हिन्दी) नेट–जेआरएफ, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

का भी उच्चारण होता है।

मालवी ओकारान्त भाषा है। इसका उल्लेख आचार्य भरत ने भी अपने नाट्यशास्त्र में भी किया है। लिंग, वचन, के अनुसार उनके उच्चारण में परिवर्तन होता रहता है। जैसे–रामो, घोड़ो, लाड़ो, गयो, रोयो, बोयो आदि। बहुवचन में ये शब्द आकारान्त हो जाते हैं। मालवी में प्रतिपादक स्वरान्त और व्यंजनात होते हैं– ओगो, धरड़, जनोई, आरो आदि स्वरान्त हैं और न्याव्, वराप्, भाँत्, निरांत्, राम् आदि व्यंजनात हैं। **'मालवी में 'और' शब्द के लिए 'अने', 'अन' आदि शब्दों का प्रयोग व्यापक रूप से होता है– रोटी अने दाल, माँ अन बाप आदि। इसके अतिरिक्त शब्द विकृत करने की प्रवृत्ति भी पाई जाती है– किसन–किसन्यो, बालक–बालूड़ो, रूपया–रूपट्टी आदि।'**[3] मालवी में संज्ञा रूप बहुधा हिन्दी जैसा ही है। हीनता, लघुता या घृणा प्रकट करने वाले संज्ञा शब्दों में 'ड़ा' प्रत्यय लगाया जाता है। टुकड़ो, गामड़ो, बापड़ो आदि, किंतु इनके पानड़ो, पछोड़ो, उगाड़ो, कराड़ो जैसे अनेक अपवाद भी प्राप्त होते है। मालवी में हिन्दी के समान एकवचन और बहुवचन हैं। बहुवचन बनाने के लिए 'होन' और 'ना' प्रत्यय लगाया जाता है। स्त्रीलिंग में 'या' प्रत्यय लगाते हैं जैसे–लोगहोन, लोगाना, या लोगायाँ आदि।

कर्त्ता सम्बंध और सम्बोधन कारक के अतिरिक्त मालवी के सब कारक हिन्दी से भिन्न होते हैं। जैसे–

कारक	कारक चिह्न
कर्ता	ने
कर्म	के
करण और आपदान	से, ती
सम्प्रदान	सारू, वास्ते, कारणे, ताँइ लोकगीतों में प्रयुक्त होते हैं।
अधिकरण	में, पर, उप्पर, पे
सम्बन्ध	का, के, की/रा, रे, री
सम्बोधन	अरे, ए, ओ

मालवी में भी हिन्दी के समान दो लिंग होते हैं– पुल्लिंग और स्त्रीलिंग। पुल्लिंग और स्त्रीलिंग के प्रयोग के नियम भी हिन्दी के समान ही हैं। कई बार स्त्रीलिंग बहुवचन का प्रयोग पुल्लिंग जैसा होता है– बेन तम काँ से आया?, वी काँ से आया?

मालवी के विशेषण में हिन्दी के समान लिंग, वचन, कारक के अनुसार परिवर्तन होते हैं। जैसे कालो, गोरो, लंगड़ो, टुंटो, खरो, खोटो आदि। मालवी में सर्वनाम छ प्रकार के होते है–

	एकवचन	बहुवचन
उत्तम पुरूष	म्हूँ, मैं	हम म्हें
मध्यम पुरूष	तम, थू, थने	तम, तमारे, आपके
अन्य पुरूष	ऊ (उ)	वी
निश्चयवाची सर्वनाम	यो, ऊ	इ, वी
प्रश्नवाची सर्वनाम	किने, कुण	किनाने
सम्बंधवाची सर्वनाम	जो	जिन, जिनाने
अनिश्चयवाची सर्वनाम	कोई	कोई
साकल्यवाची सर्वनाम	एकलो	सब, सगला

मालवी क्रियापद ओकारान्त होता है। प्रेरणार्थक में 'आव' प्रत्यय जोड़ा जाता है–

भणनो–भणावनो कभी–कभी 'आड' प्रत्यय भी जोड़ा जाता है– जीमनो–जीमाड़नो। नाम धातु के लिए 'नो' प्रत्यय भी संज्ञा या विशेषण के अन्त में जोड़ा जाता है। जैसे– घोल–घोलनो।

मालवी में संयुक्त क्रियाएँ दो प्रकार से बनाई जाती है– 1. धातु से धातु मिलाकर, जैसे– कई ग्यो, रई ग्यो, पोंची ग्यो आदि। 2. धातु से पहले कोई संज्ञा, क्रियाजात विशेष्य या कृदन्त पद जोड़कर। जैसे– बुलावो देनो, खूँटे बांधनो, आड़ो फरनो आदि। वचन, काल, पुरूष, लिंग, वाच्य के कारण क्रिया का रूप विकार होता है। उदाहरणार्थ–

1. वाच्य–कृतवाच्य– हमने न्हइल्यो है। छोरी रोटी पोइरी है।
   कर्मवाच्य– कपड़ा सिवई रिया है।
   भाववाच्य– म्हार से चल्यो नी जावे।
2. काल– मालवी में भूत, वर्तमान और भविष्य काल प्रयुक्त होते हैं।
   मालवी में सामान्य क्रियाएँ ओकारान्त होती है।

अन्तिम 'अ' को 'य' में बदलकर सामान्य भूतकाल की क्रियाएँ बनाई जाती हैं।

एकाक्षरी धातुओं से सामान्य भूतकाल बनाने के लिए उसमें 'या' लगा देना पड़ता है।

सामान्य भूतकाल की क्रियाएँ लिंगों, वचनों और पुरूषों में अपरिवर्तीत बनी रहती हैं।

किसी भी काल के बहुधा क्रियाओं के तृतीय पुरूष के दोनों वचन समान रूप होते हैं।

सामान्य भूतकाल की क्रिया में 'हें' लगाने से वह आसन्न भूतकाल की क्रिया बन जाती है, जो सभी लिंग, वचन और पुरूष में समान रूप में रहती है।

मालवी में तात्कालिक वर्तमानकाल के रूप पड़ीयों, जइयों, लिखियों होते हैं, जो हिन्दी और राजस्थानी से भिन्न है। अविकारी या अव्यय बहुधा हिन्दी के समान है।

मालवी तत्सम/तद्भव शब्दों में जब उपसर्ग लगाते है तो ऐसी स्थिति बनती है–

तत्सम	उपसर्ग	तद्भव	उपसर्ग
अप	अपजस	निर	निरमोइलो
को	कोजस	अद	अदवेंड्यो
अ	अजाण्यो	स	सभाव

मालवी का सामासिक रूप भी हिन्दी जैसा ही है और उससे समानता रखता है।

मालवी के व्याकरण का तुलनात्मक अध्ययन करने पर हमें ज्ञात होता है कि मालवी की अपनी वृहद शब्दावली है। उसका व्याकरण हिन्दी से साम्यता रखता है, किंतु वह उससे अलग और मौलिक है। आज मालवी के व्याकरण को सहेजना और उसे परिभाषित करना अत्यंत दुष्कर कार्य है। मालवी बोली कई बोली–भाषाओं के शब्दों की खिचड़ी है। इसमें कई बोलियों के शब्द आ जाने से यह व्याकरणिक दृष्टि से पूर्ण हो पाई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अशोक – आर. के. मुखर्जी, राजकमल प्रकाशन, पृष्ठ 245
2. मालवी एक भाषा शास्त्रीय अध्ययन – डॉ. चिंतामणि उपाध्याय, पृष्ठ 12
3. मालवा की उपबोलियाँ और उनका सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य – डॉ. शशि निगम, पृष्ठ 36

****

नक्षत्रों के साथ खेती

डॉ. अनुसुईया अग्रवाल *

प्रस्तावना – विश्व के मानचित्र पर भारत एक कृषि प्रधान देश के रूप में अपनी पहचान अंकित किए हुए है। दरअसल भारत भूमि के संस्कारी जनों का अपनी जड़, अपनी जमीन और अपनी जमीर से गहरा लगाव है। भारतवासी के लिए यहां की धरती जमीन का एक टुकड़ा मात्र नहीं है; वे इस पर खेती कर, इसकी उर्वरा शक्ति का उपयोग कर, इसके सीने को हरा– भरा कर, इसकी अंतर्निहित शक्ति का उपयोग कर इसके प्रति अपने कर्ज को चुकाने का अनूठा भाव रखते हैं और यहाँ की धरती भी धान के रूप में सोना उगल कर अपनी संतानों का मान रखती है।

यूं तो भारत के अनेक प्रदेशों में धान की खेती की जाती है तथापि छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक क्षेत्रों में धान की खेती किए जाने के कारण, इस राज्य को 'धान का कटोरा' के नाम से जाना जाता है। यह विशेषण कृषि क्षेत्र में इसकी मुकम्मल पहचान का परिचायक है। '1,35,000 वर्ग कि. मी. क्षेत्र में फैले छत्तीसगढ़ में 2,07,95,956 लोग निवास करते हैं। जिनमें से मुख्य कार्यशील व्यक्तियों में 80 प्रतिशत से ज्यादा लोग खेती पर निर्भर हैं। इस आंकड़े के आधार पर यदि कहें कि छत्तीसगढ़ का अतीत, वर्तमान और भविष्य का पूरा तापमान कृषि पर केन्द्रित है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।'[1] कृषि और धान हमारी संस्कृति में इस तरह रचे– बसे हैं कि इसके बिना अपने होने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते।

तथापि आज जब मॉल संस्कृति का आकर्षण सिर चढ़कर बोल रहा है। इंटरनेट घर– घर में ही नहीं है अपितु मोबाईल के जरिये पूरी दुनिया जेब– जेब में लोगों के है। आज जब पिज्जा, बर्गर और कटलेट जैसे लज़ीज़ व्यंजन लोगों की पॉकेट ही ढ़ीली नहीं कर रहे हैं अपितु उनके सेहत के साथ भी मनमाने खिलवाड़ कर रहे हैं। आज जब आत्मीयता खत्म होने लगी है, रिश्ते बेमानी और क्षणिक होने लगे हैं; तब देश का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो पूरी तरह आज भी 'खेत के कोना को सोना मानकर' पूरी निष्ठा के साथ धरती के साथ अपने अटूट और आत्मीय रिश्ते को निभा रहा है। उसे अपनी उस जमीन से सर्वाधिक लगाव है और उनके लिए खेती कर्म या धंधा नहीं बल्कि जीवन शैली है। कोई प्रलोभन और कोई लालच उन्हें अपने इस धरोहर से अलग नहीं कर पा रहा है।

यद्यपि वे खेती बेहतर ढंग से हो इसके लिए अनेक तरीके अपना रहे हैं। इसलिए नैसर्गिक और प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण इस क्षेत्र में उन्नत किस्म के बीजों के इस्तेमाल और तकनीकी तरीकों से किए जाने वाले प्रयासों के फलस्वरूप अल्प अवधि में ही उन्नत कृषि कर भरपूर फसलें और धान की अनेकानेक किस्में प्राप्त की जा रही हैं। संजय त्रिपाठी के अनुसार 'देश में जनता की कृषि पर निर्भरता तथा उनके लिए कृषि के महत्व को इस बात से ही समझा जा सकता है कि जनसाधारण के उपभोग बजट में कृषि उत्पाद का हिस्सा लगभग 85 प्रतिशत होता है। विश्व के मुख्य विकासशील देशों में अग्रणी होने के बाद भी भारत आज कृषि प्रधान देश है।[2] तथापि इस उपलब्धि प्राप्ति के अनेक कारणों में एक कारण हमारे पूर्वजों की सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति और तर्को के द्वारा की गई नीतियों, विश्वासों और धारणाओं का भी है। जिन्हें यदि विज्ञान के ढंग से भी देखें तो इनकी वैज्ञानिकता और प्रमाणिकता को महसूस कर दांतों तले अंगुली दबा लेने को विवश होना पड़ता है।

यथा– खेती के मास्टर माइंड हमारे पूर्वजों ने कम लागत में बढ़िया फसल प्राप्ति के लिए नक्षत्रों पर निर्भर होने की बात कही थी; तद्नुसार नक्षत्रों के आधार पर यदि खेती की जाए तो धरती सोना उगलती है। नक्षत्रों पर केन्द्रित एक उक्ति का अवलोकन करें–

रोहिनी बरसै, मृग तपै, कुछु कुछु अदरा जाय,
घाघ कहे सुन घाघिनी, कुकूर भात न खाय।

अर्थात रोहिणी नक्षत्र में खूब वर्षा हो, मृगशिरा नक्षत्र में खूब गर्मी पड़े और आद्रा नक्षत्र में कुछ– कुछ वर्षा हो तो अन्न की पैदावार इतनी अधिक होती है कि कुत्ता भी भात नहीं खाता।

नक्षत्रों के आधार पर कृषकों के लिए ऐसी ही ज्ञानपरक, नीतिपरक, शिक्षाप्रद अनके तथ्य प्रतिपादित किए गए हैं; जिसे तालिका रूप में यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है; जिसका ध्यान रखकर कृषक अपना धर्म और बेहतर ढंग से निभा सकते हैं। [3] –

ग्रीष्म नक्षत्र के शतभिषा, पूर्वाभाद्रा, उत्तराभाद्रा, रेवती, भरणी, कृतिका व रोहिणी तथा शीत के ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, घनिष्ठा नक्षत्र में धान से संबंधित कोई कार्य नहीं किया जाता है। **(तालिका देखे अगले पृष्ठ पर)**

तालिका में हर नक्षत्र के प्रारंभ एवं पूर्ण होने की दो तिथियों का आशय यह है कि यदि फरवरी 28 दिनों की होती है तो नक्षत्र लगने की तिथि पहली होगी और यदि फरवरी 29 दिनों की है तो नक्षत्र लगने की तिथि बाद की होगी। इस तरह अंग्रेजी माह की तारीखों के साथ नक्षत्रों के लगने और पूर्ण होने का अनूठा सामंजस्य इस तालिका में प्रस्तुत किया गया है।

नक्षत्रों से जुड़ी एक घटना का भी तालिका लेखक ने स्मरण किया– कि जब वर्षाकालीन धान की खेती के लिए 10 जून की सुबह धान का थरहा डालना तय था किन्तु मौसम की प्रतिकूलता के कारण काम करने वाले 'कामदार' बार– बार पुनर्विचार हेतु कह रहे थे; पर पूर्व निर्धारित समय पर ही जब लेखक ने काम किए जाने के संबंध में अपनी दृढ़ता दिखाई तो मन मारकर निर्धारित समय पर उन्होंने काम किया और शाम होते– होते मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश से पूरी धरा तरबतर हो गई, मानों सुबह डाले गए 'धान के थरहा विषयक कार्य पर' विधाता ने अपनी मुखर स्वीकृति का सील मोहर लगा दिया हो और औचक रह गए वो कामदार; जो मना कर रहे थे बाद में अपनी खीझ छिपाते हुए उन्होंने कहा– 'भगवान घलव बड़े आदमी के सुनथे गा।'

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी) शा. म. व. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद (छ.ग.) भारत

जबकि वास्तविकता यही है कि गाँव का कृषक समुदाय इन नक्षत्रों को देखकर ही कृषि कर्म प्रारंभ करते हैं। ये नक्षत्र कृषकों के लिए पथ संकेत है। इन नक्षत्रों पर केन्द्रित अनेक उक्तियाँ जन सामान्य के बीच प्रचलित और लोकप्रिय है जो ग्रामीण कृषकों का 'मौसम शास्त्र' है। यथा–

'अदरा धान पुनरबसु बदरईया, मरे किसान न खाय चिरईया।'

अर्थात यदि आद्रा नक्षत्र में धान नहीं बोया गया तो समझो किसान चूक गया क्योंकि बाद में बोये जाने वाले धान झड़ जाते हैं और उसे पक्षी खाते हैं।

'चित्रा गहूं अदरा धान, ओखर सेंदरी न येखर घाम।'

अर्थात चित्रा नक्षत्र में गेहूँ और आद्रा नक्षत्र में धान बोने से न तो गेहूँ को सेंदरी नामक बीमारी लगती है न ही धान को धूप से नुकसान पहुँचता है।

'मघा के बरसे अऊ दाई के परसे।'

अर्थात मघा नक्षत्र में भरपूर जल वृष्टि होती है जो किसान के लिए वैसा ही पर्याप्त और तुष्टिदायक होता है जैसे माता के द्वारा परोसा भोजन संतान के लिए तुष्टिपूर्ण होता है। यानि मघा नक्षत्र की जल वृष्टि से किसान को और माता के परोसने से संतान को भरपूर तृप्ति मिलती है।

'एक घाव जब बरसे स्वाति, कुरमिन पहिरे सोन के पाती।'

अर्थात स्वाति नक्षत्र में एक बार भी वर्षा हो जाए तो इतनी बढ़िया फसल होती है कि उससे प्राप्त भरपूर आमदनी पर गौटनींन (गौटिया (संपन्न किसान) की पत्नी) सोने की पाती पहनती है।

'हाथी बरसे तीन भय, उरदा तिली कपास।'

अर्थात हस्त नक्षत्र की वृष्टि से उड़द, तिल और कपास की कम फसल होती है।

'अदरा के धान, स्वाति के गहूँ, गोसईया रहे चाहे कहूँ।'

अर्थात यदि धान को आद्रा नक्षत्र का और गेहूँ को स्वाति नक्षत्र का जल मिल जाये तो किसान को अन्न की भरपूर पैदावार मिलेगी ही; चाहे वो कहीं भी क्यों न रहे।

निष्कर्षत: कह सकते हैं कि यदि इन नक्षत्र रूपी पथ संकेतों को कृषि कर्म से जुड़ा कृषक अनदेखा करता है तो संभव है कि ऐसी स्थिति निर्मित हो जाये कि अनावृष्टि या अतिवृष्टि के कारण अकाल, आर्थिक दुर्दशा, भुखमरी एवं पलायन जैसे अभिशाप ग्रामीण कृषकों का भाग्य बन जाये। जबकि यदि नवोन्मेषी/ प्रगतिशील कृषक नवाचार के साथ इन परंपरागत संकेतों को ध्यान रखकर कृषि कर्म में प्रवृत होते हैं तो अच्छा उत्पादन और वर्ष भर की खुशहाली प्राप्त कर सकते हैं। यदि कृषकों के द्वारा अनुभव प्रसूत इस तालिका को आधार मानकर खेती की जाती है तो निसंदेह कृषक समृद्धि में नवाचार को और अधिक सुदृढ़ता प्राप्त होगी तथा कृषक उन्नत और श्रेष्ठ खेती कर कृषि को लाभदायी व्यवसाय बना सकेंगे। इतना ही नहीं कृषकों के जीवन स्तर में सुधार के अवसर में भी वृद्धि होगी और कृषि कर्म से जुड़े प्रगतिशील कृषकों, कृषि वैज्ञानिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं और कृषि अध्येताओं को इनके माध्यम से कृषक जीवन की अंतरंग गतिविधियों के अनुशीलन के लिए नई दिशा भी मिल सकेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. उत्तर औपनिवेशिक समय में किसान– सं. डॉ. राम किंकर पाण्डेय, जे. टी. एस. पब्लिकेशन्स दिल्ली, प्र. सं. 2016, पृ. 246
2. छत्तीसगढ़ वृहद संदर्भ– संजय त्रिपाठी, उपकार प्रकाशन आगरा, पृ. 50
3. छत्तीसगढ़ी संगठन युग– सं. बद्री विशाल अग्रवाल, लेखक– डॉ. संतोष अग्रवाल, जुलाई 2013, पृ. 10

नक्षत्रों का चार्ट

क्र.	नक्षत्र के नाम	अंग्रेजी माह में अवधि	क्या करें
1	मृगशिरा	7/8 जून से 20/21 जून	थरहा डालने का समय
2	आर्द्रा	21/22 जून से 4/5 जुलाई	धान की बोनी का समय
3	पुनर्वसु	5/6 जुलाई से 18/19 जुलाई	थरहा संरक्षण
4	पुश्य	19/20 जुलाई से 1/2 अगस्त	बियासी/ रोपाई
5	अश्लेशा	2/3 अगस्त से 15/16 अगस्त	निंदाई/ बियासी
6	मघा	16/17 अगस्त से 29/30 अगस्त	पौध संरक्षण
7	पूर्वाफाल्गुनी	30/31 अगस्त से 12/13 सितम्बर	बौना प्रजाति गभोटकाल
8	उत्तराफाल्गुनी	13/14 सितम्बर से 25/26 सितम्बर	ऊँची प्रजाति गभोटकाल
9	हस्त	26/26 सितम्बर से 9/10 अक्टूबर	अनिवार्य पौध संरक्षण
10	चित्रा	10/11 अक्टूबर से 22/23 अक्टूबर	बाली निकलना और परागण
11	स्वाति	23/24 अक्टूबर से 4/5 नवम्बर	बाली संभरण
12	विशाखा	5/6 नवम्बर से 18/19 नवम्बर	बौनी प्रजाति तैयार
13	अनुराधा	19/20 नवम्बर से 1/2 दिसम्बर	ऊँची प्रजाति तैयार

****

जीवनानुभूतियों से जुड़े त्रिलोचन जी

डॉ. सरोज जैन *

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य जगत के यशस्वी विद्वान, साहित्यकार, जनवादी कवि श्री त्रिलोचनशास्त्री प्रगतिशील कवि रहे। श्री त्रिलोचन केदारनाथ अग्रवाल और नागार्जुन की भांति प्रगतिशील खेमे से नयी कविता में आए। उनकी कविताओं में जन सामान्य की दैनन्दिन अनुभूतियों की बड़ी सफल अभिव्यक्ति हुई है। सानेटों उनका प्रियाछन्द रहा है। जिस प्रकार तुलसीदास को हम उनकी चौपाइयों से, बिहारी को उनके दोहों से मैथिलीशरण गुप्त को उनकी हरिगीतिका से पहिचानते है उसी प्रकार त्रिलोचन जी को उनके सानेटों से पहिचाना जा सकता है। स्वभाव से सरल, सहज, दो टूक कथन शैली उनके व्यक्ति की विशेषता रही है। मुक्तिबोध सृजन पीठ के अध्यक्ष रहे बहुभाषाविज्ञ श्री त्रिलोचन जी ने अपने कार्यकाल में अनेक कार्यषालाएं आयोजित कर छात्रों को कविता और साहित्य से परिचित कराया। उनका निधन निश्चय ही हिन्दी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है। वे साहित्य मर्मज्ञों के लिए चिरस्मरणीय रहेंगे।

त्रिलोचन शास्त्री देश के उन बड़े कवियों में थे, जिनका वास्तविक महत्व नहीं पहचाना गया है। किसान परिवार में जन्मे वासुदेवसिंह कवि के रूप में त्रिलोचन जी के नाम से प्रसिद्ध हुए। त्रिलोचन जी हिंदी में सॉनेट के रचयिता के रूप में ही अधिक प्रसिद्ध हुए। 20वीं सदी के उत्तरार्द्ध में त्रिलाचन जी ने प्रचुर सॉनेट रचे। राजकिशोर के अनुसार– 'त्रिलोचन जी हिंदी में सॉनेट के रचयिता के रूप में ही अधिक जाने जाते हैं। उन्होंने 20वीं सदी के संपूर्ण उत्तरार्द्ध में इतने सॉनेट रचे हैं कि उतने स्पेंसर, शेक्स पियर और मिल्टन ने भी नहीं रचे।' सॉनेट के अलावा उन्होने गीत, बखै, गजल, चतुष्पदियां और कुछ कुण्डलियां भी रची है। मुक्त छंद की अनेक लघु और दीर्घ कविताएं भी उनके काव्य संसार को समृद्ध करती है। सॉनेट धुन के साथ गायी जाने वाली कविता है। ऐसी छोटी धुन जो मे डोलिन या ल्यूटर (एक प्रकार का वाद्य यंत्र) पर गायी जाती है।

अमर साहित्यकार त्रिलोचन जी ने अनेक काव्यों का सृजन किया धरती (1945) दिगन्त (1957) ताप के ताय हए दिन 1980 उस जनपद का कवि हूं 1981 अरघान 1983 गुलाब और बुलबुल 1985 अनकही भी कुछ कहानी है 1985, तुम्हें सौपता हूं 1985 फूल नाम है एक 1985 चैनी 1987 , सबका अपना आकाश 1987 अमोला 1990। इनके अतिरिक्त देशकालकथा 1986 काव्य और अर्थ बोध 1995 आलोचना का सृजन किया गया। ताप के ताए हुए दिन (कविता संग्रह) क लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरूष्कार से नवाजा गया।

त्रिलोचन जी का सागर विश्वविद्यालय से गहरा रिष्ता था विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को और छात्रों से उनका आत्मीय लगाव था। प्रो. सुरेश आचार्य के अनुसार– त्रिलोचन हिंदी में सॉनेट का प्रयोग करने वाले महत्वपूर्ण कवि थे। ताप के ताए हुए उनकी चर्चित कविता संग्रह है। संस्मरणों का तो उनके पास भंडार था। प्रो. गोविंद द्विवेदी के अनुसार– सागर में रहते हुए त्रिलोचन जी यहां के नई पीढी के कवियों, साहित्यकारों के प्रेरणा स्रोत रहें।' उनमें गहरी संवेदनशीलता और समझदारी विद्यमान थी। वे जितने अच्छे कवि थे उतने ही जनप्रिय विद्वान। लेकिन उनकी विद्वता कविता में अवरोधक नहीं बनी। त्रिलोचन जी ने उस समय छंद में कविताएं लिखी जिस समय छंद का प्रयोग बहुत कम होने लगाथा। वे शब्द के पाखी थे। उन्होने अपनी कविताओं में जन सामान्य की बोली से लोकजीवन का सारांश प्रस्तुत किया। उनका पूरा जीवन ही सत्य के लिए समर्पित था। त्रिलोचन जो देश के उन बड़े कवियों में सेथे जिनका वास्तविक महत्व पहचाना नहीं गया। वे हिंदी के मूर्धन्य कवियों में से एक थे, जिनका व्यक्तित्व इतना विशाल था कि उसकी उपेक्षा या अनदेखी करना किसी के लिए भी संभव न था।

त्रिलोचन जी का व्यक्तित्व सहज भारतीय का व्यक्तित्व था। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों में ही भारतीयता कूट–कूट कर विद्यमान थे। परंपरा से जुड़े रहने के बाद भी उनकी कविता में आधुनिकता की सुंदरता विद्यमान थी। तुलसीदास की कविताओं में अक्खड़पन मिलता है, जो उन्हें दीनतावाले कवियों से अलग करता है। त्रिलोचन जी के व्यक्तित्व और लेखन जो बेलौसपन अक्खड़ता और प्रगतिशील आग्रह था, उसका सार तत्व उन्होंने अपनी परंपरा से लिया था, शेष उनका अपना बनाया हुआ था। त्रिलोचन जी खांटी देशी आदमी थे। यहां तक कि उनका उच्चारण भी बिलकुल देशी था, जिसमें किसी प्रकार की आधुनिकता या कृत्रिमता नहीं थी। मैं इसके लिए ठेठ शब्द का प्रयोग करना चाहूंगा। इसका एक साक्ष्य यह है कि त्रिलोचन की कविता तद्भव प्रधान है। हिंदी दर असल तत्सम की नहीं तद्भव की भाषा है। तत्समता प्रधान कविता लोकचित्त से दूर होती है।

त्रिलोचन जो प्रकाश और उल्लास के कवि है। 1935 के संकलन 'मै तुम्हें सौपता हूं' लेकर 1983 के बीच लिखी गई कविताओं में धरती की महिमा का बखान है इस काव्य संकलन में त्रिलोचन जी की काव्य यात्रा के उतार–चढ़ाव, मनोभावों के बदलाव और मानसिक तनाव से कविता सृजन के भाव को समझाा जा सकता है। संग्रह में छोटी–छोटी कविताएं संकलित है। 'शांतिपर्व में वे घर आते दिखाई दे रहे हैं एक अन्य 'काथ रूपक' में ऐतिहासिक रचना यात्रा इस बात को स्पष्ट उजागर करती है कि कवि की रचना में विषय और स्वभाव में समय ने कैसे परिवर्तन किए है। संग्रह की कविताएं उनकी काव्य यात्रा का भीतरी इतिहास है। 1935 के हंस मासिक में छपी 'अंकुर य का वृत्त नामक कविता इस संग्रह की प्रथम कविता है। इस कविता हरित अंकुर ले उठा उभार/प्राप्त कर जग का मृदु व्यवहार में आस्था

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

और धैर्य के साथ मृदुता को सींचने का संकल्प लिया। इन कविताओं में निहित भारतीयता जीवन से संप्रक्त है। ललक नामक कविता में त्रिलोचन जी लिखते है– बड़े फलों की प्रतीक्षा है। डर नहीं है। हसाँ जाऊँगा। दूसरों के हंसने से जो सहमते है वे कायर है। इसलिए वह हर प्रकार के जोखिम उठाने का तैयार है। गरीबी, भूख और अपमान की मार से वह टूटते नही तनकर खडे हो जाते है। तमसो मा ज्योतिर्गमय, चरेवैति, मूलमंत्र गीत जैसी कविताओं में उपनिषदीय ज्ञान धारा का वह प्रवाह है, जो गति को ही जीवन मानता है। उनकी कविताएं इस बात का संकेत देती है कि दृष्टि अपने भीतर के साथ बाहरी जगत की ओर भी है। बाहर की आंच में तपकर प्राप्त अनुभव शब्दाकार ले लेते है। संचय प्यास, निर्झर, क्या कभी एकता आएगी, युग की पुकार, ललक, आत्मालोचन, कर्त्तव्य कर्म, ज्ञान की अग्नि आधुनिक अभिमन्यु, कवि का स्वर, जीवन का रस ऐसी ही कविताएं है। झिझक छोड़ दो । जान छोड़ दो । तन मन का जंजाल तोड़ दो। मन मन जीवन से जीवन। कच्चे कल्पित पात्र फोड़ दो।

1944–45 के मध्य लिखे गए 'शांतिपर्व' खण्ड काव्य में चार काव्य रूपक सम्मिलित है। द्वितीय विश्वयुद्ध की चेतना लिए हुए ये काव्य हंस में प्रकाषित हुए थे। द्वितीय विश्वयुद्ध मानव की विदूप भावनाओं का प्रतिफल था। इस युद्ध ने भारत के पड़ोसी देशों को रौंद डाला और भारत को नए ढंग से सोचने पर मजबूर किया। वे घर आ रहे है, कविता में युद्ध के बाद घर लौटते सैनिकों के विचारों का काव्यबद्ध किया गया है। शैतान और इंसान' में एथेंस की ऐतिहासिक घटना है, जिसमें वे ब्रिटेन के हुणों से मुक्ति खोज रहे है। इन सभी काव्य रूपकों में मुख्य रूप से एक बात नजर आती है। कि त्रिलोचन में जनता, स्वतंत्रता और मानवता के जन अधिकारों के लिए एक तड़प है। यही उनकी उनके सृजन का कारण है।

त्रिलोचन जी की कविता में रोजमर्रा जीवन की घटनाएं मित्र मंडलियां भी सहज रूप से सम्मिलित हो जाती है। कृष्ण दत्त पालीवाल के अनुसार– त्रिलोचन जी की कविताओं में कवि का अंतरंग जीवन भी लिखा गया है। कोई चाहे तो इन कविताओं के भीतर से त्रिलोचन जी की जीवनी भी लिख सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि उनमें ' काव्य–ममता' का बोझ नहीं है। कविता हँसती रोती अपने आप आती है और हर चीज में कवि को एक सौंदर्य दिखाई दे जाता है। प्रगतिवादी कवियों में त्रिलोचन का अध्ययन चिंतन जितना व्यापक और तर्कपुष्ट है उतना अन्य किसी कवि का नहीं।

जनसत्ता, दैनिक समाचार पत्र कृष्णदत्त पालीवाल 8 जून जीवन के दृष्य सौंदर्य की अभिव्यक्ति के लिए त्रिलोचन जी किसी प्रकार की शर्तों से समझौता नहीं करते। वे जनकवि बने रहने में ही गौरव का अनुभव करते है। लोक धुनों और लोकव्यापी छंदों की जैसी सिद्धि त्रिलोचन को प्राप्त है वह हिंदी के बहुत कम कवियों में मिल पाती हैं, स्वयं त्रिलोचन जी के शब्दों में– कविता मेरे लिए समझने– बूझने या समझाने का विषय नहीं, जीने का विषय है। कवि नहीं हो सका यह कसक सदैव कलेजे को सालती रहेगी और अगर वहीं कवि हो जाता तो त्रिलोचन नहीं हो पाने का मलाल जीवन भर रहता।

निश्चय ही त्रिलोचन जी की अनुभूतियां जन जीवन से जुड़ी है और उन जीवनानुभूतियों को अपने सॉनेट के माध्यम से प्रस्तुत करने वाले अन्यतम कवि है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. क्रांति कुमार जैन, नयी कविता, पृ. 128
2. राजकिशोर, दैनिक भास्कर (समाचार पत्र) दि. 16.12.07
3. सुरेश आचार्य, दैनिक भास्कर ।
4. गोविंद द्विवेदी दैनिक भास्कर ।
5. राजकिशोर दैनिक भास्कर 16.12.07
6. कृष्ण दत्त पालीवाल, जनसत्ता, 8.6.07
7. फणीश्वर नाथ रेणु, दैनिक भास्कर, 16.12.07

****

हिन्दी समकालीन कहानी – भारतीय समाज का विभिन्न स्वरूप

डॉ. रागनी चौहान *

प्रस्तावना – हिन्दी कहानी ने समय के साथ साथ चलते हुए आदि से लेकर आज तक राजनीति, सामाजिक आर्थिक आदि स्थितियों और जीवन के परिवेष में हुए बदलावों से सामना किया और मानव जीवन के चारो तरफ के वातावरण को देखा और इन सभी परिस्थियों को कहानीकारों ने महसूस किया, उसे अनुभव कर अपने चिंतन को रचनात्मक मोड़ दिया, जिसके परिणाम स्वरूप समकालीन कहानी का उदय हुआ। समकालीन कहानी में कहानीकारों ने अनेक तनावों और विचारों की टकराहट के बीच होते हुए अपनी पहचान बनाई। हिन्दी समकालीन कहानी के प्रवर्तक के रूप में गंगा प्रसाद विमल का नाम लिया जाता है। समकालीन कहानीकारों में उदय प्रकाश, अरूण प्रकाश, अखिलेश, अब्दुल बिस्मिलाह, असगर वजाहत, काशीनाथ सिंह, कृष्णा सोबती, गोविंद मिश्र, गिरिराज किशोर, चित्रा मुगदल, जवाहर सिंह, नासिरा शर्मा, प्रियवंद, पंकज बिष्ट, मालती जोशी, मृणाल पांडे, मेहरून्निसा परवेज, अलका सरावगी, चंद्रकाता, राजेश जोशी, रमेश चंद्र शाह, रूपसिंह चंदेल, राजी सेठ, शैवाल, विजय, श्रवण कुमार, सुरेश कंटक, सुनील सिंह, सुरेश उनियाल, सृंजय सतीष जमाली आदि का नाम लिया जाता है।

समकालीन कहानी में भारतीय समाज के विविध रूप/आयाम –

1. **समकालीन कहानी मानवीय संवेदनाओं का भण्डार –** समकालीन कहानी मानवीय संवेदनाओं का भण्डार है। उसमें आज के समय के गहन विचारों, दबावों, कुटिलताओं, निराशा, आशाओं, भय–आशंकाओं, प्रेम–घृणा, आकांक्षाओं और संभावनाए है। समकालीन कहानी ने जीवन के यथार्थ के छोटे से लेकर बड़े बदलाव को उजागर किया है। देश और समाज से संबंधित अनेक गंभीर और बेबाक चिंताजनक सवालों को खड़ा किया। समकालीन कहानी ने मानवीय जीवन को यथार्थ के धरातल में अनेक विचारों को अनुभवों को, भावनाओं को व्यक्त किया है।

2. **समाज से जुड़ी हुई कहानी –** समकालीन कहानी की विशेषता यही है कि वह समाज से जुडी हुई कहानी है अर्थात वह समाज से जुडे हर वर्ग के व्यक्ति, उसके अस्तित्व और उसकी सोच की कहानी है। समकालीन कहानी ने कमजोर मजलूम आदमी को जीवन जीने के लिये ऐसा दृष्टिकोण दिया, जिससे वह असहाय जीवन के बदले एक सार्थक जीवन पा सके। अपनी सोच को सकारात्मक रूप दे सके।

3. **समकालीन कहानी यथार्थ की कहानी –** समकालीन कहानी देश, समाज व मानवीय जीवन की यथार्थ की कहानी है। इसने यथार्थ के परे यथार्थ को प्रकट किया है। सच को बिना किसी लाग लपेट के प्रस्तुत किया है। मानवीय संबंधो में गिरावट आना, रिश्तों में अलगाव, करूणा सहानुभूति के स्थान पर स्वार्थपरकता, नगरों महानगरों में बसने वाले आम आदमी से लेकर धनवान तक की मन मस्तिष्क की पीडाओं, निराशा आदि एवं देश व समाज में फैले भ्रष्टाचार कालाबाजारी, घूस प्रवृत्ति, बेईमानी को परत दर परत समकालीन कहानी ने खोला है।

4. **समकालीन कहानी : दलित विमर्श –** समकालीन कहानियों में दलितों के जीवन से जुडी हुई हर अच्छी–बुरी, श्रेष्ठ–न्यूनतम स्थितियों को दिखाया गया है। भारतीय समाज में हर जाति और धर्म के दलितों की स्थिति एक जैसी ही रही है। इसे समकालीन कहानीकारों ने अपनी कहानियों में आत्मबोध और विशिष्ट सामाजिकता के साथ– बखूबी प्रस्तुत किया है कि किस तरह समाज आज भी परंपरागत जातिगत भेद–भाव, छुआ–छूत, ऊंच–नीच की लकीर पार ही नहीं कर पाया है।

5. **समकालीन कहानी : आम आदमी की कहानी –** आम–आदमी समकालीन कहानी का प्रमुख पात्र या केन्द्र बिन्दु रहा है। इसी आम–आदमी के चारों ओर के वातावरण को समकालीन कहानी दिखाती है। यह आम – आदमी वो है, जो सर्वाधिक त्रस्त है, दुखी, इसे जीवन में ज्यादा संघर्ष को झेलना पड़ता है, कितना टूट जाता है इन संघर्षो से और कभी – कभी तो जीवन यापन की दैनिक जरुरतों के लिए अनैतिक राह में चलना भी स्वीकार लेता है।

6. **समकालीन कहानी में विरोध की गूंज –** समकालीन हिन्दी कहानी में विरोध करने की प्रवत्ति रही है। समकालीन कहानी का यह विरोध व्यक्तिगत स्तर पर और सामूहिक स्तर का भी रहा है। समकालीन कहानी न व्यक्ति के प्रति भी विरोध प्रकट किया और समूह के प्रति भी।[1] समकालीन कहानीकारों ने अपनी माध्यम से राजनीति, सामाजिक, शिक्षा, न्याय–व्यवस्था आदि में जो भी बुराईयां और कुरितियां–कमियां नजर आयी उसके प्रति विरोध प्रकट किया।

7. **समकालीन कहानी : स्त्री विमर्श –** समकालीन कहानी में नारी व्यक्तित्व को खुलकर प्रस्तुत किया है। उच्च वर्गीय, मध्यवर्गीय, निम्नवर्गीय नारी स्थिति को सिर्फ अबला ही नहीं सबल रुप में दिखाया। इस कहानी ने स्त्री के दूसरे पक्ष/रुप को भी दिखाया, जो पर – पुरुष प्रेम को बुरा नहीं मानती, अपने भविष्य के लिए मातृत्व सुख को भी नजर अंदाज करती है। विवाह पूर्व या विवाह उपरांत पर पुरुष से यौन संबंध बनाने में संकोच नहीं करती। समकालीन कहानी में हर वर्ग स्त्री के संघर्षो, पीड़ाओं, सकारात्मक, नकारात्मक दोनों रुपों को स्पष्ट : चित्रित किया है।

उपरोक्त कारणों से ही समकालीन कहानी की खास पहचान बनी है। यही वजह रही है कि 'कहानी को फिर कहानी की तरह लिया जा रहा है कोई वाद या नारा नहीं दिया गया। आठवें दशक की कहानी की पहचान 'समकालीन कहानी के नाम से पहचानी जा रही है। [2] इन कहानीकारों में मालती जोशी की पिया–पीर न जानी, पंख तोलती चिड़िया, कहानियां सामाजिक, पारिवारिक वातावरण एवं स्त्री जीवन के संघर्षो को व्यक्त करती

* अतिथि विद्वान (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला–उमरिया (म.प्र.) भारत

है। असगर वजाहत की कहानी किरच-किरच लड़की, बेरोजगारी के चलते युवाओ में किसी भी प्रकार की नौकरी करके जीवन यापन करने को मजबूर जिससे वह संवेदनहीन हो लड़की एक डमी (लकडी का बूत) में परिवर्तित होने को दिखाया है। नासिरा शर्मा की कहानी अपनी कोख, चित्रा मुगदल की प्रेतयोनि कहानी, मृदुला गर्ग की कहानी अब तक विमलाएं, स्त्री के सशक्त रुप को दिखाती है।

निष्कर्ष - समकालीन कहानी ने अनेक सोपनों को पार कर अपना एक नया आयाम बनाया है, और इन्हीं आयामों में चित्रित किया है। यह कहानियां मानवीय संवेदनाओं का विपुल भण्डार है। समाज से जुडी हुई कहानियां है, क्योंकि इसमें समाज के निचले स्तर से लेकर उच्च स्तरीय लोगों के जीवन का रुप दिखाई देता है। मानवीय जीवन के मन-मस्तिष्क में चलने वाले भावों एवं संवेदनाओं के बढ़ते-घटते क्रम को, स्वार्थ निस्वार्थ के कारण बनते-बिगडते रिश्तों के जाल को आम-आदमी के संघर्षो को, जात-पात के खेल एवं दलित-जीवन के उतार-चढ़ाव को, समाज में नारी अधिकारों व उन्नति के खिलाफ होते विरोधी स्वरों को तो कभी इन्हीं अधिकारों के लिए नारी की बुलंद होती आवाज आदि को कहानियों में दिखाया गया है। यह कहानियाँ विभिन्न वर्गो का प्रतिनिधित्व करती है, विभिन्न धर्म, जाति, प्रांत-भाषा एवं सम्पूर्ण भारतीय समाज की तस्वीर दिखाती है। यह भारतीय समाज की व्यवस्था और मानवीय जीवन की गुणवत्ता को बेबाक ढंग से प्रस्तुत करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी कहानी : परंपरा और प्रगति - डॉ. हरदयाल पृ.सं. - 179
2. बीसवीं सदी के अंत में हिन्दी कहानी - डॉ. नीरज खरे, पृ. सं. - 210 से पुन: उद्धर्त।
3. कहानी : स्वरुप और संवेदना - राजेन्द्र यादव, पृ.स. - 45

****

सामाजिक परिवर्तन में मीडिया की भूमिका

डॉ. एस. एस. राठौर *

प्रस्तावना – प्रत्येक समाज की अपनी एक संरचना होती है। अपने व्यवहार प्रतिमान होते है और सामाजिक कार्यो को सम्पादित करने की विभिन्न विधियॉ होती है। इस संरचना, व्यवहार प्रतिमान तथा कार्य विधियों में सदैव परिवर्तन होता रहता है। इसी प्रक्रिया को हम 'सामाजिक परिवर्तन' कहते है। मीडिया सामाजिक ढाँचे को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है । संविधान का अनुच्छेद 19 धारा 1(अ) इसे अपने विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होने के कारण मीडिया का यह दायित्व है कि वह अपने अधिकारों को उचित ढंग से प्रयोग करें । उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है क्योंकि उन्हीं के पास जनता के मतों को आकार देने की सामर्थ्य होती है। मीडिया एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी बात को समाज के लोगों तक आसानी से पहुंचाने में सक्षम होता है।

मीडिया का उद्देश्य एक बड़े जनसमूह तक पहुंचना एवं मूक जनता की आवाज बनना है। यह 'मीडिया' शब्द पहले किताबों व समाचार पत्रों के लिए ही प्रयोग किया जाता था, जिसे प्रिंट मीडिया कहते थे । तकनीकी विकास के साथ मीडिया का स्वरूप बदलता चला गया । अब रेडियो, टेलीविजन, फिल्म, इन्टरनेट सभी मीडिया के महत्वपूर्ण घटक बन गए है। मीडिया वर्तमान परिपेक्ष में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए समाज को सुदृढ़ बना रहा है।

प्रिंट मीडिया अत्यन्त प्राचीन समय से ही जनचेतना व सामाजिक परिवर्तन में अपना योगदान दे रहा है। प्रिंट मीडिया के अंतर्गत आने वाली पुस्तकें, समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ तथा सामाजिक पुस्तिकाएँ सभी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है । 'रोजगार' समाचार पत्र तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली विज्ञप्तियाँ समाज के बेरोजगार लोगों को रोजगार दिलाने में बहुत सहायता करते है। विभिन्न प्रकार के विज्ञापन लोगों को उनकी रूचि व आवश्यकता के अनुसार उचित वस्तुओं के चयन में सहायता प्रदान करते है। इसके साथ ही सामाजिक पुस्तिकाओं व समाचार पत्रों में विभिन्न प्रकार की सामाजिक योजना के विषय में भी जानकारी दी जाती है। इन योजनाओं में मुख्य रूप से 'अटल पेंशन योजना', 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना', 'सांसद आदर्श ग्राम योजना,' 'बेटी बचाओ–बेटी पढाओ', 'रक्षा–बंधन सामाजिक सुरक्षा योजना', 'जन धन योजना', 'स्वास्थय सुरक्षा योजना' आदि आती है । इन सभी योजनाओं के विषय में समाचार पत्रों से मुख्य जानकारी प्राप्त हो जाती है और इससे सामान्य जनता भी इन योजनाओं का समुचित लाभ उठा पाती है। इसके साथ ही समाचार पत्रों से समाज में रह रहे व्यक्तियों की भिन्न–भिन्न प्रकार की मानसिकता का पता चलता है और व्यक्ति अनैतिक कार्यो समाज में रह रहे व्यक्तियों की भिन्न भिन्न प्रकार की मानसिकता का पता चलता है और व्यक्ति अनैतिक कार्यो के विरूद्ध आवाज उठाने हेतु अपनी सोच को परिष्कृत रूप प्रदान करने का प्रयास करता है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर प्रकाशित होने वाली साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक तथा वार्षिक पत्रिकाएँ लगातार समाज को परिवर्तित करने का कार्य करती रहती है। इन पत्रिकाओं में कुछ विशेष रूप से महिलाओं के लिए ही होती है जैसे– गृहशोभा, वनिता आदि। ये पत्रिकाएँ उन्हें उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं के विषय में जानकारी प्रदान करती है , जिससे वह एक सफल गृहिणी, कुशल कार्यकारिणी व जिम्मेदार नागरिक बन सके तथा 'समाज की अर्द्धशक्ति' के रूप में प्राप्त सम्मान को सिद्ध कर सके।

तकनीकी विकास के साथ बदलते मीडिया के स्वरूप को 'इलेक्ट्रानिक मीडिया' कहा गया। इसके अंतर्गत रेडियो, दूरदर्शन, इंटरनेट व डॉक्यूमेंट्री फिल्म आदि समस्त इलेक्ट्रॉनिक साधन आते है, जो समाज को अत्यंत प्रभावपूर्ण ढंग से परिवर्तित करने की सामर्थ्य रखते है। रेडियो का प्रयोग काफी समय पूर्व ही प्रारंभ हो गया था। उस समय रेडियों ही एक सशक्त माध्यम था, जिससे लोगों को विभिन्न प्रकार की जानकारियॉ मिलती थी। मनोरंजन का भी एक मात्र साधन रेडियो ही था । सामान्य कार्यक्रमों में धर्मप्रधान, संस्कृति प्रधान, व्यवसाय प्रधान एवं मनोरजन प्रधान कार्यक्रमों का प्रसारण होता था तथा शैक्षिक कार्यक्रमों में बी.बी.सी.लंदन से प्रसारित अंग्रेजी पाठो का प्रसारण एवं आकाशवाणी से अनेक भाषाओं के शिक्षण के कार्यक्रम का प्रसारण हो रहा था। अशक्त हो चुके इस जनसंचार के सधान को पुन: सशक्त करने हेतु वर्तमान समय में प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । इससे समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को प्रधानमंत्री से जुड़ा महसूस करता है व उनकी प्रेरणादायी बातों पर विचार कर आत्मसात करने का प्रयास करता है । यही कारण है कि इस कार्यक्रम को प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को सुनाने की प्रथा प्रारंभ हुई है। इससे समाज में बहुत परिवर्तन आया है । जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन तथा धूम्रपान निषेध जैसे सरकार द्वारा जनहित में जारी सूचनाओं का प्रसारण भी लोगों को अपने व्यवहार को परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

टेलीविजन मीडिया के सभी साधनों में सबसे सशक्त माध्यम है । दूरदर्शन प्रत्येक आयु वर्ग जैसे बच्चों, युवाओं, प्रौढ़ों व वृद्धों को उनकी रूचि का चैनल उपलब्ध कराता है, इसी कारण यह सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम है। साथ ही सरकार द्वारा प्रसारित 'मतदान के लिए जागरूक हों' व 'जागो ग्राहक जागो' से जनता को अपने अधिकारों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है । समय समय पर प्रसारित होने वाली डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म लोगों को प्रेरित करने में अपनी भूमिका निभाती है। टेलीविजन पर प्रसारित धार्मिक कार्यक्रम समाज के लोगों को स्वयं से जोडकर उसे सबसे

* प्राध्यापक (हिन्दी) छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना (म.प्र.) भारत

अधिक प्रभावित करते है। ऐसे कार्यक्रम व्यक्ति को सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते है, जिससे उसकी सोच परिष्कृत व उच्च कोटि की हो जाती है। इन कार्यक्रमों को देखते हुए व्यक्ति अपने आदर्श को ..... स्वयं विचार कीजिए' कहते सुनकर अनायास ही विचार करने के लिए प्रेरित हो जाते है।'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे विशेष कार्यक्रमों से अपने आदर्श एवं विशेष व्यक्तियों को जुडे देखकर प्रेरित होते है। इससे उनमें जागरूकता व सहभागिता की भावना जागृत होती है। इस तरह टेलीविजन ने सामाजिक परिवर्तन में बहुत योगदान दिया है।

इंटरनेट ने तो सामाजिक परिवर्तन में मानो क्रान्ति ही ला दी है। बच्चे विभिन्न प्रकार की जानकारियॉ इससे प्राप्त करते है, जो उनके मानसिक विकास में सहायक होती है। अब सूचना प्राप्त करने में घंटो, दिनों, महीनों का इंतजार नहीं करना पड़ता। वह हमें एक 'क्लिक' से प्राप्त हो जाती है। युवा पीढ़ियों में सोशल नेटवर्किंग साइट का बहुत अधिक बोलबाला है। प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा समाज के बड़े भू-भाग को प्रभावित किया जा सकता है। फेस बुक, यू-टयूब, व्हाट्स एप एवं ट्वीटर आदि ऐसी अनेक सोशल नेटवर्किंग साइट्स है, जिससे समाज का एक बड़ा हिस्सा जुड़ा हुआ है। इन सभी गुणों के बावजूद मीडिया के कुछ ऐसे दोषी है, जो समाज में नकारात्मक परिवर्तन लाते है। कई बार समाचार पत्र व चैनल प्रतिस्पर्धा के कारण अपने अधिकारों का गलत प्रयोग करते है। विशेष व्यक्तियों के व्यक्तिगत जीवन में आवश्यकता से अधिक हस्तक्षेप करते है। कई बार मीडियाकर्मी घटनाओं में जोड़ तोड़ करके उसे दिखाते है। राजनीतिक पार्टियो में स्थान पाने लिए मीडिया हाउसेस के उच्च सम्पादक भेदभावपूर्ण नीति को अपनाते है और सामाजिक परिवर्तन को नकारात्मक दिशा प्रदान करते है। सोशल नेटवर्किंग साइट का नकारात्मक रूप आसानी से से समाज में परिलक्षित हो जाता है। समाज में महिलाओं के साथ होने वाले अन्यायों को रोकने, समाज के भावी निर्माता युवा पीढ़ी को अधंकार के गर्त से निकालने के लिए इस प्रकार की साइट्स पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

इस प्रकार मीडिया समाज के हर क्षेत्र को स्पर्श करता है। वह समाज में सकारात्मकता का प्रचार करता है एवं जागरूकता फैलाता है। अत: विभिन्न 'मीडिया हाउसेस' एवं समाचार पत्रों के उच्च अधिकारियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का समझना होगा, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Works Of Sushen Ghosh - Through The Eyes Of A Viewer

Dr. Pinak Pani Nath *

History always constitutes the relation between present and its past, we accept this relation through our own observation of people, gestures, faces and traditions. This is happenings because we still live in a society with social relations and moral values (Berger, 1972). Thus, the study on the works of Sushen Ghosh is based on that relation, but is not an attempt to say various things about historical extensions or to compare and criticize the features of different phases of art history, but it is focused on the great and quality sculptures of Sushen, which makes significant for contemporary Visual Arts. Sushen Ghosh is a well-known eminent artist of recent time, who was born in 1st May, 1940s at Srihatta (Present Bangladesh) and then later his family shifted to Silchar. He left Silchar for Shantiniketan to study the Fine Arts at Kala Bhavana, Visva-Bharati, from 1959 to 1963.Though he never met Rabindranath Tagore, but deeply rooted his ambiances as a life-giving force (Nandi, 2014).

Tagore was influential educationist and founder of the holistic experimental University, Visva-Bharati situated in West Bengal. Sushen was privileged to study in this University with the scholarship provided by Assam Government. Tagore never rejected modern science and technology at Santiniketan, adapting modern educational methods in the University environment. These advanced thoughts of Tagore have seen in the works of Sushen, as he got these eclectic notions through the tradition of Kala Bhavana. When Sushen has completed his course from Kala Bhavana, he was joined as a faculty member in the same department; he was a direct and devoted student of Ramkinkar Baij.Ramkinkar's associations with Deviprosad Roy Chowdhury, Kramrisch, Austrian Lisa Von Pott and Margaret Milward as well as Ramkinkar's fascination with the works of Edouard Lanteri, Emile-Antoine Bourdelle and Rodin is transformed to Sushen Ghosh, when he was student at Kala Bhavana (Mitter, 2007).Rodin's personality and his way of representing figures, especially full figures and portraits had influenced the Ramkinkar's thought, which gradually shifted to the works of Sushen as well (Champigneulle, 1967).

Since 1969 to1970, Sushen was in London for Advance Diploma at Goldsmith College of Art. His exposure to a wide range of original art in Tate Gallery of British Museum and his close proximity with a certain main section of modern art that rated the abstract over figuration, but his journey of abstract art had started from Santiniketan itself, especially with the works of Ramkinkar Baij and later with the Sankho Chaudhuri as well.Ramkinkar Baijwas a path braking sculptor who broke the conventional sculptural styles inIndia, which always reflects throughout his sculptures, those mostly appealed to Sushen Ghosh.The teachers of Kala Bhavana were always pointing out the abstract pictorial qualities intrinsic to the language of art in different mediums. In this regards Nandalal Bose would speak about the rhythm as the guiding principle of art. Ramkinkar Baij described about the artistic freedoms and Benode Behari highlighted the architectonic and tension as the two important aspects in art. The Kala Bhavana's pedagogy includes the craft traditions and functional arts, which includes regular design practice in the areas of textile; stage-decoration, mural and floor designs (known as *Alpona* in West Bengal) nurtured a sense of abstract and shaped its broader aesthetic ideas.

During Sushen's study at Goldsmith, he was motivated to see the Constructivist and Minimalist works of Theo Van Doesburg, Kenneth Maartin, Max Bill, Constantin Brancusi,Jean Arp, Noam Gabo, Anton Pevsner and others.But, Brancusi's précised geometrical simplicity frequently influenced to Sushen's art works. In early 1970; Ben Nicholson and Barbara Hepworth were the chief exponents of abstract sculpture in Great Britain, which equally inspired the young Sushen. His years at Goldsmiths helped him to gather experience in different materials and when he returned to Kala Bhavana,Ghosh's practice witnessed a great transformation (http://www. artnewsnviews. com: 20/11/16). Constructivist's works are the first and foremost expression of a deeply motivated belief that the artist could contribute to improve the physical and intellectual needs of the society by entering directly into a relationship with machine production, architectural engineering and with the graphic and photographic means of communication. These intellectual thoughts of constructivists have influenced the works of Sushen in many ways, which in present days we can see in the environment of Visva-Bharati.

All art is expressive and is intended to move us through

* Assistant Professor (Visual Art) Banasthali University, Banasthali (Raj.) INDIA

visual gestures that transmit emotions and emotionally charge messages (Stangos, 1974).Investigation and the quest for identity continued after the demise of the Progressive Artists Group, but it has presently become the quest with a difference. In the year 1960, Indian artists were engaged to assimilate the roots of western art to forge a new visual language (Khanna and Kurtha, 1998). It is also worth to mention as Sushen Ghosh contemplates for a new vocabulary for his applications of human intelligence by the interaction within and beyond.When Benode Behari Mukherjee lost his vision, still he took some classes in Art History where Sushen assisted some of the classes with Benode Behari, which makes him intellect and more concrete (Mukherjee, 2006). There is hardly any artist in India with the great enthusiasm, like Ramkinkar. He gave true lesson and example for all the artists and especially to Sushen. It is true that intelligence cannot eliminate all doubts of artists, but it may minimize the vagueness between artist and the area of his thrust. That is exactly happened with Sushen Ghosh during his stay at London when Sushen's direct contacted with the grand narrative of the abstract arts of the west which helped him differently, to compare with his contemporaries. Sushen's search for new artistic expression could not be meaningful if its relation with the existing expression has not been examined and discussed. Any art works is never conducted in a vacuum and an attempt should be made to find out what has already been done with the existing work for the search of new, which is exactly done by the Sushen Ghosh throughout his expedition. Notion is an important element of Sushen's art works and thus a very ordinary or rudimentary type of works done by the Sushen is the basis on primary assumption, which is used consciously or unconsciously (Basotia and Sharma, 1999).

Sushen's exercise has been a continuous struggle with art, nature and society. Regarding struggle,Sushen is very much keen about observation, which is involves three processes-sensation, concentration and perception. The combination of great physical alertness and simplicity helped to grow the sensation of art within Sushen in a very positive way for his excellency. Concentration which is largely a matter of will-power which developed within Sushen through self-training and experience and now it is almost impregnated into Susen's life.Will-power is the basic component of sushen's art practice which also reflects through his art works. The third is the perception which comprises the interpretation of sensory reports, which continuously happenings with Sushen's sensitivities (Saravanavel, 1987).

Monumentality in the Sushen's Sculpture is not about largeness but suggests extension into space or into distance, conveying a sense of infinity. His splintered, geometric, constructive and concrete forms, primarily explored the time, space and immensity. His works are informed by science, philosophy, religious and music. Ghosh's involvements into learning to play the flute, reading the Upanishads and Tagore poetry and his continued interest in physics, Ghosh's art practice progressed towards an abstraction (www.cimaartindia.com : 20/11/16).Physics is a natural philosophy and human being learned many things merely by observing the nature. The curiosity of human being regarding learning is as old as his existence. Sushen's creative venture of abstraction is the natural philosophy of physic (Naik, 2001). In this diverse world, music plays the role of a vital link which provides bridge between different cultures and it speaks a type of common language, which could positively change the will and character of the people for life worth living. Therefore, Sushen might use these aesthetical aspects of music into his visual language(Patnaik, 1992).

Abstract art exists in varying degrees and forms. Mostly abstract art is filtered from nature and society; from the starting point to the real world. The artist selects the form and then gradually simplifies its forms into the image which bears only formal similarities with the original. Art is a spiritual function of artist, which aims at freeing him from life's confusion (Moszynska, 1990). Sushen Ghosh, among many others was, established new ways of communication which shaped drastic change in Indian art history and more especially in sculpture. In the works of Sushen an amalgam of eastern philosophy and western beliefs helped to create new routes for exploring abstract ideas. The representation of Sushen's own materials or the process of its construction the sculpture depicts its own autonomy. Autonomy of art works remains irrevocable in Sushen practice. His art works can be understood only by its laws of movement or association,his art exists in relation with others (Adorno, 1997).Therefore abstract principles of mathematics and geometry are nicely molded by him throughout his sculpture.Sushen is interested in the nature of mathematics and his understanding of nature of mathematics helped him to understand his present as well as earlier reactions to the subject. N.A. Court, said that *"Mathematics has given the human race not only the technical tools to bend nature to its uses, not only a great and unequalled storehouse of intellectual beauty and enjoyment, but it also has given mankind a faith in itself and its destinies, hope and courage to carry on this increasing struggle for a better more noble and beautiful life"* (Kapur, 1973).

Sushen's childhood desires and memories lied on in unconscious life, even if they have been erased from his consciousness, but these all reflects within his works. Sushen has traced psychoanalysis in academically, practically, historically and traditionally, which allow him to understand the queries throughout his art practice. The unconscious can be defined in several different ways, but it is primarily the storehouse of desires and needs. The way we see things is affected by what we know or what we believe and that is effectively found in Sushen art practice as well(Thurschewell, 2000). Sushen's large, minimal sculptures are the part of Visva-Bharati's environment, his post minimal sculptures are often existing today only in

photographs and drawings.Post-Minimal aesthetic operated on an enormous scale, not only far beyond the confines of the gallery but far away from the art world. Sushen's geometric forms are loaded with powerful passionate issues. His geometric forms are emphasized conceptual rather than emotional context (Davies et al., 2004).

Here,before going to end this little discussion on Sushen, it is required to say that now Sushen Ghosh lives and works in Santiniketan.At the present time number of artists, critics, curators and research scholars are doing and exploring the unexplored questions related to Sushen. In future, the effort of these researchers will definitely provide the new direction and the new tools to find out the Sushen's great ventures.

References:-

1. Adorno, T., *"Aesthetic Theory",* Continuum, London, 1997, pp.1-3
2. Basotia, G.R. and Sharma, K.K., *"Made Simple Research Methodology",*Mangal Deep Publications, Jaipur, 1999, pp. 1-25
3. Berger, J., "*Ways of Seeing*", Broadcasting Corporation and Penguin Books Ltd, London, 1972, pp.11-14
4. Champigneulle, B. *" Rodin",* Thames and Hudson Ltd, London, 1967, pp.121-169
5. Davies, P. J. E., Denny, W.B., Hofrichter, F.F., Jacobs, J., Roberts, A. M., and Simon, D. L., *"Janson's History Of Art, The Western Tradition",* Pearson **,** London, 2004, pp.1056-1059
6. http://www.artnewsnviews.com:20/11/16
7. Kapur, J.N., *"The Nature of Mathematics",* Ram LalPury, Delhi, 1973, p.13
8. Khanna, B. and Kurtha, A., "*Art of Modern India*", Thames and Hudson, London, p. 24
9. Mitter, P. *" The Triumph of Modernism, India's artists and the avant-grade, 1922-1947",*Reaktion Books Ltd, London,2007 ,pp.65-96
10. Moszynska, A. *"Abstract Art",* Thames and Hudson Ltd, London, 1990, p.7
11. Mukherjee, B. *"Chitrakar: The Artist",*Subramanyam, K. G. (Translated and Introduced), Seagull Books Private Limited Calcutta, 2006, p. xv
12. Naik, P.V. *"Principle of Physics",* Prentice-Hall of India Private Limited, New Delhi, 2001, p. xv
13. Nandi, Dr. G., *"The Fine Arts of Barak Valley in the light of Rabindranath's Artistic Aura",* Islam, Dr. M. (ed.), *Intellection, Bi-Annual Interdisciplinary Research Journal, Vol-II, No-II,* Barak Education Society, Silchar, Assam, 2014, p. 3
14. Patnaik, P., *"Music and Society, Multicultural Issues"*, Commonwealth Publishers, New Delhi 1992, pp. 1-4
15. Saravanavel, P., *"Research Methodology",*KitabMahal, Allahabad, 1987, p.142
16. Stangos, N.(ed.), *"Concepts Of Modern Art From Fauvism To Postmodernism",*Thames and Hudson, Ltd London, 1974, pp. 30-160
17. Subramanyan, K.G. *"Moving Focus, Essays On Indian Art",* Seagull Books, Private Limited Calcutta, 1978, p.102
18. Thurschewell, P., *"Sigmund Freud",* Rutledge, London, 2000, pp.2-8
19. www.cimaartindia.com : 20/11/16

Outdoor Sculpture in Front of Sangit Bhavana, Visva-Bharati University, Medium - Terracotta

****

किरन सोनी गुप्ता की कला यात्रा

डॉ. अन्नपूर्णा शुक्ला * कोमल लुहाच **

प्रस्तावना – कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है या यों कहे कि कला मानवीय भावनाओं को एक सूत्र में बांधने का माधयम है। 'सम्प्रेषण हेतु उपयुक्त भावनाएँ वही हैं, जो साधारण और सार्वभौमिक हों, मानव कल्याण से सम्बन्धित हों। कला हृदय की भावनाओं को रेखा रंगों, ध्वनि, शब्दों एवं शारीरिक भाव–भंगिमाओं द्वारा हृदय में पहुँचाने का माधयम है। इस प्रकार से मानव से मानव में भावनाओं को संचारित करना ही कला है।'[1]

'कला की अनुभूति विश्व तथा प्रकृति के हर कण से होती है। लहलाते वृक्ष, कलख करते पक्षी, कल–कल निनदिनी सरिता, कोयल की कूक, फूलों का मुस्काना, गरीब की आह और मानव की कराह, ये सभी तो संवेदना प्रदान करते हैं, कलाकार को। उसकी यह अनुभूति ही कभी मधुर स्वर में झंकृत होती है, तो कभी शब्दों की नौका में तैरती है तो कभी तूलिका तथा रंगों के माधयम से वह फलक पर उभरती है।'[2]

'राजस्थान की समसामयिक कला में सौंदर्यबोध, कलाभिव्यक्ति तथा रचनाधर्मिता के प्रति कलाकारों की रूचि काफी समृद्ध हुई है। वे अब किसी शैली मात्र का अनुसरण न करके, अपनी निजी संवेदनाओं के साथ तकनीक और माध्यम के औचित्य को सही विस्तार देने का प्रयत्न करते महसूस होते हैं।'[3]

किरन सोनी गुप्ता एक ऐसी चित्रकार है। जिन्होंने दृश्य चित्रण, लोक चित्रण तथा अपने आस–पास के माहौल के विषयों को चित्रित करने का प्रयास किया है। किरन सोनी गुप्ता जी ने सृजन और प्रदर्शनी से लगातार जुड़े रहने से कला जगत में अब तक एक लम्बी दूरी तय कर ली है और अपना एक विशेष स्थान बना लिया है।

किरन सोनी गुप्ता का जन्म 22 जून, 1960 में पंजाब के लुधियाना प्रांत में हुआ। 'किरन सोनी गुप्ता का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन वर्ष 1985 में हुआ है तथा वे हमेशा से शिक्षा में अव्वल रही हैं। अग्रेंजी में ऑनर्स व मास्टर्स अंग्रेजी साहित्य में अव्वल अंकों से उत्तीर्ण किया। इन्होंने मैक्सवैल तथा हावर्ड कैनेडी, यू.एस. स्कूल में भी अध्ययन किया है।'[4]

बाल्यकाल से ही प्रत्येक बालक में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है और उसे पहचानने की प्रतिभा भी प्रत्येक बालक में होती है। किरन सोनी गुप्ता को कला प्रेरणा अपनी बड़ी बहन से मिली। 'कला और प्रशासनिक दक्षता का संगम कभी–कभार ही देखने को मिलता है, मगर जिन लोगों ने हिन्दी का लजई उपन्यास पढ़ा हो वे जानते होगें कि इसके लेखक श्री लाल शुक्ल एक आई.ए.एस. अधिकारी थे, बीते कुछ समय से ऐसा ही नजारा कला प्रेमियों को देखने को मिल रहा है।'[5] परन्तु किरन जी द्वारा तूलिका तथा रंगों के माध्यम द्वारा कड़वी सच्चाईयों वाली जिम्मेदारी तथा कोमल कल्पनाओं को अभिव्यक्ति दी गई है।

'किरन जी का कला क्षेत्र में समाहित होना उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ जैसे कि उन्होंने मानवता के सभी पहलुओं को अच्छे तरीके से समझा और एक सकारात्मक सामाजिक एवं राजनैतिक बदलाव लाने में सहायक रहा। कला के क्षेत्र में जुनून रखने से उन्हें प्रशासनिक मुद्दों एवं समस्याओं को समझने में काफी सहायता मिली। इसी तरह उनका प्रशासनिक अनुभव उनके कला के क्षेत्र में देख सकते हैं। उनकी संवेदनशीलता अपने लोगों के लिए और समाज के लिए सभी को पंसदीदा बनाती है। इन सभी ने उन्हें एक अच्छे इंसान और एक बहुत अच्छे प्रशासनिक अधिकारी के रूप में निखारने में मदद की हैं। वे कहती है– 'मनुष्य की परिस्थितियों से मेरा सामना करना मेरे लिए कला के क्षेत्र में एक प्रेरणा का स्त्रोत बना। कला के टुकड़े पे काम करने से मैं कला को लेकर एक नये जोश और नये पहलू के साथ स्थापित हुई। मनुष्य की समस्याओं का विभिन्न तरीकों से समाधान ही एक सत्य है। मैं इसे एक सामाजिक कार्य कहती हूँ जिसको करने में कला ने मेरा साथ दिया।'[6]

किरन जी द्वारा विभिन्न कला शैलियों में कार्य किया गया है। तंजौर, यर्थाथ तथा अमूर्त शैलियों में किरन जी द्वारा चित्रण किया गया है। किरन सोनी जी द्वारा किसी एक शैली का अनुसरण न करते हुए स्वयं की कला–शैली विकसित की गई है। तंजौर चित्रकला दक्षिण भारतीय चित्रकला का एक महत्वपूर्ण पारम्परिक रूप है। तंजौर स्कूल के कलाकारों द्वारा किरन जी को इस शैली में प्रशिक्षित किया गया। किरन जी द्वारा तंजौर शैली में बनाई गई कलाकृतियों में भगवान श्रीकृष्ण को बनाया गया है। ललित कला अकादमी केरला तथा भारत भवन भोपाल द्वारा इन्हें सम्मानित भी किया गया।

किरन जी द्वारा बनाए यर्थाथशैली के चित्रों को देखकर 'सहसा राजा रवि वर्मा की याद भी ताजा हो उठती है। सघ स्नान कर आयी युवती या फिर गंतव्य से घर लौटती आकृति, या फिर इंतजार करती राजस्थानी महिला और या चक्की चलाती और ऐसे ही दूसरे कार्य करती औरत के उनके चित्रों की रूपंकर दक्षता देखने वाले को मोहित करती है।'[7] किरन जी द्वारा वस्तुओं या प्राणियों के सादृश्य का विचार किए बिना रंगों, रेखाओं एवं ज्यामितीय आकारों की सहायता से कला निर्मित की गई है। इसके लिए अमूर्त शैली का प्रयोग किया गया है। अमूर्त शब्द अकारहीनता की और संकेत करता है। परन्तु फिर भी इन चित्रों का आकार तो होता ही है। किरन जी द्वारा यर्थाथ तथा अमूर्त शैली ने बनाऐ गऐ चित्रों में विभिन्न विषयों का अंकन किया गया है। विषय के अनुरूप नारी–चित्रण, व्यक्ति–चित्रण, प्रकृति–चित्रण,

* सहायक प्राध्यापक (दृश्य कला) वनस्थली विद्यापीठ (राज.) भारत
** शोधार्थी (दृश्य कला) वनस्थली विद्यापीठ (राज.) भारत

सामाजिक–चित्रण किया गया है। रंग और उंमग से भरे चटख रंगों से सजे किरन जी के ये चित्र एक और जहां उल्लास से भर देते हैं, वही राजस्थान की नारियों के विभिन्न रूपों को दशति हैं। किरन जी के चित्रों में राजस्थान की ग्रामीण महिलाओं के दैनिक जीवन के साथ–साथ उनके परिधानों तथा आभूषणों का भी बखूबी चित्रण किया गया है। व्यक्ति–चित्रण में ग्रामीण क्षेत्र के पुरूषों तथा महिलाओं को चित्रित किया गया है। प्रकृति–चित्रण में फूलों, बारिश, बर्फ के ढ़के पेड़ों तथा घरों एवं बारिश में पानी से भरी सड़कों में पड़ते प्रतिबिम्ब को चित्रित किया गया है। किरन सोनी जी द्वारा बनाए गए प्रकृति चित्रण को देखकर अविरल शान्ति मिलती है। किरन जी द्वारा बनाए गऐ ये चित्र रंगों के चुनाव और संरचनाओं के कारण बहुत पंसद किए गए हैं प्रकृति के विभिन्न रंगों तथा ऋतुओं को सृजित किया गया है। चयनित विषयों में सामाजिक चित्रण में ग्रामीण जीवन के विभिन्न परिदृश्यों को चित्रित किया गया है। इन सभी विषयों को किरन जी द्वारा विभिन्न माध्यमों द्वारा सयोजित किया गया है। किरन जी का पंसदीदा माधयम तैल रंग है। किरन सोनी गुप्ता द्वारा तैल रंगों के साथ–साथ विविध माधयमों में चित्रण किया गया। किरन जी ने तैल रंग, जल रंग, पेस्टल रंग, चारकोल, पेंसिल, स्टेन ग्लास; कांच चित्रण, कैलीग्राफी तथा प्रिंट में भी चित्रण किया गया है।

किरन सोनी गुप्ता के बहुमुखी रचना संसार में कला, लेखन तथा प्रशासनिक अधिकारी की प्रतिभा को देखा जा सकता है। इनके कला संसार के चित्रों में यर्थाथ रूप में चित्रित ऐसे बहुत से चित्र हैं, जिनमें ग्रामीण परिदृश्य देखने को मिलता है। जैसे work is workship (वर्क इज वर्कशीप) जिसमें एक ग्रामीण महिला को टोकरी बुनते दर्शाया गया है। Dancing to the Dunes (डांसिंग टू दा ड्यून्स) जिसमें रेतीले राजस्थान में ऊँट को नाचते हुए चित्रित किया गया है। इसके साथ ही अन्य और भी बहुत से चित्र है जैसे सोलिट्यूड, ए वै टू मैन्स हार्ट, दिस इज माई ऑन नेटिव लैण्ड जो राजस्थान की झलकियाँ प्रस्तुत करते हैं। अमूर्त चित्रों में भी कलाकार द्वारा राजस्थान के परिवेश तथा जन–जीवन को चित्रित किया गया है। डैर्जट वॉक, कन्यादान, राधा–कृष्ण, पुजा टाइम आदि अमूर्त रूप में चित्रित किए गए है। ज्यामितीय रूप में आकारों को रूप दिया गया है।

मानव इच्छाओं की सृजनात्मक अभिव्यक्ति कला है, संवेदना के स्तर पर यही हमें भीतर के हमारे सौंदर्यबोध से जोड़ती है। कलाकार जब कला के जरिए कोई अभिव्यक्ति कर रहा होता है, उस वक्त वह उस पल में अभिव्यक्ति दे रहा होता है, जिसे उसने अपने आस–पास के सामाजिक, प्राकृतिक तथा अन्य से ग्रहण किया होता है। किरन जी द्वारा कला के साथ–साथ लेखन कार्य में भी भावनाओं को अभिव्यक्ति दी है। इनके द्वारा बहुत सी पुस्तकें भी लिखी गई हैं। किरन जी ने महाराणा प्रताप पर भी एक पुस्तक लिखी है– 'महाराणा प्रताप ग्रेट सन ऑफ मेवाड़'। दी हिन्दू, इंडियन एक्सप्रैस, इक्नॉमिक टाइम्स और अन्य पत्रिकाओं द्वारा किरन सोनी गुप्ता पे लेख भी प्रकाशित किए हैं। किरन जी द्वारा एकल तथा सामुहिक प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। किरन जी को विभिन्न पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया है। हैरानी तब होती है, जब एक प्रशासनिक अधिकारी का रूझान चित्रकारी की तरफ है। यह सोचकर सभी थोड़ा हैरान होते हैं तब इनके द्वारा बनाऐ चित्रों को देखते हैं तथा इनके बनाए चित्र सहज ही दर्शक का ध्यानअपनी और आकृर्षित करते हैं। किरन सोनी गुप्ता जी के चित्रों में उनकी कल्पनाओं को आकार दिया गया है। जिन अनुभवों को स्मृति रूप में संजोकर रखा है, उन रूपों को तुलिका तथा रंगों द्वारा अभिव्यक्ति दी है। किरन जी की चित्रकला, प्रदर्शनियों का अवलोकन विभिन्न कलाकारों तथा समीक्षाकों द्वारा किया गया है तथा उनकी राय इस प्रकार से है –

जतिन दास–किरन सोनी गुप्ता की चित्रकारी में संवेदना, तकनीक व सामाजिक विषयों की पकड़ काबिले तारीफ है। उनकी प्रतिभा का कोई सानी नहीं है।

मनुप्रकाश – राजस्थानी विषयों पर बनी उनकी पेंटिंग बहुत ही बेहतरीन है। रंगों का चयन बहुत कुशलता के साथ किया गया है।

प्रोफेसर एमली श्रीलंका – उनकी पेंटिग का विषय बहुत विस्तृत है साथ ही कला के प्रति उनका समर्पण काबिले तारीफ है। उनकी पेंटिंग बहुत कुछ कहती है।

माईकल ईस्ट वेस्ट सैंटर हवाई – उनकी कला उनके व्यक्तित्व व उनके विचारों को दर्शाती है। पेंटिग बहुत ही बेहतरीन है जो कि संवेदनाओं का प्रतिबिंब है।

चिनमय मेहता, चैयरमैन राजस्थान ललित कला अकादमी–
पांरपरिक और आधुनिक कला तकनीकों को सीखने में इन्होंने पूरी ईमानदारी से खुद को समर्पित किया है, एक कलाकार के रूप में इनकी उपलब्धियाँ अद्भूत हैं।

आर.डी. पारिख – इन्होंने बड़ी खुबसूरती से अपने अनुभवों को महिला के विषयों में चित्रित किया है। इनके स्याही चित्रण, ऐचिंग, लिनोकट और तैल चित्रण में संवेदनशीलता एवं स्वाभाविकता झलकती है। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के हर तकनीक से इतनी कुशलता पाना प्रंशसनीय उपलब्धि है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नरेन्द्र सिंह यादव– ग्राफिक डिजाइन/प्रकाशन–राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी,जयपुर/प्रथम संस्करण–2006, पृ. सं.–4
2. चमन, किरन– भारतीय चित्रकला का इतिहास, प्रकाशन– नवीन प्रकाशन प्रा0लि0 मेरठ प्रथम संस्करण, 2009, पृ. सं.–130
3 डॉ0 देवदत्त शर्मा–स्वर सरिता ;कला और संस्कृति को समर्पित मासिक पत्रिका वर्ष–6, अंक–5, नवम्बर, 2013, पृ. सं.–26
4 दैनिक नवज्योति–कैनवस पर साकार हुई धोरा–धरती जोधपुर, सोमवार, 29 सितम्बर, 2008
5 इंडिया टुडे–राजस्थान विशेष जोधपुर सीटी कमीशनर की कला, 15 अगस्त, 2007, पृ. सं.–22
6 दा टाइम्स ग्रुप–'फूट प्रिन्टस (किरन सोनी गुप्ता पॉवर पैकड आर्टिस्ट), प्रकाशन–संजीव कुमार, टोंक रोड़, जयपुर, प्रथम संस्करण, अगस्त, 2009 पृ. स.–5, 6
7 डॉ. राजेश कुमार व्यास– कलावाक्, प्रकाशन–नीतू राजेश्वर, राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर, संस्करण–प्रथम संस्करण–10 पृ. सं.–217

****

डॉ. मणि भारतीय की रचनात्मक अभिव्यक्ति – एक दृष्टि

प्रो. पुष्पा दुल्लर * अमिता देवी **

प्रस्तावना – 'राजस्थान की मरूभूमि का एक–एक कण कला और संस्कृति के सर्वमान्य गुणों से सम्पन्न रहा है।'[1] वर्तमान समय में राजस्थान की समसामयिक कला प्रयोगवादी दृष्टिगोचर होती है। राजस्थानी कला में आश्चर्यजनक विविधता के दर्शन होते हैं। प्रत्येक कलाकार अपनी व्यक्तिगत शैली, माध्यम एवं नवीन तकनीक अपनाता हुआ नजर आता है। आज सौंदर्यबोध और प्रयोगधर्मिता के प्रति कलाकार काफी सजग हैं, जिसके अन्तर्गत वह किसी शैली मात्र का अनुसरण न करके अपनी प्रयोगधर्मी नवीन तकनीकों द्वारा कला को नए आयाम देने में प्रयासरत हैं।

कलाकार एक संवेदनशील प्राणी है और डॉ. मणि भारतीय उनमें से एक हैं। ये अपनी संवेदनशीलता का अध्ययन गहराईयों तक करते हुए, कला की गहराईयों को समझने में सफल रही हैं। इस प्रक्रिया हेतु इनकी कल्पनाशक्ति एवं सृजनक्षमता अत्यधिक प्रभावित हुई। इसलिए इन्होंने अपनी प्रयोगधर्मी प्रवृत्ति हेतु कोलाज कला माध्यम में अपने भावों की अभिव्यक्ति की।

"Collage is the Twentieth Century's greatest innovation"-
Robert Mothwell"[2]

'कोलाज शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच भाषा के **'कोले'** शब्द से हुई है, जिसका अर्थ है चिपकाना।'[3] रंगीन कागज, रद्दी पेपर, व्यर्थ रंग–बिरंगे कपड़ों और अखबारों आदि को फाड़कर इस प्रकार चिपकाया जाता है कि सभी सामग्रियाँ एक–दूसरे में संयोजित होकर कलाकृति के रूप में दृष्टिमान होती हैं। डॉ. मणि भारतीय राजस्थान की समसामयिक कला क्षेत्र में **'कोलाज'** माध्यम द्वारा अपनी पहचान बनाने में सफल रही हैं। ये विलक्षण प्रतिभा की प्रयोगधर्मी कलाकार हैं। इन्होंने कोलाज माध्यम के अतिरिक्त अन्य माध्यमों में भी चित्र रचनाएँ की हैं, परन्तु अपनी मौलिक पहचान कोलाज माध्यम से ही बनाई है।

इनका मानना है कि कला में कोलाज माध्यम अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है, जिसमें कलाकार के अन्तर्मन के विभिन्न कलाभावों और उनकी मौलिक कल्पना की मुलायम उड़ान को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया जाता है। इनका जन्म राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के हिण्डौन नामक स्थान पर हुआ था। कला के गुण इन्हें विरासत में मिले। ये बचपन से ही रंगीन कागजों को पेपर पर चिपकाती थी। परन्तु तब ये कोलाज माध्यम से परिचित नहीं थी। चित्रकला में रूचि होने के कारण इन्होंने राजस्थान के विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग, जयपुर से स्नातकोत्तर किया। तत्पश्चात् सन् 1991 में यहीं से '**जयपुर रियासत के जैन मंदिरों का कला वैभव**' विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। सन् 1992 में डूँगर कॉलेज बीकानेर में चिकत्रला विषय की प्राध्यापिका के रूप में सर्वप्रथम सरकारी नियुक्ति हुई। यहीं डूँगरपुर में रहते हुए ये प्राकृतिक सौंदर्य के प्रति आकर्षित हुई और अपने कलामय भावों को कोलाज माध्यम में अभिव्यक्त करना प्रारम्भ किया।

'चित्रकार सतत् अभ्यास के बल पर ऐसी प्रविधि एवं विधान को जन्म देता है जो उसके भावों, संवेदनाओं और अनुभवों के प्रकाशन में सशक्त माध्यम बन सके।'[4] इसी प्रकार कलाकार मणि भारतीय ने भी निरंतर अभ्यास एवं प्रयोगों के फलस्वरूप ही कोलाज माध्यम में अपने सौंदर्यात्मक कला भावों को प्रतिपादित किया।

कोलाज सृजन की प्रक्रिया निरंतर इनके मस्तिष्क में गतिमान रहती है। कभी–कभी अपनी कलाकृति को तीन घण्टे में पूर्ण कर लेती हैं तो कभी तीन दिन में पूर्ण करती हैं, क्योंकि यह समय कलाकृति के आकार पर निर्भर करता है। ये प्राकृतिक दृश्यों, काल्पनिक चित्र, यथार्थ चित्रण और समसामयिक घटनाओं आदि से प्रभावित होकर चित्रण करते हुए अपनी कला प्रतिभा को परिभाषित करती हैं।

हर कलाकर के चित्रण की एक निजी शैली होती है और उसी के अनुसार उसके चित्रों को उनकी विशेषताओं के अनुरूप पहचाना जाता है। कोलाज बनाने के लिए मुख्य उपकरण कैंची और गोंद हैं, परन्तु मणि भारतीय मैगजीन के रंगीन कागजों को अपनी सुविधानुसार हाथ से फाड़ते हुए गोंद की सहायता से शीट या कैनवास पर चिपकाती हैं। इनका मानना है कि कागज फाड़ना भी अपने आप में एक कला है। इनके द्वारा निर्मित कलाकृतियों में रंग और रेखाओं की एक विशेष महत्ता है। जब ये रंगीन कागज की कतरनों या टुकड़ों को चित्रतल पर चिपकाती हैं, तो वे उत्कृष्ट रूप में दृष्टिपात होते हैं, क्योंकि ये उन टुकड़ों को इस प्रकार फाड़ती हैं कि चिपकाने पर ये स्वयं ही रेखाओं का निर्माण करते प्रतीत होते हैं। इनके कोलाज माध्यम में सृजित कलाकृतियों में रेखाएँ, पेन, पैंसिल, ब्रश या रंग द्वारा निर्मित न होकर कृत्रिम रेखाएँ होती हैं, जो गतिपूर्ण, सरल, आड़ी–खड़ी, तिरछापन लिए होती हैं।

वर्तमान समय में डॉ. मणि भारतीय ने राजस्थानी समसामयिक कला में कोलाज माध्यम को ठोस आधार देने एवं आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनके कलाकर्म को अनेकों बार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें मुख्य रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2003 में राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर द्वारा आयोजित कला में केन्द्रीय ललित कला अकादमी दिल्ली की ओर से दस हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया और राजस्थान ललित कला अकादमी का वार्षिक कला पुरस्कार 2005 में मिलना आदि

* पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष (विजुअल आर्ट) वनस्थली विद्यापीठ (राज.) भारत
** शोधार्थी (विजुअल आर्ट) वनस्थली विद्यापीठ (राज.) भारत

प्रमुख हैं। इनके अतिरिक्त भी इन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

इन्होंने देश में विभिन्न स्थानों पर अपनी एकल एवं सामूहिक कला प्रदर्शनियाँ लगाई हैं, जिसमें कलाकारों और कला समीक्षकों ने इनके कलाकर्म की सराहना की है। इसके अतिरिक्त देश-विदेश के विभिन्न संग्रहालयों में इनकी कला रचनाएँ संग्रहित हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वर सरिता, वर्ष -5, अंक - 10, अप्रेल 2013, पृ. सं. 16.
2. www.artspace.com/magazine/art-101/art-market/art_101_collage-5622.
3. Kalajagat.blogpost.in/2011/07/blog-post.html.
4. डॉ. आर. ए. अग्रवाल - भारतीय चित्रकला का विवेचन, 2005, पृ. सं. 224.

****

ललित कला में लोककला की भूमिका (चित्रकला के संबंध में)

डॉ. यतीन्द्र महोबे *

प्रस्तावना – लोककला की समयावधि का अंकन स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन इस कला की परंपरा का रहस्योद्घाटन मोहन जोदड़ो एवं हड़प्पा की परंपरा से प्राप्त होता है। लोक कला पर चर्चा करने से पहले हमें 'लोक' शब्द के अर्थ को समझना अति आवश्यक है।' लोक शब्द का अर्थ जनपद या ग्राम नहीं है, बल्कि नगरों और गांवो में फैली हुई वह समूची जनता है, जिसके व्यवहारिक ज्ञान का आधार पोथियां नहीं है।

इस तरह मनुष्य जो भी अपने आसपास देखता है, महसूस करता वह उसे अपने में पूरी तरह समाहित कर लेता है और इसी 'लोक में पारंपरिक रूप से बनाए जाने वाले चित्रों को लोकचित्र की संज्ञा दी जाती हैं, लोक चित्रों में वे सभी रेखांकन और अलंकरण समाहित है जो पर्व–त्यौहार, अनुष्ठान और संस्कार से जुड़े होते है।'

ये लोक चित्र लोक लोककारों द्वारा आंगन (गोबर) दीवार, कागज तथा अन्य माध्यमों में बनाए जाते है। लोक–चित्रों में जो रंगो का प्रयोग किया जाता है वह प्राय: पारंपरिक विधियों द्वारा तैयार किए जाते है। इन लोक–चित्रों में मानव आकृति के शारीरिक अनुपात तथा अन्य आकृतियों के अनुपात को ध्यान में नहीं रखा जाता, साथ ही इनमें प्राथमिक रंग लाल,पीला, नीला, हरा, काला और सफेद जो प्राचीन समय से प्रचलित है, प्रयोग होता है। पतली लकड़ी में बाल या रूई लपेटकर तूलिका के रूप में प्रयोग होता रहा है। आजकल तैयार ब्रुशों का चलन होने से सभी लोक चित्रकार आधुनिक ब्रुशों का इस्तेमाल करने लगे है। लेकिन अभी भी ग्रामीण महिलाएं या पुरूष चित्रकार स्व निर्मित तूलिका का प्रयोग अपनी चित्रकारी में करते है। ये लोक कलाकार मानव आकृति तथा अन्य आकृतियों के तकनीकी ज्ञान से अनभिज्ञ होते है, क्योंकि ये कला किसी शिक्षा पद्धति में शामिल नहीं है, बल्कि ये क्षेत्र विशेष के मांगलिक कार्यक्रम, विवाह, तीज – त्यौहार, जादू–टोना आदि में जन सामान्य के बीच अभिव्यक्ति का एक सरल व सहज माध्यम है। विशेष रूप से स्त्रियां लोक कला के अंतर्गत चित्रांकन कार्य विशेष प्रयोजन से करती है।

'लोक चित्रों के विषय धार्मिक, सामाजिक और आध्यात्मिक होते है। चाहे वह किसी भी क्षेत्र के लोक चित्र हों, इनके अंतर्गत लोक चित्रों में जो आकृतियां प्रयोग में लाई जाती है, वह प्राय: फूल – पत्ते, बेल, तुलसी, चक्र, शंख, स्वास्तिक, बिन्दु, रेखा, त्रिभुज, चतुर्भज, वृत्त, आड़ी–तेड़ी रेखाएं , हाथी, घोड़े, मयूर, तोता, नाग, बिच्छू, चिड़िया, पशु–पक्षी , वृक्ष आदि होते है। जो बड़ी सहजता पूर्वक लोक कलाकारों द्वारा बनाए जाते है। इनमें जो रंगो का प्रयोग होता है वह सपाट पद्धति में होता है।

'लोक चित्रों के पीछे कोई न कोई मिथक, मिथकथा या अनुष्ठान निहित होता है। यहां तक कि लोक चित्रों की आकृति रंग और रेखाओं तक के लिए कोई न कोई मिथ जुड़ा होता है। लोक चित्रों में बनाए जाने वाली आकृतियां यार्थत परख नहीं होती, वे प्रतीकात्मक होती है। इन लोक कलाकारों की पूरी जाति की जाति ही विकसित हो जाती है। ऐसे कलाकार पेशेवर होते है। वे चित्र बनाने के पैसे लेते है और पारंपरिक रूप से मिलने वाला नेग भी प्राप्त करते है। ऐसे जाति कलाकारों का समाज में भी बड़ा मान–सम्मान , प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। धीरे–धीरे ये लोक चित्र शैलियां इतनी शीर्ष पर पहुंचती जा रही है, कि वे आधुनिक चित्रकला के महर्षियों तक को प्रभावित करने में सक्षम होती है।'

भारतीय कला की उन्नति में लोक कला का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, चूंकि इसका विकास किसी राजाश्रयों के पेशेवर कलाकारों द्वारा नहीं हुआ बल्कि यह घरों के आंगनों में, ग्रामों में, अशिक्षित जातियों में, बिना कोई प्रसिद्धि के धार्मिक, सांस्कृतिक व पारंपरिक परंपराओं के साथ बिना बौद्धिक ज्ञान के आगे बढ़ती रही है।' कला का सबसे प्रमुख कार्य है, मानव को आत्मिक शांति प्रदान करना, इस कार्य में कला तभी सफल हो सकती है, जब उसके साथ दर्शक का सहयोग व भावनिक तादात्म्य हो सके। लोक कला का सबसे महान गुण यह है कि वह न केवल लोगों के धार्मिक कार्यो व उत्सवों में बल्कि दैनिक जीवन में भी घुल–मिलकर उनकी धार्मिक एवं मांगलिक भावनाओं व सौन्दर्य प्रियता की पूर्ति करती है। लोक कथाएं, पौराणिक कथाएं व वीर गाथाएं उनके सामने जीवन उपयोगी ज्ञान का भंडार खोलती है, वह प्रेरणा स्रोत होती है।'

आज इस लोक कला से शिक्षित कलाकारों, विद्धानों एवं कलामर्मज्ञों का साक्षात्कार होते ही कला क्षेत्र में एक नया पन्ना जुड़ गया। लोक चित्रकारी से चित्रकारों को बड़ी प्रेरणा मिली है। लोक कला पर आधारित नये प्रयोग आज के कलाकारों को अपूर्व सफलता की ओर ले जा रहे है। लोक कला स्वत: ही अपने सहज और निर्मल रूप में हमारे जीवन का एक अंग बन गई है। लोक कला के प्रकाश में आते ही इसकी विशेषता को कलाकार ने केनवास, कागज तथा कपडे पर अंकित करना प्रारम्भ कर दिया फलस्वरुप यह दर्शकों तथा कला मर्मज्ञों के बीज आकर्षण का केन्द्र बन चुकी है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा व भावात्मक एकता को सजाए हुए है। जिसका आधार सार्वभौमिक सुख समृद्धि तथा दीवारों तथा आगन पर बनाई गई आकृतियां ही नहीं वल्कि पुरुष कलाकारो के लिए भी अपनी कलाशैली मे परिवर्तन का माध्यम बनी है। भारत में मधुवनी, बंगाल उडीसा छत्तीसगढ मालवा ,बुन्देली असम आदि अंचलो मे बड़ी सुन्दता एवं आकर्षक रुप से अपना स्थान बनाये हुए है। लोक कला की ये भावमयी ये आकृतियां आज उपयोगी कला के रूप में भी दिनों–दिन अधिक लोकप्रिय होती जा रही है। वे साड़ी, लंहगा, चादर यहां तक की पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं के मुख्य पृष्ठों पर अंकित होकर अधिक–अधिक लोकप्रियता प्राप्त कर रही है।

आज ये लोक आकृतियां आधुनिक कलाकारों की प्रेरणा बनी हुई है।इन

* सहायक प्राध्यापक (चित्रकला) शासकीय महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत

आकृतियों को कलाकार अपनी कल्पना एवं विषय के अनुरूप प्रयोग कर प्रशंसा का पात्र बना बैठा है, तथा व्यवासायिकरण की दृष्टि से भी इस सरल एवं सहज रूप की मांग कहीं अधिक है। परंतु आधुनिक कलाकारों द्वारा लोक कला से प्रेरणा लेकर बनाई गई कृतियों में मूल शैली चेतन्य व प्रत्यक्ष जीवनानंद के दर्शन का अभाव दिखाई देता है। जिसके उदाहरण है, यामिनी राय की कालीघाट शैली से प्रेरित कृतियां व पिकासो की नीग्रो कला से प्रेरित कृतियां कलात्मकता के विचार से उत्कृष्ठ होते हुए भी वे मूल शैली की कृतियों के सामने सोची –समझी, कृत्रिम व केवल प्रतिभा प्रदर्शन लगती है। जब कलाकारों में विषय वस्तु के प्रति भक्ति भाव की जगह रचानात्मक समस्या का हल ढूंढने का प्रयास शुरू हो जाता है। तब कला की स्वाभागिता नष्ट होती है।

आज का कलाकार लोक कला की आकृतियों को अपनी शैली जरूर बना चुका है, लेकिन उसकी आत्मा को अपनी कलाकृति में उतारना बेहद कठिन है। लोक कला नव कलाकारों के केनवास पर चित्रित जैसे ही होती है वह लोक कला न रहकर उस कलाकार की शैली बन जाती है। कला कार लोक कला की आकृतियों को केनवास पर उतारकर उसमें मनचाहे रंग लगाकर नवीन प्रसास करने की कोशिश करता है, पर सफल नहीं हो पाता है। चूंकि लोक कला एक परंपरा है, एक प्रक्रिया है और वह जन सामान्य के बीच पनपती है। इसी के द्वारा आज भी हम समाज की परंपरा, सभ्यता एवं भावना एवं इत्यादि का इतिहास क्रमबद्ध रूप में पाते है।

यद्यपि आधुनिक कला लोक कला से प्रेरणा एवं गुण लेकर सम्पन्न तो हो रही है, परंतु दूसरी तरफ अपना प्रभाव लोक कला पर छोड़कर लोक कला के मूल्यों का पतन भी कर रही है। हमें देखना है कि आधुनिक कला के प्रभाव से लोक कला की मौलिकता एवं सादगी अक्षुण्ण बनी रहे।

हमारा बहुत बड़ा दुर्भाग्य रहा कि हमारी आधुनिक कला शुरूआत में पाश्चात्य कला को अनुकरण कर उसके पीछे भागती रही, और आज भी अधिकांश कलाकार बाजारीकरण के प्रभाव में आकर ऐसी कला का निर्माण कर रहे है, जो भारतीय संस्कृति, समाज व कला नियमों पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे है। ऐंसे कलाकार लोक कला की आकृति को भी झकझोर रहे है, लेकिन हम कला मर्मज्ञयों को इन युवा कलाकारों को रोकना होगा, जो चंद पैसों के लिये हमारी कला संस्कृति को दांव पे लगाये हुये है,उन्हें सही दिशा दिखानी होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. लोक का प्रत्यक्ष दर्शन – सम्मेलन पत्रिका, लोक संस्कृति अंक।
2. लोक संस्कृति – बसंत निरगुणे – मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल – 2005।
3. चित्रकला एवं लोक कला, विविध आयाम – शेखर चंद्र जोशी – प्रकाश बुक डिपो, बरेली – 2009।
4. भारत की चित्रकला का संक्षिप्त इतिहास– लोकेष चंद्र शर्मा, गोयल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ – 2005।
5. कला के अंतदर्शन – र. वि. साखलकर, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।

****

Women's Rights In India - Problems And Prospects

Chirag Banthiya *

Abstract - United Nation in its Millennium Summit in 2000 declared 'Gender Equality and Women Empowerment' as one among the eight 'Millennium Development Goal' to be achieved by the year 2016.. However these goals are far from being realized in a country like India. Infact often women in India are deprived of their fundamental right to dignity also, leave alone the question of gender parity. This article attempts to grapple with the few challenges faced by the women in India like the dowry, female foeticide, denial of inheritance rights, sale and trafficking of girls etc.

Keywords - Women's, Rights, Problems, Prospects, Empowerment, Challenges.

Introduction - Women emerged as a distinct interest group in the 19th century primarily because the bourgeoisie democratic revolutions of 17th and 18th century that excluded women from their concept of equality. This distinction was based on gender. Since then women as a commune had waged struggle for recognition of their rights as a human being. Women's execute multilateral role in the society i.e. as a breadwinner of her family, as a care taker of her family as a mother, wife, daughter and service provider to the society. In spite of the fact that the women's contribution to the country's development is equal to that of their male counterpart, still they experience a number of limitations that restrain them from comprehending their potential for expansion. It was against this background that the government's all over the world felt the need to prioritize the interests of women and their participation at every stage of the development process. Women as a core group of concern emerged as a major theme in the Millennium Development Goal. UN stated that 'Gender Equality and Women Empowerment' as one of the Millennium Development Goals to be attained by the year 2015.

Women's Rights Violations In India -

Dowry deaths - In India the unusual dowry deaths of the women at their matrimonial home has been increasing at a startling rate. Dowry disputes are quite a serious problem. The National Crime Records Bureau in India in its report had disclosed that in 2012 around 8233 newly wedded brides were killed for dowry. "The role of husband's reaction to dowry brought at the time of marriage on subsequent experience of marital violence". In spite of the fact that Section 498A of the Indian Penal code strongly deals with the person responsible for marital cruelty and has declared taking and giving of dowry as a crime it is still been widely practised in India. Infact 'The Dowry Prohibition Act' has not been adequately put into operation in India. It has been discovered that mostly a number of states neither have a Dowry Prohibition Officers nor do they made it obligatory to keep the record of things given and received.

Domestic Violence - In spite of the fact that in India we have 'Protection of Women from Domestic Violence Act 2005', domestic violence still remains a serious problem. Infact a major scale of violence that a woman is subjected to in India is linked to the domain of domesticity. The reasons for Domestic aggression are primarily ingrained in the patriarchal nature of the Indian society which supports such violence at home. Besides this the problem of alcoholics of husband or desire for endowments or a male child are some of the other factors liable for household brutalities in India. The domestic violence had taken the form of psychological and physical abuse against women like slapping, hitting, public humiliation, etc. In India the 'Dowry Prohibition Act and the Protection of Women from Domestic Violence Act and cruelty under Section 498 A of the

Indian Penal Code in 1983 declares brutality to a woman in her conjugal house a punishable and non bailable offence that can lead to a sentence of up to three years and fine.

Preference for a son - The preference for a son is a phenomenon which is historically rooted in the patriarchal system of the Indian society. The strong preference for having a son emerged with the transition of the Indian society from primitive stage which used to be primarily a matrilineal to feudal stage where agriculture emerged as the primary established occupation of the people to be controlled by the male. The desires for a son often have an adverse effect on the health of the mother also.

Female foeticide - The low status of women goes on with the practice of infanticide, foeticide, sex-selective abortion which has become common due to the amniocentesis technology, and mal-nourishment among girl children. In

* Advocate, Ujjain (M.P.) INDIA

India it is estimated that around "10 million female foetuses have been aborted in the last 20 years".

Education - Education is one of the most critical areas of empowerment for women. Although the right to education under Article 21 of the Indian Constitution have made it compulsory for the government to provide free education to everybody, the high rate of women's education is still a distant dream. In spite of the fact that Sarva Shiksya Abhiyan to an extent has been successful in bringing the girl child back to the schools, yet their retention rate in the school is lower as compared to their male counterpart. In fact it has been found that there is a gradual drop out of the girl students as they move up to the higher classes. This is particularly true in the rural areas in India. The main reasons associated with this is that the parents expects girls to look after the siblings while they are at work, working with the parents as seasonal labour during the cultivation period and managing the household work while the parents are at work, the parents take more interest in boys education as against the girls as they feel that the girls are to be married off, increasing cost of education etc. Thus the universalisation of primary education in India remains a remote daydream for the women.

Sexual harassment at the workplace - The initiative on a discourse on sexual harassment of women at their workplace in India started with Supreme Court's Vishaka guidelines in 1997. However it was the passage of the 'Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Bill 2013' that helped in translating these guidelines into concrete rules that are to be implemented. In India the women are discriminated against in terms payment of remuneration for their jobs. This is true for both urban as well as rural areas. Women entrepreneurs often have to deal with more complications in getting credits to start their independent business.

गणना से प्राप्त **टी–मूल्य** परीक्षण का मान 6.80 है तथा वर्ष =118 पर 0.05 स्तर पर सारणीगत मान 1.96 तथा 0.01 स्तर पर सारणीगत मान 2.59 है जो कि गणना द्वारा प्राप्त मान से कम है। अत: इस स्तर पर हमारी परिकल्पना अस्वीकृत है। अत: दोनों समूह छात्र एवं छात्राओं के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया का उनके अभिवृत्ति में सार्थक अंतर पाया गया। इस तरह हमारी पहली परिकल्पना अस्वीकृत होती है। जिसका प्रमुख कारण सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक परिवेश है। इस तरह यह सिद्ध होता है कि एम. एड. के छात्रों में छात्राओं की तुलना में शोध अभिवृत्ति के प्रति अभिरूचि अधिक होती है।

शोध पत्र का शैक्षणिक महत्व – प्रस्तुत शोध पत्र भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में नये आयामों एवं प्रतिमानों को स्थापित करने में सहायक होगी। क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में शोध अभिवृत्ति की न्यूनता पायी जा रही है। जो विभिन्न शोधों के माध्यम से भी स्पष्ट होता है एवं इस शोधपत्र के निष्कर्ष में भी यह बात दृष्टिगोचर होती है।

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन द्वारा शोध अभिवृत्ति का शैक्षिक महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि इससे शिक्षक प्रशिक्षकों को शोध के लिए प्रेरित किया जा सकता है। जिससे नवीन विषय तथा शैक्षिक समस्याओं के समाधान सरलता पूर्वक किया जा सकता है।
2. प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोध अभिवृत्ति की शैक्षिक महत्व इसलिए भी है चूंकि इससे शिक्षक प्रशिक्षकों में शोध की गंभीरता व शोध के प्रति जागरूकता जागृत किया जा सकता है।
3. शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न शैक्षिक समस्याओं को खोजने व उनके समाधान के लिए शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रेरित करना भी शोध अभिवृत्ति के शैक्षिक महत्व के अंतर्गत आता है।
4. प्रस्तुत शोध का महत्व वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था व उसके परिणामों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यदि शैक्षिक व्यवस्था में सुधार चाहिए तो उसके लिए शिक्षकों की अभिवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन लाना आवश्यक है। इसके लिए शिक्षक प्रशिक्षकों में शोध के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति का होना अवश्यम्भाव है इस तरह कहा जा सकता है कि शैक्षिक व्यवस्था के विकास के लिए शोध अभिवृत्ति का विशेष महत्व है।
5. शोध अभिवृत्ति का शैक्षिक महत्व इसलिए भी है कि इसके द्वारा शिक्षक प्रशिक्षकों को शोध के महत्व के बारे में जानकारी देने में सहायक होता है।
6. प्रस्तुत शोध अध्ययन द्वारा शिक्षक प्रशिक्षकों के शोध अभिवृत्ति को जानने में सहायक सिद्ध होगी।
7. प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध के निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि इसके द्वारा शिक्षक प्रशिक्षकों में शोध के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति का विकास होगा। जिससे शैक्षिक समस्याओं के समाधान के नवीन मार्ग प्रशस्त होंगे।
8. प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध शिक्षक प्रशिक्षकों में सकारात्मक शोध अभिवृत्ति के गुणों के पहचान में सहायक सिद्ध होगी तथा शोध अभिवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी।
9. प्रस्तुत शोध अध्ययन शिक्षक प्रशिक्षकों में वैज्ञानिक अभिवृत्ति के विकास में सहायक होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Dr. Sood, Vishal; Attitude Scale towards Research: Mansvi, Agra
2. Sadia Shaukat ; 2014 "Postgraduate Students` Attitudes towards Rasearch'(Bulletin of Education and Research June, Vol. 36, No. 1 pp. 111-122
3. Swindoll, C. R. (2012). Quotable quotes. Retrieved from http://www.goodreads.com/ quotes/267482-the-longer-i-live-the-more-i-realize-theimpact,retrived on 02-07-2013.
4. Sridevi]K.V.; (2014) "Attitude of M.Ed. Student towards Research' www.aiaer.net> e-Journal Vol 20108.
5. Chack, Nancy Holin (2012) "Update and Validation of a Teachers Attitudes towards Education Research Scale' George Manson University.

परिकल्पना 1 – बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों (छात्र–छात्राओं) के शोध अभिवृति में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा।

	N	मध्यमान	SD	SED	t-test	df	सार्थकत स्तर	निष्कर्ष
छात्र	60	57	9.32	0.4	1.41	118	0.05=1.96	स्वीकृत
छात्राएं	60	59.33	8.77				0.01=2.59	

परिकल्पना 2 – बिलासपुर जिले के एम. एड. के प्रशिक्षणार्थियों (छात्र–छात्राओं) के शोध के सामान्य पक्ष एवं शोध प्रक्रिया का उनके अभिवृति में सार्थक अंतर नही पाया जाएगा।

	N	मध्यमान	SD	SED	t-test	df	सार्थकत स्तर	निष्कर्ष
छात्र	60	62.5	7.2	1.29	6.20	118	0.05=1.96	अस्वीकृत
छात्राएँ	60	54.5	7.00				0.01=2.59	

****

जीवन कौशल शिक्षा – उद्देश्य एवं आवश्यकता

पूजा राघव *

प्रस्तावना – वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य बालक को उन सभी कौशलों का ज्ञान प्रदान करना है, जो कि एक कुशल नागरिक एवं सामाजिक सदस्य में होते हैं। अनेक अवसरों पर पढ़े–लिखे व्यक्तियों का आचरण इस प्रकार का होता है, जो कि सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं होता। वह समाज में गलत एवं असामाजिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं होता। वह समाज में गलत एवं असामाजिक व्यवहार करने लगता है। इस आधार पर ऐसे व्यक्तियों के लिए कहते हैं कि तुम **'पढ़े हो पर गुने नहीं हो'**। दूसरे शब्दों में ऐसे व्यक्तियों में जीवन कौशलों का विकास नहीं हो पाता। इस आधार पर उनका किताबी ज्ञान उनको एक प्रतिष्ठित नागरिक एवं सामाजिक सदस्य नहीं बना पाता। वर्तमान समय में इस तथ्य को ध्यान में रखकर शिक्षा का स्वरूप कौशल आधारित कर दिया गया।

कहने को तो शिक्षा को जीवन कौशल शिक्षा से जोड़ दिया गया है परन्तु क्या व्यक्ति व्यवहार से शिक्षित हो गया है? क्या कारण है कि युवा वर्ग हताश, तनाव व असफलता के तंत्रजाल में फंसता जा रहा है। क्या कारण है कि वह जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम नहीं हो पा रहा? सामान्य शब्दों में कहें तो वह योग्यता जो व्यक्ति को मानसिक रूप से सुदृढ़ एवं योग्य बनाने में सहायक होती है, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का, वास्तविकताओं का सामना करने में सक्षम हो सके, जीवन कौशल कहलाती है अर्थात् ज्ञान, क्रिया, भावना में संतुलन के साथ जीवन की वास्तविक परिस्थितयों में ज्ञान का प्रयोग करने में समर्थ, संवेगात्मक रूप से स्थिर एंव क्रियाशील नई पीढ़ी का निर्माण करने वाली शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षा है।

आज के अति–प्रतियोगिता के युग में चिन्तन कौशलों का निर्माण करने हेतु सूचना की पूर्ण आवश्यकता है। हांलाकि केवल ज्ञान होना इस बात को सुनिश्चित नहीं करता कि सूचना से परिपूर्ण एक व्यक्ति विवेकपूर्ण निर्णय लेने, समस्याओं को सुलझाने, दूसरों के साथ सम्बन्ध स्थापित करने और विवेकपूर्ण व प्रभावी ढंग से व्यवहार करने योग्य होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.,1994) के अनुसार जीवन कौशल, **'अनुकूलनात्मक और सकारात्मक व्यवहार के वे योग्यताएं हैं, जो व्यक्तियों को दैनिक जीवन की मांगों और चुनौतियों से प्रभावपूर्ण समायोजन करने योग्य बनाती है।'** जीवन कौशल ज्ञान, अभिव्यक्ति और मूल्यों को वास्तविक योग्यताओं में बदलने योग्य बनाती है। यूनीसेफ के अनुसार, **'जीवन कौशल केन्द्रीय योग्यताओं का एक संघ है, जिसे कभी–कभी भावात्मक बुद्धि के रूप में वर्णित किया गया है।'** इसमें मूलभूत कौशल जैसे– स्वजागरूकता, परानुभूति, प्रभावपूर्ण सम्प्रेषण, अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध संवेगो से निपटने व प्रतिबल का सामना करने की योग्यता विवेचनात्मक चिन्तन, सृजनात्मक चिन्तन, निर्णय लेना एवं समस्या–समाधान को सम्मिलित किया जाता है।

जीवन कौशल शिक्षा के अभाव में व्यक्ति अपनी विषम परिस्थितियों से उबरने में कठिनाईयों का अनुभव करता है। एक बालक को विद्यालय में सिखाया जाता है कि माता–पिता, गुरूजन व बड़ों का सम्मान करें, लैंगिक भेदभाव न करें, अपने व्यवहार में शालीनता लाए विषम परिस्थितियों में संयम बरतकर उसे सुलझाने की कोशिश करें। मानव, जीवन में कुशलता प्राप्त करने के बाद ही कुशल नागरिक बन पाता है। जीवन में कुशलता प्राप्त करने के लिए कौशलों की नींव रखने वाली मूल संस्थाए परिवार और विद्यालय हैं।

जीवन कौशल शिक्षा के उद्देश्य – जीवन कौशल की शिक्षा के मूल में छात्रों के विकास के अनेक उद्देश्य समाहित है। इनमें से प्रमुख उद्देश्य हैं–

1. सामाजिक विकास का पूर्ण सम्बन्ध जीवन कौशलों से होता है। विभिन्न प्रकार के जीवन कौशलों को सीखने के बाद छात्रों में सामाजिक गुणों का विकास सम्भव होता है तथा वे सामाजिक व्यवहार में निपुण हो जाते हैं।
2. जीवन कौशलों का ज्ञान कराने का मूल उद्देश्य छात्रों को प्रयोगात्मक कुशलता से परिचय कराना माना जाता है अर्थात् छात्रों को जीवन की परिस्थितियों में किस प्रकार मर्यादित व्यवहार करना चाहिए, यह सिखाया जाता है।
3. छात्रों में समायोजन की शक्ति को जीवन कौशल शिक्षा के माध्यम से विकसित किया जाता है, जिससे वे जीवन में समायोजित हो सके।
4. जीवन मूल्यों का विकास जीवन कौशलों के माध्यम से किया जा सकता है। इसके द्वारा छात्रों में सामाजिक मूल्य, आर्थिक मूल्य एवं राजनीतिक मूल्यों का विकास होता है, जिससे छात्र उक्त क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर लेता है।
5. छात्रों में जीवन कौशलों के विकास का मूल उद्देश्य संवेगात्मक स्थिरता लाना है, जिससे वह अपने जीवन में दूसरों के संवेगों को समझ सके तथा अपने संवेगों पर नियन्त्रण रख सके। इस प्रक्रिया से छात्रों का मानसिक विकास तीव्र गति से होता है।
6. छात्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखकर उनमें जीवन के लिए अनिवार्य सभी कौशलों का विकास किया जाता है।
7. जीवन कौशल की शिक्षा के अन्तर्गत आत्म–विश्वास की भावना का विकास किया जाता है क्योंकि आत्म–विश्वास के ज्ञान के अभाव में छात्रों द्वारा कोई भी कार्य उचित रूप में सम्पन्न नहीं किया जा सकता।

जीवन कौशल शिक्षा की आवश्यकता – जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशलों की आवश्यकता होती है। जीवन कौशलों का अध्ययन कोई नया उपागम नहीं है। विश्वभर में विभिन्न जीवन

* व्याख्याता, दीपशिखा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सीतापुरा, जयपुर (राज.) भारत

कौशलों का विकास किशोर बालकों के कार्यक्रमों का एक अभिन्न हिस्सा है। किशोरों की समाज विरोधी आक्रामक प्रवृत्तियों पर रोक लगाने हेतु सम्प्रेषण कौशल का प्रयोग किया गया है। विभिन्न विभेदकारी परियोजनाओं के बढ़ते अग्रसित कदम जो विभिन्न व्यवहारों और गुणवत्ताओं के माध्यम से सम्बोधित करते हैं, उनमें जीवन कौशल उपागम एक प्रभावी साधन के रूप में पहचाना गया है।

किशोर बालक अध्ययन के बाद अपने फैसले स्वंय लेने में सक्षम नहीं हो पाता। विद्यार्थी जीवन की सच्चाईयों व व्यवहारिकता से परिचित नहीं हो पाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुदान से देशव्यापी परियोजना के तहत विद्यालय स्तर पर **'जीवन कौशल शिक्षा'** लागू की जा रही है। राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहाँ उच्च माध्यमिक स्तर पर अनिवार्य विषय के रूप में इसे लागू किया जा रहा है।

शिक्षा में इस प्रकार का बदलाव आवश्यक है कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए विद्यार्थीकाल में उसे विभिन्न कौशल ज्ञान से पारंगत किया जाए। शिक्षा प्रत्येक निर्माण के पीछे एक क्रियात्मक शक्ति है। जीवन कौशल शिक्षा के केन्द्र में शान्ति, सद्भाव तथा अंहिसा की शिक्षा से सामाजिक परिवर्तन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। जीवन कौशल शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वंय को जानने, पहचानने का अवसर मिलेगा, जिससे वे जीवन की चुनौतियों को स्वीकार कर सकेगें तथा उनके सम्बन्ध में एक स्वस्थ समाज के निर्णय में अपनी भूमिका निभा सकेगें। भविष्य के प्रति एक सकरात्मक दृष्टिकोण के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान कर सकेगें।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. अरोड़ा, रीता: 2005 शिक्षा में नव चिन्तन, शिक्षा प्रकाशन, जयपुर
2. शर्मा, तिलक राज: 2003, जीवन शिक्षा, एच.पी.भार्गव बुक हाउस, आगरा
3. सिंह, एच.पी: 2015, समसामयिक भारत और शिक्षा, (NCTE) राधा प्रकाशन, आगरा

****

A Comparative Study Of 100 Meter Racers And 100 Meter Swimmers On The Basis Of Determination And Motivation

Dr. Gajender Singh Saroha * Ashish Kumar **

Abstract - Race and swimming are very popular across the world. Competition in both games is very high and increasing rapidly even at district level tournaments. Players need to be determined and motivated to perform well. A comparative study of 100 meter racers and 100 meter swimmers has been conducted on the basis of determination and motivation. 30 - 30 athletes from both games were selected and their level of determination and motivation was judged and compared. A structured questionnaire was used to judge the level of determination and motivation. Z test was used to judge the level of significance.
Key words -100 meter racers, 100 meter swimmers, determination, motivation.

Introduction - Determination and motivation are very essential for athletes. If the level of both is low among racer or swimmer their performance will be hampered. There are many physical, mental, psychological, social and behavioural aspects on which level of determination and motivation depends. 100 meter race and 100 meter swimming are the activities in which determination and motivation plays vital role so it was considered appropriate to compare the level of determination and motivation between 100 meter racers and 100 meter swimmers. It is always desirable to keep the level of determination and motivation at reasonably high level among 100 meter racers and swimmers.

Developing speed in any athlete is a challenge. Track coaches, strength and conditioning specialists and sport scientists have been contemplating how to provide the right amount of resistance without negatively affecting the sprint mechanics of a sprinter for years.

Objectives of research -

1. To study the level of determination among district level 100 meter racers and 100 meter swimmers.
2. To study the level of motivation among district level 100 meter racers and 100 meter swimmers.
3. To compare the level of determination between 100 meter racers and 100 meter swimmers.
4. To compare the level of motivation between 100 meter racers and 100 meter swimmers.

Hypothesis of Research -

1. There is no significant difference between the level of determination of 100 meter racers and 100 meter swimmers.
2. There is no significant difference between the level of motivation of 100 meter racers and 100 meter swimmers.

Sample of Research - District level 100 meter racers and 100 meter swimmers were randomly selected from two cities of Uttar Pradesh namely Agra and Mathura.

City	100 Meter Racers	100 Meter Swimmers
Agra	15	15
Mathura	15	15
Total	30	30

Research Tool - A self developed questionnaire having 12 questions relating to determination and 12 questions relating to motivation was used for racers and swimmers. Each question was given with 5 options for which 1 to 5 points were assigned.

Determination Level - Determination is very important for racers as well as swimmers. The competition is very intensified even at district level so the player has to be determined to perform well irrespective of the situation/ environment. The determination level of selected 100 meter racers and 100 meter swimmers was ascertained through a questionnaire. The scores of determination level of racers and swimmers were presented in the following chart.

Chart -1 (See in the next page)

Comparison of determination level between 100 meter racers and 100 meter swimmers

It is clear from the chart that determination level of swimmers was comparatively higher than racers. To ascertain whether the difference is significant Z test was conducted. As per the test calculated value of Z was 1.6707. It was lesser than tabulated value of Z (1.96) at 5% level of significance. Hence the first hypothesis is accepted that there is no significant difference between the level of determination of 100 meter racers and 100 meter swimmers.**(Table see in the next page)**

*Associate Professor, Pacific College of Physical Education, PAHER University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Research Scholar, Pacific Academy of Higher Education & Research University, Udaipur (Raj.) INDIA

Motivation Level - Players should be motivated to take part in sport and feel enthusiastic about winning the game. The motivation level of selected 100 meter racers and 100 meter swimmers was ascertained through a questionnaire. The scores of motivation level of racers and swimmers were presented in the following chart.

Chart -2 (See in the next page)

Comparison of motivation level between 100 meter racers and 100 meter swimmers

It is clear from the chart that motivation level of swimmers was comparatively higher than racers. To ascertain whether the difference is significant Z test was conducted. As per the test calculated value of Z was 2.0007. It was higher than tabulated value of Z (1.96) at 5% level of significance. Hence the second hypothesis is rejected that there is no significant difference between the level of motivation of 100 meter racers and 100 meter swimmers.

(See in the next page)

Findings & Conclusion -

1. Determination level of swimmers was little higher than racers but it is not significant. Efforts should be made to increase the level of determination among swimmers as well as racers.
2. Motivation level of swimmers was significantly higher than racers. Efforts should be made to increase the level of motivation among swimmers as well as racers. Though it is more required in racing.

References:-

1. Burton, A. W., D. E. Miller : Movement Skill Assessment.Human Kinetics, 1998.
2. Juan Gonzalez and Shannon Beckwith , NSCA's performance training journal, volume 8 issue 3, pg.8
3. Faccioni, A. Assisted and resisted methods for speed development: Part 2. Modern Athlete and Coach 32:8 – 12. 1994.
4. Schnabel, A. and W. Kindermann, Assessment of Anaerobic Capacity in Runners, European Journal of Applied Physiology, 42-46, 1983.

Chart -1 - Comparison of determination level between 100 meter racers and 100 meter swimmers



Particular	Mean	Standard Deviation	Z value	Z Table value at 5% level of significance	Hypothesis
100 meter racers	28.47	8.43	1.6707	1.96	Accepted
100 meter swimmers	32.2	8.87			

Chart - 2 - Comparison of motivation level between 100 meter racers and 100 meter swimmers



Particular	Mean	Standard Deviation	Z value	Z Table value at 5% level of significance	Hypothesis
100 meter racers	28.43	8.77	2.00	1.96	Rejected
100 meter swimmers	33.17	9.54			

****

शारीरिक शिक्षा एवं चिकित्सा के नये आयाम

संजय कुमार *

प्रस्तावना – आज के इस बदलते परिवेष में मानव भौतिक विलासता के पीछे भागते हुए मानवता को बहुत पीछे छोड चुका है। मनुष्यता मिटती जा रही है, और हम एक मशीन से ज्यादा कुछ नहीं है। मनुष्य का मनुष्य होना मानव की महानता है कि कहावत भी धुधली होती जा रही है। ऐसी स्थिति में हमे अपने शरीर का ध्यान देने का समय ही नहीं है, और इसी वजह से हम किसी न किसी व्याधि से ग्रस्त होते जा रहे है। दुनिया के लगभग पचासवें प्रतिशत जनसंख्या किसी न किसी रोग से ग्रस्त है। ऐसी स्थिति में हमे अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिए। ताकि हम एवं स्वस्थ्य विश्व का निर्माण कर सके अगर हम स्वस्थ्य होगें तो तभी हमारा समाज स्वास्थ होगा और हम गर्व से कहेगें की हम मानव है।

अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने की दिशा में शारीरिक शिक्षा कारगार साबित हो सकता है क्योकि कहते है कि **स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मन का निवास करता है।** इसलिये हमें अपने व्यस्तम समय में से हमे अपने शरीर के लिए भी कुछ वक्त निकालकर शारीरिक क्रियाओं में भी समय देना चाहिए । तभी हम स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना सहयोग दे सकते है क्योंकि सच्चरित्र नागरिक ही देश की अमूल्य सम्पति होते है। किसी भी देश की समृद्धि एवं उत्थान उस देश के सच्चरित्र एवं नैतिक नागरिकों पर निर्भर करता है।

शारीरिक शिक्षा – भारत के प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कहा था। पुरातन काल में भारतीय ग्रीक चीनियों तथा अरबो की तरह इतिहास कार नही थे यह हमारी वदकिस्मती रही है, जिससे हमे तरीखों तय करने तथा सही कालानुक्रम मे अत्यन्त कठिनाई आई है।

भारत में शारीरिक शिक्षा का विकास कई हजार वर्ष पहले आरम्भ हो गया था। जिसकी झलक हमे अपने महाकाव्यों रामायण, महाभारत, वेदों और कालीदास के काव्य तथा फाह्यान एवं ह्नूंसाग द्वारा लिखित कृतियों में मिलती है। प्राचीन लोगो का मानना था कि शरीर और मास्तिस्क का सन्तुलन वैदिक शक्ति उत्पन्न करता है। जिस कारण मनुष्य की मांसपेसियो निढ़ाल हो रही है, सुन्दर बनने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति का शरीर सुन्दर तथा सुडौल हो उनकी मानसिक शक्तियों के विकास के साथ–साथ उसका नैतिक विकास भी होना आवश्यक है शिक्षा प्रणाली वही उत्तम कहलाती है जिनमे व्यक्ति व्यक्तित्व का संतुलित विकास हो वर्तमान शिक्षा प्रणाली मे यह संतुलन प्राय: नहीं देखा जाता है। आज तो शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है जिससे वालक का विकास हो सके। इसमे मानसिक सामाजिक शारीरिक तथा संवेगात्मक विकास की ओर पूर्ण ध्यान दिया जाना चाहिऐ। इसलिए यह आवश्यक है कि वालक को सामान्य शिक्षा के साथ साथ शारीरिक शिक्षा का भी ज्ञान प्राप्त करवाया जाए।

प्राचीन काल मे शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना था। जिसमे शारीरिक विकास तथा स्वास्थ विकास भी सम्मिलित था यदि शारीरिक शिक्षा का शाब्दिक अर्थ ग्रहण किया जाए तो स्पष्टत: परिलक्षित होता है कि इसमें मूलत: दो शब्द निहित है। शारीरिक शिक्षा अर्थात शरीर से संबधित दी जाने वाली शिक्षा । सामान्य बोल चाल की भाषा मे शारीरिक शिक्षा का अर्थ प्राय: शारीरिक क्रियाओं अथवा गतिविधियों से लिया जाता है। वस्तुत: शारीरिक शिक्षा के मूल अर्थ एवं प्रत्यय थे परिवर्तन युगीन परिस्थितियों एवं आवश्यकताओ के अनुसार होता रहा है। परन्तु फिर भी शारीरिक शिक्षा के मूल अर्थ को संक्षेपत: व्यक्त करते हुए कहा जा सकता है कि शारीरिक शिक्षा वह शिक्षा है। जो स्वास्थ शारीरिक विकास हेतु विविध आंगिक क्रियाओं एवं कार्यक्रमों द्वारा दी जाती है। जो न केवल बालक के शारीरिक पक्ष को प्रबल व पुष्ट बनाती वरन इससे उसके व्यक्तित्व के अन्य पक्ष यथा मानसिक संवेगात्मक सामजिक एवं नैतिक पक्ष भी सुविकसित होते है

शारीरिक शिक्षा की परिभाषा –

(1) शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोट – के शब्दों में 'शारीरिक शिक्षा तथा मनोरंजन की राष्ट्रीय योजना अनुसार शारीरिक शिक्षा एक ऐसी शिक्षा है जो वच्चे को सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु क्रियाओं द्वारा शरीर मन तथा आत्मा की पूर्णता की ओर बढ़ती है।

(2) आर. कैसडी – के शब्दों में 'शारीरिक शिक्षा मनुष्य के भीतर उन परिवर्तनों का समूह है, जो गति भरे अनुभवो द्वारा होती है' ।

(3) चार्ल्स ए. बुचर – के शब्दो मे 'शारीरिक शिक्षा सम्पूर्ण शिक्षा प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग और उद्यय का क्षेत्र है जिसका उद्देश्य शारीरिक मानसिक आवश्यकता तथा सामाजिक रूप से सम्पूर्ण नागरिकों का इस प्रकार की क्रियाओं द्वारा विकास करना है जिनका चयन उनके उद्देश्यों की पूर्ति को ध्यान में रखकर किया गया है'।

(4) जे.वी. नैश – के शब्दों में 'शारीरिक शिक्षा समूची शिक्षा का वह अंग है जो बड़ी मांसपेशियो से सम्बन्धित क्रियाओ एवं उनसे सम्बन्धित प्रतिकियाओ से जुड़ा हुआ है'।

(5) जे. पी. थॉमस – के शब्दो मे 'शारीरिक शिक्षा शारीरिक गतिविधियों द्वारा वालक के समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु दी जाने वाली शिक्षा है'।

शारीरिक शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व – ज्ञान केन्द्रित परीक्षा केन्द्रित एवं शिक्षक केन्द्रित शिक्षा प्रक्रिया में बालक का अस्तित्व जब गौण हो गया हो तो इसकी तीव्र प्रतिक्रिया स्वरूप बीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में बाल केन्द्रित शिक्षा Child centerded education का आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। रूसो तथा अन्य प्रकृतिवादी दार्शनिकों ने शिक्षा मे बालक के उपेक्षित स्थान को चुनौती स्वरूप लिया तथा बालकेन्द्रित शिक्षा का नारा बुलन्द किया और बालक को प्राकृतिक एवं स्वतन्त्र वातावरण में शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने सर्वथा कृत्रिम अथवा अप्राकृतिक शिक्षा पद्धति का विरोध किया तथा Go Back To Nature का नारा बुलन्द किया। उनके अनुसार केवल प्राकृतिक एवं स्वतन्त्र वातावरण में ही बालक को स्वाभाविक कृतियों एवं जन्मजात क्षमताओं का विकास संभव है।

* अतिथि विद्वान (क्रीड़ा) नवीन शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला–उमरिया (म.प्र.) भारत

परिणामत: शिक्षा विषय केन्द्रित या शिक्षक–केन्द्रित से हटकर बाल–केन्द्रित हो गई और पुराना वाक्य 'राम लैटिन पढ़ता है आ गया। इस प्रकार लैटिन और शिक्षक से कही अधिक महत्वपूर्ण हो गया बालक या राम।कहा गया है कि 'स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क निवास करता है' यदि उक्त उक्ति पर चिंतन मनन किया जाए तो इसकी सार्थकता पर कोई प्रश्न चिन्ह् नहीं लगाया जा सकता। चूंकि स्वस्थ्य शरीर ही व्यक्ति की सम्पूर्ण क्षमताओं के विकास को आधार प्रदान करता है। जिस प्रकार नीव मजबूत होने पर भवन की सुरक्षा व मियाद को सहज स्वीकार कर लिया जाता है। ठीक उसी प्रकार स्वस्थ शरीर के लिए भी यही कहा जा सकता है कि स्वस्थ शरीर बालक की समग्र क्षमताओं के विकास उसके विविध व्यक्तित्व संबंधी पहलुओं को एक सुरक्षित आधार प्रदान करना है। इसका कारण यह है कि एक शारीरिक दृष्टि से अस्वस्थ बालक चतुर्मुखी व्यक्तित्व का धनी नहीं हो सकता है। प्राचीन काल से ही शरीरिक शिक्षा का प्रचलन समाज में रहा है। जैसे जैसे सभ्यताओं का विकास होता गया, उसके साथ ही शारीरिक शिक्षा का विकास होता गया।

स्वास्थ्य शिक्षा एवं उपचार की पद्धतियां – मनुष्य के स्वास्थ को ठीक रखना हमारे लिए चिंता का विषय बन गया है। शारीरिक शिक्षा के कार्यक्रमों मे स्वास्थ्य का बड़ा योगदान है, जबकि स्वास्थ, शारीरिक क्रियाओं पर निर्भर करता है। शारीरिक शिक्षा का एक अच्छा बना हुआ कार्यक्रम, स्वास्थ के लिये लाभदायक सिद्ध हो सकता है। फिर भी स्वच्छता, संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छ अवस्था, बीमारियों का ईलाज, पर्याप्त मात्रा में संतुलित भोजन, नियमित रहन–सहन आदि कुछ ऐसे महत्वपूर्ण कारण है, जिन पर स्वास्थ निर्भर करता है। इन्हीं बिन्दुओं पर स्वास्थ्य विषयक शिक्षा स्वास्थ्य शिक्षा कहलाता है। उपर्युक्त बिन्दुओ के बावजूद भी हमें बीमारिया घेर ही लेती है और उन्में से कुछ बीमरिया लाइलाज भी होती है। उन्ही लाइलाज बीमारियों का इलाज कई रूपों में किया जा रहा है उनमें से कुछ विधिया तो नई और कुछ पारम्परिक है उनमें से कुछ पर विचार करते है।

योग – योग शब्द मूल संस्कृत युज से आया है जिसका तात्पर्य संलग्न युज से आया है, जिसका तात्पर्य संलग्न होने या सम्मिलित करने का भाव है। योग को व्यापक रूप से 2700 ईस्वी पूर्व सिंधु सरस्वती घाटी सभ्यता की एक अमिट सांस्कृतिक विरासत के रूप में माना जाता है। योग ने मानवता के भौतिक और अध्यात्मिक दोनों ही उत्थान में अपनी भूमिका को साबित कर दिया है।

स्वास्थ्य और कल्याण के लिए योग क्रियाएं – व्यापक रूप से की जाने वाली योग साधनाएं (आचरण) ही योग, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार धारण, ध्यान (मेडीटेशन) समाधि संयम,वंध,और मुद्राए, सतकर्म युक्ताहार, मुक्तकर्म मंत्रजाप इत्यादि।

चिकित्सा के रूप मे योग – योग सिद्धान्तों और पद्धतियों का उपचार के लिए इस्तेमाल योग चिकित्सा कहलाता है। उपचारात्मक उद्देश्यों के लिए योग पद्धतियो का इस्तेमाल योग का ही एक उप उत्पाद है। योग पद्धतियों से मन केन्द्रित होता है और यदि हम उपनिषद् गीता, योग,सूत्र, प्राचीन हठ योग ग्रन्थो या अन्य योग मन और इसकी विभिन्न शाखाओं की स्वतन्त्रता के लिए निहित एक अनुशासन ही ग्रंथो जो अपनी स्पष्ट स्थिति वताने के लिए स्वंय को उसके स्तर तक ले जाता है। हालाकि पंतजलि के योग उपकरणों की उपलब्धता से सम्बन्धित कोई सदंर्भ नहीं है। लेकिन इसमे व्याधि शब्द का उल्लेख बाधाओं के रूप मे हुआ है जिसका अर्थ बीमारी है बेशक हठ योग प्रदीपिका संबंधित योग याज्ञवल्क्य योग रहस्य जैसे हठ योग ग्रंन्थों मे इसके प्रत्यक्ष संदर्भ भी उपलब्ध है। जो दिखाते है कि कैसे क्रियाओं आसनों प्राणायाम और मुद्राओं के प्रयोग से रोगो का निदान किया जा सकता है। योगकार्य संधिता को निदान के उद्देश्य से योग की पद्धति विकसित करने में वर्षो लगे। इन पद्धतियों को उनके शिष्यो के माध्यम से अगली पीढ़ियों को सौप दिया गया। जो इनका योग चिकित्सा की परम्पराओ के रूप मे अभ्यास करते है। योग चिकित्सा निम्नलिखित सिद्धान्तों और अवधारणाओं पर आधारित है।

- पंतजलि के योग सूत्र में पाये गए चित्त वृतितनिरोध क्रियायोग और अंष्टांग के सिद्धांत।
- उपनिषदो मे पाये पंचकोष के सिद्धांत (पंचशील/दैहिक)।
- पंतजलि योग सूत्र और हठयोग में प्राप्त विभिन्न प्रकार की शुद्धि के सिद्धान्त।
- हठ योग, और कुण्डलिनि योग, में प्राप्त वायु और प्राण (नादशुद्धि) की अवरुध नलियों कमल और चक्र, प्राणायाम, मुद्राओं और चक्र, प्राणायाम मुद्राओं और दृष्टि को खोलने के सिद्धान्त।
- पंतजलि योग सूत्र मंत्र योग हठ योग की तर्ज पर मन के साथ कार्य करना ।
- भगवद्गीता के कर्म ज्ञान भक्ति के अनुरूप कार्य करना।
- तंत्र योग के कतिपय पहलू भी विभिन्न योग पद्धतियों मे एकीकृत हो जाते हैं।

योग की क्रिया प्रणाली – निम्नलिखित कुछ तंत्र है जिनके माध्यम से योग एक एकीकृत मन शरीर औषधि के रूप मे कार्य करता है

1. शरीर मे संचित विशाक्त पदार्थो को विभिन्न शुद्धि क्रियाओं के माध्यम से परिकृत करता है और यौगिक सूक्ष्म व्यायम (शरीर के सभी जोडो और स्नायु के लिए) सरल सूक्ष्म गति के माध्यम से भार सहित विश्राम की भावना उत्पन्न करता है।
2. उचित पौष्टिक आहार के साथ एक यौगिक जीवन शैली शरीर के सकारात्मक प्रति उपचायन में वृद्धि करता है और इस क्रम मे स्वंतत्र मूलको को निष्क्रि य कर जीवन ऊर्जा उपाचय विरोधक और स्वत: आरोग्य करने वाली प्रक्रियाओं से भरे पोशक तत्वों के चक्र को पुन: सक्रीय करता है।
3. यह विभिन्न शारीरिक मुद्राओं के माध्याम से तनाव रहित स्थिर और सहज ढ़ग से पूरे शरीर को संभाल सकता है। शारीरिक संतुलन और आत्म सहजता की भावना मानसिक भावनात्मक सतुंलन बढ़ाने और सभी शरीरिक प्रक्रियाओं को स्वस्थ तरीके से करने में सक्षम करता है।

प्राकृतिक चिकित्सा – प्राकृतिक चिकित्सा परंपरागत चिकित्सा की तुलना में कम मंहगी होती है और लम्बे समय से चले आ रहे रोगों के इलाज का समाधान होता है व यह उन लोगों के लिए स्वास्थ देखभाल उपलब्ध कराती है जो मंहगे उपचार का खर्च नहीं उठा सकते है। यह सक्षम स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को अपनाया जाना और प्रयोग को अपनाया स्वास्थ देखभाल लागतो का प्रबंधन करने का व देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर करने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली – प्राकृतिक चिकित्सा व्यक्ति को शारीरिक मानसिक नैतिक और आध्यात्मिक स्तर पर प्रकृति में संरचनात्मक सिद्धांत के साथ सामंजस्यता के साथ निर्माण करने की एक प्रणाली है। प्राकृतिक चिकित्सा प्राकृतिक देखभाल और प्राकृतिक थेरेपी इस पद्यति को दिए जाने वाले कुछ नाम है। जिनमें रोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सात

तत्वों का प्रयोग किया जाता है अर्थात आकाश,वायु,अग्नि,जल,मिट्टी,आहार और रामनाम। प्राकृतिक चिकित्सा का यह मानना है कि शरीर में होने वाले सभी रोग अधिकतर व्यक्ति के खानपान की गलत आदतों व एक गलत जीवन शैली का पालन करने के कारण रोगजन्य पदार्थो/जहर के एकत्र होने के कारण होते है।

यह इस सिद्धांत पर आधारित होता है कि प्राकृतिक की एक चिकित्सा है, जहर को निकालकर रोगियों के स्वास्थ को वापस लाने के लिए केवल प्राकृतिक तत्वों का ही प्रयोग किया जाए। प्राकृतिक चिकित्सा की मुख्य शक्ति न केवल रक्षात्मक अपितु उपचारात्मक सेवाएं प्रदान करना भी है। यह प्रणाली 60 वर्ष से अधिक के लोगों के बीच में कई प्रकार के गंभीर रोगो के उपचार में बहुत ही उपयोगी पाई गई है।

प्राकृतिक खाद्य स्त्रोतों के अतिरिक्त प्राकृतिक चिकित्सा कई प्रकार के उपचारात्मक प्रयोग भी करता है, जो पूरे विश्व में लाखों लोगो को लाभ पहुँचा चुके है कुछ प्रमुख प्राकृतिक चिकित्सा उपचार पद्धतियां इस प्रकार है।

1. **हाइड्रोथैरेपी (जल उपचार पद्यति)** – हाइड्रोथैरेपी एक विख्यात और उपचार पद्धति का प्राचीन रूप है। हाइड्रोथैरेपी में जल के तापमान रोगों की विभिन्न स्थितियो के लिए अनुप्रयोग की अवधि व क्षेत्र के आधार पर कई प्रकार के शारीरिक प्रभावों को उत्पन्न करने के लिए कई तापमानों के जल जैसे गर्म ठंडा स्नान भाप से स्नान कंप्रेस और फोमेंटेशेन सांना रैप और इंमर्शन स्नान प्रदान किया जाता है।

2. **मड – थैरेपी (मिट्टी उपचार)** – मिट्टी जहर को अवशोषित करती है और निकालती है और शरीर को तरोताजा करती है। इसे मिट्टी के पैक और मिट्टी के स्नान के साथ किया जाता है और यह त्वचा की विभिन्न स्थितियो जैसे एग्जिमा त्वचा रोग छाले होना मुहासे व धाग धब्बे उच्च रक्त दाब मधुमेह गठिया कब्ज गैस की समस्या विकार आदि का उपचार करने मे उपयोगी होता है।

3. **मालिश उपचार पद्धति** – मालिश उपचार पद्धति को आम तौर पर टॉनिक शक्ति प्रदाता और शामक प्रभावों को प्रदान करने के लिए प्रदान किया जाता है। यह उपचार रक्त परिसंचरण में वृद्धि करने और थकान को मिटाने में उपयोगी होता है। यह त्वचा के बंन्द छिद्रो को खोलने में उपयोगी होता है । यह पसीने के साथ जहरीले पदार्थो के बाहर निकलने के लिए उपयोगी होते है यह पद्धति सभी दीर्घ अवधि रोगो जैसे संधिवात गठिया आस्थि संधि शोध अंतर्कशेरूकीप डिस्क विकार कंधे का जाम होना आधात व अन्य गैस संबंधी स्थितियों जैसे कब्ज, अपच, भूख ना लगना कैड उपायचय विकार हार्मोनल विकार स्नायु संबंधी विकारो आदि में उपयोगी होती है।

4. **धूप उपचार पद्यति** – सूरज की किरणो मे सात रंग होते है बैगनी,गहरा नीला, नीला हरा, पीला, नांरगी और लाल ये रंग शरीर पर विकिरण के माध्यम से अथवा उपचार के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए पानी और तेल के द्धारा प्रयोग किए जाते है। धूप उपचार पद्धति मे सबसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले उपचार है प्लेटेन लीफ सन, वाथ यह पद्यति संधिवात गठिया अस्थि संधि शोध अस्थि त्वचा रोग एग्जिमा ऊपरी श्वसन समस्या लकवा उच्च रक्त चाप एंव पाचन विकारों के लिए उपयोगी होती है।

5. **चुंबकीय पद्धति** – चुम्बक स्वास्थ को प्रभावित करता है विभिन्न शक्तियों और आकारों के दक्षिण व उत्तरी धुर्वो के उपचार में या तो शरीर के विभिन्न अंगो पर सीधे या चुंबक युक्त जल या तेल के माध्यम से प्रयोग किया जाता है।

6. **एक्यूपंक्चर** – एक्यूपंक्चर आपरेशन का एक ऐसा रूप है, जिसमें रोग की स्थिति रोगी की उम्र कद कठी आदतो स्वभाव का भली भांति अध्ययन कर खास बिन्दुओं पर सुईया चुभोई जाती है। इसके अन्तर्गत शरीर में कम से कम चौदह प्रमुख याम्योत्तर की कल्पना की गई है। इनमें बारह द्धिपार्श्विक रेखाएं है, जिसका सम्बन्ध शरीर के भीतरी अंगो तथा बाहरी तलो से होता है हर के याम्योत्तर रेखा पर एक उद्दीपन और एक समान स्थल जोडा मिलाया जाता है। ताकि एक एक अंग को उद्दीपित तथा दूसरे को शान्त रखा जा सके इन्हीं याम्योत्तर रेखाओं पर एक्यूपंक्चर स्थल बनाए जाते है और अंगूठा एंव दर्जनी के सहारे हलके से घूमा दी जाती है। इससे ऊर्जा याम्योत्तर रेखाओ से होकर प्रवाहित होने लगती है। फलस्वरूप शरीर का असंतुलन और विकृति ठीक हो जाती है। इस विधि का प्रयोग निश्चिेतक औषधि के रूप मे भी किया जाता है चीन मे अधिकांश शल्प क्रियाए निश्चिेतक औषधि दिए बिना एक्यूपंक्चर की सहायता से की जाती है।

7. **एक्यूप्रेशर** – एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति मे शरीर के कुछ विशेष बिन्दुओं पर नियमित दबाव डालकर किसी खास अंग के रोग को बिना दवाई से ठीक किया जा सकता है। हमारे शरीर की रक्त कोशिकाओं तथा स्नायुतंत्र की सभी नाड़ियो के अंतिम सिरे हाथो और पैरो मे है जब संबंधित अंग को इस अन्तिम सिरे या बिन्दु पर दबाव डाला जाता है। तो वह अंग सक्रिय हो जाता है और उसकी खराबी धीरे धीरे बिना दवाई के ठीक हो जाती है एक्यूप्रेशर से त्वरित लाभ मिल जाता है पर स्थाई इलाज एक्यूपंक्चर से होता है। आज कल अल्टासोनिक एक्यूपंक्चर जैसी आधुनिक विधियां अपनाई जाने लगी है, जो अधिक कारगर और अल्पावधि मे लाभ पहुँचाती है चिकित्सा की इस पद्धियों का जन्म स्थान चीन माना जाता है।

उपरोक्त प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियो के अतिरिक्त आहार उपवास मुद्रा उपचार पद्यति एंव पिरामिड उपचार पद्धति वहुत लोकप्रिय है ये उपचार पद्धतियों स्नापु तंत्र के विकारों जैसे तनाव बेचैनी कुंठा मांस पेशियों मे खिचाव सिरदर्द अवसाद और थकान में बहुत ही उपयोगी है। प्रजनन संबंधी विकार जैसे माहवारी की समस्याएं, माहावरी से पूर्व की परेशानी मोटापा गर्भाअवस्था से पूर्व देखभाल आदि का उपचार भी इन पद्धितियों के माध्यम से हो सकता है, इससे पाचन संबंधी बीमारी गैस से होने वाले विकारो कब्ज बाउल सिंड्रोम के उपचार हेतु माना जाता है प्रतिरोधकता विकार एलर्जी दमा उच्च कोलेस्ट्रोल का भी उपचार इन पद्धति के माध्यम से किया जा सकता है।

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति – भारतीय चिकित्सा पद्धति मे आयुवेद होम्पोपैथी पुरानी सिद्ध योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा शामिल है। ये चिकित्सा पद्यतिया प्राचीन काल से ही भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग रही है। यद्यपि यूनानी चिकित्सा पद्धति का भारत मे आगमन दसवीं शताब्दी मे हुआ है। होम्योपैथी का जन्म स्थान जर्मनी है, यद्यपि ये भारतीय चिकित्सा पद्धति का महत्वपूर्व अंग बन गई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वर्मा व्यास देव एवं कौर लखवीर – 'शारीरिक शिक्षा अध्यापक' एच. जी. पब्लिकेशन (इण्डिया) 2010
2. श्रीवास्तव, अजय कुमार – यूजीसी दानिका पब्लिकेशन कम्पनी दिल्ली 2012
3. पाण्डेय, डॉ. अलोक कुमार – 'चिकित्सा प्रौद्योगिकी वैदिक प्रकाशन इलाहाबाद 2008-09
4. नायर, आर. एम. 'प्राकृतिक चिकित्सा तथा भारत की स्वास्थ्य चुनौतियां योजना जून 2015

संयुक्त परिवार : समय की माँग

रागिनी सिंह * अनिता सिंह **

प्रस्तावना – भारतीय सामाजिक परिवार की संरचना की एक विशेषता यहाँ संयुक्त परिवार प्रणाली का पाया जाना है। संयुक्त परिवार से तात्पर्य ऐसे परिवार से होता है, जिसमें कई पीढ़ी के लोग एक साथ निवास करते हैं तथा जिनकी संपत्ति सामूहिक संपत्ति होती है। परिवार के सभी सदस्य भावात्मक आधार पर एक दूसरे से जुड़े रहते हैं तथा एक दूसरे के लिये त्याग करते हैं। सभी सदस्य विभिन्न अवसरों पर एक दूसरे के सुख–दुख में सम्मिलित होते हैं तथा परस्पर अधिकारों एवं कर्तव्यों से बंधे होते हैं। इनमें एक ही घर की परस्पर साझेदारी रहती है। यदि पारिवारिक नियम–कायदों तथा परंपराओं का पालन किया जाए तो परिवार में भौतिक सुख, समृद्धि तथा प्रेम का वातावरण रहता है।

भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण में परिवार के सदस्यों का व्यवहार बहुत महत्वपूर्ण रहता है, क्योंकि पारिवारिक वातावरण के आधार पर ही संतति का स्वभाव तथा मस्तिष्क बनता है। परिवार ही एक ऐसा स्थान है, जहाँ व्यक्ति मानसिक सुख तथा शांति प्राप्त कर सकता है। परस्पर सहयोग, त्याग भावना, मानव–सेवा, व्यापक भाई–चारे की भावना तथा सभी जीवों के प्रति प्रेम आदि सदगुण पारिवारिक वातावरण का ही परिणाम होते हैं।

आज के भौतिकवादी युग में संयुक्त परिवार युवा पीढ़ी की एक आवश्यकता के रूप में उभरकर सामने आया है। युवाओं को अपने समुचित मानसिक तथा भावात्मक विकास के लिए आर्थिक, मानसिक और सामाजिक सुरक्षा का वातावरण आवश्यक है और यह सब उसे संयुक्त परिवार में सहज ही उपलब्ध है।

आज की तनावग्रस्त तथा भाग–दौड़ से भरी हुई जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिये युवाओं को जहाँ दादा के कड़े अनुशासन की आवश्यकता है, वहीं दादी, बुआ, चाचा, ताऊ आदि के दुलार की भी सख्त आवश्कता है, जो उसे संयुक्त परिवार में मिल जाता है। मानसिक तथा भावात्मक आवश्कताओं का पूर्ण होना उसके चौतरफा विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

आज प्रत्येक वस्तु के प्रदर्शन करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। इस भौतिकवादी युग के युवाओं को कार, बंगला, टी.वी., फ्रीज आदि अनिवार्य आवश्यकताऐं प्रतीत होने लगी हैं। इस परिस्थिति में यदि संयुक्त परिवार के सदस्य एकल परिवार के रूप में विभक्त हो जाते हैं, तो इन सभी वस्तुओं का एक–एक सेट प्रत्येक परिवार को चाहिए जो कि निश्चित रूप से धन का अपव्यय ही होगा। ऐसी परिस्थिति में संयुक्त परिवार ही वह व्यवस्था है, जहाँ सीमित बजट में उच्च जीवन–शैली तथा सुख–सुविधा के सभी साधन उपलब्ध हो जाते हैं।

संयुक्त परिवार ही वह परिवार है, जहाँ परिवार के प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी सदस्य मिलजुल कर उठाते हैं। बढ़ते हुए आतंकवाद, लड़ाई–झगड़े, अपहरण, हत्या तथा बलात्कार जैसे दुर्गुणों से दूषित आज के समय का कड़ा जवाब केवल संयुक्त परिवार ही है। परिवार के संगठित होने के कारण कोई भी दुराचारी व्यक्ति परिवार के किसी सदस्य की ओर आँख उठा कर देखने का साहस भी नहीं कर सकता है।

आज कतिपय पथभ्रष्ट युवाओं की मानसिकता उचित–अनुचित किसी भी प्रकार से केवल अपने लिए भौतिक–सुख–सुविधा के साधन जुटाने तक सीमित हो गयी है। परिवार में बुजुर्गों की अनुपस्थिति ने इन्हें असामाजिक कार्यों शराब, जुआँ एवं दुराचार की ओर ढकेल दिया है। ऐसे युवाओं के कार्य–कलापों पर नजर रखने एवं उनका पथ–प्रर्दशन करने के लिए आवश्कता है, संयुक्त परिवार की जहाँ सदैव ही कोई न कोई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहता है।

बच्चों, युवाओं तथा बुजुर्गों में बढ़ती हुई मानसिक अवसाद तथा आत्महत्या की प्रवृत्ति वर्तमान समय की ही देन है। एकल परिवार में उनकी मानसिक समस्याओं को सुनने और समझने वाला कोई नहीं होता। ऐसा कोई नहीं होता जो उनके अनुभवों में सहभागिता दर्शा सके किंतु संयुक्त परिवार में युवाओं और बच्चों को उनकी मानसिक ग्रंथियों को सुलझाने के लिए परिवार के वरिष्ठजनों तथा हम–उम्र साथियों का साथ हमेशा ही मिलता है। यही नहीं संयुक्त परिवार के बुजुर्ग भी बेटा–बहू, बेटी–दामाद तथा अन्य परिजनों के सानिध्य में रह पाते हैं, जो कि उनकी मानसिक तथा भावात्मक आवश्यकता है।

आज छोटी–छोटी बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक का अपहरण, बलात्कार एवं हत्या करने की प्रवृत्ति समाज में बढ़ती ही जा रही है। इसका प्रमुख कारण है कि आज युवाओं का चरित्र निर्माण करने के लिए कोई बुजुर्ग सदस्य उनके साथ नहीं होता। इस संदर्भ में निर्भया कांड तथा इसी प्रकार के अन्य अक्षम्य अपराधों को भी नहीं भूलना चाहिए।

निर्भया कांड के दुर्दांत, नाबालिग अपराधी का चरित्र निर्माण तथा महिलाओं के प्रति उसके मन में सम्मान की भावना को विकसित करने के लिए उसके परिवार का कोई भी वरिष्ठ सदस्य उसके साथ नहीं था। इस परिस्थिति में उसका विकास समाज में एक खूंखार अपराधी के रूप में ही हो पाया है।

संयुक्त परिवार अनाथों, बुजुर्गों, बच्चों आदि के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करता है। बढ़ते हुए वृद्धाश्रम एवं अनाथालय वर्तमान जीवन– शैली की ही उपज है। यदि हम इन सब पर रोक लगाना चाहते हैं, तो हमारी प्राथमिकता संयुक्त परिवार ही होना चाहिए।

संयुक्त परिवार के आलोचकों के अनुसार संयुक्त परिवार के मुखिया

* सहायक प्राध्यापक (भौतिकी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (गणित) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

की भूमिका वटवृक्ष के समान होती है और वटवृक्ष के साये में किसी का विकास संभव नहीं है। सही अर्थों में देखा जाए तो वटवृक्ष के नीचे पनपने वाला पौधा भी वटवृक्ष ही होता है। तात्पर्य स्पष्ट है परिवार के वरिष्ठजनों के दिखाए गए मार्ग का अनुसरण पूर्ण-निष्ठा से करने वाले बच्चे का विकास अधिकाधिक गुणों से परिपूर्ण व्यक्ति के रूप में होता है।

यह अत्यंत दुखद ही है कि जिस भारत में एकल परिवार नाम का ही अस्तित्व नहीं था वहीं एकल परिवार को प्राथमिकता देने का प्रयास हो रहा है। परिवार शब्द का तात्पर्य ही संयुक्त परिवार होता है। संयुक्त परिवार वह स्थान नहीं जहां व्यक्तित्व को कुचला जाता हो, वरन् यह वह स्थान है, जहाँ वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में व्यक्तित्व का निर्माण किया जाता है। यह हमें सबके साथ और सबके लिए जीना सिखाता है।

भारतीय मानसिकता आज भी संयुक्त परिवार को ही प्राथमिकता देती है। आज भी जनसाधारण भावात्मक रूप से परिवार से ही जुड़ा है और अपने सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करता है। औद्योगिकरण तथा हर क्षेत्र में बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा ने संयुक्त परिवार को विघटित अवश्य किया है परंतु जो बंधन हमें आपस में बाँधता है, वह आज भी अटूट है।

समय का सदुपयोग, कम खर्च में उच्च जीवन-शैली, आर्थिक, मानसिक तथा सामाजिक सुरक्षा, चरित्र निर्माण और चिंता मुक्त होकर स्वयं का समग्र विकास करने के लिये समय की मांग है, संयुक्त परिवार को मान्यता प्रदान करना।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. An introduction to sociology Vidya Bhushan and D.R. Sachdeva
2. समाज शास्त्र : अवधारणाऐं एवं सिद्धांत (द्वितीय संस्करण) डॉ. जे.पी. सिंह ।
3. समाज शास्त्र : डॉ. धर्मवीर महाजन, डॉ. (श्रीमती) कमलेश महाजन।

****

गांधीचे औद्योगिक - आर्थीक विचार : सम्यक विकासाची हमी

राहूल बावगे *

महत्प्रयासाने 15 ऑगस्ट 1947 रोजी मिळालेले स्वराज्य हे सुराज्य व्हावे ह्याची स्वप्ने भारतीय जनता पाहत होती, परंतु गेल्या 60 वर्षात हे सुराज्य आपणास खरोखरच मिळाले का अशी शंका यावी अशी परिस्थिती दुर्दैवाने भारतात निर्माण झाली आहे. आजही गरीबी, बेकारी, अनारोग्य, बालमृत्यू, कुपोषण, भ्रष्टाचार, आर्थिक विषमता, शेतीची दुरावस्थ, निरक्षरता इत्यादी समस्या कायमच आहेत. जागतिक बॅकेच्या एका अहवालानुसार भारताच्या स्वातंत्र्यावेळी असलेल्या लोकसंख्याएवढी जनता 21 व्या शतकाच्या सुरूवातीलाच दारिद्रय रेषेखाली आहे आणि जगातील एकूण निरक्षरांपैकी 54 टक्के निरक्षर एकट्या भारतात राहतील.[1] ह्या शिवाय नवीन समस्यांची भर ह्यात पडत आहे. वाढती स्त्री-पुरुष संख्येतील तफावत, नफाखोरी, साठेबाजी, वाढती महागाई, ग्रामीण-शहरी भेद, वाढती अनैतिकता, हिंसाचार, लक्षलवाद, ढासळती कुटूंब व्यवस्था अशा अनेक नवीन समस्यांनी गंभीर रूप धारण केले आहे.

स्वातंत्र्यानंतर भारताने स्वीकारलेले विकासाचे प्रारूप व नीती फारशी यशस्वी न झाल्याने आपण उदारीकरणाचे धारेण स्वीकारले. परंतु त्यातही मूठभर लोकसंख्येचा, पर्यायाने भांडवलदार वर्गाचा जास्त फायदा होताना दिसतो. वाढत्या मध्यमवर्गाला केंद्रबिंदू ठरवून, त्याची क्रयशक्ती वाढवून मालाची विक्री करायची आणि नफा वाढवायचा हे धोरण या व्यवस्थेत अवलंबिले जात आहे. पण त्यामुळे भारतात वेगळयाच समस्या निर्माण झाल्या. जीवघेण्या स्पर्धेमुळे मालाचे जास्तीत जास्त उत्पादन करण्यावर भर दिला गेला. कारखानदारी व शहरीकरण प्रचंड वाढले. ग्रामीण व शहरी जनता ह्यातील दरी वाढली. सरकार दरबारी, प्रशासनात व सार्वजनिक जीवनात भांडवलदाराचे व धनिकांचे वर्चस्व वाढले. गरीब अधिकच गरीब झाले आणि व्यभिचार, असुरक्षितता वाढली.

अशा संभ्रमित अवस्थेत साहजिकच विकासाचे योग्य, सर्वसमावेशक प्रारुप कोणते असावे असा प्रश्न निर्माण होतो. साम्यवाद व समाजवादाचे अपयश जगाने अनुभवले. रशिया व पूर्व युरोपातील राष्ट्रे कोसळली. त्यानंतर पाश्चात्यधार्जिण्या, भांडवलदारी व्यवस्थेचे भयावह व विषम स्वरूपही जगासमोर आले. अशावेळी विकासाच्या मार्गाचा तिसरा पर्याय म्हणून गांधीच्या विचारांचा, त्यांच्या तत्वज्ञानाचा मार्ग स्वीकारण्याकडे विचारवंतांचा कल दिसत आहे. प्रस्तुत शोधनिबंधात गांधीजींच्या आर्थिक विचारांचा आढावा घेऊन तयांची कालसुसंगता दर्शविण्याचा प्रयत्न केला आहे. तसेच गांधीची विकासनीति ही सम्यक विकासनीति असल्याचे प्रतिपादनही केले आहे.

एखाद्या राष्ट्राच्या विकासासाठी मार्गदर्शक ठरतील असे सैद्धांतिक किंवा बोजड आर्थिक विचार गांधीनी मांडले नाहीत. किंबहूना रूढ अर्थाने ते अर्थशास्त्रज्ञ नव्हते. परंतु त्यांच्या काळातील अनेक स्थित्यंतरातून, विविध घटनातून त्यांचे विचार विकसित झाले आहेत. भारतातील तत्कालीन परिस्थिती, इंग्लंडचे अर्थकारण, दक्षिण आफ्रिकेतील अनुभव, रशियन साम्यवादी क्रांती ह्यांच्या अभ्यासातून त्यांनी आपले मत प्रदर्शन केले. ते सुद्धा नियमबद्ध, सैद्धांतिक मांडणीच्या स्वरूपात नसले तरी अनुभवधिष्ठित आणि व्यवहार्य होते. त्याचप्रमाणे हे विचार मुख्यत: भारतापुढील समस्यांना उत्तारे शोधण्याच्या प्रयत्नातून आले आहेत.

गांधीजींच्या मतानुसार खेडे किंवा गाव हे आर्थिक धोरणाचा केंद्रबिंदू असला पाहिजे. कारण भारतातील खेड्यातच 57 टक्के जनता राहते आणि त्यांच्या शेती व इतर ग्रामोद्योग्यांच्या आधारावर सर्व देशाचे पोट भरते व इतर उद्योग चालतात. गांधी स्वत: खेड्यातून आल्याने खेड्यांचे अर्थशास्त्र त्यांना माहित होते. त्यांच्या दृष्टीने देशातील करोडो लोक म्हणजे करोडो जिवंत यंत्रे आहेत. ही मानवरूपी चालती - बोलती यंत्रेच आपली शक्ती आहे. ह्या यंत्रांना सक्रिय करणे व त्यांच्यात श्रमशक्ती वसवणे हे प्रथम कर्तव्य आहे. म्हणजेच गांधी श्रमशक्तीचे कट्टर पुरस्कर्ते होते. हरिजन मधील एका लेखांत गांधी म्हणतात, शरीरश्रम हा व्यवसायाचा व उद्योगाचा गाभा आहे. श्रमामुळे उत्पादन तर होतेच, पण त्याचबरोबर एक नैतिक अधिष्ठानही प्राप्त होते. मानव आपल्या कुवतीप्रमाणे उत्पादन करण्यावर संतुष्ट राहतो आणि त्यातून लुबाडणूक व फसवणूक नाहीशी होते.[2]

गांधी हे यंत्राच्या विरोधी नव्हते. त्यांचा विरोध अतिरेकी यांत्रिकीकरणाला व व्यापक तांत्रिकीकरणाला होता. ज्या तंत्राज्ञानामुळे कामगारांची बेरोजगारी वाढेल व सामान्य माणसाचे शोषण होईल अशा यांत्रिकीकरणास त्यांचा विरोध होता. What I am against is large scale production of things that the illagers can produce without difficulty." [3]

गांधीजी भारतातील ग्रामीण जीवनाचे व अर्थकारणाचे समर्थक होते. त्यांच्यानुसार भारतातील खेड्यातून आज ग्रामोद्योग नाहीसे झाल्याने त्यांचा ऱ्हास होत आहे. ह्या ग्रामीण उद्योगांचे पुनरूज्जीवन केल्यास खेड्यांना उर्जितावस्था प्राप्त होईल. ह्या ग्रामीण उद्योगांमध्ये चरख्याचे स्थान मध्यवर्ती आहे. चरखा हे एक यंत्रच आहे आणि ते वेगवेगळ्या स्वरूपात कित्येक उद्योगात वापरता येते. गांधींनी चरख्याचा वापर कापड उद्योगात करून त्याला प्रतिष्ठा प्राप्त करून दिली. त्यांच्या दृष्टीने चरखा हा व्यापक उत्पादनाचे साधन म्हणून उपयोगात येऊ शकतो. तसेच तो रोजगाराभिमुख सुद्धा आहे. हजारोंना पोटापाण्याचे साधन देऊन त्याद्वारे विकास साधता येतो.[4]

गांधी औद्योगीकरणच्या व शहरीकरणाच्या विरोधी नव्हते. परंतु त्यांच्या मतानुसार औद्योगिकरण हे खेड्यात झाले पाहिजे. त्याकरिता खेड्यातील पारंपारिक उद्योग पुनरूज्जिवन झाले पाहिजेत. हे उत्पादन

* सहयोगी प्राध्यापक एवं विभाग प्रमुख (राज्यशास्त्र) वसंतराव नाईक शासकीय कला एवं समाजविज्ञान संस्था, नागपूर (महा.) भारत

स्वयंस्फूर्त पद्धतीने घराघरात झाले पाहिजे. त्यात श्रमाचे योग्य मुल्य मिळेल आणि त्याचा विनियम सुद्धा समान रितीने होईल. मँचेस्टारच्या उदाहरणावरून गांधी स्पष्ट करतात की स्वस्त व दिखाऊ माल विकून ह्या औद्योगिकीकरणतून भारताचे शोषण झाले आहे. म्हणून खेड्यातल्या स्वयंपूर्ण, स्वयंस्फूर्त, सर्वसमावेशक अर्थव्यवस्थेचे गांधी समर्थन करतात.[5]

व्यापक यांत्रिकीकरणामुळे इतरही अनेक समस्या निर्माण होऊ शकतात. गांधीच्या मते यांत्रिकीकरणच्या पूर्वी इथले उद्योग चालूच होते. कामगार काम करत होतेच. यंत्रामुळे उत्पादन वाढले. पैसाही वाढला. पण हा पैसा शोषणवर आधारलेला होता, अनैतिक होता. ह्या अनैतिक पैशातून विकास होणे म्हणजे पापच होय. सध्या अस्तित्वात असलेल्या गिरण्यामध्ये रोजगार वाढला पाहिजे अशा सुधारणा करण्यात याव्या असे गांधीजी मानत. अशा कारखान्यातून तयार होणारी वस्तू (कापड इ.) जास्त पवित्र राहिल.[6] गांधी तंत्रज्ञानात नैतिकतेवर भर देतात, त्यांनी नीतीशून्य अर्थशास्त्र पापमय ठरवले आहे.[7]

साम्यवाद/ समाजवाद आणि भांडवलशाही तसेच उदारीकरण, मुक्त व्यापार या आजच्या धोरणांच्या पार्श्वभूमीवर गांधीचे विचार हे युगप्रवर्तक वाटतात. गांधींच्या यंत्राला व औद्योगिकरणाला विरोध नव्हता. प्रचंड, विस्तृत, बेहिशेबी व अनियंत्रित अशा यांत्रिकीकरणाला त्यांचा विरोध होता. भारतीय समाजजीवन आणि अर्थकारण यांची सांगड घालून त्यांनी पर्यायी विकासाचा मार्ग दर्शविला आहे. विकास हा श्रमावर आधारित हवा. त्यातून रोजगार निर्मिती झाली पाहिजे. विकास हा परावलंबित्व नष्ट करणारा पाहिजे. आर्थिक विकासात लालसा नको, समाधान व समानता पाहिजे. लालसेपोटीच आज प्रचंड उद्योग निर्माण करून पर्यावरणचा जटिल प्रश्न मानवाने निर्माण केला आहे. गांधी त्यादृष्टीने द्रष्टे होते ज्यांनी 100 वर्षापूर्वीच हे धोके सांगितले होते.

म्हणून आजच्या काळात विकासाचा एक भक्कम व सर्वव्यापी विचार म्हणून गांधीच्या तंत्रज्ञानविषयक विचारांची सद्यकालीन प्रस्तुतता लक्षात येते.

तळ टिपा व संदर्भ :-

1. Roy Anubha 1998 in "Gandhi in 21 Century" Publishers Delhi
2. गांधी, मो.क., प्रथमावृत्ती, 13 नोव्हेंबर, 1961 "ग्राम स्वराज्य'', गांधी वाङ्मय प्रकाशन समिती, पुणे,, पृ. 69
3. गोखले, द.न., 1996, "गांधीजी : मानव नि महामानव'', मौज प्रकाशन गृह, मुंबई, पान 130
4. गांधी, मो. क. - पूर्वोक्त, पृ. 69-71
5. Bharti, K.S., 2000 "Mahatma Gandhi - Man of the Millejninm, "S. Chand & Co. Delhi, Pp. 284- 285
6. गांधी मो. क. पूर्वोक्त, पृ. 70-71
7. गोखले, पूर्वोक्त, पृ 139
8. Pendy Janardhan - 1998 ," Gandhi and 21st Centure," Concept Publishing Company, New Delhi
9. Tendulkar, D.G. 1952 ," Mahatma in Eight Volu,es" (Vol 1 to 8), Tol Press, Mumbai.
10. गांधी विचार दर्शन 1959 (विविध खंड), गांधी वाङ्मय प्रकाशन समिती महाराष्ट्र, पुणे
11. गांधी मो. क. 2007 "हिंद स्वराज'', परंधाम प्रकाशन, पवनार
12. गांधी मो. क. 2007 "ग्राम स्वराज्य'', नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद

****

Democracy And Human Rights In India

Rachna Mathur*

Introduction - The Preamble and Article 38 of the Constitution of **India** envisages social justice as the arch to ensure life to be meaningful with **human** dignity. **Indian** Constitution commands justice, liberty, equality and fraternity which are of extreme value and importance for the success of a **democracy**.

Increased Consumer Spending: Increased consumer spending among India's burgeoning middle class has been a pivotal driver of economic growth and industrial expansion. As disposable incomes have risen, there has been a notable shift towards discretionary spending on goods and services beyond basic necessities. This trend has significantly boosted various sectors of the economy, including retail,

automotive, electronics, and education. The surge in consumer demand has stimulated production and investment, creating a ripple effect throughout the economy by generating employment opportunities and enhancing business prospects. Moreover, the expansion of consumer markets has attracted both domestic and foreign investments, further fueling economic activity and contributing to India's GDP growth. However, sustaining this growth requires addressing income inequality and ensuring equitable distribution of economic benefits to maximize the potential of India's growing middle class as a driver of long-term economic stability and prosperity.

Investment in Infrastructure: Investment in infrastructure has been a pivotal response to accommodate the burgeoning middle class in India. The rapid urbanization spurred by this demographic shift has necessitated substantial investments in transportation, housing, utilities, and social infrastructure. Improved roads, public transportation networks, and urban amenities have not only enhanced the quality of life for urban dwellers but have also facilitated economic activities and connectivity across regions. Moreover, investments in housing have addressed the growing demand for affordable and quality living spaces, supporting the aspirations of the middle class for better living standards. The development of utilities such as electricity, water supply, and sanitation has been crucial in meeting the needs of a growing urban population. Overall, these investments in infrastructure are essential for sustaining the momentum of economic growth driven by the expanding middle class in India, ensuring that urban centers are equipped to handle the challenges and opportunities of rapid urbanization and socio-economic transformation.

Challenges

Income Inequality: Income inequality remains a pressing issue amid India's burgeoning middle class. Despite economic growth and rising incomes for many, disparities persist, contributing to social tensions and hindering inclusive development. The gap between the affluent and the marginalized sections of society has widened, exacerbated by unequal access to education, healthcare, and economic opportunities. This inequality is reflected in urban-rural divides and disparities between different regions of the country. Addressing income inequality requires targeted policies aimed at redistributing wealth, improving access to quality education and healthcare, and promoting inclusive economic growth. Without such interventions, the benefits of India's economic progress risk being concentrated among a privileged few, perpetuating social inequities and limiting the overall sustainability of the country's economic development trajectory.

Environmental Concerns: The rapid expansion of India's middle class has brought about significant environmental concerns. Urbanization and increased consumption have exacerbated issues such as pollution, waste management, and resource depletion. Rapid urban growth has strained infrastructure and led to higher levels of air and water pollution in many cities. The demand for energy, particularly from fossil fuels, has contributed to greenhouse gas emissions and climate change impacts. Additionally, the consumption-driven economy has led to challenges in managing waste and ensuring sustainable resource use. Addressing these environmental concerns is crucial to mitigate the negative impacts of middle-class growth and ensure long-term environmental sustainability. Sustainable urban planning, investments in renewable energy, improved waste management practices, and awareness programs are essential steps toward balancing economic growth with environmental stewardship in India's evolving socio-economic landscape.

Conclusion: In conclusion, the rise of India's middle class represents a transformative phenomenon with profound implications for the country's future. This demographic shift, driven by economic liberalization, urbanization, and improved educational opportunities, has spurred economic growth, expanded consumer markets, and enhanced overall living standards. The middle class's increasing purchasing power has fueled demand across various sectors, driving industrial production and creating employment opportunities, thus contributing significantly to India's economic development. However, this growth is accompanied by challenges that warrant attention. Income inequality persists, posing social and economic risks despite the overall rise in living standards. Environmental sustainability remains a critical concern, necessitating careful management of urbanization, consumption patterns, and natural resources to mitigate negative environmental impacts. Moving forward, fostering inclusive growth that benefits all segments of society and ensuring sustainable development practices will be imperative. Policies focused on equitable economic opportunities, environmental stewardship, and social cohesion will play pivotal roles in shaping India's future trajectory. By addressing these challenges proactively, India can harness the full potential of its middle-class expansion while building a resilient and sustainable economy that meets the needs of current and future generations.

References:-

1. Bardhan, P. (2011). Challenges for a Middle Class India. Economic and Political Weekly, 46(9), 41-49.
2. Ghani, E., Goswami, A. G., & Kerr, W. R. (2012). Is India's Manufacturing Sector Moving Away from Cities? National Bureau of Economic Research.
3. Krishna, A., & Bajpai, N. (2015). India's Middle Class: New Forms of Urbanization and Growth. Columbia Global Centers.
4. Sinha, A. (2005). Economic Growth and the Middle Class in India. The Journal of Asian Studies, 64(3), 609-616.
5. Planning Commission of India. (2014). Twelfth Five Year Plan (2012-2017). Government of India.
6. Deaton, A., & Dreze, J. (2002). Poverty and Inequality in India: A Re-examination. Oxford University Press.

हमारी राष्ट्रीय अस्मिता और भविष्य का नारी साहित्य

डॉ. सिद्धि जोशी*

प्रस्तावना – नारी का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण जीवन मूल्य रहा है। बाबा तुलसी ने नारी स्तुति को महत्त्व दिया है। उन्होंने पहले सीता का अभिवादन फिर राम का अभिवादन, पहले भवानी की स्तुति फिर शिव की स्तुति की है। मनु महाराज ने तो यहां तक कहा है :

यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमन्ते तत्र देवता :।
यत्रातास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया।।

जहां स्त्रियों की पूजा होती है, वहां देवता रमण करते हैं, जहां इनकी पूजा नहीं होती है, वहां सारी क्रियाएं निष्फल हो जाती है। पुराणों में भी नारी को गृहस्थ आश्रम का मूल माना है, परिवार की धुरी नारी है। सृष्टि के आदि में रूद्र आधे शरीर से पुरूष और आधे से स्त्री हुए तब ब्रह्म ने इनके दो विभाग कर के सृष्टि बना दी, इस प्रकार नर–नारी का मूलाधार है। भारतीय स्त्री की कहानी उत्थान एवं पतन की कहानी है। समय के दर्पण में भारतीय नारी का प्रतिबिम्ब उत्थान, पतन एवं उत्थान की कहानी केा कहता है। भारत में प्रागैतिहासिक युग की नारी ने अपने जीवन की यात्रा स्वतंत्र रूप में की थी वैदिक युग की नारी अपनी पूर्ण गरिमा के साथ उपस्थित होती है।

'रामायण' में जहां सीता को पति के साथ स्वतन्त्र वन में विचरने की छूट थी, वहीं पर श्री राम द्वारा सीता का त्याग तथा 'महाभारत' में द्रोपदी को जुए में लगाना नारी के सम्मान के पतन की कहानी को कहता है।

स्मृति काल में स्त्रियों की स्थिति में और भी गिरावट आयी। 'भक्तिकाल' में भक्तों ने नारी की समानता के प्रयास किये है। सूर की गोपियों का अपना सामाजिक महत्त्व है। मीरा ने सामन्ती परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी नारी को दासी समझी जाने वाली संस्कृतियों को चुनौती दी है। स्त्री ने स्वतन्त्र व्यक्तित्व के रूप में अपनी यात्रा आरम्भ की थी, किन्तु धीरे–धीरे समाज ने उसे व्यक्ति से वस्तु बना डाला और वह पुरूष सता की पराधीनता के मकड़जाल में फंसकर यह विस्तृत कर बैठी कि उसकी भी अपनी निजी अस्मिता है।

पुरूष ने स्त्री की जिस एक चीज को मारा, कुचला या पालतू बनाया है, वह है उसकी स्वतंत्रता। अपनी अखण्डता और सम्पूर्णता में नारी दुर्जेय और अजेय है। पुरूष ने हर सम्भव यह कोशिश की है कि उसे परतंत्र और निष्क्रिय बनाया जा सके। इसीलिए सिमोन बोउबा कहती है – 'औरत पैदा नहीं होती, बनाई जाती है।'

वैदिक काल से आज तक साहित्य की सभी विद्याओं में महिलाओं ने पुरूषों के समान अपनी सर्जनात्मक शक्ति का परिचय दिया है। विश्व इतिहास साक्षी है कि इस पुरूष समाज में नारी प्राचीन काल से ही सामाजिक, नैतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जालों से जकड़ी हुई है। सामाजिक खौफ से गुजरते हुए स्त्री खुद से डरी, खुद में विभाजित और शक्तिहीन हो जाती है। भारतीय संदर्भ में हम देखते हैं कि समाज का बंटवारा स्त्री–पुरूषों के बीच में ही नहीं बल्कि अनेक जगह, अनेक स्तरों में बंटी हुई स्त्रियों के बीच है। नारी – चेतना की पैरवी रचनात्मक संसार में तब तक अर्थहीन होगी जब तक देश की आधी आबादी की शेष पैंतालीस प्रतिशत उत्पीड़ित स्त्रियों की त्रासदी चाहे वे सवर्ण–अवर्ण किसी भी वर्ग समुदाय से आती हो उनकी मूलभूत समस्याएं उकेरी नहीं जायेगी। भारतीय समाज व्यवस्था में स्त्रियों के लिए अधिक अवसर प्राप्त करने की गुंजाइश नहीं है।

संयुक्त परिवार का गठन ही कुछ इस प्रकार से हुआ है कि स्त्री के लिए रोशनी के सारे दरवाजे बंद है। व्यवहार में प्राय: वह उपेक्षित ही रही है। एक ओर पतिव्रत की अधिसार पर चलने और दूसरी तरफ वात्सल्य की प्रतिमूर्ति बनने में ही उसके जीवन की महत्ता मानी जाती है। उसकी कोई स्वतंत्र पहचान नहीं। आज नारी ने अपने स्वतंत्र अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा हेतु बिगुल बजा दिया है। वह अपनी परवशता के प्रति जागृत हो गई। उसने अपनी आन्तरिक शक्ति को पहचाना, अपने उपेक्षित जीवन से मुक्ति पाने के लिए अपने दलित रूप को उतार फैंका है। स्वामी विवेकानन्द ने नारी स्वतंत्रता और स्त्री शिक्षा का समर्थन किया था :'संसार की सभी जातियां नारियों का समुचित सम्मान करके ही महान हुई हैं जो जाति नारी का सम्मान करना नहीं जानती, वह ने तो अतीत में उन्नति कर सकीं और न आगे उन्नति कर सकेंगी।'

जिस स्त्री ने घर की देहली भी नहीं लांघी थी, वही स्त्री महात्मा गांधी जी की प्रेरणा से राष्ट्रीय आन्दोलन में उत्साह से कूद पड़ी। हाथ में आजादी को प्राप्त करने के लिए तिरंगा झंडा लेकर नारियों क्रान्ति के गीत गाती हुई सड़कों पर उतरी।

गांधी जी से प्रभावित होकर राजनीतिक रंगमंच पर सरोजिनी नायडू, अरूणा आसफ अली, विजयलक्ष्मी पंडित, सुचित्रा कृपलानी, इन्दिरा गांधी आदि नारियों राजनीतिक कार्य सफलता के साथ करती हुई दिखाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय अस्मिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किरन बेदी, बचेन्दरी पाल, पी.टी.उषा जैसी नारियों ने अलग–अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नारी के दर्शन हो रहे है। उषा प्रियवंदा, ऋता शुक्ला, श्रीमती कमल कुमार, अंसल, कुसुम, कृष्णा अग्निहोत्री, कृष्णा सोबती, चित्रा मुद्गल, दिप्ति खण्डेलवाल, नमिता सिंह, नासिरा शर्मा, पद्मा सचदेवा, प्रभा खेतान, मन्नु भंडारी, मंजुल भगत, मणिका मोहिनी, मालती जोषी, मेहरून्निसा, परवेज, मैत्रेयी, पुष्पा, मृदुला गर्ग, मृणाल पाण्डेय, राजी सेठ, शिवानी, शशि प्रभा शास्त्री, सूर्यबाला जैसी विदुषी नारियां समाज निर्माण के कार्य में जुड़ी हुई हैं। भारतवर्ष में स्त्री संदर्भित समस्याओं जैसे अंधविश्वास, तलाक, विधवा विवाह, कुरीतियों और महत्वपूर्ण कानूनों की भूमिकाओं को लेकर लेखिकाओं ने गहन चिंतन किया है। आज स्त्री सदियों

* सह-आचार्य, राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनूं (राज.) भारत

के बाद एक भरपूर खुली सांस ले पाने में समर्थ है। परम्परागत समाज की नींव अगर स्त्री की शर्मिंदगी पर टिकी थी तो वह हिल उठी है।

यदि आर्थिक आत्मनिर्भरता ही स्वाधीनता की कुंजी है तो जब तक स्त्री के पास देह है और संसार के पास पुरूष, तब तक स्त्री को चिन्ता की क्या जरूरत है तो देह को पुरूष के स्वामित्व से मुक्त कर के अपने अधिकार में लेने की, क्योंकि यौन शुचिता, पातिव्रत, सतीत्व जैसे मूल्य स्त्री के सम्मान का नहीं, पुरूष के अहंकार का, दीनता और असुरक्षा का पैमाना तथा पितृ सत्ता के मूल्य है और स्त्री की बेड़ियां हैं। जिसने ये बेड़ियाँ उतार दी है वह स्त्री विषिष्ट है।

आज नारी अपने अस्तित्व की सुरक्षा के लिए परम्परागत मूल्यों से लड़ रही है। इन लेखिकाओं की नारियां आंचल में दूध और आंखों में पानी लेकर नहीं बढ़ती, इनके साहित्य की नारी अंगारों के बीच दहकती है।

लेखिकाओं ने 'स्त्री' को केन्द्र में रखकर अनेक समस्याएं प्रस्तुत की हैं। महिलायें धीरे-धीरे यह महसूस करने लगी कि इंसान रूप में उनका भी एक निजी व्यक्तित्व है। नासिरा शर्मा का चर्चित उपन्यास 'ठीकरे की मंगनी' की नायिका महरूरवा आर्थिक रूप से स्वावलम्बी नारी है। संघर्षो और तजुर्बो की सुरंग से निकलकर अपने अस्तित्व को उसने सुरक्षित रखा है। महरूरवा का निजी घर था, इसलिए जब सेवा से मुक्त हो जाने के बाद उस अपने घर की आवश्यकता भी होती है। 'एक घर औरत का अपना भी हो सकता है, जो उसके बाप और शौहर के घर से अलग, उसकी मेहनत और पहचान का हो.... मेरा अपना घर वही पुराना है जहां मैं पिछले तीस वर्षो से रह रही हूं।'

कृष्णा अग्निहोत्री के 'टपरेवाली' की नायिका लीला विवेकशील एवं जागरूक है। लीला के जीवन को देखकर लेखिका कहती है - 'तब भी आने वाला कल उनकी आवाज के दर्द को समझेगा। जाति-पांति, ऊँच-नीच के भेद के परे एक सुखी सम्पन्न समाज के बीच उनका भी स्थान होगा। उन्हीं में से कोई लीला जैसी विवेकी होकर समय की लड़ाई में अपने लिए स्थान बना सकेगी और तब टूट सकेगा वह धुंधलका जो उन्हें ढांक रहा है। मैत्रेयी पुष्पा का 'चाक' स्त्री की स्वतंत्रता स्थापित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।'

वह पुरूष समाज में स्त्री अपनी पहचान का संकल्प-पत्र है। मैत्रेयी पुष्पा ने सारंग के हक में फैसला किया है। कुसुम अंसल की 'एक ओर पंचवटी' की नायिका साध्वी छटपटाती है जब उसके पति के हाथों उसका व्यक्तित्व रौंदा जाता है। वह नैतिक मान्यताओं, सामाजिक सीमाओं का उल्लंघन कर व्यक्ति स्वातंत्रय के मूल्य की प्रतिष्ठा करती है। वह अपनी प्रतिभाओं का अवमूल्यन होते नहीं देख सकती। डॉ. शशि प्रभा शास्त्री का मानना है - 'शिक्षित होने के कारण उनकी अपनी व्यक्गित मांगे हैं - वह अपने व्यक्तित्व को पति के साथ विलीन नहीं कर सकती, यह विलीन करना उसकी प्रकृति के अनुकूल नहीं है। वह अपने व्यक्तित्व को अलग से रखना चाहती है।'

लेखिकाओं ने राष्ट्रीय अस्मिता को बनाया है। मध्यकालीन मिथकों को तोड़ा है। जैविकीय भिन्नता के बावजूद नारी कहीं पर भी पुरूषों से कमजोर नहीं है। जब नारी अपने कामिनी भाव का त्याग करेगी, स्त्री पुरूष में सहज मैत्री भाव रहेगा, अधिकारों के साथ कर्त्तव्य पालन करने की दृढ़ इच्छा शक्ति होगी तो उत्पीड़न से नारी मुक्ति पा लेगी।

भविष्य के नारी-लेखन के लिए अनेक चुनौतियां है। महादेवी वर्मा जो कि महिला लेखन के लिए मील का पत्थर है, वे विवेचना की है - भारतीय नारी भी जिस दिन अपने सम्पूर्ण प्राण-वेग से जाग सके, उस दिन उसकी गति रोकना किसी कि लिए संभव नहीं। उसके अधिकार न भिक्षावृत्ति से मिले हैं न मिलेंगे, क्योंकि वे उसकी आदान-प्रदान योग्य वस्तुओं से भिन्न है। समस्या का समाधान समस्या के ज्ञान पर निर्भर है। आज नारी का अपना वजूद है, मंजिलें हैं, उपलब्धियां है, मजबूरियां है। सरकार ने भी कानून बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान किया है। इससे स्त्रियों की भावी प्रगति के मार्ग खुल गये है। प्रगतिशील महिलाओं ने रूढ़िवाद के गढ़ को ध्वस्त किया। आज ऐसे सैकड़ों उपन्यास, कहानियां गिनाई जा सकती है, जिनकी विषयवस्तु स्त्री-लेखन में लगातार आ रहे अनुभव वैविध्य की ओर संकेत करती है।

जब तक नारी पर होने वाले अत्याचार शोषण, बलात्कार आदि की खबरें समाचार पत्रों में छपती रहेगी, नारी को पूर्ण उन्मुक्त होने का अवसर कम ही मिलेगा। नारी को मुक्त कराने का प्रयास ही नारी मुक्ति आंदोलन का उद्देश्य है। मात्र पुरूष सत्ता से बराबरी करके उनके समान रहने, पुरूषों के बन्धन अस्वीकार करने से नारी मुक्ति आंदोलन संभव नहीं है। सिमोन बोऊवा का मानना है कि स्त्री और पुरूष के बीच कुछ मौलिक अंतर तो रहेंगे ही उसकी संवेदनशीलता की दुनियां अलग है, यह तो पुरूष को स्थापित करना है कि दी हुई दुनियां में स्वाधीनता का आधिपत्य रहे। कालजयी रचनाकार जयशंकर प्रसाद का मानना है कि नर-नारी के संबंधों के भावनात्मक तन्तु सौहार्द्र और सामंजस्य पर टिके हुए हैं :-

मनु तुम श्रद्धा को गये भूल।
उस पूर्ण आत्मविश्वासमयी को उडा दिया था समझ तूल
तुम भूल गए पुरूषत्व मोह में, कुछ सत्ता है नारी की।
समरसता है सम्बन्ध बनी, अधिकार और अधिकारी की।

सर्वोच्च विजय के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि स्त्री और पुरूष अपने प्राकृतिक विभाजन को बनाये रखते हुए भी आपसी सौहाद्र स्थापित करें, भविष्य का नारी साहित्य निश्चित ही उज्ज्वल होगा ऐसी आशा की जा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. हंस, फरवरी 2000, वत्यव्य राजेन्द्र यादव
2. ठीकरे की भंगनी, नासिरा शर्मा
3. टपरेवाली, कृष्णा अग्निहोत्री
4. श्रृंखला की कड़ियां, महादेवी वर्मा, भूमिका से
5. कामायनी, जयशंकर प्रसाद

****

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता चुनौतियाँ एवं समाधान

डॉ. आराधना सक्सेना*

प्रस्तावना – नैतिक मूल्य क्या है ? यह प्रश्न अपने आप में मूल्यवान है, क्योंकि नैतिक मूल्य का विचार मानव को स्वत: उस जीवन दृष्टि की ओर ले जाता है जो यह देखती है कि जीने के लिए किसका महत्व है। जो यह खोजती है कि व्यक्ति और समाज के लिए क्या कल्याणकारी है इसलिए नैतिक मूल्य को परिभाषित करना दृष्टि को परिभाषित करने के समान ही दुष्कर कार्य है तथापि उसके कार्य व्यापारों के आधार पर नैतिक मूल्य के स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयास किया जाता है।

नैतिक मूल्य वह है जो मानव इच्छा की तृप्ति करें, जो व्यक्ति तथा उसकी जाति के संरक्षण में सहायक हो। केवल वही परम् रूप से और साध्य रूप से मूल्यवान है जो आत्माओं के विकास या आत्म साक्षात्कार की ओर ले जायें। मूल्यों में मानव की जैविक से लेकर आध्यात्मिक तक सभी आवश्यकताओं का समावेश हो जाता है, जिनका मानव जीवन के लिए महत्व है एवं जिसके पाने के लिए व्यक्ति चेष्टा करते है। जिसके लिए वे जीवित रहते है तथा बडे से बडे त्याग करते है। इस प्रकार नैतिक मूल्य वह सत्य है जिसके लिए व्यक्ति जीता है और आवश्यकता पड़ने पर वह संघर्ष करने, दु:ख सहने तथा मृत्यु को भी स्वीकार करने के लिए तत्पर रहता है।

कई महापुरूष जैसे ईसा मसीह एवं गाँधीजी के नाम इसी सन्दर्भ में श्रद्धा से लिए जाते है, क्योंकि ये नैतिक मूल्य के लिए ही जिए और नैतिक मूल्य के लिए ही मृत्यु का वरण किया। वस्तुत: नैतिक मूल्य परिवर्तनशील समाज की वह धुरी है जिसके कारण समाज का अस्तित्व है । क्योंकि उपयोगिता या कल्याणकारिता की भावना ही समाज को स्थिर रखती है। व्यक्ति के आचरण और व्यवहार को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का कार्य नैतिक मूल्य ही करते है। नैतिक मूल्यों का अति गहरा सम्बन्ध व्यक्ति के व्यक्तित्व से होता है। नैतिक मूल्यों में दया, ममता, समता, करूणाशील, विवेक विनम्रता, क्षमा, बलिदान, त्याग, तपस्या जैसे गुणों का समावेश होता है। नैतिक मूल्य ऐसी आचरण संहिता या सद्गुण है, जिससे व्यक्ति अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु जीवन पद्धति का निर्माण करता है तथा अपने व्यक्तित्व का विकास करता है। इसमें मनुष्य की धारणाएँ विचार, विश्वास, मनोवृत्ति, आस्था, आदि समाहित है। ये नैतिक मूल्य एक ओर व्यक्ति के अन्त:करण द्वारा नियमित होते है तो दूसरी ओर उसकी संस्कृति एवं परम्परा द्वारा क्रमश: सम्बल एवं परिपोषित होते है। यह भी कहा जा सकता है कि नैतिक मूल्य मनुष्य के अन्त:करण में जगती हुई वह शक्ति है जो उसे एक विशिष्ट प्रकार से कर्म करने के लिए प्रेरित करती है और उसके आचरण केा शासित करती है।

नैतिक मूल्यों का पतन – नैतिक मूल्यों में समय के साथ अन्तर आ रहा है। उदाहरण के लिए कलयुग के जीवन मूल्यों से हम प्राचीन मूल्यों सतयुग, त्रेता, द्वापर आदि की तुलना करें तो काफी अन्तर प्रतीत होगा। प्राचीन समय से देखे तो जो जीवन मूल्य सतयुग में थे। वे त्रेता में नहीं थे, जो त्रेता में थे वे द्वापर में नहीं थे तथा जो द्वापर में थे वे कलयुग में पूर्णत: समाप्त हो चुके है।

वर्तमान समय में हमारे व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, राष्ट्रीय एंव अन्तरराष्ट्रीय जीवन में तनाव के कारण दिन – प्रतिदिन घुटन बढ़ती जा रही है परिवार में छोटे – बडों का आदर नहीं करते है। पति – पत्नी के सम्बंध तनावपूर्ण है। भाई – भाई से प्रेम नहीं करता, सामाजिक जीवन में सहयोग की भावना समाप्त होती जा रही है। सामाजिक नियम एवं व्यवस्थाओं का उल्लंघन करते हुए हम संकोच नहीं करते है। प्रदर्शन, घेराव, तोड़ – फोड़, हिसांत्मक विद्रोह एवं आतंक हमारे जीवन में हर समय तनाव या भय पैदा करते रहते है। भ्रष्टाचार , कालाबाजारी, रिश्वतखोरी, तस्करी, मिलावट एवं काला धन आदि से सम्बन्धित गतिविधियाँ हमें दिन – प्रतिदिन व्याकुल करती रहती है। मानव जाति का स्वर्णिम युग समाप्त होता जा रहा है। समाजिक जीवन अस्त – व्यस्त हो रहा है। पारिवारिक जीवन दु:खद हो रहा है। गरीबों असहायों का शोषण बढ़ रहा है, व्यक्ति स्वार्थी, अवसरवादी, भोगी, चाटुकार एवं कर्तव्य विमुख हो रहा है। जीवन की शान्ति न जाने कहाँ भागी जा रही है। ये सभी बातें नैतिक मूल्यों का पतन नहीं है तो और क्या हैं ? वर्तमान समय में नैतिक मूल्य इतने गिर गये हैं कि जीने का अर्थ ही बदल गया है। हर काम में स्वार्थ भरा पड़ा है। वर्तमान समय में मनुष्य अत्यधिक स्वार्थी हो गया है। इसी कारण नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। नैतिक मूल्यों के पतन के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है हमारा समाज, हमारी शिक्षा। क्योंकि कोई भी मनुष्य जन्मजात खराब नहीं होता है, उसे वातावरण खराब बनाता है। जब बालक पैदा होता है तो वह सबसे प्रेम करता है। उसका हृदय पवित्र होता है। उसमें जाति – पाँति का भेदभाव नहीं होता। उसमें मानवीय मूल्य होते है। धीरे – धीरे वह बड़ा

* व्याख्याता (समाजशास्त्र) राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

होता जाता है तो झूठ, स्वार्थ, लोभ, हिंसा एवं घृणा आदि जैसे अवगुण पनपने लगते हैं, वह इनके वशीभूत हो जाता है। कल तक हम जिन नैतिक मूल्यों को गिरा हुआ समझते थे। आज हम उन्हीं के पीछे भाग रहे है। शिक्षाविद, अधिकारी, राजनैतिक नेता, प्रेस आदि सभी नैतिक मूल्यों में गिरावट की बात करते है। जिसके कारण ही आज राष्ट्रीय, सामाजिक, राजनैतिक पारिवारिक तथा वैयक्तिक जीवन में अनेक कठिनाईयाँ आ गई है। यह सार्वजनिक समस्या बन गई है। इसी प्रकार कई असामाजिक तत्व है जो हमारी राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुँचातें है, इसे नष्ट करते है। उपर्युक्त सभी नैतिक मूल्य ऐसे है जो आधुनिक समाज में गिरते जा रहे है। सतयुग से कलयुग की ओर बढ़ते – बढ़ते हम देख रहे है कि प्राचीन नैतिक मूल्यों मे धीरे – धीरे कमी आ रही है। परिणाम स्वरूप नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है।

शिक्षा एंव गुणवत्ता – शिक्षा व्यक्ति की अन्तर्निहित शक्तियों को उजागर करती है, उसके देवत्व का दर्शन कराती है, मानवीय मूल्यों की अनुभूति का उसे अवसर प्रदान करती है और स्वानुभूति का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा द्वारा ऐसे वातावरण की सर्जना अभीष्ट है जिससे व्यक्ति अपनी नैसर्गिक क्षमताओं का पूर्णतया विकास करने की ओर अग्रसर हो सके। परन्तु इस कार्य को करने में वर्तमान शिक्षा प्रणाली की असफलता जगजाहिर है। वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली से बहुतों को असंतोष है। शिक्षा जागत में व्याप्त प्रवृतियों में से अधिकांश से हम असंतुष्ट ही नहीं क्षुब्ध है। स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में शिक्षा का प्रसार अत्यन्त तीव्र गति से हुआ है। प्राथमिक विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालय तक के सभी स्तरों की शिक्षण संस्थाओं मे भारी वृद्धि हुई है। फलत: प्रमाणपत्र एवं उपाधिधारियों की संख्या में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। किन्तु यह परिणाम गुणात्मक की कसौटी पर अपेक्षानुसार खरा और संतोषप्रद नहीं उतरा है। आज वस्तुत: आवश्यकता इस बात की है कि छात्र सोचने, समझने और आचार – विचार के क्षेत्र में संस्कारित एवं उन्नत स्तरों के प्रतिनिधि बने। षिक्षित व्यक्तियों में कदाचारों एवं हीन भावना के स्थान पर मानवता के श्रेष्ठ गुण 'वसुधैव कुटुम्बकम्' आचार, उदार धार्मिकता एवं वैचारिक उच्चता और जीवन में सरलता के गुण प्रतिष्ठित हो।

विश्व में ही नहीं स्वतन्त्रोतर भारत में भी नैतिक मूल्य ह्रास तेजी से हो रहा है। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय जीवन, सामाजिक जीवन आदि में प्रदूषण व्याप्त हो गया है। नैतिक मूल्यों की यह संकट ग्रस्त स्थिति जिस प्रकार जीवन के अन्य क्षेत्रों में व्याप्त है उसी प्रकार विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्रों शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों में व्याप्त है। विकास एवं शांति प्रिय जीवन के लिए यह स्थिति अत्यंत घातक है। आवश्यकता इस बात है कि शिक्षा की प्रक्रिया का पुन: अभिविन्यास किया जाए और उसके माध्यम से ऐसे उदात्त नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाए जिससे शिक्षित युवक राष्ट्र की अमूल्य सम्पत्ति बन सके। शिक्षा जीवन से अलग नहीं है। शिक्षा जीवन का एक पक्ष है और इस रूप में शिक्षा के प्रमुख प्रश्न जीवन के प्रश्नों से स्वत: जुड़ जाते है। जीवन के इन मूलभूत प्रश्नों की व्याख्या दर्शन करता है। अतएव दर्शन और शिक्षा दोनों सहज भाव से एक – दूसरे से जुड़ जाते है। शिक्षा दर्शन शिक्षा की समस्याओं पर तर्कपूर्ण चिन्तन करता है और उनका तर्क सम्मत समाधान खोजता है। दर्शन स्पष्ट करता है कि वस्तुत: हमारी शिक्षा के उद्देश्य क्या हो, हमारा पाठ्यक्रम क्या हो और कैसा हो, शिक्षण विधियाँ क्या हों और वे कहाँ, कैसे प्रयुक्त की जाए। इन सभी शैक्षिक प्रश्नों का तार्किक समाधान दर्शन प्रस्तुत करता है। स्पष्टत: शिक्षा दर्शन शैक्षिक आदर्शो एवं नैतिक मूल्यों का निर्धारण करता है साथ ही यह बतलाता है कि शिक्षा का मापदण्ड क्या हो। नैतिक मूल्यों को कायम रखने के लिए सर्वप्रथम तो शिक्षा नीति में सुधार अपेक्षित है। वर्तमान समय में गिरते हुए नैतिक मूल्यों से समाज को बचाना है। वर्तमान समय के नैतिक मूल्यों को उपर उठाने के लिए शिक्षा को उपर उठाना आवश्यक है। वर्तमान समय में छात्र ही भावी समाज के निर्माता है। अत: छात्रों को ऐसी शिक्षा दीक्षा देनी चाहिए जिनसे उनके नैतिक मूल्यों का समुचित विकास हो तथा शाश्वत मूल्यों का संरक्षण हो। छात्रों को इसके लिए मूल्यपरक शिक्षा देनी चाहिए। नैतिक मूल्यों की गिरावट को रोकने के लिए सर्वप्रथम छात्रों की गिरावट को रोकना होगा। छात्रों में गिरावट का मुख्य कारण है शिक्षा में गिरावट। अत: शिक्षा में गिरावट को रोकना होगा। शिक्षा समाज की वह सीढ़ी है। जिस पर पाँव रखकर व्यक्ति अपने संस्कारों को सँवारता है और शिक्षा को दिशा प्रदान करता है।

वर्तमान शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिसके अन्तर्गत बालक सत्य के आधार पर अहिंसा द्वारा प्रेमपूर्वक जीवन यापन करना सीखे। हमें ऐसा मनुष्य बनाना है जो स्वयं स्वेच्छा से शाश्वत नैतिक मूल्यों के पालन का प्रयास करें, जिससे व्यक्ति समाज सभी का कल्याण संभव हो। इसके लिए शिक्षा द्वारा व्यक्ति की आत्मा को जाग्रत करना आवश्यक है, जिसके लिए आध्यात्म की आवश्यकता है । वर्तमान समय में विज्ञान ने आध्यात्म की जडे लगभग उखाड़ फैकी है। शिक्षा में आध्यात्म को भी स्थान दिया जाना चाहिए। तभी नैतिक मूल्यों का धाराशायी वृक्ष पुन: खड़ा हो सकता है।

हमारा संविधान नैतिक मूल्यों की अमूल्य निधि है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जो मूल्य बताए गए है उन्हें शिक्षा द्वारा छात्रों के जीवन में उतारा जा सकता है। वे मूल्य है – प्रजातंत्र, समाजवाद धर्म निरपेक्षता, न्याय, सहिष्णुता, व्यक्ति की गरिमा, विचार एवं अभिव्यक्ति आदि। ईमानदारी, उपकार, विनम्रता, निस्वार्थता, समभाव, तन, मन, कर्म, वचन की एकता के गुण इन्हीं नैतिक मूल्यों को अपने छात्रों के जीवन में उतारना है। बालक को मूल्यपरक शिक्षा देनी चाहिए। मूल्यपरक शिक्षा में शिक्षार्थी को अधिक से अधिक अनुभव से जोड़ना चाहिए तथा विद्यालय में महापुरूषों की जयंतियाँ, धार्मिक उत्सवों का भी आयोजन करना चाहिए। विद्यालय में समय– समय पर भाषण, संगोष्ठी, निर्देशन आदि को अपनाया जा सकता है।

उपदेश से उदाहरण श्रेष्ठ है। अत: शिक्षक को व्यवहार में श्रेष्ठता लानी होगी। उसका व्यवहार छात्रों के लिए अनुकरणीय बन जाये। युवकों को यह महसूस कराया जाये की वह किस तरह से शोषण असुरक्षा को रोक सकते है। शिक्षा ऐसी दी जानी चाहिए जिससे छात्र में सत्य, सहयोग, कर्तव्यपरायणता आदि का विकास हो।

निष्कर्ष – वर्तमान में पश्चिमी संस्कृति ने मानवीय व नैतिक मूल्यों को पतन की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज संयुक्त परिवारों की परम्परा टूटती जा रही है, इन्सान ही इन्सान के खून का प्यासा बन बैठा है जो नैतिकता एंव मानवता मनुष्य के हदय में विराजित होती थी वह आज

कहीं देखने को नहीं मिलती। इसलिए समाज सुधार व व्यक्तिगत निर्माण में नैतिक मूल्यों की पुन: स्थापना पर अत्यधिक बल दिया जाना चाहिए। इस सन्दर्भ में हम निम्न बिन्दुओं का अध्ययन कर सकते है।

1. चरित्र निर्माण में सहायक।
2. उच्च आदर्शो की स्थापना।
3. धर्म एवं आध्यात्म की भावना।
4. समाज एवं राष्ट्र का चहुँमुखी विकास।
5. देश मे शांति सुरक्षा एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण का निर्मित होना।
6. समाज में हिंसक घटनाओं को रोकते हुए स्वस्थ समाज की स्थापना हेतु महत्वपूर्ण।

उपरोक्त के आधार पर यह कहा जा सकता है कि नैतिक मूल्य ही व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करते हुए उसे संस्कारों का प्रणेता बनाने की दिशा में अग्रसर होते हैं। समाज के अनैतिक तत्वों द्वारा कि जाने वाली हिंसक घटनाएँ नैतिक मूल्यों के पतन के कारण ही जन्म ले रही है, जिसपर नियंत्रण पाना वर्तमान युग में आवश्यक प्रतीत होता है। धर्म और आध्यात्म की ओर प्रवृत्ता करने में भी नैतिक मूल्यों की भूमिका अहम् होती है। नैतिक संस्कारों के संरक्षक कहलाने वाले मनुष्य ही समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी दे सकते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शिक्षा के दार्शनिक और समाज शास्त्रीय आधार (रमन बिहारी लाल)
2. उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक (रामशकल पाण्डेय) श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
3. नैतिक शिक्षा शिक्षण (के सी मलैया) आर.एस.ए. इन्टरनेशनल, आगरा।
4. स्थानीय समाचार पत्र आदि।

****

Environment and Society

Dr. Laxmi Gupta*

Introduction - The history of man and human society can be vividly described as been characterized by continues interaction between man and his environment. It is interesting to note that this interaction between man and the environment has been enduring over time and the nature of this interaction has been changing as the human society changes in its organization, structure and advancement in technology (Sibiri 2009). The human society does not exist in a vacuum but within a physical environment, hence the importance of this dyadic relationship is underscored in the sense that man's survival is entirely predicated on the environment's capacity to sustain his welfare needs (food, shelter and clothing). The sustainability of the environment on the other hand is also tied to man's prudent use of the physical environment and its numerous resources, which ensures and guarantees the true source of man's continued existence (Okaba 2005). However as human population increases, with associated urbanization and technological advancement, man has not been prudent with the use of the environmental resources (food, water, energy, mineral resources, forests and wild life) over time, as he struggles to satisfy his basic and developmental needs he encroaches on the environment in effort to meet the increasing demands of a larger society.

Hence, the relationship between man and his environment is measured and can be summarized by defining the functions of the environment. Thus, Schaefer and Lamn (1986) pointed out three basic functions of the environment which are basic prerequisite for human lives these include: (a) that the environment provides the resources essential for life (air, water and raw materials); (b) that the environment also serves as a waste repository, e.g. body waste, garbage and sewage; (c) it houses man and other living organism. Therefore, as highlighted above, man's interaction with the environment is predicated on the environment's ability to provide these three basic functions to man and his society. Acute concern is now widely expressed over deforestation of boreal and tropical forests, the degradation of grass, lands and wetlands and desertification. Such destruction of natural ecosystems has led to a reduction in biodiversity, and impoverishment of soils, in attempts to counter the deleterious effects of land misuse in areas, exotic plants and animals are being carefully monitored & encouraged.

Human impact on the soil has also caused some considerable damages, commonly because of poor agricultural practices, excessive water extraction, poor irrigation, and compaction by heavy vehicles and animals. The cumulative effects of these can be disastrous to countries whose economics are heavily dependent on agriculture. The amelioration of these poor practices and the improvement of soil quality require an understanding of the chemistry of the soil and nutrient supply cycles. The oceans and the seas cover more than two third of the earth's surface. It is believed that life almost certainly evolved from the seas and there is more species diversity in the sea than anywhere else on earth. Many of the food chains and food webs start with organizations inhabiting the seas and oceans. The ocean–atmosphere system regulates the global climate. It is a sensitive thermostat. The seas and the oceans are rich with food and mineral resources. The exploitation of Earth's resources inevitably produces waste, some of which may be hazardous or toxic.

Until the past few decades, much of the waste has been disposed of without any real concern for the damage to ecosystems and frequently under the auspices of ¯not in my back yard . Evidently, this society-environment interaction which is anthropocentric (human-centered) in nature has led to what is known as contemporary global environmental changes (Wordu 2010) and they are manifested in the following: depletion of ozone layer, global warming, and climate change. The concept climate change refers to any change in climate overtime as a result of either of both natural variability and anthropogenic factors.

The UN Framework Convention on Climate Change (UNFCCC) (1992) in its Article 1, defines climate change as a change of climate which is attributed directly or indirectly to human activity that alters the composition of the global atmosphere and which is in addition to natural climate variability observed over comparable time periods" (Onuoha 2008). These changes in global climate portend both environmental and social implications for human society. Loss of biodiversity has deleterious effect on cultural knowledge amongst local groups/societies etc.

There are basically two approaches to the sociological study of environmental issues. Environmental sociologists

***Lecturer (Sociology) Govt College, Dholpur (Raj.) INDIA**

according to King and McCarthy (2009:12-13) often draw a distinction between the ¯realists,who prefer not to question ¯the material truth of environmental problems, and the ¯constructionists, who emphasize the creation of meaning—including the meaning of ¯environment and ¯environmental problems— as a social process. Social constructionism emphasizes the process through which concepts and beliefs about the world are formed (and reformed) and through which meanings are attached to things and events (King and McCarthy 2009). This school of thought holds that the environment and environmental problems are socially constructed hence one needs to understand the social, political and cultural processes by which certain environmental conditions are defined as unacceptably risky, and therefore, contributory to the creation of a perceived state of crisis' (Hannigan 2006).
This implies that all environmental problems are, in part, socially created or 'constructed' by groups of people. Nature never does 'speak for itself', but people do speak on its behalf. Therefore, social constructionists are interested in investigating how some environmental issues are seen to be more significant than others. . According to Giddens (2009), in modern industrial societies, consumption is linked to economic development; as living standards rise, people are able to afford more food, clothing, personal items, leisure tie, holidays, cars and so forth. They consume what they don't necessarily need and are hooked to what he termed the 'romantic ethic' i.e. (pleasures of purchasing goods and not minding the use value); such culture of mass consumerism is disastrous. Hence, global industrialization, capitalism and consumerism threaten the environment at a large scale

This implies that in the risk society the unknown and unintended consequences of technological and economic advancement come to be a dominant force in history and society and industrial societies are slowly dissolving as environmental problems build up (Beck 1992). In fact, Beck (1999) argue that we are, in effect moving into a 'world risk society' - a new type of society in which risk consciousness and risk avoidance are becoming the central focus – because environmental pollution does not respect national boundaries as a result of globalization.

Buttressing this point, Giddens (ibid) posits that until quite recently, human societies were threatened by external risk - dangers such as drought, earthquakes, famines and storms that spring from the natural world and are unrelated to the actions of humans. Today, however, we are increasingly confronted with various types of manufactured risk - risks that are created by the impact of our own knowledge and technology on the natural world. These risks are a testament to the failure of social institutions, most notably science, to control new technologies. Such risks transcend both space and time, extending well beyond the geographic source, and temporally, beyond the present generation. Largely risks today are said by Beck to be largely invisible to lay people, identifiable only through sophisticated scientific instrumentation.

Ecological modernization theory, unlike the previous theories earlier highlighted (which perceives economic growth to be antagonistic with environmental well-being) provides some degree of optimism in the society and environment relationship. This theory deals with the practicability of attaining environmental improvements through transformation of production and consumption patterns with environmental friendly technologies (Barret and Fisher 2005). Ecological modernization according to Spaargaren and Mol (1992:334) mean an ecological switch of the industrialization process in a direction that takes into account the maintenance of the existing sustenance base. The model is based on the work of the German writer, Huber (1982; 1985 cited in Hannigan 2009) who analyses ecological modernization as a historical phase of modern society. In Huber's scheme, an industrial society develops in three phases: (1) the industrial breakthrough; (2) the construction of industrial society; and (3) the ecological switchover of the industrial system through the process of super-industrialization', made possible by a new technology: the invention and diffusion of microchip environment friendly technology.

Barret and Fisher (2005:4) suggests that there are two major components of the theory: firstly, the theory explicitly describes environmental improvements as being economically feasible; indeed, entrepreneurial agents and economic/market dynamics are seen as playing leading roles in bringing about needed ecological changes. Secondly, in the context of the expectation for continued economic development, ecological modernization depicts the emergence of coalitions of political actors promoting the political feasibility of environmental protection. These two components are associated with the growing independence (or loosening of the restraints) of the ecological sphere from the political and economic spheres in state and industrial policy-making (Spaargaren and Mol 1992).

This was due to the atmosphere of opportunity and rising expectations that accompanied the new availability of land. Nature was seen as an obstacle that society had to tame and overcome in order to make progress, as the popular ideas of nature 'in the raw' or nature 'red in tooth and claw' suggest. According to Giddens (2009: 157) for a minority of people, nature and society were seen as distinct, but nature was not seen as in need of taming.

The concept of sustainable development is in agreement with the wise-use of resources attitude propagated by the conservationists. This implies that development processes should in essence not only guarantee today's environmental security but future generations. It advocates for environmental friendly technologies that doesn't cause harm to the environment, in this regard environmental sustainability is synonymous with not just resource conservation but the principles of ecological modernization. The Sustainable Development

Goals include:
Goal 1: No Poverty;
Goal 2: Zero Hunger;
Goal 3: Good Health and Well-Being;
Goal 4: Quality Education;
Goal 5: Gender Equality;
Goal 6: Clean Water and Sanitation;
Goal 7: Affordable and Clean Energy;
Goal 8: Decent Work and Economic Growth;
Goal 9: Industry, Innovation and Infrastructure;
Goal 10: Reduced Inequalities;
Goal 11: Sustainable Cities and Communities;
Goal 12: Responsible Consumption and Production;
Goal 13: Climate Action;
Goal 14: Life Below Water;
Goal 15: Life on Land;
Goal 16: Peace and Justice Strong Institutions;
Goal 17: Partnerships for the Goals.

Concluding Remarks: The attention of scientists, scholars, governments and international organizations has grown over the years concerning the rising environmental crises the world is faced with as evident in global warming and climate change with its attendant environmental consequences, water stress, energy crises etc. According to the United Nations Environment Programme world leaders have signed 500 agreements on environment and climate change in the past 50 years, including 61 atmospheres related; 155 biodiversity related; 179 related to chemicals, hazardous substance and waste; 46 land conventions and 196 water conventions (Vidal 2012). The most recent Cop 21 Paris Climate Conference held between 7th and 8th December in France is an effort in propagating a road map for a better environment for humanity. These international agreements are most times politicized as the will to reduce greenhouse gas emission by the developed countries is not strong enough because this will imply reduction of the treadmill of production. For instance, some governments in developing countries argue that there is no parallel between the 'luxury emissions' produced by the developed world and their own 'survival emissions' in relation to global warming, as industrial countries currently account for only about one- fifth of the world's population, yet they are responsible for over 75 per cent of the emissions that serve to pollute the atmosphere and hasten global warming. In essence, they submit that pressurizing developing countries to reduce emission means stagnation of their own economic survival and growth. This has led to introduction of several principles such as polluter pays, climate finance, carbon trading etc. whatever the case is, governments should put their political and economic interests aside and focus their energy on saving our planet. Planet earth from the space view is like a ship sailing in space and if the ship sinks we all are doomed irrespective of national, racial, ethnic, political, religious affiliations and differences.

In 1992; more than 1600 scientists, including 102 Nobel Laureates, underscored this point by collectively signing a ¯warning to Humanity .Their warning stated in part that ¯a new ethic is required, a new attitude towards discharging our responsibility for caring for ourselves and for the earth….this ethic must motivate a great movement, convincing reluctant leaders and reluctant governments and reluctant peoples themselves to effect the needed changes (Enger and Smith, 2006). In response to this, considering mechanisms of environmental improvement, Buttel (2003 cited in Hannigan 2009) proposes four potential channels: environmental activism/movements (he judges this to be the most fundamental and promising), state environmental regulation, ecological modernisation, and international environmental governance. More so, for such a new successful global effort to lighten humanity's load on the earth would need to directly address three major driving forces of environmental decline: the inequitable distribution of income, resource consumptive economic growth and rapid population growth. This will definitely redirect technology and trade to buy time for this great change to occur.

References:-

1. Beck, U. (1992) Risk Society: Towards a New Modernity. Sage. London.
2. Bryan G. Norton (1991): Toward Unity Among Environmentalists; Oxford University Press.
3. Foster John B. (1999): Marx's theory of metabolic rift: classical foundations for environmental sociology. Am J Sociol 105(2):366–405.
4. Hannigan John (2006): Environmental Sociology. Routledge, Taylor and Francis. New York.
5. Okaba, B. (2008). Environmental Education and the Challenges of Environmental Sustainability. The South-South experience. Niger Delta Digest Vol. 1, NDU. W. Island.
6. Spaargaren, G. and Mol, A.P.J. (1992) Sociology, Environment, and Modernity: Ecological Modernization as a Theory of Social Change, Society and Natural Resources 5: 323–344.
7. West, P. C. (1984) Max Weber's human ecology of historical societies', in V. Murvar (ed.) Theory of Liberty, Legitimacy and Power,. Routledge and Kegan Paul. Boston, MA
8. Wordu, S.A (2010): Marxian Environmentalism: A Content Analysis of Classical and Neo Classical Literature. A Monograph. Pam Unique Publishers, Port Harcourt

****

A Critical Analysis of Themes of Humanity in Mulkrajanand's Novels

Dr. Sitaram*

Abstract - Mulk Raj Anand, a socially committed novelist, has produced a good deal of literature. He has written more than a dozen novels and about seventy short stories and a host of essays and articles on a number of subjects. His novels fall into two categories namely social and autobiographical novels. He focused his attention on the sufferings, misery and wretchedness of the poor as a result of the exploitation of the downtrodden class of the Indian society. Religious hypocrisy, feudal system, East-West encounter, the place of woman in the society, superstitions, poverty, hunger and exploitation are his common themes. Every character, interaction, and circumstance in Mulk Raj Anand's 1935 novel *Untouchable* is shaped by the rigid hierarchies of the Indian caste system. For Bakha and his family, labeled outcastes for their work as sweepers, this hierarchy makes itself felt in a host of tangible challenges: the sweepers are not allowed to draw water from their village's well, to attend temple services, to read, or even to walk down the street unannounced .
Keywords- humanity, downtrodden, untouchable, marginalised, oppressed.

